3 राजधानी
ठाकुरगंज में युवक की गोली मारकर हत्या

6 अभिमत
आलोचना सहन करें राजनेता

10 स्पोर्ट्स
रोहित तीसरे टेस्ट में ले सकते है मयंक की जगह

11 विदेश
ट्रंप राष्ट्रपति पद के लिए लड़ाई जारी रखेंगे

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 77
लखनऊ, बुधवार, 6 जनवरी, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



शिल्पा शेट्टी ने दीं योग की उपयोगी टिप्स
विविध-12

www.dailypioneer.com

# ब्रिटिश पीएम का भारत दौरा रद

## गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि थे बोरिस जॉनसन, पीएम मोदी को फोन कर जताया खेद

### ● ब्रिटेन में फैल रहे नए स्ट्रेन के कोविड-19 के कारण लॉकडाउन के चलते किया फैसला



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ब्रिटेन** में कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन से संक्रमण के तेजी से बढ़ते मामलों के बाद प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इस माह के अंत में होने वाली अपनी भारत यात्रा को रद्द कर दिया है। वे गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि थे। जॉनसन ने पिछले महीने आमंत्रण स्वीकार किया था और दिसंबर में ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से बाहर होने के बाद उनकी यह पहली द्विपक्षीय यात्रा होती।

संयोग से उनकी नई दिल्ली की यात्रा भी महामारी फैलने के बाद पहले ऐसे किसी कार्यक्रम भाग लेने के लिए किसी राष्ट्राध्यक्ष की पहली यात्रा होती। अधिकारियों ने बताया कि जॉनसन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात कर महामारी की स्थिति के कारण अपना दौरा रद्द करने के लिए खेद प्रकट किया। जॉनसन ने संकेत दिया है कि उनकी भारत यात्रा जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले साल के पूर्वार्द्ध में होगी। ब्रिटेन की अध्यक्षता में यह सम्मेलन इस साल के अंत में होने की योजना है। गौरतलब है कि जॉनसन ने एक दिन पहले टेलीविजन के माध्यम से ब्रिटेन को संबोधित करते हुए कहा था कि संक्रमण की दर अत्यधिक बढ़ने के कारण उनके मेडिकल प्रमुखों ने चेतावनी दी है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा खतरे का सामना कर रही है। डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री (जॉनसन) ने योजना के अनुसार इस महीने के आखिर में होने वाली अपनी भारत यात्रा पर नहीं जा सकने के लिए खेद प्रकट करने को लेकर आज सुबह प्रधानमंत्री मोदी से बात की। प्रवक्ता ने कहा कि बीती रात घोषित राष्ट्रीय लॉकडाउन के आलोक में और कोरोना वायरस के नये प्रकार के फैलने की गति के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने कहा है कि उनके लिए यह जरूरी है कि वह ब्रिटेन में मौजूद रहें, ताकि वह वायरस के खिलाफ घरेलू प्रतिक्रिया पर ध्यान दे सकें। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंध के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और महामारी के खिलाफ प्रतिक्रिया सहित दोनों देशों के बीच करीबी सहयोग के जरिए इसे जारी रखने की भी बात कही। प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह 2021 की पहली छमाही में और ब्रिटेन के जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले भारत की यात्रा पर जा सकेंगे, जिसमें (सम्मेलन में) प्रधानमंत्री मोदी एक अतिथि के तौर पर शरीक होने वाले हैं।

### ब्रिटेन में फिर लगा लॉकडाउन, फरवरी माह के मध्य तक रहेगा प्रभावी

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कोरोना वायरस महामारी के चलते फरवरी माह के मध्य तक एक नया लॉकडाउन लगा दिया है और लोगों से आने-अपने घरों में रहने की अपील की है। दरअसल कोरोना वायरस के नए रूप के चलते यह महामारी और भी खतरनाक रूप ले चुकी है तथा और अधिक संक्रामक बन गई है।

देश को सोमवार रात को संबोधित करते हुए जॉनसन ने कहा कि तेजी से फैल रहे संक्रमण के खिलाफ लड़ाई में ब्रिटेन एक निर्णायक मोड़ पर है। उन्होंने मार्च 2020 में लगाए लॉकडाउन की तरह ही संपूर्ण लॉकडाउन की घोषणा की जिसमें स्कूल और कारोबार बंद रहेंगे। जॉनसन ने कहा, आज हमारे अस्पताल कोविड-19 के कारण पहले के मुकाबले कहीं अधिक दबाव में हैं। यह साफ है कि वायरस के इस नए रूप को काबू में करने के लिए हमें मिलकर बहुत कुछ करने की जरूरत है।इंग्लैंड में हमें राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन लगाना होगा जो इस वायरस से मुकाबला करने के लिहाज से बहुत सख्त हो। इसका मतलब यह है कि सरकार एक बार फिर आपको घर पर रहने का निर्देश दे रही है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या बढ़कर करीब 27,000 हो गई है जो अप्रैल 2020 के मुकाबले कहीं अधिक है। जॉनसन ने कहा, हम हमारे इतिहास का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम चला रहे हैं। ब्रिटेन में पूरे यूरोप के मुकाबले कहीं अधिक संख्या में लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है।

# दस दिन में टीकाकरण शुरू करने की तैयारी

### ● भंडारण से लेकर सेंटर तक पहुंचाने संबंधी सभी इंतजाम, सरकार से हरी झंडी मिलने का इंतजार: स्वास्थ्य सचिव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** में 13 या 14 जनवरी से कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण शुरू हो सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि वैक्सीन को आपातकालीन स्वीकृति मिलने के 10 दिन के भीतर ही टीकाकरण शुरू करने के लिए तैयार है।

वैक्सीन के भंडारण से लेकर सेंटर तक पहुंचाने और किसे कब टीका लगना है, जैसी तमाम तैयारियां कर ली गई हैं। हालांकि, अंतिम फैसला सरकार को करना है। एक टीकाकरण टीम में 5 सदस्य होंगे। डीसीजीआई ने पिछले हफ्ते सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की कोविशील्ड और भारत बायोटेक की को-वैक्सीन को इमरजेंसी इस्तेमाल के लिए मंजूरी दी है। कोरोना वैक्सीन को रखने की व्यवस्था की जानकारी देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने बताया कि करनाल, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में स्थित जीएमएसडी नामक 4 प्राथमिक वैक्सीन स्टोर बनाए गए हैं। देशभर में ऐसे 37 वैक्सीन स्टोर हैं। वे टीकों को थोक में इकठ्ठा करेंगे और फिर आगे यानी केंद्रों तक वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि देश के 4 बड़े डिपो में निर्माता वैक्सीन पहुंचाते हैं। वहां से स्टेट वैक्सीन स्टोर तक इसे पहुंचाया जाता है, जो 37 हैं। वैक्सीन को आगे पहुंचाने की जिम्मेदारी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश की होती है। यहां से रेफ्रिजरेटेड वाहन या अन्य साधनों के माध्यम से जिलों और फिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक वैक्सीन जाती है। उन्होंने कहा कि भारत के पास वैक्सीन डिलिवरी की निगरानी के लिए डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम हैं।

यह पिथले 10 साल है मौजूद है, लेकिन अब कोरोना वैक्सीन के लिए इसमें कुछ और चीजें जोड़ी गई हैं। वैक्सीन की जगहों पर तापमान मापने के यंत्र होगा। हमने ड्राई रन के लिये 125 जिलों में 286 सेशंस साइट्स तैयार की हैं। टीकाकरण प्रक्रिया के बारे में बात करते हुए स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मचारियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स को खुद को लाभार्थी के रूप में रजिस्टर्ड करने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि उनका डेटा एक थोक डेटाबेस में पहले ही स्टोर किया गया है। राजेश भूषण ने कहा कि जब हम जनसंख्या प्राथमिकता समूह में आएंगे, तो डेटा के रजिस्ट्रेशन या एडिटिंग के प्रावधान का इस्तेमाल किया जाएगा। सिस्टम इलेक्ट्रॉनिक रूप से सेशन आवंटन की अनुमति देता है। यह प्रक्रिया डिजिटल होगी। राजेश भूषण ने आगे कहा देश में कोरोना वायरस के एक्टिव मामलों की संख्या ढाई लाख से कम हो गई है और लगातार कम हो रही है। इससे स्वास्थ्य ढांचे पर बोझ काफी कम हुआ है। वहीं, पॉजिटिविटी रेट 1.97 फीसदी पर है। उन्होंने आगे कहा कि कुल एक्टिव मरीजों में 43.96 फीसदी मरीज स्वास्थ्य केंद्रों में हैं, जबकि 56.04 फीसदी मरीज घर पर इलाज करा रहे हैं। बता दें कि भारत में संक्रमण से ठीक होने वाले लोगों की संख्या एक करोड़ के करीब पहुंच रही है। अभी तक ठीक हुए लोगों की संख्या 99,75,958 है। नए ठीक हुए 29,091 लोगों में से 82.62 फीसदी लोग दस राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के हैं। महाराष्ट्र में एक दिन में सबसे अधिक 10,362 लोग ठीक हुए जबकि केरल में 5145 और छत्तीसगढ़ में 1349 लोग ठीक हुए हैं।

नए मामलों में दस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 80.05 फीसदी हिस्सेदारी है। महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटे में 4875 नए मामले आए, वहीं केरल में 3021 मामले और छत्तीसगढ़ में 1147 नए मामले आए हैं। देश के ड्रग रेगुलेटर ने ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका की कोविशिल्ड और भारत बायोटेक के स्वदेशी रूप से विकसित कोवैक्सीन को आपातकालीन स्थिति में सीमित उपयोग की मंजूरी दी है। भूषण ने कहा कि हेल्थकेयर वर्कर्स और फ्रंटलाइन वर्कर्स को खुद को रजिस्टर करने की जरूरत नहीं है क्योंकि उनके डेटाबेस को को-वेन वैक्सीन डिलीवरी मैनेजमेंट सिस्टम पर बड़े पैमाने पर पॉपुलेट किया गया है। मंत्रालय ने कॉइन डिलीवरी प्रबंधन योजना को भी आगे रखा। भूषण ने कहा कि को-विन ऐप का इस्तेमाल कोई भी देश कर सकता है, जो ऐसा करना चाहता है, क्योंकि यह सिस्टम भारत और (शेष पेज 9)



लखनऊ के केजीएमयू में कोरोना के टीके का पूर्वाभ्यास किया गया

# नए संसद परिसर के निर्माण को सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना को हरी झंडी दे दी है। इससे नए संसद भवन, मंत्रालयों के कार्यालय और मंत्रियों के आवास जैसी तमाम सुविधाओं के निर्माण का रास्ता साफहो गया है। अदालत ने कहा कि परियोजना को आगे बढ़ाने में कोई दिक्कत नहीं है। पर्यावरणीय मंजूरी और परियोजना के लिए भूमि उपयोग में बदलाव की अधिसूचना भी वैध तरीके से जारी की गई है। तीन जजों की पीठ ने यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए मंगलवार को उन सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया जिनमें आरोप लगाया गया था कि सेंट्रल विस्टा परियोजना के लिए लैंड यूज और पर्यावरण नियमों का उल्लंघन किया गया है। तीन सदस्य पीठ ने दो-एक से अपना फैसला सुनाया। कुल 611 पन्नों के बहुमत का फैसला जस्टिस एएम खानविलकर और जस्टिस दिनेश माहेश्वरी ने दिया। बेंच के तीसरे सदस्य न्यायाधीश संजीव खन्ना भू-उपयोग के परिवर्तन और विरासत संरक्षण समिति (एचसीसी) की पूर्व स्वीकृति को लेकर असंतुष्ट नजर आए।

# मुरादनगर दुर्घटना पर मुख्यमंत्री बेहद सख्त

### ● ठेकेदार और इंजीनियर से होगी नुकसान की वसूली
### ● दुर्घटना के आरोपियों के खिलाफ रासुका के तहत चलेगा मुकदमा
### ● मृतक आश्रितों को 10 लाख की आर्थिक मदद के साथ आवासहीन परिवारों को घर भी मिलेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुरादनगर** दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ठेकेदार और अफसरों को योगी सरकार कड़ा सबक सिखाने जा रही है। घटना से नाराज मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य में हुए सरकारी धन के नुकसान के साथ ही मृतकों के परिवार को दी जा रही सहायता राशि की भरपाई भी जिम्मेदार ठेकेदार और इंजीनियरों से करने के निर्देश दिए हैं। यह पहला मौका है जब नुकसान के साथ आश्रितों को दी जा रही मुआवजा राशि की भरपाई ठेकेदार और अफसरों (शेष पेज 9)

### फरार ठेकेदार गिरफ्तार, 14 दिन के लिए गया जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**मुरादनगर** के उखलारसी श्मशान हादसा मामले में मुख्य आरोपी ठेकेदार अजय त्यागी व उसके पार्टनर संजय गर्ग को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। अदालत में पेश करने से पहले पुलिस दोनों को अलग अलग मेडिकल परीक्षण कराने के लिए सरकारी अस्पताल लायी थी, उसी दौरान एक पीड़िता ने अजय त्यागी को पहचान कर उसकी चप्पलों से पिटाई करनी शुरू कर दी। मौके पर मौजूद पुलिस ने किसी तरह अजय को पीड़िता के चंगुल से छुड़ाया और मेडिकल कराने के बाद उसे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश कर दिया। जहां उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### पीड़ित परिवारों के बच्चों की फीस होगी माफ शासन की योजनाओं का मिलेगा लाभ

**लखनऊ।** मुरादनगर शमशान घाट हादसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिलाधिकारी गाजियाबाद ने राहत कार्यों की कमान संभालते हुए पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उनको हर संभव मदद दिए जाने का आश्वासन दिया। राहत कार्यों के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर मेडिकल टीम, काउंसलिंग टीम सहित कई टीमें लगाई गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से प्रत्येक मृतक परिवार को 10-10 लाख रुपये दिये जाने की (शेष पेज 9)

# कोरोना टीकाकरण में न जुगाड़ चलेगा, न पॉवर

### ● मुख्यमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इसी** महीने जल्द शुरू होने जा रहे कोविड टीकाकरण में जुगाड़ लगाना या पॉवर दिखाना महंगा पड़ेगा। यही नहीं, टीकाकरण को लेकर किसी तरह का भ्रम अथवा अराजकता फैलाने की कोशिश की तो पुलिस ऐसे तत्वों से पूरी सख्ती से निपटेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि टीकाकरण के लिए केंद्र सरकार ने जो प्राथमिकता क्रम तय किए हैं, हर हाल में उसका अक्षरशः पालन किया जाए। कोई भी कितना महत्वपूर्ण व्यक्ति क्यों न हो, तय क्रम आने के बाद ही उसका वैक्सीनेशन होगा। मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों सहित पुलिस अधिकारियों के साथ मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक महामारी कोविड 19 से बचाव के लिए वृहद टीकाकरण अभियान जल्द शुरू होने वाला हैं। हम आभारी हैं अपने विद्वान वैज्ञानिकों के प्रति, जिन्होंने अपने अथक प्रयासों से हमारे लिए वैक्सीन तैयार किया।

जनपदवार तैयारियों का जायजा लेते हुए सीएम योगी ने कहा कि जिलाधिकारीगण वैक्सीनेशन से जुड़ी हर तैयारी यथाशीघ्र पूरी कर लें। सफल वैक्सीनेशन के लिए कोल्ड चेन महत्वपूर्ण है। प्रदेश में वैक्सीन की आमद से लेकर टीकाकरण केंद्रों तक हर जगह प्रत्येक स्थिति में कोल्ड चेन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वैक्सीन के प्रति लोगों में आतुरता स्वाभाविक हैए लेकिन यह आतुरता किसी भी दशा में वैक्सीन की सुरक्षा के लिए नुकसानदायक नहीं होनी चाहिए। इसलिए वैक्सीन की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं।

टीकाकरण अभियान से जुड़े सभी स्थलों पर केवल अधिकृत व्यक्ति ही रहें। सतत मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी तैनात हों जो टीकाकरण केंद्रों पर भ्रमण करते रहें। मुख्यमंत्री ने जनता की जागरूकता के लिए मीडिया से इस वृहद अभियान में सकारात्मक भूमिका की अपील की है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि (शेष पेज 9)



लखनऊ के लोहिया अस्पताल में मंगलवार को कोरोना टीकाकरण की तैयारियों का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### एमबीबीएस, बीडीएस छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता बढ़ा

**लखनऊ।** एमबीबीएस और बीडीएस की पढ़ाई पूरी कर इंटर्नशिप करने वाले छात्रों को योगी सरकार ने नये साल का बड़ा तोहफा दिया है। छात्रों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने इंटर्नशिप के दौरान छात्रों को मासिक भत्ता बढ़ाकर 12,000 रुपये प्रतिमाह करने का फैसला लिया है। भत्ते में यह बढ़ोतरी 10 साल बाद की गई है। अब तक यह राशि महज 7,500 थी। सीएम कार्यालय ने मंगलवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी है। फैसले के मुताबिक प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों, संस्थानों, विश्वविद्यालयों से एमबीबीएस अथवा बीडीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर इंटर्नशिप कर रहे छात्रों को वर्तमान में मिल रहे 7500 रुपयों की जगह अब प्रतिमाह 12,000 रुपय इंटर्नशिप भत्ता मिलेगा। सीएम योगी ने भत्ता राशि बढ़ोतरी को तत्काल प्रभाव से लागू करने का आदेश दिया है।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,437 | ↑ 260 | |
| निफ्टी | 11,199 | ↑ 66 | |
| सोना | 50,969 | ↑ 335 | /10g |
| चांदी | 69,693 | ↑ 382 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### संसद का बजट सत्र 29 से होगा आरंभ

**नई दिल्ली।** संसदीय मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीपीए) ने 29 जनवरी से संसद का बजट सत्र बुलाए जाने की सिफारिश की है। दो हिस्सों में आयोजित होने वाला बजट सत्र आठ अप्रैल को समाप्त होगा। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया, संसदीय मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीपीए) ने बजट सत्र का पहला हिस्सा 29 जनवरी से 15 फरवरी तक, दूसरा हिस्सा आठ मार्च से आठ अप्रैल तक आयोजित करने की सिफारिश की। राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द 29 जनवरी को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे तथा एक फरवरी को केंद्रीय बजट पेश होगा। सूत्रों ने बताया कि संसद के बजट सत्र के दौरान कोविड-19 से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा।

# पंजाब के भाजपा नेताओं ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी की पंजाब इकाई के नेताओं ने मंगलवार को दावा किया कि तीन नए कृषि कानूनों को लेकर जारी किसानों के आंदोलन से संबंधित गतिविधियों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरी तरह वाकिफ हैं और जल्द ही इस मसले का हल निकाल लिया जाएगा। पिछले लगभग छह सप्ताह से जारी आंदोलन के बीच पंजाब के भाजपा नेता और पूर्व मंत्री सुरजीत कुमार ज्याणी और हरजीत सिंह ग्रेवाल ने प्रधानमंत्री मोदी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। ज्याणी को पिछले साल तीन कृषि विधेयकों पर पंजाब के किसानों से चर्चा के लिए भाजपा की ओर से गठित किसान समन्वय समिति की अध्यक्षता सौंपी गई थी। उस समय ए विधेयक संसद से पारित नहीं हुए थे। ग्रेवाल भी इस समिति के सदस्य थे। लगभग दो घंटे की प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद इन भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री पंजाब को बहुत अच्छे से समझते हैं और वे किसानों को लेकर चिंतित हैं। पीटीआई-भाषा से बातचीत में ग्रेवाल ने कहा, मोदी बहुत कुछ जानते हैं...सब कुछ सुलझा लिया जाएगा और कुछ अच्छा होगा। मुलाकात के (शेष पेज 9)

# सेना किसी भी चुनौती का सामना करने को तैयार

### ● रक्षा मंत्रालय ने सालाना समीक्षा में कहा- चीन की लद्दाख में यथास्थिति को बदलने की एकतरफा कोशिश का दिया मुंहतोड़ जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वास्तविक** नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर नौ महीने से चले आ रहे तनाव के बीच रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि चीन ने लद्दाख में यथास्थिति को बलपूर्वक और एकतरफा बदलने की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेना ने उसका मुंहतोड़ जवाब दिया। गतिरोध खत्म करने के लिए राजनयिक स्तर पर कई वार्ताएं हुईं लेकिन अभी तक कोई फायदा नहीं हुआ।

मंत्रालय ने हाल ही में जारी अपनी वार्षिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा कि चीन ने एलएसी के पास सीमा क्षेत्र में अपनी सैन्य ताकत को और बढ़ाया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सीमा पर कई क्षेत्रों में चीन की यथास्थिति बदलने की कोषिषों को मुंहतोड़ जवाब दिया गया है और आगे भी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय सेना ने दोनों देशों के बीच सभी प्रोटोकॉल और समझौतों का पालन किया है, जबकि चीन ने अपरंपरागत हथियारों के उपयोग और बड़ी संख्या में सैनिकों को जमा कर सीमा पर तनाव बढ़ाया है।

गालवान घाटी में बीते साल 15 जून को भारतीय सैनिकों पर हमला करने के लिए चीनी सैनिकों ने क्लबों और नुकीली छड़ों का उपयोग किया था। उस खूनी संघर्ष में कमांडिंग अधिकारी सहित 20 भारतीय जवान मारे गए थे। चीन के भी बड़ी सख्या में सैनिक हताहत हुए थे, लेकिन उनकी संख्या उजागर नहीं की गई थी। इसके बाद 28-29 अगस्त को भी चीनी सेना ने पैंगोंग त्सो झील के दक्षिणी हिस्से में ऊंचाई वाले क्षेत्र पर कब्जा किया था लेकिन पहले से चौकस भारतीय जवानों ने पूरी बहादुरी से मुकाबला करते हुए उन्हें खदेड़ दिया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि विपरीत मौसम के बावजूद ऊंची पहाड़ी चोटियों पर अभी भी जवान तैनात हैं। चीन की किसी भी हरकत का जवाब देने के लिए सैनिक पूरी तरह मुस्तैद हैं और पर्याप्त रसद का स्टॉक किया गया है, ताकि कड़ाके की सर्दी में वहां उन्हें कोई दिक्कत न हो। इस बीच, हालात को सामान्य बनाने की कोशिशों के तहत बातचीत की प्रक्रिया भी जारी है। आने वाले दिनों में कोर कमांडर स्तर की वार्ता के नौवें दौर के लिए तैयारी चल रही है। पिछली बैठक बीते साल छह नवंबर को आयोजित हुई थी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पिछले सप्ताह कहा था कि दोनों पक्षों के बीच मतभेदों को खत्म करने और तनाव की स्थिति टालने के लिए जारी वार्ताओं का सकारात्मक परिणाम नहीं मिला है। समीक्षा रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वायुसेना के भारी-भरकम विमानों ने लद्दाख सेक्टर में सैन्य गतिशीलता को बदल दिया है। वायुसेना ने इन विमानों से युद्ध के साजो-सामान और मशीनरी के साथ-साथ बहुत कम समय में युद्ध के लिए तैयार सैनिकों को सीमा पर पहुंचा दिया है।

### -·- एलएसी पर गतिरोध -·-



प्रतीकात्मक चित्र

# निरीक्षण कर जर्जर सरकारी भवनों को ध्वस्त करें: योगी

## मुख्यमंत्री ने सभी मण्डलायुक्तों व जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सभी मण्डलायुक्तों तथा जिलाधिकारियों को जनपदों में सरकारी भवनों की स्थिति का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान यदि विद्यालय अथवा अस्पताल आदि का संचालन जर्जर भवन में मिले, तो तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था के तहत इनका संचालन अन्यत्र करते हुए जर्जर भवन के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री मंगलवार को लोक भवन में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकारी तथा निजी क्षेत्र में संचालित सभी बेसिक एवं माध्यमिक स्तर के विद्यालयों तथा डिग्री कॉलेजों आदि के भवनों का गहन निरीक्षण किया जाए। इसी प्रकार सभी सार्वजनिक भवनों का भी निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी कालोनियों के भवनों का निरीक्षण कर यह देखा जाए कि यह दुरुस्त अवस्था में हैं अथवा नहीं।

मुख्यमंत्री ने धान खरीद कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार धान क्रय केन्द्रों पर अतिरिक्त काटों का प्रबन्ध किया जाए ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में सुविधा हो। धान खरीद कार्य निरन्तर संचालित किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि धान क्रय के तहत लक्ष्य की पूर्ति हो जाने के बाद भी धान खरीद का कार्य निरन्तर जारी रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल 6 जनवरी से प्रदेश में किसान कल्याण मिशन का शुभारम्भ किया जा रहा है। किसान कल्याण मिशन के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि यह आयोजन अन्तर्विभागीय समन्वय से सम्पन्न किया जाए। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सीएम योगी ने कल्याण सिंह को आवास पर जाकर दी जन्मदिन की बधाई



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को उनके जन्मदिन पर कई नेताओं ने शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुबह फोन करके कल्याण सिंह को जन्मदिन की बधाई दी। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल्याण सिंह के आवास पर पहुंचे और उन्हें बधाई देने के साथ उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में मंत्री कल्याण सिंह के पौत्र संदीप सिंह भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने ट्वीट करके भी कल्याण सिंह को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी, जनप्रिय एवं जुझारू राजनेता, पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को उनके जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं प्रभु श्री राम से आपके स्वस्थ व सुदीर्घ जीवन की कामना करता हूं। वहीं उप्र विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने ट्वीट किया कि राम मंदिर आन्दोलन में अहम भूमिका निभाने वाले कल्याण सिंह को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट किया कि हम सभी कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक व प्रेरणास्रोत कल्याण सिंह आपको जन्मदिन एवं नव वर्ष की अनंत शुभकामनाएं।

## मार्गों के निर्माण में तेजी लाने के लिये एक माह का चलेगा विशेष अभियान



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने लोक निर्माण विभाग व सेतु निगम के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि 15 जनवरी 2021 से 15 फरवरी 2021 तक एक माह का विशेष अभियान चलाकर सभी मार्गों के निर्माण कार्य को तेजी के साथ कराया जाय। उन्होने कहा कि चालू कार्यों को तो निर्धारित समय-सीमा में पूरा ही करना है और नये कार्यों को भी शेड्यूल बनाकर कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। श्री मौर्य आज लोक निर्माण विभाग स्थित तथागत सभागार में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में लोक निर्माण विभाग व सेतु निगम के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

उपमुख्यमंत्री ने जोर देते हुये कहा कि इस विशेष अभियान में सभी सम्बन्धित अधिकारी फील्ड का लगातार भ्रमण करें तथा साइटों पर जाकर अनुश्रवण करें और कार्यों में गति लायें। उन्होने यह भी कहा कि सभी अधिकारियों की इसमें जवाबदेही तय की जाय, बिना किसी ठोस कारण के अगर कार्यों में अपेक्षित गति नहीं पायी गयी तो सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारी को गम्भीर परिणाम भुगतने पड़ेगें। श्री केशव प्रसाद मौर्य ने निर्देश दिये कि आवंटित बजट का शत प्रतिशत सदुपयोग निर्धारित समय सीमा के अन्दर अनिवार्य रूप से किया जाना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने जोर देते हुये कहा कि ग्रामीण मार्गों, लघु सेतुओं, एप्रोच रोड आदि पर विशेष रूप से फोकस किया जाय।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किन्ही ठेकेदारों के कोई भुगतान अवशेष हैं, तो सभी निर्धारित प्रक्रियाओं व औपचारिकताओं का पालन करते हुये शीघ्र से शीघ्र भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाय और तत्काल उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजकर चालू कार्यों का बजट रिलीज कराया जाय। श्री मौर्य ने निर्देश दिये कि लोक निर्माण विभाग के 5 सेवानिवृत्त उच्चस्तर के अभियन्ताओं की सहमति लेकर, उनका एक थिंक टैंक बनाया जाय और उनके अनुभवों से फायदा उठाया जाय। उन्होंने कहा कि रोड एम्बुलेन्स तत्काल क्रय की जाय, उसे अगले माह हर हाल में लॉन्च किया जाना है। सकरी पुलियों के चौड़ीकरण में विशेष रूप से तेजी लायी जाय। उन्होंने जोर देते हुये कहा कि किसी भी पटल पर कोई भी पत्रावली किसी भी दशा में लम्बित नहीं रहनी चाहिये। डॉ एपीजे कलाम गौरव पथ, मेजर ध्यानचन्द विजय पथ, जय हिन्द वीर पथ आदि योजनाओं के कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किये जांय और वहां पर बड़े बोर्ड लगाए जांय। टॉप 10 आईएएस के घरों तक बनायी जाने वाली सड़कों को मॉडल सड़क के रूप में डेवलप किया जाय। उन्होने कहा कि सिंगल यूज्ड वेस्ट प्लास्टिक रोड बनाये जाने की रणनीति इस प्रकार से तैयार की जायए कि वहां पर प्लास्टिक के दाने बनाने की कम्पनियों को प्रोत्साहन मिले और वहां पर नयी कम्पनियां लग सकें, इससे रोजगार सृजन भी होगा। बैठक में प्रमुख सचिव लोनिवि नितिन रमेश गोकर्ण, सचिव लोनिवि, समीर वर्मा, सचिव जेबी सिंह, विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग, गिरिजेश कुमार त्यागी, प्रमुख अभियन्ता विकास एवं विभागाध्यक्ष राजपाल सिंह, प्रबन्ध निदेशक सेतु निगम अरविन्द श्रीवास्तव, मुख्य अभियन्ता संजय श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियन्ता जेके बांगा, विशेष कार्याधिकारी प्रदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## अरुणाचल में शहीद सेना के जवान के परिवार को 50 लाख और नौकरी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अरुणाचल प्रदेश में कर्तव्यपालन के दौरान अपना सर्वाच्च बलिदान देने वाले प्रतापगढ़ निवासी सेना के जवान सुधाकर सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने स्व. सुधाकर सिंह के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जनपद की एक सड़क का नामकरण स्व. सुधाकर सिंह के नाम पर करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने स्व. सुधाकर सिंह के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है।

## डा. आरके तोमर को मिला उद्यान निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार

लखनऊ। राज्य सरकार ने उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक डा. आरके तोमर को उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार प्रदान किया है। डा. तोमर ने आदेशों के अनुपालन में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव उद्यान मनोज सिंह ने आदेश जारी कर दिया है।

## हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ योजनाबद्ध ढंग से करें प्रभावी कार्रवाई: डीजीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** हितेश चंद्र अवस्थी ने हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के खिलाफ योजनाबद्ध ढंग से प्रभावी कार्रवाई किए जाने के पुलिस अफसरों को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक थाना स्तर पर विस्तृत आपराधिक इतिहास वाले अपराधियों का आपराधिक ब्यौरा तैयार किया जाए। इसमें थाना क्षेत्र के अतिरिक्त वाह्य पंजीकृत हुए अभियोगों को भी सम्मलित किया जाए।

सभी पुलिस कप्तानों और लखनऊ और नोएडा के पुलिस आयुक्तों को जारी निर्देशों में डीजीपी ने कहा है कि विस्तृत अपराध वाले अपराधियों के तैयार आपराधिक इतिहास का गहराई से परीक्षण कर अन्य स्रोतों से यह जानकारी भी की जाए कि इसमें कौन-कौन अपराधी सक्रिय हैं। अपराधी गतिवधियों में लगातार संलिप्त व सक्रिय अपराधियों की सूची-जिस्टर बनाया जाए। स्थानीय थाने के अतिरिक्त सीमावर्ती थानों-जनपदों से भी अपराधी के सक्रियता के बारे में जानकारी की जाए। अपराधी जिन जनपदों में अधिक आता जाता हो अथवा कोई रोजगार एवं नौकरी करता हो तथा वहां अपराधी कृत्यों में लिप्त हो आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए। विस्तृत अपराधिक इतिहास के आधार पर सक्रिय अपराधियों की सूची तैयार कर सघन जानकारी की जाए। सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध विधि सम्मत रूप से गुण्डा, गैंगेस्टर, एनएसए की कार्रवाई एवं हिस्ट्रीशीट खुलवाए जाने, गैंग पंजीकरण व अन्य अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए नियमानुसार शस्त्र लाइसेन्स व जमानत निरस्तीकरण आदि की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

## पेराई कार्य पूरा कर 31 मई तक बंद हो जाएंगी सभी चीनी मिलें: सुरेश राणा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गन्ना** मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि चीनी मिलों को सख्त निर्देश दे दिए गए हैं कि किसानों की सहूलियत के मुताबिक गन्ना पेराई का कार्य समय से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि इस बार सभी चीनी मिलों का संचालन 31 मई 2021 तक बंद कर दिया जाएगा। गन्ना मंत्री ने कहा कि अधिकारियों को इस बात के निर्देश दे दिए गए हैं ठंड को देखते हुए सभी यार्डों में अलाव की व्यवस्था की जाए। मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार लगातार किसानों के हित में कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि 31 मई तक किसानों के समस्त गन्ने के पेराई कार्य को पूर्ण कर दिया जाए। इसीलिए प्रत्येक चीनी मिलों को निर्देश दे दिए गए हैं कि गन्ने की पेराई 31 मई तक हर हाल में पूर्ण कर ली जाए। मंत्री ने बताया कि वर्तमान सरकार के मात्र साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में रिकॉर्ड 1,12,829 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान हुआ है जो अब तक इतनी कम अवधि में किये गये भुगतान में सर्वाधिक है।

सरकार द्वारा विगत साढे तीन वर्ष की अवधि मे किसानों को कराया गया कुल 1,12,829 करोड का यह गन्ना मूल्य भुगतान इसके पूर्व के 3 वर्षों के सम्मिलित गन्ना मूल्य भुगतान 53,367 करोड़ से 59,462 करोड़ अधिक तथा 5 वर्षों के सम्मिलित गन्ना मूल्य भुगतान 95,215 करोड़ से 17,614 करोड अधिक है । उन्होंने बताया कि इसके साथ ही प्रदेश की योगी सरकार ने अब तक के अपने कार्यकाल में चीनी मिलों की पेराई क्षमता में जबरदस्त वृद्धि की है। आयुक्त चीनी एवं गन्ना संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि प्रदेश में मौजूदा समय में 119 चीनी मिलों का संचालन हो रहा है। नई चीनी मिलों एवं पेराई क्षमता विस्तार से प्रदेश की चीनी मिलों की कुल पेराई क्षमता में 29,250 टीसीडी की वृद्धि हुई। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011-12 से बंद पड़ी निजी क्षेत्र की चीनी मिलों वीनस ,गागलहेड़ी एवं वर्ष 2015-16 में बंद हुई बुलन्दशहर चीनी मिल का पुर्नसंचालन कराया गया। विगत सपा सरकार के कार्यकाल में 11 चीनी मिलें बंद हुई एवं इससे पूर्व की बसपा सरकार के समय में 19 चीनी मिलें बंद हुई थी जबकि वर्तमान सरकार द्वारा निजी क्षेत्र की 3 बंद चीनी मिलों का पुनः संचालन कराया गया एवं निगम क्षेत्र की 2 बंद चीनी के स्थान पर 5,000 टीसीडी की नई चीनी मिलों की स्थापना की गई।

## अपराधियों के सामने बौनी साबित हो रही सरकार व पुलिस: लल्लू

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की योगी सरकार और पुलिस, अपराधियों के सामने बौनी साबित हो रही है। सरकार और पुलिस अपराधियों के सामने आत्मसमर्पण कर चुकी है। सरकार और पुलिस प्रशासन के अकर्मण्यता का आलम यह है कि अपराधी सरेआम हत्या को अंजाम देकर फरार हो रहे हैं और पुलिस अपराधियों का सुराग लगा पाने में भी विफल साबित हो रही है। योगी राज में उत्तर प्रदेश अपराध प्रदेश बन गया है। लल्लू ने विभिन्न आपराधिक घटनाओं को लेकर कहा कि एक तरफ जहां मुख्यमंत्री रोजाना टीम11 की मीटिंग और हर मंचों पर उत्तर प्रदेश को अपराध मुक्त बताते नहीं थकते वहीं राजधानी सहित प्रदेश भर में हो रही जघन्य घटनाओं ने भाजपा सरकार के न गुण्डाराज, न भ्रष्टाचार के खोखले दावे को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न आपराधिक घटनाओं के साथ योगी सरकार के दो-दो आईपीएस अधिकारियों का पचास-पचास हजार का इनामी घोषित होना, सरकार के भ्रष्ट तंत्र और ध्वस्त कानून व्यवस्था का जीता जागता प्रमाण है।

## किसान आंदोलन को भटकाना चाहती है भाजपा सरकार: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की किसान संगठनों के साथ बेनतीजा वार्ता के बाद फिर अगली तारीख हो गई। हर बार आधा दिन गुजार कर दोपहर 2 बजे बैठक करने से ही लगता है कि भाजपा सरकार आधे मन से आधे समय काम करके इस आंदोलन को भटकाना चाहती है। किन्तु सत्ता का दम्भ तोड़ने वाले किसानों का हौसला टूटने वाला नहीं है। अखिलेश ने कहा कि किसान अपना भविष्य बचाने के संघर्ष में बलिदान कर रहे हैं। भाजपा बेतुके तर्कों और झूठे तथ्यों से किसानों के आंदोलन को बदनाम कर रही है। वह हर हाल में काले कृषि कानून देश में थोपना चाहती है। अच्छा हो, भाजपा सरकार बयानबाजी में देश को न उलझाए और किसान आंदोलन में लगातार बढ़ती किसानों की मृत्यु व आत्महत्या पर शर्म करे। उन्होंने कहा कि जो भाजपा सरकार एमएसपी होने पर भी अन्नदाता को बाजार में सही दाम नहीं दे पा रही है वह काले कानून के आने के बाद क्या एमएसपी देगी। पूरे प्रदेश में अपनी मेहनत का हक नहीं मिलने से अन्नदाता बेहाल है। किसानों पर और कितना जुल्म करेगी भाजपा की डबल इंजन सरकार। अखिलेश ने कहा कि जबसे केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार आई है, किसान सबसे ज्यादा अन्याय का शिकार हुआ है। भाजपा लाख सफाई दे, लेकिन किसान परेशान है कि नए कृषि कानून लागू होने के साथ ही खेती पर उनका स्वामित्व खतरे में पड़ जाएगा।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का मुख्य कैरिज वे 31 मार्च तक होगा पूरा

**लखनऊ।** मुख्य सचिव आरके तिवारी ने मंगलवार को प्रोजेक्ट मानीटरिंग ग्रुप की बैठक करते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे, गोरखपुर-आजमगढ़ लिंक एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण एवं डिफेन्स कॉरीडोर की समीक्षा की। राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का मेन कैरिज वे 31 मार्च 2021 तक चालू हो जायेगा तथा हल्के वाहनों का आवागमन प्रारंभ हो जायेगा, जिसके दृष्टिगत पब्लिक यूटिलिटी एवं पेट्रोल पम्प आदि की जरूरी व्यवस्थाएं समय से की जाए। सड़क निर्माण के साथ-साथ अन्य जरूरी व्यवस्थाएं भी समयबद्ध रूप से की जानी चाहिए ताकि एक्सप्रेस-वे पर यात्रा करने वालों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने आवागमन चालू करने के साथ ही एक्सप्रेस-वे पर टॉयलेट्स, फ्यूल पम्प्स, समुचित खान-पान आदि की भी व्यवस्थाएं कराने को कहा।

## साल 2021 में विधान परिषद में इक्कीस पड़ेगी भाजपा

### 30 जनवरी को रिक्त हो रही 12 सीटों के लिए कभी भी जारी हो सकता है चुनाव कार्यक्रम

**अभिषेक रंजन।** लखनऊ



**साल** 2021 की शुरुआत में ही बीजेपी राजनीतिक लड़ाई में सब पर इक्कीस पड़ने वाली है। वह इसलिए क्योंकि उप्र विधान परिषद के 12 सदस्यों का कार्यकाल 30 जनवरी को पूरा हो रहा है। इससे पहले चुनाव आयोग को निर्वाचन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। ऐसे में अब आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम कभी भी जारी किया जा सकता है। विधान सभा में संख्या बल के आधार पर इस चुनाव में बीजेपी उच्च सदन में और मजबूत होगी तो वहीं सपा कमजोर होगी। उच्च सदन में बीजेपी की मजबूती से सरकार को कई बिल पारित कराने में भी सहूलियत होगी।

15 जनवरी के बाद खरमास खत्म होते ही बीजेपी अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर देगी। दस सीटों पर बीजेपी की जीत पक्की है। अब इसके अतिरिक्त बीजेपी की रणनीति पर निर्भर करता है कि भाजपा उच्च सदन में अपनी संख्या और कैसे बढ़ा सकती है। दिलचस्प बात यह है कि जुलाई में भी विधान परिषद की सीटें रिक्त हो रही हैं। उसमें भी बीजेपी की संख्या बढ़ेगी। मौजूदा समय विधान मंडल के दोनों सदन में दलीय स्थिति पर नजर डालें तो विधान परिषद में सपा की 55, बीजेपी की 25, बसपा की 8, कांग्रेस की 2, अपना दल की 1, शिक्षक दल 1, निर्दलीय समूह 2 और निर्दलीय 3 सदस्य हैं। सदन में कुल सौ सीटें होती हैं। विधान सभा में बीजेपी के 310, सपा के 49, बसपा के 18, अपना दल के 9, कांग्रेस के 7, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के 4, निर्दलीय 3, रालोद 1 और निर्बल इंडियन शोषित हमारा अपना दल का एक सदस्य हैं। अब जिन 12 सदस्यों की सदस्यता 30 जनवरी को पूरी हो रही है उनमें बीजेपी के डिप्टी सीएम डा दिनेश शर्मा, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, लक्ष्मण आचार्य हैं। सपा के अहमद हसन, आशू मलिक, रमेश यादव, राम जतन राजभर, वीरेंद्र सिंह, साहब सिंह सैनी हैं। बसपा के धर्मवीर सिंह अशोक, प्रदीप कुमार जाटव हैं। बसपा के कभी राजदार रहे नसीमुददीन सिददीकी अब कांग्रेस में हैं और इनकी सदस्यता पहले ही समाप्त कर दी गई है। चुनाव आयोग के अनुसार इस चुनाव में 31 विधायकों के वोट पर एक प्रत्याशी चुनाव जीतेगा। इस गणित में देखें तो विपक्ष में सिर्फ अपने संख्या बल पर एक ही प्रत्याशी को उच्च सदन भेज पाएगा जबकि बीजेपी 11 प्रत्याशियों को भेज सकती है। वहीं पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण कांग्रेस ने अपने दो विधायक अदिति सिंह और राकेश सिंह को नोटिस दे रखा है। बसपा ने इस मामले में पहले ही अपने सात विधायकों को निलम्बित कर दिया था। ऐसे में बसपा और कांग्रेस के पास संख्या बल और कम हो गया है।

## योगी सरकार का प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों को बड़ा तोहफा

### राज्य सरकार के प्रस्ताव को केन्द्र ने दी मंजूरी

### 4225 करोड़ से बनेगी 6352 किमी ग्रामीण सड़कें: मनोज कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रधानमंत्री** ग्रामीण सड़क योजना के तहत उत्तर प्रदेश की ग्रामीण सड़कों के नेटवर्क को मजबूत करने के लिए केन्द्र सरकार ने राज्य को नये साल का बड़ा तोहफा दिया है। प्रदेश में 6352.97 किलोमीटर सड़क बनाने के लिए राज्य सरकार के प्रस्ताव को केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है।

ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार ने पीएमजीएसवाई के तीसरे चरण के बैच.एक के लिए प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 6352.97 किलोमीटर का नेटवर्क मजबूत करने का प्रस्ताव भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय को भेजा था। मंत्रालय ने सारी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद राज्य सरकार के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। श्री सिंह ने बताया कि 6352.97 किलोमीटर सड़कों की इस परियोजना के लिए केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 4225.27 करोड़ रुपये के बजट का अनुमोदन किया है। उन्होंने बताया कि इस बजट में से 2534.81 करोड़ रुपये की धनराशि केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय प्रदान करेगा, जबकि राज्य का अंश 1690.46 करोड़ रुपये होगा।

अपर मुख्य सचिव ने इस परियोजना की मंजूरी को प्रदेश के विकास के लिए बड़ी उपलब्धि माना है। उनका मानना है कि इससे उप्र की ग्रामीण सड़कों का नेटवर्क काफी मजबूत हो जाएगा और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा में बढ़ोत्तरी होगी। श्री सिंह ने बताया कि पीएमजीएसवाई के तीसरे चरण के अंन्तर्गत 2430.12 किलोमीटर लंबाई की 300 सड़कें फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक से बनवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस तकनीक से बनने वाली सड़कें मजबूत होती हैं। साथ ही उनकी उम्र भी बढ़ जाती है। इस नई तकनीक में सड़क में पहले से प्रयुक्त हुई गिट्टी आदि को फिर से प्रयोग में लाया जाता है। इससे लागत कम हो जाती है और समय भी बचता है। उन्होंने बताया कि नई तकनीक से 2430.12 किलोमीटर की सड़कों के लिए 3063.12 करोड़ रुपये की लागत आयेगी और यह धनराशि स्वीकृत हो चुकी है।

अपर मुख्य सचिव ने आगे बताया कि पूर्व में वर्ष 2000 से 2013 के बीच पीएमजीएसवाई के प्रथम चरण में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 12946.24 करोड़ रुपये की लागत से 49315.91 किलोमीटर सड़कें बनवाई गईं। इसके बाद वर्ष 2014 से 2019 के मध्य पीएमजीएसवाई के द्वितीय चरण में 3952.85 करोड़ रुपये की लागत से कुल 7508.67 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण हुआ। इस तरह इस वर्ष की परियोजना बजट और सड़कों की लंबाई दोनों में अब तक की सबसे बड़ी है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के क्रियांवयन के लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मेरे बेटे रुद्र प्रताप सिंह की माता का नाम डान बास्को स्कूल में प्रवेश के समय गलती से संध्या सिंह की जगह बबली सिंह लिख गया था। जबकि माता का सही नाम संध्या सिंह है। संदीप सिंह पुत्र श्री भगवान बक्श सिंह, निवासी – मो0 गोटैय्याबाग, लखीमपुर-खीरी।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज का इन्टर इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1238612 का अंक प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। सन्तराम पुत्र सुन्दर लाल, निवासी-ग्राम मिहुँना, पोस्ट मुस्करा, जिला हमीरपुर (उ0प्र0)।

**सूचना**

मेरे नाम से जारी रिलायंस लाइफ इनश्योरेन्स के बांड संख्या 15763001 में गलती से मेरा नाम रुकमडी देवी हो गया है। जबकि मेरा सही नाम रुकमणी है। अतः मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। रुकमणी पत्नी शेशनाथ, ग्राम भदवा, पोस्ट धैरहरा, जिला मऊ।

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 213671600 में मेरे पुत्र का नाम हिमान्शू गुप्ता दर्ज है जबकि आधार कार्ड व विद्यालय अभिलेखों में उसका नाम देवेश गुप्ता दर्ज है। अतः मेरे पुत्र को देवेश गुप्ता नाम से जाना व पहचाना जाये। मुन्ना गुप्ता पुत्र शिवपाल निवासी-ग्राम व पोस्ट संदना, तहसील-मिश्रिख जिला-सीतापुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कन्नौज**

पत्रांक :- 2898/के0जे0/करअनु0/2020-21 दिनांक :- 05.01.2021

**अति अल्प कालीन ई-निविदा सूचना**

टैम्पो लाइसेन्स शुल्क की निविदा दिनांक 1 फरवरी 2021 से 31 मार्च 2021 तक के लिए पालिका सीमान्तर्गत टैम्पो लाइसेन्स शुल्क वसूली ठेका की www.etender.up.nic.in पर निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो निम्न टेण्डर शेड्यूल पर होगी, तथा www.etender.up.nic.in भी देखी जा सकती है। उक्त सूचना नगर पालिका परिषद कन्नौज की वेबसाइट nppkannauj.in पर देखी जा सकती है। नियत अवधि के बाद कोई निविदा मान्य नहीं होगी।

टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in)

| क्र0 सं0 | नगर पालिका | | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Tender Release | | | |
| | | Tender Download | 05-01-2021 16:30 | 11-01-2021 13:00 |
| | | Bid submission | 05-01-2021 16:30 | 11-01-2021 13:00 |
| | Bid Opening | | 11-01-2021 15:00 | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
कन्नौज

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
कन्नौज

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# कोरोना वैक्सीनेशन में ड्राई रन अत्यन्त उपयोगी होगा: योगी

## वैक्सीन के ड्राई रन की जमीनी हकीकत को सीएम ने परखा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आज आरएमएलआईएमएस का भ्रमण कर कोरोना वैक्सीन के सम्बन्ध में वहां संचालित किए जा रहे ड्राई रन का निरीक्षण किया। ड्राई रन के अन्तर्गत चिकित्सा संस्थान में संचालित गतिविधियों पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने सम्पूर्ण प्रदेश में ड्राई रन को सुव्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण के बाद सीएम ने आज यहां लोक भवन में अनलाक व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि आज सम्पूर्ण प्रदेश में कोरोना वैक्सीन का ड्राई रन आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक जनपद के 3 ग्रामीण तथा 3 शहरी क्षेत्रों में इसके तहत कार्यवाही प्रगति पर है। कोरोना वैक्सीनेशन कार्य को प्रदेश में सुचारु ढंग से सम्पन्न करने में ड्राई रन अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगा। इसके दृष्टिगत राज्य सरकार द्वारा इस कार्य को तत्परता से सम्पन्न करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन का कार्य प्रत्येक दशा में भारत सरकार द्वारा निर्धारित क्रम के अनुरूप किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन के मद्देनजर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस दृष्टि से कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग का कार्य प्रभावी ढंग से सम्पन्न किया जाए। सर्विलांस सिस्टम को सक्रिय एवं सुदृढ़ बनाए रखा जाए। उन्होंने कोविड-19 की मेडिकल टेस्टिंग को पूरी क्षमता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड 19 के संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए प्रत्येक स्तर पर सावधानी बरती जाए। लोगों को कोरोना से बचाव के बारे में निरन्तर जागरूक किया जाए। जागरूकता सृजन के लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों के साथ-साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम का व्यापक उपयोग किया जाए। उन्होंने समस्त सरकारी कार्यालयों, व्यापार प्रतिष्ठानों तथा एमएसएमई इकाइयों में कोविड हेल्प डेस्क व्यवस्था को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में अब तक 3.50 लाख से अधिक लोगों द्वारा ई-संजीवनी एप का उपयोग किए जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक जरूरतमंदों को इस एप के माध्यम से ऑनलाइन चिकित्सीय परामर्श का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ई-संजीवनी एप का निरन्तर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

बैंठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### तैयारियों को लेकर पूरे प्रदेश में हुआ ड्राई रन

**लखनऊ(पीएनएस)।** वैक्सीनेशन की तैयारियों को लेकर आज पूरे प्रदेश में ड्राई रन चलाया गया।अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक जनपद के 6 स्थानों पर जिनमें 3 शहरी क्षेत्र तथा 3 ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया गया और कुछ जनपदों में 6 से अधिक स्थानों पर भी ड्राई रन अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन का यह अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। ड्रग्स कन्ट्रोलर ऑफइण्डिया द्वारा 2 कोविड वैक्सीन को मंजूरी दे दी गई है। वैक्सीनेशन की तैयारियां चल रही हैं। कोविड वैक्सीन के भण्डारण के साथ साथ वैक्सीन लक्षित समूहों को चरणबद्ध तरीके से लगाने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लोग मास्क पहनें, हाथ साबुन पानी से धोते रहें तथा लोगों से दो गज की दूरी बनाए रखें।

## प्रदेश में मिले कोरोना के 771 नए मरीज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में पिछले चौबीस घंटे में कोरोना संक्रमण के 771 नये मामले सामने आए हैं। इसी दौरान 928 लोग स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किए गए। राज्य में सक्रिय मामलों की संख्या घटकर अब 12,286 हो गई है। वहीं वर्तमान में कोरोना की रिकवरी दर 96.49 प्रतिशत है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,26,733 सैम्पल की जांच की गयी। वहीं अब तक कुल 2,45,94,871 सैम्पल की जांच की गयी हैए जिसमें एक करोड़ से अधिक की जांच आरटीपीसीआर के माध्यम से की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक कुल 5,68,892 लोग संक्रमण के बाद स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। वहीं संक्रमण से अब तक कुल 8,433 लोगों की मौत हुई है। इस समय केस फैटलिटी रेट 1.43 प्रतिशत चल रही है। उन्होंने बताया कि कुल सक्रिय मामले में सें 4,929 लोग होम आइसोलेशन में हैं।

# ठाकुरगंज में दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

## असलहे लहराते हुए भागे हत्यारे, पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** के ठाकुरगंज इलाके में मंगलवार को दिनदहाड़े रिंग रोड के पास स्थित लाला बाग कन्हैया माधौपुर स्थित न्यू कालोनी में बदमाशों ने 23 वर्षीय छात्र विपिन विश्वकर्मा की गोली मारकर हत्या कर सनसनी फैला दी। यह वारदात रिंग रोड पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर बदमाशों ने अंजाम दी और हवा में असलहा लहराते हुए मौके से फरार हो गए। गोली विपिन के सिर में लगी और वहीं गिर गया। उसे ट्रामा सेंटर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की। घरवालों ने वहीं के रहने वाले दो लोगों के खिलाफ हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। वहीं हत्या के पीछे प्रापर्टी विवाद को लेकर उपजी रंजिश को कारण बताया जा रहा है। पुलिस का दावा है कि हत्यारों की तलाश में उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। ठाकुरगंज क्षेत्र के रिंग रोड पुलिस चौकी इलाके के लालबाग कन्हैया माधौपुर निवासी रामचन्द्र विश्वकर्मा अपने परिवार के साथ रहते हैं। बताया गया कि मंगलवार को रामचंद्र विश्वकर्मा का 23 वर्षीय बेटा विपिन कुमार विश्वकर्मा का किसी बात को लेकर कुछ लोगों से विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि एक युवक ने विपिन को गोली मार दी। गोली लगते ही वह वहीं गिर पड़ा। मंगलवार को दिनदहाड़े हुई घटना से इलाके में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते तमाम लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में खून से लथपथ विपिन को ट्रामा सेंटर भेजा जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई नितिन ने वहीं के रहने वाले सुशील यादव व रिशु यादव के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# मलिहाबाद में संदिग्ध हालात में युवक की मौत

## घरवालों ने जताई हत्या की आशंका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मलिहाबाद** कोतवाली क्षेत्र स्थित ग्राम कुसभरी में घर के कमरे में संदिग्ध अवस्था में एक युवक का शव मिला। शव मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुसभरी थाना मलिहाबाद के जगदीश त्रिवेदी के तीन लड़कों में सबसे छोटा लड़का हिमेश उर्फ होनू उम्र लगभग 25 वर्ष , हर दिन की भाँति रात को अपने ही घर से कुछ दूर बने दूसरे मकान में सोने गया था। देर तक घर न आने पर उसका बड़ा भाई टोनू उसे जगाने गया तो मेन गेट अंदर से बंद था इसीलिए वह दीवार पर चढ़ के दूसरी मंजिल के कमरे में गया तो अंदर उसने अपने भाई को फर्श पर दरवाजे की ओर औंधे मुह पड़ा देखा। पास जाकर देखा तो उसके भाई की मौत हो चुकी थी। जिसके बाद उसने परिजनों को सूचना देने के साथ ही डायल 112 पर पुलिस को अपने भाई की संदिग्ध् अवस्था मे मृत पाये जाने की सूचना दी। सूचना पर मौके पर एसपी ग्रामीण हृदेश कुमार, क्षेत्राधिकारी योगेंद्र सिंह, कोतवाली प्रभारी चिरंजीव मोहन ने पहुंच कर फोरेंसिक टीम बुला कर साक्ष्य एकत्रित करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इसके साथ ही पुलिस घटना की गहन छानबीन में जुटी है। वहीं इस सम्बंध में एसपी ग्रामीण हृदेश कुमार ने बताया की परिजनों द्वारा दी गयी तहरीर में गांव के ही चार लोगों पर हत्या की आशंका जताई गई है फोरेंसिक व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



# भूमाफियाओं ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दूसरे के नाम करवा दी वरासत

## तहसील प्रशासन की लापरवाही, बिना जांच किये ही दूसरे को बनाया वारिस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गोसाईंगंज** के अमेठी कस्बे में एक मृतक महिला की जमीन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भू माफियाओं ने दूसरे के नाम वरासत करवाकर बिकवा दी। पीड़ित को कम दिखाई देने के कारण जब उसे पता चला तो उसने इस बात की शिकायत डीसीपी साउथ से की। पुलिस अब मामले जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक 35 अमेठी हाउस इनायत मंजिल अमीनाबाद लखनऊ निवासी अविवाहित हबीबा खातून की अमेठी कस्बे में जमीन थी। उनकी आकस्मिक मृत्यु 17 अप्रैल 2017 को हो गई। इसके बाद भूमाफियाओं ने हबीबा खातून के चार वारिस बना कर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर 14 जनवरी 2020 को उनके चार पुत्र बताते हुए शहाबुद्दीन उस्मानी, तैयब उस्मानी, उस्मान उस्मानी व दुजाना उस्मानी निवासी सैयदपुरा राजा वाड़ी सूरत मूल निवासी मदेयगंज खदरा लखनऊ के नाम वरासत दर्ज करवा दी। वरासत दर्ज होते ही जमीन का सौदा यशमित्रा इंफ्राविजन के हाथों करके बेचने के लिए एग्रीमेंट कर लिया । भूमाफि याओं ने हबीबा खातून की जगह हबीबा हाशमी का मृत्यु प्रमाणपत्र लगाकर यह कारनामा किया।

## मकान दिलाने के नाम पर सचिवालयकर्मी से लाखों की ठगी

**लखनऊ।** सचिवालय कर्मियों को भी जालसाज अपना शिकार बना रहे हैं। अशोक कुमार नाम के एक शख्स को एलडीए में मकान दिलाने का झांसा देकर नौ लाख रुपये की ठगी की गयी। ठगों ने खुद को एलडीए में वरिष्ठ लिपिक अधिकारी बताकर सचिवालय में तैनात ड्राइवर को अपने झांसे में लेकर ठग लिया। ड्राइवर अशोक कुमार दास ने ठगी की शिकायत हजरतगंज कोतवाली में दर्ज करायी है। कैंट सदर बाजार कैण्ट निवासी अशोक कुमार दास सचिवालय में ड्राइवर के पद पर कार्यरत हैं।

# सीधे हाईकोर्ट में दाखिल नहीं हो सकती एफआईआर दर्ज कराने के लिए याचिका

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एफआईआर** दर्ज कराने कराने की मांग वाली याचिका सीधे हाईकोर्ट में दाखिल नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अपने एक फैसले में कहा है कि पुलिस द्वारा संज्ञेय अपराध की शिकायत दर्ज नहीं करने पर पीड़ित व्यक्ति के पास मजिस्ट्रेट के समक्ष जाने का विकल्प होता है।

जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस चन्द्रधारी सिंह की पीठ ने यह आदेश वसीम हैदर की याचिका पर दिया है। याचिका में फर्जी बैनामा के एक मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। पीठ ने एफआईआर दर्ज कराने की मांग वाली याचिकाओं की बढती संख्या पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि सीआरपीसी की धारा 154(3) , 156(3), 190 व 200 इस बात का प्रावधान करती है कि पुलिस द्वारा संज्ञेय अपराध में एफ्आईआर दर्ज करने से इंकार करने पर किन उपायों को अपनाया जा सकता है। जबकि उक्त प्रावधानों में दिए गए उपायों को नहीं अपना कर सीधे हाईकोर्ट में रिट याचिकाएं दाखिल की जा रही हैं। पीठ का कहना था कि एफआईआर दर्ज करने से इंकार होने पर शिकायतकर्ता को स्वत: रिट याचिका इस बात के लिए दाखिल करने का अधिकार प्राप्त नहीं होता है कि कोर्ट परमादेश जारी करते हुए पुलिस अधिकारी को उसके वैधानिक दायित्व का निर्वहन करने के लिए बाध्य करे। पीठ ने कहा कि एक संज्ञेय अपराध में एफआईआर दर्ज नहीं होने की स्थिति में शिकायतकर्ता मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रार्थना पत्र दाखिल कर सकता है।

### चुनाव चिन्ह आवंटित करने के अधिकार को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब तलब

**लखनऊ।** चुनाव चिन्ह आवंटित करने का अधिकार प्रदान करने वाली सिम्बल आर्डर, 1968 के पैराग्राफ10, 10ए व 10बी को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जवाब तलब किया है। पीठ ने चुनाव आयोग को छह हफ्ते में अपना जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी।

चीफ जस्टिस गोविंद माथुर एवं जस्टिस रमेश सिन्हा की पीठ ने यह आदेश श्रद्धा त्रिपाठी की याचिका पर दिया है। याचिका में कहा गया है कि सिम्बल आर्डर के उक्त तीनों पैराग्राफ के तहत चुनाव आयोग स्वयं चुनाव चिन्ह आवंटन का कार्य करता है। जबकि कंडक्ट आफ इलेक्शन रूल्स 1961 के पैरा 10 के मुताबिक यह कार्य चुनाव अधिकारी का है। याचिका में सिम्बल आर्डर का प्रावधान कंडक्ट ऑफइलेक्शन रूल्स 1961 के प्रावधानों से विपरीत होने के कारण रद्द करने की माग की गई है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि चुनाव आयोग सिम्बल आर्डर के प्रावधान के चलते राजनीतिक दलों को पहले ही चुनाव चिन्ह आवंटित कर देता है।

## जस्टिस रितुराज अवस्थी बने लखनऊ पीठ के सीनियर जज



**लखनऊ।** जस्टिस रितुराज अवस्थी को हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ का सीनियर जज नियुक्त किया गया है। 59 वर्षीय जस्टिस रितुराज अवस्थी ने वर्ष 1986 में लखनऊ विश्वविद्यालय से लॉ ग्रेजुएट की डिग्री प्राप्त की। वह सिविल, सेवा सम्बंधी और शैक्षिक मामलों के जाने माने वकील रहे। उन्होंने भारत सरकार के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल के तौर पर भी प्रैक्टिस की है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में उन्हें अपर जज के तौर पर 13 अप्रैल 2009 को नियुक्त किया गया व स्थाई जज के रूप में उन्होंने 24 दिसम्बर 2010 को शपथ ली।

## बाराबंकी सहित तीन जिलों के पुलिस अधीक्षक बदले

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने मंगलवार की देर रात 4 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इस फेरबदल में बाराबंकी सहित तीन जिलों के पुलिस अधीक्षक बदले गए हैं। बाराबंकी के पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार चतुर्वेदी को यहां से स्थानांतरित कर सुल्तानपुर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। सुल्तानपुर में तैनात शिव हरिमीना को पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के पद पर तैनाती प्रदान की गई है। पीएसी मुख्यालय में तैनात यमुना प्रसाद बाराबंकी के नए पुलिस अधीक्षक बनाए गए हैं। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य का तबादला एसपी क्षेत्रीय अभिसूचना बरेली के पद पर किया गया है।

## पचास लाख की मार्फीन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** चिनहट पुलिस ने मादक पदार्थ बेचने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पांच सौ ग्राम स्मैक बरामद हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद स्मैक की कीमत 50 लाख रुपए आंकी जा रही है। इंस्पेक्टर चिनहट धनंजय पांडे की टीम ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर आकाशवाणी चिनहट के पास से दो लोगों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से 500 ग्राम स्मैक मिली है। इंस्पेक्टर चिनहट के मुताबिक पूछताछ में दोनों ने अपना नाम मोहसिन कुरैशी निवासी विक्टोरिया गंज बाजार खाला लखनऊ व दूसरे ने अपना नाम नजीरुद्दीन निवासी इटौंजा के सूरजपुर टिकरी गांव बताया।

## किसान आंदोलन के चलते कई ट्रेनें निरस्त,कई का मार्ग बदला

**लखनऊ।** पंजाब में चल रहे किसान आन्दोलन के कारण रेलवे प्रशासन द्वारा कई ट्रेनों का निरस्तीकरण, शार्ट टर्मिनेशन-शार्ट ओरिजिनेशन एवं मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। इसके तहत दरभंगा से 6 जनवरी को चलने वाली 05211 दरभंगा अमृतसर स्पेशल ट्रेन निरस्त रहेगी। वहीं अमृतसर से 8 जनवरी को चलने वाली 05212 अमृतसर दरभंगा स्पेशल ट्रेन निरस्त रहेगी। जबकि अमृतसर से 6 जनवरी को चलने वाली 04654 अमृतसर-न्यू जलपाई गुड़ी स्पेशल ट्रेन सहारनपुर से चलाई जायेगी। यह ट्रेन आंशिक रूप से अमृतसर से सहारनपुर के बीच निरस्त रहेगी। अमृतसर से 6 जनवरी को चलने वाली 04650 अमृतसर जयनगर स्पेशल ट्रेन निर्धारित मार्ग अमृतसर-जन्डियाला व्यास के स्थान पर परिवर्तित मार्ग अमृतसर-तरनतारन व्यास के रास्ते चलायी जायेगी। अमृतसर से 6 जनवरी को चलने वाली 04652 अमृतसर-जयनगर विषेष गाड़ी निर्धारित मार्ग अमृतसर-जन्डियाला व्यास के स्थान पर परिवर्तित मार्ग अमृतसर-तरनतारन व्यास के रास्ते चलायी जायेगी। वहीं उत्तर मध्य रेलवे के मुरादाबाद मंडल पर हरिद्वार-लक्सर रेल खंड में दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में नॉन इंटरलॉक कार्य के कारण रेलवे प्रशासन ने गोरखपुर-देहरादून-गोरखपुर स्पेशल ट्रेनों को 6 व 7 जनवरी को निरस्त रखने का फैसला किया है।

## बीस चौराहों पर इसी सप्ताह से कैमरे-सेंसर से शुरू होंगे चालान

**लखनऊ।** यातायात पुलिस इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से चालान इसी हफ्ते शुरू करने जा रही है। कैमरे और सेंसर से चालान के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। चालान के भुगतान के लिए इस व्यवस्था को कोषागार से जोड़ दिया गया है। इसका लिंक एनआईसी को मिल चुका है।

जब भी एनआईसी हरी झंडी दिखाएगा उसी समय से कैमर-सेंसर सक्रिय हो जाएंगे और चालान कटने लगेगा। चलान कटने पर एक मिनट के भीतर गाड़ी मालिक के मोबाइल पर एसएमएस भी आ जाएगा। शुरुआत में 20 चौराहों पर यह व्यवस्था लागू होगी। आगे चलकर अन्य चौराहों और तिराहों को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

# वांछित मुल्जिम मधुकर दूसरे मामले में जमानतनामा निरस्त कराकर गया जेल

## सुजीत पांडेय हत्याकांड मामला

विधि संवाददाता। लखनऊ

**राजधानी** के बहुचर्चित सुजीत पांडेय हत्याकांड में वांछित मुल्जिम मधुकर एक पुराने आपराधिक मामले में अपना जमानतनामा निरस्त कराकर न्यायिक हिरासत में जेल चला गया। थाना मोहनलालगंज से संबधित यह मामला मिलावटी तेल की विक्रय से संबधित है। 18 दिसंबरए 2020 को इस मामले की एफ्आईआर खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने दर्ज कराई थी। इस मामले में मधुकर जमानत पर रिहा था। मंगलवार को अदालत में उसके जामिनदारों ने अपना जमानतनामा निरस्त की अर्जी दी। इस दौरान मुल्जिम मधुकर अदालत में उपस्थित था। एसीजेएम पीयूष त्रिपाठी ने जमानतनामा रद्द करते हुए मुल्जिम को न्यायिक हिरासत में लेने का आदेश दिया। साथ ही उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। बताते चलें कि 20 दिसंबर की सांय मोहनलालगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुजीत पांडेय की राजनीतिक प्रतिद्वंता में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। विवेचना के दौरान इस मामले में मधुकर व उसके भाई तथा अन्य मुल्जिमों का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने मुल्जिम अरुण व मुलायम तथा मधुकर के भाई हेमकर व पुष्कर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जबकि मधुकर की गिरफ्तारी के लिए उसके सभी संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी।

### मुक्त करायी जमीन

**लखनऊ।** बिना एलडीए से अनुमति के निर्माण करने पर जिला प्रशासन द्वारा अवध रेजीडेंसी पर कार्रवाई की गयी। मोहनलालगंज में बड़े स्तर पर नेहल इंफ्रावेंचर्स के नाम पर प्लाटिंग कर रहे थे, जिसे जिला प्रशासन द्वारा रोक कर कार्रवाई की गयी। यही नहीं इससे पूर्व भी नोटिस दी गयी, लेकिन न मानने पर ध्वस्तीकरण कर जमीन को मुक्त कराया गया।

# लखनऊ को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए थैला बैंक का शुभारंभ

## लखनऊ की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाये जा रहे हैं थैले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**शहर** को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए महापौर ने थैला बैंक शुरू किया। सब्जी मंडी के पास से ही कम दामों में कपड़े का थैला मिलेगा। गरीब महिलाओं को रोजगार के साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक को समाप्त करने के लिए कपड़े के थैले का विकल्प दिया। महापौर ने कहा नगर निगम द्वारा प्लास्टिक थैली का विकल्प जनता के समक्ष उपलब्ध करा कर लखनऊ को प्लास्टिक मुक्त बनाने के संकल्प को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। यह थैले लखनऊ की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाये जा रहे है ।

मंगलवार को महापौर संयुक्ता भाटिया और अपर नगर आयुक्त अर्चना द्विवेदी ने नगर निगम द्वारा ऐशबाग स्थित एवररेडी चौराहे पर थैला बैंक का शुभारंभ किया। महापौर ने बताया कि थैला बैंक को प्रारम्भ करने उद्देश्य सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग समाप्त करना है, थैला बैंक जनता को सिंगल यूज प्लास्टिक का विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य के साथ कपड़े के थैले के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए यह मुहीम शुरू की गई है। महापौर ने आगे बताया कि मुझसे अक्सर दुकानदार और जनता कहती थी कि बाजार में विकल्प नहीं उपलब्ध हैं। इस नाते अब नगर निगम द्वारा प्लास्टिक थैली का विकल्प जनता के समक्ष उपलब्ध करा कर लखनऊ को प्लास्टिक मुक्त बनाने के संकल्प को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। यह थैले लखनऊ की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाये जा रहे है, जिसे सभी लखनऊवासी अपनी नजदीकी सब्जी मंडी से खरीद सकेंगे। इससे जहां स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भरता मिलेगी, वहीं शहर में सिंगल यूज़ प्लास्टिक को समाप्त करने में सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने आगे कहा कि नगर निगम लखनऊ सभी से यह अपील करता है की डिस्पोजेबल एवं प्लास्टिक की थैली का उपयोग न करे एवं नगर निगम लखनऊ द्वारा शुरू की जा रहे थैला बैंक से थैला क्रय कर सिंगल यूज प्लास्टिक को समाप्त कर स्वच्छ लखनऊ, सुन्दर लखनऊ बनाने में सहयोग करें।




# मुख्यमंत्री आज करेंगे किसान कल्याण मिशन का शुभारंभ

● कृषि मंत्री ने लिया कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कृषि** तथा कृषि आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देकर किसानों की आय दोगुना करने की मुहिम के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल बुधवार को लखनऊ के दादूपुर ग्राम में किसान कल्याण मिशन का शुभारंभ करेंगे। किसान कल्याण मिशन के शुभारंभ को लेकर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत भी मौजूद रहेंगे।

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री किसानों से संवाद करते हुए विगत साढ़े तीन वर्षों में किसानों के कल्याण के लिए उठाये गए महत्वपूर्ण कदमों का जिक्र भी करेंगे। इस दौरान वह केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की भलाई के लिए उठाए कदमों की जानकारी भी देंगे। किसान कल्याण मिशन के जरिये योगी सरकार खेतीबाड़ी के उन्नत तौर तरीकों के जरिए किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रगतिशील किसानों की मदद लेगी। इस क्रम में किसानों के लिए स्थानीय स्तर पर होने वाले किसान मेलों और किसान गोष्ठियों में यही प्रगतिशील किसान बाकी किसानों को अपनी सफलता के बारे में बताएंगे। सरकार को उम्मीद है कि उनकी कहानी से प्रेरणा लेकर अन्य किसान भी बेहतर करके खुशहाल होंगे। इसके लिए कृषि विभाग हर जिले से रोलमॉडल के रूप में 100 प्रगतिशील किसानों का चयन करेगा। 6 से 21 जनवरी तक 825 विकास खंडों पर आयोजित होने वाले किसान कल्याण मिशन के कार्यकमों में अपनी बात रखने के लिए किसानों को मंच देने के साथ सम्मानित भी किया जाएगा।

वहीं कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बंथरा स्थित बाबा विनायक सिंह स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त तैयारियां निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण कर ली जायें। कृषि मंत्री ने बताया कि पूर्व में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जनपदीय कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि इस अभियान में मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारियों के साथ साथ स्थानीय सांसद, विधायक एवं अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति अवश्य सुनिश्चित की जाए। इस हेतु जनप्रतिनिधियों को अवश्य आमंत्रित किया जाए और उनके माध्यम से ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु मिशन शक्ति का संचालन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में महिला किसानों की अधिक से अधिक भूमिका हो, इस उद्देश्य से जागरूक महिला किसानों एवं कृषि उत्पादन पर आधारित स्वयं सहायता समूहों की सहभागिता भी सुनिश्चत की जाए।

## किसान कल्याण मिशन अभियान में कोविड प्रोटोकाल का पालन किया जाए: सीएस

**लखनऊ।** मुख्य सचिव आरके तिवारी ने बुधवार से प्रदेश में शुरू हो रहे किसान कल्याण मिशन अभियान को लेकर सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस अभियान में कोविड प्रोटोकाल का पूरा पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण मिशन के अन्तर्गत होने वाली गोष्ठी, प्रदर्शनी, मेला प्रत्येक विकास खण्ड में 6 जनवरी से आरम्भ होकर अगले तीन सप्ताह में सम्पन्न होगी। प्रत्येक सप्ताह के बुधवार को जिले के प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्रों में आच्छादित होने वाली विधानसभा क्षेत्रों में एक विकास खण्ड में इनका आयोजन होगा और यह क्रम तब तक चलता रहेगा जब तक सारे विकासखण्ड आच्छादित नहीं हो जाते। यह आयोजन तहसील दिवस या किसी राजकीय अवकाश के दिन आयोजित नहीं होंगे। आयोजन कराने का मुख्य उत्तरदायित्व जिलाधिकारी के नेतृत्व में मुख्य विकास अधिकारी का होगा, जो सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके प्रत्येक विकास खण्ड की माइक्रो प्लानिंग करेंगे। इस आयोजन के लिए जिला कृषि अधिकारी कार्यक्रम के सदस्य सचिव होंगे। विकास खण्ड स्तर पर इन कार्यक्रमों के आयोजन का मुख्य दायित्व खण्ड विकास अधिकारी का होगा जो सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुये व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे। उक्त के अतिरिक्त विकास खण्ड वार समय-सारिणी निर्धारित करते हुये इसका स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार भी करेंगे जिससे कि इस कार्यक्रम में किसानों की प्रभावी सहभागिता हो सके।

# भ्रष्टाचार पर नियंत्रण व सस्ती बिजली के लिए यूपीएसईबी के गठन की मांग

● कार्य योजना तैयार होने के बाद चलाया जाएगा सुधार कार्यक्रम: श्रीकांत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ऊर्जा** मंत्री श्रीकांत शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को विधान भवन के तिलक हाल में बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए हुई समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव ऊर्जा, ऊर्जा निगमों के एमडी और विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में भ्रष्टाचार पर नियंत्रण पाये जाने एवं सस्ती बिजली हर घर बिजली का लक्ष्य प्राप्ति के लिए मितव्ययी व्यवस्था मार्ग पर चलकर ऊर्जा निगमों का एकीकरण कर उप्र राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड का गठन किए जाने की मांग उठी। बैठक में संघर्ष समिति द्वारा 22 अक्टूबर 2020 को दिये गये सुधार प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा प्रारम्भ हुई जो कि अगली बैठक में भी जारी रहेगी। श्रीकान्त शर्मा ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि सुधारों पर संघर्ष समिति ने बहुत सकारात्मक चर्चा की है और बदलाव स्पष्टतया सही दिशा में दिख रहा है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि समीक्षा की अगली बैठक में भी संघर्ष समिति के प्रस्तावों पर चर्चा जारी रहेगी और संघर्ष समिति की चर्चा पूरी हो जाने के बाद पावर कारपोरेशन प्रबन्धन अपनी बात रखेगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि संघर्ष समिति और प्रबन्धन की चर्चा हो जाने के बाद सुधार की कार्य योजना तैयार कर सुधार के कार्यक्रम चलाये जायेंगे। सार्थक संवाद हुआ है और संवाद से ही समाधान निकलता है। संघर्ष समिति ने कहा कि 6 अक्टूबर 2020 के उप्र सरकार, शासन एवं संघर्ष समिति के मध्य सम्पन्न वार्ता बैठक में बनी सहमतियों के क्रम में संघर्ष समिति ने प्रदेश भर में विभिन्न व्यवस्था सुधार गोष्ठियां आयोजित की।

# प्रवर्तन अभियान के तहत 65,488 लीटर अवैध शराब जब्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

नववर्ष में मदिरा की मांग में बढ़ोत्तरी को देखते हुए प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम हेतु 24 दिसंबर से दो जनवरी तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। यह जानकारी देते हुए आबकारी मंत्री राम नरेश अग्निहोत्री द्वारा बताया गया कि इस अभियान के दौरान प्रदेश में कुल 2448 मुकदमे दर्ज किए गये, जिसमें 65,488 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी तथा मदिरा निर्माण में प्रयुक्तय होने वाले 3,05,381 किग्रा लहन को मौके पर नष्टा किया गया। अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त 813 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 17 वाहनों को जब्त किया गया। माह दिसम्बर में विभाग द्वारा कुल 5025 मुकदमे दर्ज किए गये, जिसमें 1,34,437 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी तथा मदिरा निर्माण में प्रयुक्त होने वाले 6,00,747 किग्रा लहन को मौके पर नष्ट किया गया। अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त 1543 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 44 वाहनों को जब्त किया गया। इसी क्रम में संजय आर भूसरेड्डी अपर मुख्य सचिव द्वारा बताया गया कि आबकारी मंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश की आबकारी दुकानों पर निर्धारित मूल्य पर मदिरा की बिक्री सुनिश्चित करने हेतु लगातार कार्यवाही कराई जा रही है।

# इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड में गरीबों को बांटे गए कम्बल



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केंद्रीय** मंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह के सौजन्य से मंगलवार को इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड में गरीबों को कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस्माइल गंज स्थित लोकनाथ गेस्ट हाउस में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान लखनऊ भाजपा महानगर के मंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी, तुहिन चतुर्वेदी, शैलेंद्र सिंह डब्लू, सोनू चतुर्वेदी, रमेश यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इस मौके पर बड़ी संख्या में गरीबों को कंबल का वितरण किया गया। क्षेत्रीय नेता एवं समाज सेवक तुहिन चतुर्वेदी ने बताया कि कंबल वितरण कार्यक्रम लखनऊ सांसद एवं केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह के सहयोग से आयोजित किया गया है।

# विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, दहेज हत्या का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● पति, सास और ससुर गिरफ्तार

**जानकीपुरम** थाना क्षेत्र के मड़ियांव गांव में एक विवाहिता की मंगलवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतिका के पिता ने ससुराल वालो पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने विवाहिता के पतिए ससुर व सास को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रुदौली अयोध्या निवासी मोहम्मद रईस ने अपनी बेटी मीना खातून 30 की शादी 7 मार्च 2016 को जानकीपुरम के मड़ियांव गांव निवासी अबुल हसन के बेटे इरसाद के साथ की थी। मीना खातून के पिता रईस ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 1.40 बजे पड़ोसियों से सूचना मिली कि मीना की मौत हो गई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचने पर मीना की सास फरीदाबानो ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे मीना कही दिखाई नही दे रही था। आवाज लगाते हुए उसके कमरे में गए तो देखा कि वह बेड के पास नीचे पड़ी है। जिसके बाद उसे उठाकर हॉस्पिटल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मीना के पिता रईस का आरोप है कि शादी के समय उन्होंने दहेज में मोटरसाइकिल व अन्य सामान दिया था। कुछ दिन बाद मीना के ससुराल वालों ने दहेज में कार व दो लाख रुपये नकद की मांग करते हुए बेटी को प्रताड़ित करने लगे। जिसके बाद रईस ने बेटी मीना को कार व दो लाख रुपये नकद देकर ससुराल भेज दिया। रईस का आरोप है कि कुछ दिनों तक सब ठीक चला। उसके बाद दहेज में मकान की मांग को लेकर मीना को प्रताड़ित करने लगे।

## चलो दुनिया को स्वर्ग बनायें हम, का संदेश देगी सीएमएस की झांकी



**लखनऊ।** आगामी 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस परेड में 'चलो दुनिया को स्वर्ग बनायें हम, प्रेम से और प्यार से' विषय पर प्रदर्शित होने वाली सिटी मोन्टेसरी स्कूल की झाँकी एकता व शान्ति का संदेश जनमानस को देगी एवं सारे विश्व को विश्व बन्धुत्व की भावना में पिरोकर इस दुनिया को स्वर्ग बनाने का आह्वान करेगी। इसके साथ ही, सीएमएस की यह झाँकी वसुधैव कुटुम्बकम की महान संस्कृति एवं भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 की भावनाओं को जन-जन तक पहुँचाने की सार्थक अपील भी करेगी। उक्त जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सीएमएस की झाँकी चार भागों में हैं और सभी भाग एक अनूठे ढंग से मानवता के कल्याण का संदेश दे रहे हैं।

## फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**लखनऊ।** बाजारखाला इलाके में मंगलवार को युवक ने घर के अन्दर ही फंदे से झूल फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला सामाप्त कर ली। मृतक के पास से सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। टिकैतराय तलाब लेबर कॉलोनी राजाजीपुरम बाजारखाला निवासी सत्यम बाजपेई 20 पुत्र राकेश बाजपेई अमीनाबद में एक दुकान पर निजी कार्य करता था और अविवाहित था। मंगलवार को घर के अन्दर ही अपने कमरे के छत में लगे पंखें में साड़ी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। मंगलवार की सुबह मृतक के भाई शिवम उसे जगाने गया तो इस बात का पता लगा।

## मासूम की उंगलियां कटीं

**मोहनलालगंज।** हीरामनखेड़ा गांव में मंगलवार की दोपहर जंगल में लकड़ी बीनने गई सात वर्ष की मासूम प्रीति के हाथ की दो उंगलियां कट गईं। रोती बिलखती घर पहुंची प्रीति ने गांव की ही मां बेटी पर आरोप लगाया। परिजनों ने 112 नंबर पर पुलिस और 108 नंबर पर एम्बुलेंस को सूचना दी। जिसके बाद जख्मी मासूम को अस्पताल ले जाकर उपचार कराया गया। इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्रा ने बताया प्रीति के पिता बेचालाल की शिकायत पर जांच की जा रही है।

## छात्रा को परेशान कर रहा शोहदा पहुंचा हवालात

**मोहनलालगंज।** बीएससी की छात्रा को परेशान कर रहे शोहदे ने उसका घर से निकलना दूभर कर दिया। शोहदे की छींटाकशी और अश्लील हरकतों से आजिज छात्रा ने परिजनों को आपबीती बताई। लेकिन परिजनों की हिदायत भी शोहदे की हरकतें नहीं सुधार सकीं। लिहाजा तंग आकर छात्रा ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत कर दी। सीपी के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी शोहदे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## नगुवामऊ का अंडर पास स्वीकृत, छह माह से चल रहा धरना समाप्त

बीकेटी। आउटर रिंग रोड के निर्माण के दौरान नगुवामऊ गांव से गुजर कर लगभग 40 से अधिक गांवो को जोड़ने वाली सड़क को बंद कर दिया गया था। सड़क पर अंडरपास बनाने की मांग को लेकर प्रसपा नेता गनेश रावत की अगुवाई में बीते छह माह से ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे थे। मंगलवार को धरना प्रदर्शन स्थल पर स्थानीय विधायक ने अंडरपास स्वीकृति होने की घोषणा के साथ धरना प्रदर्शन समाप्ति को घोषणा की गयीं। समस्त प्रदर्शनकारियों ने विधायक द्वारा अंडरपास बनाये जाने में की गयीं मेहनत के लिये धन्यवाद दिया गया। इस दौरान एनएच के अधिकारियों के अलावा उपजिलाधिकारी नवीनचंद्र शिवकुमार रावत संतोष द्विवेदी बाबूलाल प्रधान दिनेश रावत सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सात माह से गायब बहन को ढूंढने की लगाई गुहार

**बख्शी का तालाब।** सात माह पूर्व गायब हुई बहन की तलाश के लिये अधिकारियों के चक्कर काट रहे भाई का धीरज सम्पूर्ण समाधान दिवस में टूट गया। उसने हंगामा करते हुए बहन को ढूढ़ने की गुहार लगाई है। बीकेटी थाना क्षेत्र के रायसिंहपुर के रहने वाले ओमकार ने अधिकारियों को बताया कि बीते 11 मई को उसकी 18 वर्षीय बहन सुमित्रा घर से गायब हो गयी थी। इधर उधर पता लगाने पर मालूम हुआ कि उसे अटरिया का रहने वाला विजय बहला फुसला कर भगा ले गया है। जिसकी जानकारी व शिकायती पत्र बीकेटी थाने में दिया लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। जिसके बाद पुलिस के उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई लेकिन कही भी उसकी बात नही सुनी गयी। उसने आशंका जताई कि उसकी बहन की हत्या कर दी गयी है या उसे बेच दिया गया है। क्षेत्राधिकारी ह्रदेश कठेरिया ने मामले की जांच के आदेश दिये है।

## महापौर, विधायक ने बांटे जरूरतमंदों को 535 कंबल

**लखनऊ।** महापौर, विधायक द्वारा हैदरगंज में गरीबों को कंबल बांटे गए। मंगलवार को बालागंज के जेएस लॉन में हैदरगंज प्रथम वार्ड के पार्षद विजय गुप्ता द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर संयुक्ता भाटिया, विधायक सुरेश श्रीवास्तव और पार्षद विजय गुप्ता ने 535 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।

उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड ई. निविदा

अधिकृत एवं अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से निम्न कार्य हेतु दिनांक 28.01.2021 को 14:00 बजे तक ई.निविदा आमंत्रित की जाती है तथा उसी दिन 15:00 बजे के पश्चात् खोली जायेंगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि को आरटीजीएस/ एनईएफटी अथवा सीधे **अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, लखीमपुर के खाता संख्या**–50200029446442, **आई0एफ0एस0सी0 कोड**–HDFC0001914 **बैंक का नाम– एच0डी0एफ0सी0 बैंक लि0, लखीमपुर** में जमा करना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, लखीमपुर के कार्यालय से 28.01.2021 को 14:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। सम्पूर्ण ई.निविदा या ई.निविदा के किसी भाग को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। **ई0 निविदा सूचना सं0–13/वि0पारे0ख0(लखी0)/2020–21** विद्युत पारेषण खण्ड लखीमपुर के अन्तर्गत 132के0वी0 निघासन–बी0ईपी0एल0 खम्भारखेडा लाइन पर सस्पेशन डिस्क इन्सुलेटर परिवर्तित कर पॉलीमार डिस्क इन्सुलेटर लगाने के कार्य हेतु, धरोहर धनराशि रू0 1000.00 मात्र, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) 590.00/–मात्र (प्रति निविदा)। **(रामानन्द) अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, उ0प्र0 पावर ट्रान्स0 कारपो0लि0 132 के0वी0 उपकेन्द्र (छाउछ) लखीमपुर–खीरी– उ0प्र0 262701** पत्रांक–16 दिनांक:–5.1.2021 ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालिक निविदा

**सूचना** अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी एवं कार्य में दक्ष ठेकेदारों से दो भागों में अल्पकालिक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के प्रथम भाग में आर०टी०जी०एस०/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से जमा की गई निविदा मूल्य व धरोहर राशि के रसीद की छायाप्रति, वाणिज्यिक, तकनीकी, अनुभव आदि प्रपत्र तथा द्वितीय–भाग में केवल मूल्य/दरें ई–पोर्टल etender.up.nic.in पर दिनांक 21.01.2021 समय 12:00 बजे तक अपलोड की जानी है। निविदा से संबंधित समस्त शर्ते, अर्हतायें एवं अन्य सूचनायें उ0प्र0सरकार की ई–पोर्टल etender.up.nic.in अथवा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 की–साइट www.mvvnl.in पर वर्णित हैं। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बतायें किसी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने/संशोधन करने/विभिन्न फर्मो के मध्य विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 1. निविदा सं0 53/वि०न०वि०म० (अष्टम) /2020–21: विद्युत नगरीय वितरण मण्डल अष्टम के अधीन आने वाले वितरण खण्डों में विभागीय कार्यो के निष्पादन के लिये 04 अदद कम्पयूटर आपरेटरों की उपलब्धता हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 3540.00/– एवं धरोहर धनराशि रू0 9000.00 2. निविदा सं0 54/वि0न0वि0मं0(अष्टम)/2020–21: विद्युत नगरीय परीक्षण खण्ड (षष्टम) मे ब्राटइन के पश्चात मीटरों की सुरक्षित ढुलाई एवं रखरखाव का कार्य। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00/– एव धरोहर धनराशि रू0 2000.00 3. निविदा सं0 55/वि०न०वि०म० (अष्टम)/2020–21: विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–ठाकुरगंज मे परिर्वतको के लिकेज रोकने एवं सेन्ट्रीफयूजिंग के कार्य हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00/– एवं धरोहर धनराशि रू0 2000.00 4. निविदा सं0 56/वि0न0वि0मं0 (अष्टम)/2020–21: विद्युत नगरीय वितरण मण्डल अष्टम के अधीन आने वाले वितरण खण्ड ठाकुरगंज मे आने वाले विद्युत उपकेन्द्रो पर स्थापित अग्नि शमन उपकरणों एवं फायर फाइटिंग उपकरणों के अनुरक्षण एवं रिफलिंग के कार्य हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180/– एवं धरोहर धनराशि रू0 2000.00 **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–अष्टम सिस–गोमती लखनऊ** पत्रांक–38 दिनांक– 5.1.2021 ''राष्ट्र हित मे बिजली बचायें''

उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड, ई–निविदा आमंत्रण सूचना

अनुभवी एवं ई–निविदा हेतु पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों/कार्यदायी संस्थाओ से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–निविदा दो भागो में आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित ई–निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण ई–टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगी तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन/ तिथि विस्तार इत्यादि हेतु निविदा खुलने की तिथि तक उक्त वेबसाईट पर लॉग–ऑन करें। समस्त निविदा प्रपत्र केवल उक्त वेबसाईट के माध्यम से ही स्वीकार की जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त / अस्वीकार करने का अधिकार अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल, मिर्जापुर के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा सं0 **(31)** अधिशासी अभियन्ता विद्युत प्रेषण खण्ड राबर्ट्सगंज के अन्तर्गत विभिन्न 132 के0वी0 पारेषण लाइनो के अनुरक्षण का कार्य। निविदा सं0 **(32)**–132 के0वी0 भदोही (220) भदोही (132) इण्टरकनेक्टर के निर्माण हेतु अतिरिक्त कार्य के रूप मे 132 के0वी0 जौनपुर (220)–भदोही(132) लाइन के लीलो प्वाइंट से भदोही (132) तक 132 के0वी0 लाइन तथा औराई (400) उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 जौनपुर–भदोही लाइन के निर्माणाधीन लीलो का निर्माणाधीन 220के.वी. जी.आई.एस. उपकेन्द्र भदोही तक विस्तारीकरण का कार्य। निविदा सं0 **(33)** निर्माणाधीन 220 के0वी0 आजमगढ़–II–औराई(400) के0वी0 लाइन के 220 के0वी0 जी0आई0एस0 उपकेन्द्र भदोही तक विस्तारीकरण का कार्य। निविदा सं0 (34)–132 के0वी0 भदोही (220)–राजा का तालाब लीलो @ 132 के0वी0 उपकेन्द्र चौरी के निर्माण का कार्य। निविदा सं0 **(35)**–132 के0वी0 औराई (400)–गोपीगंज लाइन का 220 के0वी0 जी0आई0एस0 उपकेन्द्र भदोही तक विस्तारीकरण का कार्य। निविदा सं0 **(36)**–अधिशासी अभियन्ता विद्युत प्रेषण खण्ड राबर्ट्सगंज के अन्तर्गत 765/400/220 के0वी0 की पारेषण लाइनो के अनुरक्षण का कार्य। **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड पथरहिया रोड–मीरजापुर,** पत्रांक–52/वि0प्रे0मं0 (मि0) /टी–टेण्डर, दिनांक–05.01.2021 **''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''**

## पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स ने आयोजित किया वेबिनार

**लखनऊ।** पीएचडी चैंबर आफ कामर्स एंड कामर्स इंडस्ट्री ने मंगलवार को वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार का उददेश्य एमएसमई के लिए एसेट रीस्ट्रक्चरिंग मॉड्यूल के बारे में जानकारी देना एवं मॉड्यूल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके लाभों के बारे में विस्तार से चर्चा करना था। पीएचडी चैंबर के वरिष्ठ सदस्य मुकेश कुमार शुक्ला ने बताया कि यूपी में एमएसएमई की संख्या सबसे अधिक है और एसेट रिस्ट्रक्चरिंग मॉड्यूल एमएसएमई के लिए वर्तमान समय में बहुत आवश्यक है। यह मॉड्यूल एमएसएमई एवं बैंकों की कार्य प्रणाली के लिए बहुत लाभदायक होगा और समय की भी बचत करेगा। सिडबी के महाप्रबंधक राजीव कुमार ने कहा कि सिडबी और उसके सहयोगी आईएसएआरसी ने एमएसएमई के लिए एक वेब-आधारित एसेट रीस्ट्रक्चरिंग मॉड्यूल विकसित करने की पहल की है यह एमएसएमई के लिए एक स्वचालित ऑनलाइन वेब-पोर्टल है।


## डीएम की फटकार पर जागे अधिकारी

संवाददाता। मोहनलालगंज

**बारिश** में ढ़ही कोठरी की जांच भी हो गई और राशनकार्ड जारी करने के लिए प्रमाण पत्र भी बन गए। कड़ाके की ठण्ड में भुखमरी झेलकर रतजगा कर रहे दहियर निवासी कमलेश के परिवार की मदद में लापरवाही बरतने को लेकर डीएम अभिषेक प्रकाश ने अधिकारियों को फटकारा तो प्रशासनिक मशीनरी एक्टिव हो गई है। लेखपाल और ग्राम पंचायत सचिव गांव में डेरा डालकर कमलेश के परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए खुद जुट गए हैं। मोहनलालगंज के दहियर निवासी भूमिहीन कमलेश की कच्ची कोठरी बारिश में ढ़ह गई। जिससे मासूम बेटे हिमांशु और पत्नी रीता के साथ गरीब कमलेश को जर्जर कच्ची दीवार पर एस्बेस्टस की चादर रखकर कड़ाके की सर्दी रतजगा करके बितानी पड़ रही है। पायनियर में इस परिवार की बेबसी को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद तहसील प्रशासन ने परिवार को ठण्ड से राहत दिलाने के लिए कम्बल तो दिलाए लेकिन आवास और राशनकार्ड का लाभ दिलाने में तहसील और ब्लाक के जिम्मेदार लापरवाह बने रहे।

## लॉकडाउन के बाद लगा लोक मंगल दिवस, 49 शिकायतें हुई दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**महापौर** द्वारा कोरोना महामारी के बाद जोनल कार्यालयों में ही जनता की मूलभूत समस्याओं के निस्तारण के लिए लोक मंगल दिवस का दोबारा आयोजन किया गया। जनवरी माह के प्रथम मंगलवार को नगर निगम के जोन एक एवं जोन 2 कार्यालय में आयोजित किया गया। जलकल और अतिक्रमण की 49 शिकायतें दर्ज कीगयी। महापौर ने जनता की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। महापौर संयुक्ता भाटिया के समक्ष लालबाग में आयोजित लोक मंगल दिवस में बसीरत गंज वार्ड के राजेन्द्र नगर में गिरीश ने हाथीखाने स्कूल में मिनी ट्यूबवेल ठीक कराने के लिए अनुरोध किया। जिस पर महापौर ने महाप्रबंधक जलकल को आवश्यक कार्रवाई करते हुए पानी की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। इसी जोन के आराधना साहू ने महापौर को बताया कि कश्मीरी मोहल्ले के टिकडी खुर्द के पास अलाव की व्यवस्था न होने से स्थानीय निवासियों और राहगीरों को इस ठंडक में परेशानी का सामना करना पड रहा है। महापौर ने अपर नगर आयुक्त अमित कुमार को अलाव की व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया। लोक मंगल दिवस पर कुल 49 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमे गृहकर की 4, मार्गप्रकाश की 03, सफाई से 7, जलसंस्थान की 07, अभियन्त्रण की 10 एवं अन्य विभागों से 18 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके निस्तारण के लिए महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया। लोक मंगल दिवस के दौरान नगर आयुक्त अजय द्विवेदी, अपर नगर आयुक्त अमित कुमार, अर्चना द्विवेदी, राकेश यादव, नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, भाजपा पार्षद दल नेता राम कृष्ण यादव आदि उपस्थि रहे।

# यूपी महिला रत्न सम्मान से सम्मानित हुईं महिलाएं

● बच्चों को मिला यूपी बाल रत्न सम्मान

● यूपी महोत्सव की 13वीं सांस्कृतिक संध्या

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रगति** पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के तत्वावधान में सेक्टर ओ पोस्टल ग्राउण्ड केन्द्रीय विद्यालय के सामने अलीगंज में चल रहे यूपी महोत्सव 2020 की 13वीं सांस्कृतिक संध्या में आयोजित सम्मान समारोह में अनेक महिलाओं को यूपी महिला रत्न सम्मान व बच्चों को यूपी बाल रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन मुख्य अतिथि चीफ पोस्ट मास्टर जनरल उप्र कौशलेंद्र सिन्हा, विशिष्ट अतिथि पोस्ट मास्टर लखनऊ परिक्षेत्र विवेक कुमार दक्ष, एसएसपी पीओएस आलोक ओझा, डीडी पाण्डेय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने अपने सम्बोधन में प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि यूपी महोत्सव प्रतिभाओं के साथ हस्तशिल्प कलाओं को भी मंच उपलब्ध करा रहा है, यह नि:संदेह प्रशंसनीय कार्य है।

**इन्हें मिला सम्मान**

समारोह में डॉ पूजा शार्मा, प्राची रस्तोगी, वन्दना सिंह, ईषिका, ममता कनौजिया, पूजा श्रीवास्तव, शालिनी गुप्ता, अर्पिता सिंह, मनु तिवारी, सुनीता मोघा, दिव्या शुक्ला, शकिना खान, अर्चना राजपूत, अनुजा को यूपी महिला रत्न सम्मान 2020 से मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। इसी कड़ी में यशस्वी पोरवाल, देवांग दीक्षित, पलक वर्मा, मिठीका द्विवेदी, प्रतीक शर्मा, सुकृति गुप्ता, सुप्रिया वर्मा, उन्नति श्री, देवम खत्री, रिजा सिद्दिकी, सात्विक सिंह और दिव्यांशी गुप्ता को यूपी बाल रत्न सम्मान 2020 से सम्मानित किया गया। प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह व उपाध्यक्ष एनबी सिंह ने मुख्य अतिथि कौशलेन्द्र सिन्हा को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित किया।

**हम बेवफा हरगिज न थे पर श्रोता मंत्रमुग्ध:** सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ ममता कन्नौजिया ने विष्णु वंदना पर भावपूर्ण नृत्य से किया। इस अवसर पर बालकृष्ण शर्मा ने सुमधुर आवाज में हम बेवफा हरगिज न थे और संध्या सिंह ने अपनी खनकती हुई आवाज में हवाओं की तरह मुझे छू ले तू रोजाना गीत को सुनाकर श्रोताओं का मन मोहा। सिटी स्कूल ऑफ डान्स एण्ड म्यूजिक के छात्र छात्राओ आंशिका राजवंशी, आकांक्षा गुप्ता, सांघवी सिंह, ऐंद्री बिस्ट, ओजस्विता राय, ज्योत्सना मिश्रा, दिव्यांशी वर्मा ने घर मोरे परदेशिया पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं चारु काव्यांगन के बैनर तले कुँवर कुसुमेश की कृति अदबी कहकशाँ गज़ल संकलन का भव्य लोकार्पण डॉ हरि फैजाबादी की अध्यक्षता में संम्पन हुआ।


## एसएसओ की तैनाती में फेरबदल लाइन स्टाफ सीखेंगे बारीकियां

**मोहनलालगंज।** जरुरी प्रशिक्षण दिए बगैर ही भर्ती किए गए कुछ संविदाकर्मियों को पूरनपुर सबस्टेशन की जिम्मेदारी सौंपने से सोमवार की रात कई गांव घण्टों अंधेरे में रहने के मामले में लेसा सिस गोमती प्रशासन ने ड्यूटी पर रहे एसएसओ को हटाकर दूसरे को जिम्मेदारी दे दी है। जबकि एक अन्य एसएसओ को निगोहां भेज दिया है। वहीं जेई को नई भर्ती के संविदाकर्मियों को अनुभवी कर्मियों के साथ रखकर प्रशिक्षित कराने की हिदायत दी गई है। मोहनलालगंज के पूरनपुर सबस्टेशन पर सोमवार की शाम कालेबीरन खेड़ा की बीसीबी ऑफ होने के बाद ड्यूटी पर रहा एसएसओ उसे ऑन नहीं कर सका था। जबकि मौजूद लाइन स्टाफ पोल पर चढ़ने को तैयार नहीं था। जिसकी वजह से कई घण्टे तक दर्जनों गांव के उपभोक्ताओं को बिजली संकट झेलना पड़ा था। मंगलवार को पायनियर में इसे लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद ड्यूटी पर रहे एसएसओ के बारीकियां सीखने तक लाइन स्टाफमें तैनात मुनेन्द्र को एसएसओ की जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

# न्याय के बजाए फिर मिला आश्वासन, फफक पड़ा दिव्यांग

सम्पूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता। मोहनलालगंज



**पट्टे** में मिली जमीन का मालिकाना हक पाने के लिए डेढ़ वर्ष से तहसील समाधान दिवस के चक्कर लगा रहे चलने-फिरने में लाचार दिव्यांग को मंगलवार फिर से खोखला आश्वासन मिला तो वह फफक कर रो पड़ा। दिव्यांग की परेशानी देखकर लाइन में लगे अन्य फरियादी और अधिवक्ता भी उसे न्याय दिलाने के लिए हंगामा करने लगे। लेकिन बड़े अफसरों की गैरमौजूदगी में हमेशा की तरह इस बार भी बेबस दिव्यांग को न्याय मिले बिना ही वापस लौटना पड़ गया।

मोहनलालगंज के रतियामऊ निवासी दिव्यांग सोनू चलने-फिरने में लाचार है। सोनू के मुताबिक उसके ताऊ सुखदीन को जमीन का पट्टा हुआ था। ताऊ सुखदीन और पिता बाबूलाल के निधन के बाद जमीन सोनू के नाम आ गई। लेकिन उसे संक्रमणीय घोषित नहीं किया गया। सोनू के मुताबिक पिछले डेढ़ वर्ष से हर सम्पूर्ण समाधान दिवस में वह अपनी लाचारी को दरकिनार कर लोगों की मदद से बीस किलोमीटर की दूरी तय करके तहसील आकर अधिकारियों को फरियाद सुनाता है। राजस्वकर्मी पिछले छः महीने से उसकी फाइल उच्च अधिकारियों को भेज दिए जाने का कहकर बैरंग लौटा देते हैं लेकिन खतौनी पर अब तक उसकी जमीन संक्रमणीय घोषित नहीं की गई। मंगलवार को शिकायत लेकर पहुंचे दिव्यांग सोनू को फरियाद सुनाने के लिए तहसीलदार और एसडीएम नहीं मिल सके। लिहाजा वह आंखों में आंसू लिए नायब तहसीलदार मनीष त्रिपाठी को शिकायत देकर मायूस होकर वापस लौट गया। वहीं सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने का अभियान नहीं चलाए जाने से मंगलवार को मोहनलालगंज तहसील में चकमार्ग और सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की शिकायतों की भरमार रही।

# उपजिलाधिकारी ने समाधान तहसील दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

## ● सम्पूर्ण समाधान दिवस में 253 शिकायतों में से नौ का हुआ मौके पर निस्तारण

संवाददाता। मिल्कीपुर, अयोध्या

**सम्पूर्ण** समाधान दिवस उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में तहसील मिल्कीपुर के सभागार में आयोजित हुआ समाधान दिवस। समाधान दिवस में कुल 253 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किए गएए जिसमें 9 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अयोध्या तो नहीं पहुंचे लेकिन पुलिस महानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने समाधान दिवस में पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनी। उपजिलाधिकारी ने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होनें फरियादियों की फरियाद एक.एक कर सुनी और उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। मिल्कीपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत पाराधमथुआ के आदित्य प्रताप ने बीते 4 फरवरी 2020 को शपथ पत्र बनवा कर जांच के लिए जिलाधिकारी अयोध्या को प्रार्थना पत्र दिया था जिसमें 112000 रूपए की नई स्ट्रीट लाइट तथा उसी वित्तीय वर्ष में 55000 रुपए स्टीट लाइट मरम्मत के नाम पर खर्च किए गए। जिसके संबंध में सहायक निदेशक बचत अयोध्या चंद्र मोहन श्रीवास्तव द्वारा 16 मार्च 2020 को ग्राम पंचायत पाराधमथुआ में लगी स्ट्रीट लाइट की जांच की थी जांच में एक भी लाइट जलती हुई नहीं मिली। संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही ना होता देख आदित्य प्रताप ने मामले का प्रार्थना पत्र संपूर्ण समाधान तहसील दिवस में दिया शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर दिग्विजय सिंह ने जांच करने के निर्देश खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर ज्योति शर्मा को दिया। इनायतनगर थाना क्षेत्र के रनापुर गांव निवासी कृष्णानंद ने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि पीएम किसान सम्मान निधि हमारे खाते में नहीं आ रही है अधिकारियों ने पीएम किसान सम्मान निधि जल्द दिलवाने की बात कहीए कुमारगंज थाना क्षेत्र के पालपुर गांव निवासी संजय कुमार ने 2 वर्ष पूर्व उप जिला अधिकारी मिल्कीपुर कार्यालय में हक बरारी का मुकदमा किया था जिसमें आदेश हो गया है लेकिन अभी तक निशाहदेही नहीं हुई है निशाहदेही करवाने की मांग की है।इसके साथ ही उन्होनें कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में हैए इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होनें कहा कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। इस मौके पर बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष पांडे, जिला विकास अधिकारी हवलदार सिंह परियोजना निदेशक केके सोनी पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर कोमल मिश्रा, तहसीलदार अरविंद त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर ज्योति शर्मा, खंड विकास अधिकारी अमानीगंज अमित त्रिपाठी खंड विकास अधिकारी हरिग्टनगंज अमित सिंहए प्रभारी निरीक्षक थाना कुमारगंज नीरज सिंह, खण्डासा केके यादव प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली इनायतनगर विजय सेन सिंह समेत जिला स्तरीय अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### थाने का मेस गंदा देख भड़के डीआईजी, फॉलोवर को लगाई कड़ी फटकार

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** पुलिस महानिरीक्षक ध्वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने मंगलवार को तहसील मुख्यालय स्थित थाना कोतवाली इनायतनगर का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान गंदगी देख भड़के डीआईजी ने थाने के मेस के फॉलोवर को कड़ी फटकार लगाया और तत्काल साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने के निर्देश प्रभारी निरीक्षक को दिए। थाने के शस्त्रों के निरीक्षण के दौरान असलहे गंदे देख डीआईजी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और हर 15 दिन के अंतराल पर समस्त शस्त्रों की सफाई कराने के निर्देश दिए। डीआईजी ने कार्यालय के अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। अभिलेखों का रखरखाव भी सही ढंग से किए जाने के निर्देश थाने के दीवान को दिए। डीआईजी ने थाना परिसर स्थित कंप्यूटर कक्षए हवालातए महिला हेल्प डेस्कए मिशन शक्तिए आवासीय परिसर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मिली खामियों को तत्काल दुरुस्त किए जाने के निर्देश प्रभारी निरीक्षक विजय सेन सिंह को दिए। डीआईजीध् एसएसपी दीपक कुमार ने बताया कि थाने के मुआयने में लगभग सब कुछ ठीक.ठाक मिला है शस्त्रागार एवं अभिलेखों के रखरखाव में कुछ कमियां मिली है जिन्हें दुरुस्त कराए जाने के निर्देश प्रभारी निरीक्षक को दे दिए गए हैं। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक विजय सेन सिंह की सराहना भी की।

### मुआयने के दौरान ही पेश हुआ पत्रकार की वृद्ध मां की पिटाई का मामला

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** थाना कोतवाली इनायत नगर का एसएसपी डीआईजी दीपक कुमार द्वारा निरीक्षण किया जा रहा था। इसी बीच भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के जिलाध्यक्ष बलराम तिवारी के नेतृत्व में पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल डीआईजी के सामने पेश हो गया और इनायत नगर थाना क्षेत्र के अस्थना गांव निवासी एक समाचार पत्र के प्रतिनिधि की वृद्ध मां को गांव के दबंगों द्वारा बर्बरता पूर्वक पीटे जाने का मामला पेश हो गया। जिस पर डीआईजी ने थाने के एसएसआई से पूरा प्रकरण जाना जहां उन्होंने महिला को पीटने वाले दबंगों के विरुद्ध तत्काल गुंडा एक्ट की कार्यवाही करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजने के आदेश दे दिए। डीआईजी ने इनायत नगर थाने की पुलिस को निर्देश दिया कि पत्रकारों एवं अधिवक्ताओं के मामले में पूरी तरह से सजग रहें और उनके मामलों को प्राथमिकता से लें। डीआईजी ने निरीक्षण के दौरान मौजूद पुलिसकर्मियों को बताया कि पत्रकारों एवं अधिवक्ताओं का समाज में एक विशेष स्थान है क्योंकि यह लोग हमेशा न्याय और सच्चाई की लड़ाई लड़ने का काम करते हैं तथा लोगों को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से वेद प्रकाश तिवारीए नरसिंह, सत्यनारायण तिवारी, विजय पाठक, दिनेश जायसवाल, लवलेश पांडे, लल्लन तिवारी, शिव कुमार पांडे, विनोद तिवारी व मोहम्मद हैदर रजा शामिल रहे।

# जिले में छह स्वास्थ्य केंद्रों पर हुआ ड्राई रन

## ● डीएम, सीडीओ व सीएमओ ने देखी प्रक्रिया

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**जिलाधिकारी** राकेश कुमार मिश्र ने महात्मा ज्योतिबा फुले संयुक्त जिला चिकित्सालय पहुंच कर स्वास्थ्य कर्मियों को लगाए जाने वाले कोविड-19 वैक्सीनेशन हेतु संचालित ड्राईरन (रिहर्सल) की प्रक्रिया की जानकारी ली। वही मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर पहुंचकर ड्राई रन के क्रिया - कलापों को परखा। शासन के निर्देश के क्रम में जनपद में तैनात 11635 स्वास्थ्य कर्मियों को कोविड-19 का वैक्सीनेशन किया जाना है। टीका उपलब्ध होने के पश्चात टीकाकरण किया जाएगा। मंगलवार को जनपद में अकबरपुर जिला चिकित्सालय ,जलालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ,टांडा में सीएचसी, बसखारी में सीएचसी, भीटी सीएचसी एवं महामाया राजकीय मेडिकल कालेज में ड्राईरन प्रक्रिया पूर्ण किया गया। इन केंद्रों पर दो-दो बूथ बनाए गए थे । प्रत्येक बूथ पर 25-25 स्वास्थ्य कर्मियों को कोविड-19 वैक्सीनेशन की ड्राईरन की प्रक्रिया को पूर्ण किया गया । जनपद में संचालित 6 केंद्रों पर संबंधित सभी स्वास्थ्य कर्मी /डॉक्टर टीम मौके पर उपस्थित होकर रिहर्सल की प्रक्रिया पूर्ण कर अपने कार्यों के प्रति परिपक्व हुए । इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि ड्राईरन की एक-एक प्रक्रिया पूर्ण कर इस कार्य हेतु लगाए गए स्वास्थ्य कर्मियों को एक्सपर्ट किया जाए ,ताकि वैक्सीनेशन प्रक्रिया सफलतापूर्वक ढंग से संपादित किया जा सके। इस दौरान मौके पर मुख्य चिकित्सा डॉ अधिकारी अशोक कुमार एवं संबंधित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# डीएम व सीडीओ ने समाधान दिवस में सुनी फरियाद

## ● वरासत के मामले में लापरवाही पर लगाई कड़ी फटकार

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



समाधान दिवस में भाग लेते डीएम व सीडीओ पायनियर

**शासन की** मंशा अनुसार जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं अधिकारियों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने हेतु जनपद के समस्त तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी तहसील जलालपुर में उपस्थित होकर जन समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि जन समस्याओं को ध्यान पूर्वक समझ कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि छोटे अथवा बड़े मामलों में अधिकारीगण मौके पर उपस्थित होकर सही - गलत का फैसला सुनिश्चित करें। भूमि विवाद एवं पैमाइश के अधिक मामले तहसील में आए ,भूमि विवाद एवं पैमाइश के मामलों में उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित होकर पारदर्शिता पूर्ण निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें ।तहसील जलालपुर में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 256 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें 13 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया एवं अन्य शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपा गया। तहसील अकबरपुर में उप जिला अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों के समक्ष 207 शिकायत पत्र प्रस्तुत किए गए, मौके पर 10 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया ,अन्य शिकायत पत्रों को अधिकारियों को सौंप कर निस्तारण हेतु रवाना किया गया। तहसील भीटी में अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा , उपजिलाधिकारी भीटी एवं अन्य उपस्थित अधिकारियों के समक्ष कुल 146 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें 05 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील टांडा में उपजिलाधिकारी टांडा की उपस्थिति में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 91 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 18 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। तहसील आलापुर में कुल 113 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 05 का निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ सौंपा गया कि गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# आज से चलेगा किसान कल्याण मिशन अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**जिलाधिकारी** ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में कृषि एवं कृषि आधारित अन्य गतिविधियों जिनमें पशुपालन, बागवानी, गन्ना इत्यादि कृषि आधारित उद्योग सम्मिलित है, को विकसित कर इन गतिविधियों के माध्यम से किसान कल्याण तथा किसान की आमदनी दोगुना करने का एक अभियान किसान कल्याण मिशन के रूप में 6 जनवरी से चलाया जाना है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 6 जनवरी को विकास खण्ड कैम्पियरगंज, चरगावा, पाली, खजनी, कौड़ीराम तथा सरदारनगर, 13 जनवरी को विकास खण्ड पिपराइच, खोराबार, बेलघाट, बासगांव, ब्रहमपुर तथा गोला 21 जनवरी को जंगल कौड़िया, भटहट, पिपरौली, सहजनवा, उरूवा, गगहा तथा बड़हलगंज में आयोजित होगा। विकास खण्ड स्तर पर आयोजित होने वाले कृषि मेला एवं कृषि प्रदर्शनी में कृषि विभाग के साथ-साथ उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम सहकारिता, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई, नेडा, विद्युत, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, वन, बाल विकास एवं पुष्टाहार इत्यादि विभाग तथा स्थानीय एफपी.ओ. अपनी अपनी योजनाओं से संबंधित स्टाल लगायेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजित कृषि मेले एवं कृषि प्रदर्शनी में किसान कल्याण से संबंधित विभाग योजनाओं के बारे में जागरूकता गोष्ठी के साथ-साथ उक्त क्षेत्र के किसानों के कल्याण से जुड़े सभी कार्यक्रमों के बारे में न केवल जानकारी दी जाये बल्कि योजनाओं के अन्तर्गत लाभार्थियों का चयन करते हुए, लाभार्थियों को विभिन्न सुविधाएं उपलबध करायी जायेगी तथा उपलब्ध सुविधाओं का वितरण कराया जायेगा। विभिन्न विभागों द्वारा कृषि कल्याण की संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को मौके पर ही लाभ प्रदान कराया जायेगा।

# दीपोत्सव के साथ पढ़ाया जायेगा चौरी चौरा का पाठ

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**मण्डलायुक्त** जयन्त नार्लिकर ने बताया है कि शहीद स्मारक चौरी चौरा में 4 फरवरी 1922 को चौरी चौरा घटना हुई थी। घटना का शताब्दी वर्ष मनाये जाने का निर्णय लिया गया है जिसके तहत पूरे साल कुछ न कुछ कार्यक्रम आयोजित होंगे, इसमें शासकीय कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। मण्डलायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री की परिकल्पना है कि चौरी चौरा को पूरे देश में जाना जाये तथा इस क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाया जाये। चौरी चौरा की पहचान पूरे देश में हो इस हेतु क्षेत्र की जनता को भी दृढ़ संकल्पित होना है। इसके इतिहास को केवल किताबों तक ही नहीं बल्कि यादगार के रूप में विकसित किया जाय। उन्होंने बताया कि 5 फरवरी को सभी महापुरूषों के स्थल पर दीपोत्सव तथा सभी स्कूलों में चौरी चौरा का पाठ पढ़ाया जाना प्रस्तावित है। शताब्दी वर्ष मनाये जाने हेतु स्थानीय जन संवाद स्थापित किया जाये। उन्होंने स्थानीय जनों से कहा कि शाताब्दी वर्ष मनाने के उपलक्ष्य में यदि कोई सुझाव है तो उसे अतिशीघ्र उपलब्ध करायें ताकि प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जा सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पाण्डियन ने चौरी चौरा के इतिहास को विस्तार से रखते हुए बताया कि शताब्दी वर्ष मनाये जाने के लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है। स्थानीय स्तर पर आने वाले पर्यटकों को चौरी चौरा में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही शहीद स्थल पर लाइब्रेरी डिजिटल करने, योग शिविर को बढ़ावा देने, साउंड सिस्टम विकसित करने, दीपोत्सव तथा दीवालों पर चौरी चौरा घटना की पेंटिंग आदि कराये जाने की योजना है। विधायक संगीता यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री का सपना है कि चौरी चौरा की पहचान बढ़े और शहीद स्थली की लाइब्रेरी में बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाये ताकि इसकी प्रसिद्धि बढ़े। चौरी चौरा को एक नई पहचान मिले ऐसा प्रयास है।

### शहीद स्थली का किया निरीक्षण

**इसके** अतिरिक्त मण्डलायुक्त जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा शहीद स्थली चौरी चौरा का निरीक्षण किया गया तथा लाइब्रेरी आदि को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिये गये। मण्डलायुक्त ने कहा कि चौरी चौरा के सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया गया है इसके रख रखाव की जिम्मेदारी स्थानीय जनता की है। साफसफाई पर विशेष ध्यान रखा जाये ताकि जन सहयोग से यह मेन्टेन रहेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी इन्द्रजीत सिंह, उप जिलाधिकारी, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी एवं स्थानीय जन उपस्थित रहें।

# सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र मसौधा पर कोविड-19 के वैक्सीन का ड्राई रन

**हनुमतनगर, अयोध्या।** शासन के आदेश के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मसौधा पर मंगलवार को कोविड.19 के लगने वाली बैक्सीन का ड्राई रन हुआ जिलाधिकारी अनुज कुमार झा और सीएमओ डॉ घनश्याम सिंह मौके पर पहुंचकर ड्राई रन करवाया और अंकुर श्रीवास्तव को बेहोशी का रिहर्सल भी किया गया। कोविड.19 आई वैक्सीन के टीकाकरण के पहले शासन ने ड्राई रन करने का निर्णय लिया जिसके तहत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मसौधा पर ड्राई रन का आयोजन हुआ जिसमें जिलाधिकारी अनुज कुमार झा और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ घनश्याम सिंह मौके पर पहुंचे जहां 50 लोगों के ग्रुप में 25-25 लोगों को अलग-अलग रास्तों से लाने के लिए रिहर्सल करते हुए अंकुश श्रीवास्तव को बेड पर लिटा कर बेहोश करने का रिहर्सल किया।

# दोहरे हत्याकांड में छह ज्ञात व दो अज्ञात के विरूद्ध दर्ज हुआ मुकदमा

## ● एडीजी जोन ने आरोपियों की गिरफ्तारी के दिये सख्त निर्देश

## ● विवाद की जड़ बने मकान को गिराया गया

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



ढहाया गया तथाकथित आवास पायनियर

**राजेसुल्तानपुर** थाना क्षेत्र के मल्लूपुर मजगवां गांव में चुनावी रंजिश में दो सगे भाइयों की हुई हत्या के मामले में मृतक के भाई की तहरीर पर छह नामजद व दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस आरोपियों की धरपकड़ के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है तथा दर्जन भर से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूंछताछ की जा रही है। दूसरी तरफ विवाद की जड़ बने अमित सिंह के तथाकथित आवास को रात में ढहा दिया गया। इसी घर के सामने ही दोनों भाइयों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन एसएन साबत ने देर रात घटना स्थल का निरीक्षण कर अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश दिये थे। गौरतलब है कि मल्लूपुर मजगवां के निवर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल मिश्रा एवं उनके बड़े भाई सुरेन्द्र मिश्रा की सोमवार की शाम उस समय हत्या कर दी गई थी जब दोनों चालक उमेश यादव के साथ बोलेरो से आलापुर से गांव लौट रहे थे। बह्म बाबा के निकट हुए इस हत्याकांड से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मृतक के भाई रवीन्द्र की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वहीं थानाध्यक्ष पीएन तिवारी का कहना है कि कई जगह छापेमारी की गयी है और की जा रही है जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जायेगा।

### घटनास्थल का एडीजी ने किया निरीक्षण

**अम्बेडकरनगर।** जिले के राजेसुलतानपुर थाना अंतर्गत मल्लूपुर मजगवां गांव निवासी निवर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल मिश्रा व फौज से रिटायर उनके भाई सुरेंद्र मिश्र की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। पुलिस ने अब तक डेढ़ दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया है। वही एडीजी लखनऊ जोन एस एन साबत ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये ।आईजी अयोध्या डॉक्टर संजीव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, अपर पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार मिश्र सहित दर्जनभर थाने की पुलिस फोर्स दोनों गांवों में कैंप किए हुए हैं।

# जिला महिला चिकित्सालय में कोविड टीके के पूर्वाभ्यास का किया निरीक्षण

**अयोध्या।** मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल व जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने वैश्विक महामारी कोरोना से बचाव हेतु जिला महिला चिकित्सालय में कोविड19 वैक्सीनेशन के ड्राईरन रिहल्सल का किया निरीक्षण। इस अवसर पर अधिकारी द्वय द्वारा रजिस्ट्रेशन कक्ष वैक्सीनेशन कक्ष वेटिंग कक्ष व ऑब्जरवेशन कक्षों का निरीक्षण किया तथा प्रत्येक कक्ष में तैनात कर्मियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने कहा कि वैक्सीनेशन से संबंधित सभी पदों पर तैनात कर्मियों को उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की स्पष्ट जानकारी सुनिश्चित की जाए।

वैक्सीनेशन कक्ष के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वैक्सीनेशन कक्ष में तैनात सभी कर्मियों को संक्रमण से बचाव संबंधी सभी उपायों यथा.फेस शिल्ड, मास्क आदि का अनिवार्य रूप से उपयोग करते हुए वैक्सीनेशन के कार्य को करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि टीकाकरण के उपरांत लोगों को आधे घंटे तक ऑब्जर्वेशन में रखा जाएगा ऑब्जरवेशन कक्ष में टीकाकरण के उपरांत लोगों के बैठने हेतु पर्याप्त जगहए कुर्सियों तथा आवश्यक दवाओं आदि की उपलब्धता सुनिश्चित रहे। इस अवसर पर अधिकारी द्वय द्वारा वैक्सीनेशन प्रक्रिया यात्रा रजिस्ट्रेशन, कार्ड को भरने, पोर्टल पर फीडिंग करनेए तथा टीकाकरण के उपरांत लोगों को बरतने वाली सावधानियां की जानकारी देने आदि आदि के बारे में कर्मियों से जानकारी ली गई तथा वैक्सीनेशन से संबंधित चिकित्सकों एवं अधिकारियों को शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए वैक्सीनेशन की प्रक्रिया को क्रियान्वित करने तथा इससे संबंधित सभी तैयारियोंध्कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन के निर्देशानुसार कक्षों में सीसीटीवी कैमरे को लगवाना भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कैंडल मार्च निकाल नंदवंशियों ने दी श्रद्धांजलि

## ● मृतक के परिजनों को 50-50 लाख, गंभीर रूप से घायलों को दो लाख, सामान्य रूप से घायलों को 50 हजार मुवावजा, मृतक के परिजनों को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**गाजियाबाद** के मुराद नगर स्टेशन के पास मोहम्मद पुर गांव के नंदवंशीय जयराम के दाह संस्कार में गए दर्जनों लोग शवदाह स्थल पर लोगों के बैठने के लिए बने मकान का छत गिरने से असमय काल के गाल में समा गए। दर्जनों लोगों के असामयिक निधन से पूरा नंदवंशी समाज स्तब्ध है। पूरे देश के नंदवंशियों में शोक व्याप्त है। लोगों के असामयिक निधन पर ऑल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन जनपद इकाई गोरखपुर के तत्वावधान में मंगलवार की शाम चेतना तिराहे से एक कैंडल मार्च निकालकर मरने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई। इसके साथ ही साथ मरने वाले के परिजनों को ईश्वर दुख सहने की क्षमता प्रदान करें, घायल जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं इसके लिए भी ईश्वर से प्रार्थना की गई। प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा घोषणा की गई है कि मृतक के परिजनों को 1000000 आर्थिक सहायता के साथ योग्यता के अनुसार मृतक के किसी एक परिजन को सरकारी नौकरी दिया जाएगा । घटना में शामिल घायलों का नि:शुल्क इलाज किया जाएगा। एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष विनय कुमार नंद ने मुख्यमंत्री के इस निर्णय की सराहना किया। उन्होंने एसोसिएशन की ओर से मांग किया कि मृतक के परिजनों को 50-50 लाख रुपए आर्थिक सहायता दी जाए। इसके साथ ही साथ गंभीर रूप से घायलों के इलाज के लिए 200000 एवं सामान्य रूप से घायल को इलाज हेतु रुपए50000 की सहायता प्रदेश सरकार करे। जिससे घायल कहीं भी अपना इलाज करा सकें। घटना की उच्च स्तरीय जांच करा कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई भी करने का आश्वासन मुख्यमंत्री योगी ने आदेश जारी किया है। बावजूद इसके एसोसिएशन मुख्यमंत्री से मांग करता है कि कार्यदाई संस्था को काली सूची में डालते हुए विभाग के सारे अधिकारियों व ठेकेदार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर अविलंब उनकी गिरफ्तारी की जाए एवं कठोर से कठोर कारवाई की जाए।

कैंडल मार्च में जिलाध्यक्ष आरडी नंद, संरक्षक नकछेद नंद, त्रिजुगी नारायण शर्मा उर्फ संतोष, शिवनाथ नंद, सूर्यभान, रामकरन नंद, अशोक शर्मा, रामाश्रय शर्मा, सोनू शर्मा, हरिशचंद्र शर्मा ,दीपक नंद, सुरेंद्र नंद, श्रवण शर्मा आदि शामिल रहें।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर 127 में 9 शिकायतों का निस्तारण

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**जिलाधिकारी** के. विजयेन्द्र पाण्डियन ने निर्देश दिया कि अधिकारी जन समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि आवेदनकर्ता को भागदौड़ न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है और जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एंव समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथकिता है। अत: मामलों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं होनी चाहिए अन्यथा संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही निश्चित है।

उक्त निर्देश जिलाधिकारी ने चौरी चौरा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए दिया। इस अवसर पर कुल 127 मामले आयें जिसमें से 09 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष मामलों को एक सप्ताह के अन्दर निस्तारित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर गुण दोष के आधार पर समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करें।

उन्होंने वरासत के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि यदि सार्वजनिक/सरकारी सम्पत्ति पर अवैध कब्जा है तो उसे तत्काल प्रभाव से हटाते हुए अवैध कब्जेदार के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस अवसर पर विधायक चौरी चौरा संगीता यादव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगेन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी इन्द्रजीत सिंह, उप जिलाधिकारी, सी.ओ. सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## वैक्सीन पर राजनीति

### जिम्मेदारी का परिचय दे विपक्ष

**स्वाभाविक** रूप से कोरोनावायरस के खिलाफ भारत के टीकाकरण अभियान की योजना ने काफी जिज्ञासा, विवाद, सवाल और बेचैनियां पैदा की हैं। महामारी के इस मोड़ पर देश को स्वरूप बदले वायरस के प्रकारों से हमलों की चिन्ता है तथा स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था संक्रमण के खिलाफ लगातार संघर्षरत है तब बीमारी के बजाय दुष्प्रचार से बहुत बड़ा खतरा सामने आया है। इसलिए विज्ञान एवं पारदर्शिता का अनुसरण करना सबसे जरूरी है ताकि सही तथ्यों का पता चल सके तथा मानवजाति की उल्लेखनीय उपलब्धि सार्वजनिक सेवा का संदेश दे। निश्चित रूप से इस समय वैक्सीन प्रक्रिया के बारे में राजनीति करने से बचा जाना चाहिए जिसमें विपक्ष भी शामिल है जो केवल सवाल पूछने के लिए सवाल खड़े कर रहा है। सीरम इंस्टीट्यूट की कोवीशील्ड व भारत बायोटेक की कोवैक्सिन के आपातकालीन प्रयोग की अनुमति दे कर सरकार इस अवधारणा पर चल रही है कि उनकी प्रभावक्षमता तथा प्रतिरोध पैदा करने की शक्ति अभी पूरी तरह सिद्ध नहीं हुई है और वे परीक्षण के स्तर पर हैं। लेकिन वे इतनी सुरक्षित तथा अच्छी हैं कि उनका प्रयोग जनसंख्या में संक्रमण की कड़ी तोड़ने तथा हर्ड इम्यूनिटी विकसित करने के लिए किया जाना चाहिए। सभी देश ऐसे ही कदम उठा रहे हैं और हमारे आंकलनकर्ता अभी ऐसे आंकड़े जुटा रहे हैं जिन पर पश्चिम में वैक्सीनें खरी उतरी हैं। औषध नियामक ने संतुलन एवं नियंत्रणों का प्रयोग करते हुए उनके आपातकालीन प्रयोग की अनुमति दी है। इसके साथ शर्त जुड़ी है कि भविष्य में इसके प्रयोग की विस्तृत प्रगति तथा पार्श्व प्रभावों की जानकारी हर पखवाड़े दी जाएगी। इसके साथ ही टीका लगवाने वाले हर व्यक्ति की प्रतिक्रिया की निगरानी इस प्रकार की जाएगी जैसे वह अभी 'चिकित्सकीय परीक्षण स्थिति' में हो। सरकार तथा भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद-आईसीएमआर ने बार-बार स्पष्ट किया है कि कोवैक्सिन का प्रयोग सहायक के रूप में होगा। स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धन ने कहा हे कि दुनिया भर में वैक्सीनों को जीन इन्कोडिंग स्पाइक प्रोटीनों के आधार पर अनुमति मिली है जो 90 प्रतिशत से अधिक क्षमता प्रदान करती है। कोवैक्सिन अमेरिका में सामने आए नए स्ट्रेन के खिलाफ भी प्रभावी हो सकती हैं क्योंकि वह पूर्ण निष्क्रिय किए वायरस पर आधारित है। लेकिन इसके बावजूद अंधविश्वासों को देखते हुए सरकार को इनका जवाब देने तथा पारदर्शिता बनाए रखने के लिए नौकरशाहों के बजाय विशेषज्ञों को समाहित करने वाला प्रचार अभियान चलाना चाहिए। सरकार ने वैक्सीन की अनुमति देने के बारे में अनेक सवालों के जवाब नहीं दिए हैं जिसके कारण रूस और चीन की तरह पारदर्शिता का अभाव सामने आया है। यह स्पष्ट करना जरूरी है कि प्रस्तावित खूराकों की व्यवस्था पर विचार हो रहा है तथा उपलब्ध डेटा को देखते हुए इसमें परिवर्तन किया जा सकता है। जनता में व्याप्त भय व आशंकायें दूर करने का प्रयास करते हुए यह भी बताया जाना चाहिए कि क्या गड़बड़ी हो सकती है और उसकी आसानी से देखभाल संभव है। इसके बिना विश्वास का संकट बना रहेगा। विपक्ष पर भी समान जिम्मेदारी है। निश्चित रूप से हमें समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव जैसी प्रतिक्रियाओं की आवश्यकता नहीं है जिन्होंने इसे 'भाजपाई वैक्सीन' करार दिया है। कांग्रेस पार्टी द्वारा स्वदेशी कोवैक्सिन पर संदेह देश की सर्वोत्तम मेधा पर सवाल उठाने जैसा है। वैक्सीन का प्रयोग 12 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों में भी सुरक्षित पाया गया है। ऐसे में विपक्ष केवल यह पूछ सकता है कि चुनावों की तरह निष्पक्ष रूप से इसका प्रयोग गैर भाजपा शासित राज्यों में कैसे किया जाएगा। केरल ने कहा है कि महामारी के बाद संक्रमणों की सबसे अधिक संख्या तथा जनसंख्या के बड़े हिस्से के अन्य बीमारियों से ग्रस्त होने के कारण उसे वैक्सीन आबंटन में प्राथमिकता प्रदान की जानी चाहिए। सार्वजनिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर राजनीति का कोई स्थान नहीं है और हमें सबसे कठोर चुनौती से निपटना है।



# आलोचना सहन करें राजनेता

अनेक मुख्यमंत्री आलोचना होने पर नाराज हो जाते हैं और उनकी संख्या बढ़ रही है। उनको यह समझना उचित होगा कि सार्वजनिक जीवन में यह एक पेशेवर खतरा है।



**ए. सूर्यप्रकाश**
(लेखक लोकतांत्रिक अध्ययनों के विशेषज्ञ हैं)




**हाल** ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक फैसले में संविधान के अनुच्छेद 19-1-ए में गारंटी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को उचित ठहराते हुए एक व्यक्ति के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण अभियोजन को अनुचित माना जिसने 'राज्य में कानून व्यवस्था से ठीक से न निपटने' के लिए मुख्यमंत्री की आलोचना की थी। इस खिंचाई वाले निर्णय का प्रभाव उन राज्य सरकारों पर पड़ना चाहिए जिन्होंने विरोध व्यक्त करने वालों के खिलाफ कानून के दंडात्मक प्राविधानों का निर्मम प्रयोग किया है। यह मामला अगस्त 2020 में यशवंत सिंह के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट-एफआईआर दर्ज कराने का जिन्होंने राज्य को 'जंगल राज में बदलने' के खिलाफ एक ट्वीट किया था जहां 'कानून व्यवस्था का अभाव है।' इस ट्वीट में अपहरण, फिरौती की मांग व हत्याओं की कई घटनाओं का संदर्भ दिया गया था। उनको कानून के दो प्राविधानों- मानहानि संबंधी भारतीय दंड संहिता की धारा 500 तथा सूचना प्रौद्योगिकी कानून, 2008 की धारा 66डी के उल्लंघन का आरोपी बताया गया जिसका संबंध प्रतिरूपण से है। यशवंत सिंह ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर एफआईआर रद्द करने की प्रार्थना की थी।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि राज्य के मामलों पर टिप्पणी करना यशवंत सिंह के संवैधानिक अधिकारों के दायरे में आता है जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 में वर्णित हैं। इनके अनुसार, 'केवल विरोध अपराध नहीं है।' इसलिए उनके खिलाफ एफआईआर दुर्भावना से प्रेरित है और 'इसका उद्देश्य केवल राज्य सरकार के खिलाफ विरोध अभिव्यक्त करने के लिए उनको दबाना' है। उन्होंने कहा कि कोई अपराध नहीं बनता है, इसलिए एफआईआर रद्द की जानी चाहिए। इलाहबाद उच्च न्यायालय के जस्टिस पंकज नकवी व जस्टिस विवेक अग्रवाल की पीठ ने याचिकाकर्ता के खिलाफ एफआईआर व अन्य कार्रवाइयां रद्द करते हुए उल्लेखनीय टिप्पणी की। आईपीसी की धारा 500 के अंतर्गत 'मानहानि' के आरोप पर न्यायमूर्तियों ने कहा कि कोई मामला नहीं बनता है क्योंकि 'आरोपित ट्वीट मानहानि के दायरे में नहीं आता है'। उन्होंने यह भी कहा कि 'राज्य की कानून व्यवस्था पर विरोधी टिप्पणी करना हमारे जैसे उदार संवैधानिक लोकतंत्र की पहचान है और संविधान का अनुच्छेद 19 इसे संवैधानिक सुरक्षा प्रदान करता है।' याचिकाकर्ता के खिलाफ दूसरा आरोप आईटी एक्ट, 2008 की धारा 66 डी के अंतर्गत था जिसके अनुसार, 'किसी संचार उपकरण या कंप्यूटर संसाधन से प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी करने वाले को तीन साल की सजा और एक लाख रुपये तक जुर्माना हो सकता है।' न्यायाधीशों ने कहा कि एफआईआर में ऐसे आरोपों का धारा 66डी से 'दूर का संबंध' भी नहीं है क्योंकि इसका संबंध प्रतिरूपण के माध्यम से धोखाधड़ी है और याचिकाकर्ता ने किसी अन्य के ट्विटर हैंडल का प्रयोग नहीं किया है और न किसी को धोखा दिया है। इसलिए अदालत ने नतीजा निकाला कि इस धारा में भी कोई अपराध नहीं हुआ है। जहां तक राज्य का सवाल है, यह सरकार और पुलिस की आलोचना है। आपराधिक मानहानि के लिए किसी नागरिक के खिलाफ अभियोजन से उसे दो साल तक सजा हो सकती है। देश में कोई व्यक्ति किसी मुख्यमंत्री द्वारा कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने से निराश हो सकता है और न्यायाधीशों ने ऐसी कार्रवाई के लिए राज्य की खिंचाई की है। लेकिन यह परिदृश्य केवल उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं है। अनेक अन्य मुख्यमंत्री व राज्य सरकारें नागरिकों को संविधान में मिली मूल स्वतंत्रताओं को चुनौती दे रही हैं। पश्चिम बंगाल राज्य इस सूची में सबसे ऊपर है। इसका कारण केवल वहां ऐसे मामलों की संख्या बढ़ना ही नहीं है, बल्कि आलोचकों को वहां जेल में डालने की प्रवृत्ति विकसित हुई है। इसकी शुरुआत ममता बनर्जी सरकार द्वारा 2012 में जाधवपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अंबिकेश महापात्रा व उनके मित्र की गिरफ्तारी से हुई जिन पर मुख्यमंत्री का मजाक उड़ाने वाले कार्टून को प्रचारित करने का आरोप आईटी कानून के अंतर्गत लगाया गया था। गिरफ्तारी के बाद प्रोफेसर महापात्रा ने राज्य मानवाधिकार आयोग का दरवाजा खटखटाया जिसने गिरफ्तारी की निन्दा करते हुए राज्य सरकार से दोनों को पचास-पचास हजार रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया। राज्य ने इस आदेश का पालन नहीं किया जिसके कारण प्रोफेसर को कोलकाता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अदालत ने मानवाधिकार आयोग का आदेश सही माना तथा प्रो. महापात्र व उनके मित्र को मिलने वाले मुआवजे की धनराशि बढ़ा कर पचहत्तर-पचहत्तर हजार कर दी। इससे ज्यादा मूर्खतापूर्ण काम तमिलनाडु में एक लोकगायक पर 2015 में देशद्रोह का आरोप लगाना था जिसने तत्कालीन मुख्यमंत्री जे. जयललिता की मद्यनिषेध नीति की आलोचना की थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी नीत केरल सरकार को राज्य ललित कला अकादमी का निर्णय पसंद नहीं आया जिसने वार्षिक पुरस्कार के लिए बलात्कार के आरोपी बिशप का एक कार्टून का चयन किया था। अनेक ईसाई संगठन व राज्य सरकार चाहती थी कि यह स्वायत्तशासी संस्था इस निर्णय पर पुनर्विचार करे, पर अकादमी अपने निर्णय पर दृढ़ बनी रही। वरिष्ठ नागरिक जानते हैं कि हम देश के ऐसे लोकतांत्रिक परिवेश में पले-बढ़े हैं जब सत्तारूढ़ लोगों के खिलाफ इससे भी कठोर बातें कही जाती थीं। भारतीय राजनेताओं व अन्य को स्वीडिश आयुध निर्माता बोफोर्स द्वारा रिश्वत देने के आरोपों के समय इंडियन एक्सप्रेस ने राम जेठामलानी द्वारा प्रधानमंत्री राजीव गांधी से पूछे जाने वाले दस सवाल रोज प्रकाशित किए थे। उन सवालों को रोज सवेरे पढ़ने पर राजीव गांधी को बेचैनी होती होगी, लेकिन उनको इसे सहन करना पड़ा। वास्तव में ऐसे अनेक मुख्यमंत्रियों को देखना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने खिलाफ सोशल मीडिया में होने वाली गालीगलौज के प्रति कैसा व्यवहार करते हैं। मोदी-विरोधी उनका मजाक उड़ाने के लिए ट्विटर और फेसबुक पर लगातार कार्टून प्रेषित करते व भद्दी टिप्पणियां करते रहते हैं। वे अक्सर वर्स्टप्राइममिनिस्टर जैसे हैशटैग भी चलाते हैं और यह उनके समर्थक तत्वों में आम बात हो गई है। मोदी के पिछले जन्मदिवस पर उन्होंने हैशटैग नेशनलअनइम्प्लायमेंटडे चलाया और पूरा दिन इसे बनाए रखा। संभवतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सर्वाधिक ट्रोल होने वाले भारतीय हैं। अक्सर उनके राजनीतिक विरोधी सभ्यता की सीमा पार करते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में एक सार्वजनिक बैठक में स्वयं मोदी ने कहा था कि एक कांग्रेस नेता ने उनको 'गंदी नाली का कीड़ा' और दूसरे ने 'पागल कुत्ता' कहा था। क्या इससे अधिक अपमानजनक कुछ और हो सकता है? यदि प्रधानमंत्री कार्यालय इन सभी लोगों के खिलाफ अभियोजन चलाना चाहे तो मोदी को इन अभियोजनों के लिए एक पूरा कार्यालय बनाना पड़ेगा। वास्तव में यह लोकतंत्र के सार्वजनिक जीवन में एक पेशेवर जोखिम है। पिछले सालों में सोशल मीडिया के युग में भारत समेत सभी लोकतांत्रिक देशों के नेताओं ने इस आलोचना को सहन करने की शक्ति विकसित की है। हमारे कुछ मुख्यमंत्रियों को भी ऐसा ही करना चाहिए।

# क्या होगा शशिकला का भविष्य?

> जल्द ही जेल से रिहा होने जा रही शशिकला ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। मगर यह 2021 है 2017 नहीं। प्रदेश में काफी कुछ बदल चुका है।



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)

**त**मिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता की सहयोगी एवं काफी नजदीक रही, वीके शशिकला, जल्द ही जेल से रिहा हो जाएंगी। दिसंबर 2016 में जयललिता के निधन के पश्चात जबर्दस्त राजनीतिक उथल-पुथल मची रही और सत्ताधारी दल अन्नाद्रविड़ मुनेत्र कजगम के भीतर जबर्दस्त सत्ता संघर्ष तब तक चलता रहा, जब तक शशिकला फरवरी 2017 में चार वर्ष के लिए जेल नहीं चलीं गईं। आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में सजा काटने के बाद उनके जनवरी के अंत में बंगलौर के परप्पना अग्रहारा जेल से बाहर आने की उम्मीद है। बड़ा सवाल यह है, अप्रैल-मई में होने वाली विधानसभा चुनावों से पहले तमिलनाडु की राजनीति में वो एक कारक बनेंगी? कुछ लोगों का मानना है कि शशिकला भूमिका अदा कर सकती हैं और अन्यों का मानना है वो अभी थोड़ा समय लेंगी लेकिन उनकी भविष्य की योजनाओं के बारे में जानने का कोई रास्ता नहीं है।

शशिकला के लिए 2017 में अधरों तक आते-आते प्याला हाथ से छूट जाने वाली कहावत चरितार्थ हुई थी। जयललिता के निधन के उपरांत वो जल्द तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बनने वाली थीं लेकिन नियति ने उन्हें जेल पहुंचा दिया। उनके नजदीक के लोगों का कहना है कि उनकी महत्वाकांक्षाएं बरकरार हैं, यद्यपि प्रदेश की राजनीति पिछले चार वर्षों में बदल चुकी है। चूंकि, कानून के मुताबिक, शशिकला अगले छह वर्षों तक चुनाव नहीं लड़ सकती हैं, वो केवल सिंहासन के पीछे से सत्ता का लाभ उठा सकती हैं।

'अम्मा' की अनुपस्थिति में 'चिनम्मा' का प्रदेश की राजनीति पर क्या प्रभाव होगा? जयललिता की छाया से उभरकर बाहर निकलने के बाद शशिकला का नेता के तौर पर उदविकास अचानक अवरुद्ध हो गया और उन्हें एहसास होना चाहिए कि अम्मा की साथी के तौर पर उनके पास जो ताकत थी वो एक चतुर राजनेता की शर्तों पर आधारित थी। अब, उनके पास ज्यादा विकल्प नहीं हैं। चार वर्षों तक उनके जेल में रहने के दौरान प्रदेश में काफी कुछ हो चुका है। मुख्यमंत्री ई पलानीस्वामी ने न केवल सरकार व पार्टी में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है, उनके भाजपा के साथ भी मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। अभी तक पार्टी को एकजुट बनाए रखना उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

अनुमान लगाया जा रहा है कि वो अन्नाद्रमुक में अपनी खोयी हुई स्थिति वापस पाने तथा पलानीस्वामी से सत्ता छीनने का प्रयास कर सकती हैं क्योंकि पार्टी में अभी भी उनके कई वफादार हैं। अन्नाद्रमुक में उनके पुनः प्रवेश से प्रदेश में राजनीतिक माहौल पेचीदा हो जाएगा। कभी उनके वफादार रहे, पलानीस्वामी तथा उपमुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम, इसका प्रतिरोध करेंगे। हालांकि, मंत्री पार्टी लाइन पर चलने की बात दोहरा रहे हैं, इसके बावजूद दूसरी पंक्ति के पार्टी नेताओं द्वारा शशिकला-दिनाकरन खेमे के साथ काम आधारित संबंध बनाया जाना दीर्घकाल में अन्नाद्रमुक के लिए लाभप्रद होगा। शुरुआत में, कोरोनावायरस संकट के कारण अन्नाद्रमुक को प्रदेश में अपनी स्थिति सुधारने में मदद मिली। हालांकि, संक्रमणों की बढ़ती संख्या के चलते पलानीस्वामी की लोकप्रियता में गिरावट आई। इन सबसे ऊपर, पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा के साथ गठबंधन करने की घोषणा भी कर दी है। लगता है भगवा पार्टी तमिलनाडु में गठबंधन की सरकार की अवधारणा को बढ़ावा दे रही है, जिस विचार का अन्नाद्रमुक मजबूती से विरोध कर रही है। पार्टी ने कभी सत्ता का साझा नहीं किया और सभी संकेत यही हैं कि उसका इरादा नई शुरुआत करने का नहीं है। शशिकला की संपत्ति पर अचानक छापेमारी और पोस गार्डन इलाके में जयललिता के आवास के सामने उनके निर्माणाधीन बंगले को कुर्क करने का आयकर विभाग का निर्णय, इसका संकेत है।

शशिकला के लिए अगला सर्वोत्तम विकल्प है अपने भतीजे दिनाकरन की पार्टी, अम्मा मक्कल मुनेत्र कजगम (एएमएमके) की अगुवाई करना। यह भी आगामी चुनावों में सत्ताधारी अन्नाद्रमुक के लिए एक गंभीर चुनौती पेश कर सकती है। उन्होंने 2017 में शशिकला की मंजूरी से पार्टी का गठन किया था और उनकी पार्टी पहले ही अन्नाद्रमुक के पांच प्रतिशत वोट ले जा चुकी है। यह याद रखना होगा कि तमिलनाडु ने 1967 से द्रमुक या अन्नाद्रमुक को बारी-बारी से चुना है। अब द्रमुक की बारी है। शशिकला के पास अपार धन है और अम्मा के साथ लंबे समय तक रहने के कारण राजनीतिक अंतरदृष्टि भी। इस कारण अन्नाद्रमुक के वोटों में आगे और भी सेंध लग सकती है। दिनाकरन की खामोशी इस बात का संकेत है कि कुछ सौदा चल रहा है। अन्नाद्रमुक और एएमएमके के विलय की भी बात चल रही हे लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि ऐसा होता हे तो शशिकला क्या भूमिका निभाएंगी। चिनम्मा के समक्ष अगला विकल्प है पीछे रहना, मौन रहकर अन्नाद्रमुक का 2026 के लिए समर्थन करना। हालांकि, शशिकला जैसी महत्वाकांक्षी महिला संभवतः ये विकल्प न चुने और इसके लिए प्रयास न करें और परदे के पीछे रहकर काम करें।

मुख्यमंत्री ने हाल ही में कहा था, ''शशिकला के मामले में पार्टी के रुख में कोई बदलाव नहीं आएगा।'' यह बयान महत्व रखता है क्योंकि पहली बार ऐसा हुआ जब उन्होंने शशिकला की होने जा रही रिहाई तथा अन्नाद्रमुक में उनके भविष्य को लेकर सार्वजनिक रूप से बयान दिया है। इस बीच, एएमएमके का दावा है कि उनकी रिहाई का प्रदेश की राजनीतिक पर असर पड़ेगा। एएमएमके के प्रवक्ता सीआर सरस्वथी ने कहा, ''हम चिनम्मा के रिहा होने का उत्सुकतापूर्वक इंतजार कर रहे हैं।'' लेकिन जेल में, शशिकला ने अन्नाद्रमुक तथा तमिलनाडु की राजनीति में बड़ी भूमिका अदा की होती। जल्द ही जेल से रिहा होने जा रही शशिकला ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। मगर यह 2021 है 2017 नहीं। भले ही उनकी भूमिका छोटी हो, मगर प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से, वो निश्चित रूप से भूमिका अदा करेंगी।

## आप की बात

### एक देश, एक ग्रिड

**आत्मनिर्भरता** की ओर बढ़ रहा भारत, अब ऊर्जा के क्षेत्र में भी नए आयाम पर पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोच्चि से मंगलुरू के बीच 450 किलोमीटर लंबी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का शुभारंभ किए। इस पाइप लाइन के जरिए 12 मिलियन मीट्रिक मानक गैस को प्रतिदिन भेजने की क्षमता है। इसका निर्माण गेल लिमिटेड द्वारा किया गया है। यह पाइपलाइन न सिर्फ रोजगार के अवसर को बढ़ावा देगी, बल्कि क्षेत्र में विकास को भी नई ऊंचाइयां मिलेंगी। केरल से बंगलौर के बीच, लगभग 10 जिलों से गुजर रही गैस पाइप लाइन, वहां के क्षेत्रों के लिए भी किसी वरदान से कम साबित नहीं होंगे।स्वच्छ ईंधन के उपयोग करने से, प्रकृति के अनुकूल भी होगा और सतत विकास भी होगा। इतना ही नहीं इससे परिवहन से निकालने वाले वायु प्रदूषण से छुटकारा भी मिलेगा। देश में अबतक लगभग 17000 किलोमीटर लंबी स्वच्छ ईंधन पाइप लाइन को बिछाया का चुका है, हालांकि इसको बढ़ा कर 34000 किलोमीटर करने का लक्ष्य है। कोच्चि में शुरू हो रहे, प्राकृतिक गैस पाइपलाइन से देश एक कदम और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा। आगामी वर्ष और दशक ऊर्जा और तकनीक के क्षेत्र में आने वाली नई क्रांति का युग है।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

### बेजुबान परिंदों की मौत

**देश** में कोरोना वायरस का संक्रमण अभी खत्म भी नहीं हुआ है कि अब पक्षियों के मरने की खबरों ने हर किसी को चिंता में डाल दिया है। हालांकि पक्षियों के मरने को लेकर अलग-अलग राज्यों से आ रही खबरों के बाद अब उन्हें बचाने की कवायद तेज कर दी गई है। पक्षियों के तेजी से मरने की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हुई है लेकिन हर साल ठंड के मौसम में पशु-पक्षियों की मुसीबत बढ़ जाती है परन्तु इस बार इतनी बढ़ी तादाद में पक्षियों की मरने की खबर अवश्य ही भयावह है। पिछले दिनों कई राज्यों में कौओं की रहस्यमयी मौत ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी थी। बहरहाल पक्षियों की मौत के पीछे बर्ड फ्लू की आशंका जताई जा रही है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। इसलिए पक्षियों की मौत अभी तक रहस्?य ही बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश स्थित पोंग डैम इलाके में 1,400 से अधिक प्रवासी पक्षियों की मौत हुई है। पोंग डैम इलाके में मारे गए पक्षियों की मौत के कारण का पता लगाने के लिए भोपाल स्थित हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज लैब में सैंपल भेजे गए हैं व जल्द ही पक्षियों की मौत का कारण सामने आ सकता है।

– **निधि जैन,** लोनी, गाज़ियाबाद

### पत्थरबाजों पर सख्त कानून

**पत्थरबाजों** के लिए म.प्र सरकार नए कानून ड्राप्ट तैयार कर रही है। अब पत्थरबाजों को की करतूतों पर नकेल कसे जाएगी। समाचार पत्र के समाचार के आधार पर पत्थर बाजी की अभी मामूली सजा थी। अब सख्त कानून लागू करने की तैयारी है। राज्य सरकार नया कानून बना रही है, और इन्हें साधारण अपराधी की तरह नही छोड़ा जाएगा पत्थरबाजों पर कड़ी कार्यवाही होंगी। अभी तक इन्हें मामूली सजा का प्रावधान था। अब सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालो के खिलाफ भी कार्यवाही होगी। सजा के साथ साथ सम्पत्ति का जो नुकसान होगा उसकी वसूली भी उपद्रवियों से की जाएगी। इसके लिए उपद्रवी की सम्पति को राजसात करना पड़ा तो वह भी किया जाएगा। इसमे कोई दो मत नही पत्थर बाज समाज के दुश्मन है। और इन दुश्मनों को तो कठोर से कठोर रूप से दंडित करना ही चाहिए। पथरबाजों पर सख्त कानून होगा तो इनके घुटने भी टिकेंगे। और इन्हें किए की सजा का अहसास भी होगा। साधुवाद की पात्र है राज्य सरकार अपराध तंत्र की नकेल कसने की तैयारी कर रही है।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**भारत** में दुनिया का सबसे बड़ा कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम प्रारम्भ होने जा रहा है। मुझे देश के वैज्ञानिकों व तकनीकी विशेषज्ञों के योगदान पर गर्व है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**मुझे** आश्चर्य हुआ जब कुछ डाक्टरों ने आयूष चिकित्सकों द्वारा सामान्य शल्य क्रिया की अनुमति संबंधी निर्णय की आलोचना की। उन्हें बताया जाए कि धरती पर पहला सर्जन आयुर्वेद ने दिया था।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**मैं** सिर्फ यह पूछना चाहता हूं कि वैक्सीन गरीबों तक कब पहुंचेगी। हम अपने वैज्ञानिकों व उनके कठिन परिश्रम पर प्रश्न नहीं उठा रहे हैं।

– **अखिलेश यादव**
सपा प्रमुख

# प्रसूति के लिए तैयार करना होगा बेहतर तंत्र : राज्यपाल

● दहेज प्रथा, बाल प्रथा जैसी कुरीति को शिक्षित महिलाएं संकल्प के साथ समाज से हटाने का कार्य करें : आनंदबी बेन पटेल





**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**बीएचयू** में विज्ञान संस्थान के महामना हाल परिसर में तीन दिवसीय आंगनबाड़ी प्रशिक्षण के दूसरे दिन राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि अब स्कूल में बच्चों में प्राथमिक संग व्यवहारिक शिक्षा भी देनी होगी। अस्पताल के साथ-साथ स्कूल और कालेज भी अधिक से अधिक खुलना चाहिए जिससे ग्रामीण बच्चे आसानी से घर के नजदीक ही शिक्षा ग्रहण कर सकें। बच्चों के हाथ में मोबाइल कम, हल्का शारीरिक श्रम इन केंद्रों पर कराना चाहिए। आनंदीबेन ने कहा कि प्रसूति सुविधाओं पर 350 महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रसूति के लिए हमें बेहतर तंत्र तैयार करना होगा। गुजरात का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने दो बस प्रसूति के लिए शुरू किया थाए जो कि काफी प्रचलित रही। उन्होंने कहा कि 108 पर एक फोन कर देने से प्रसूति वैन घर पर पहुंचती थी और माता की डिलीवरी करती थी। उसमें इतनी बेहतर सुविधा होती है कि माता को आभास ही नहीं होता दर्द का। वैन में म्यूजिक समेत ऐसी कई व्यवस्थाएं होती हैं जिससे माता की आवाज ही नहीं सुनाई देतीए सीधे बच्चे के रोने की आवाज आती थी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बताया कि वह कानपुर व लखनऊ यूनिवर्सिटी में गर्भ संस्कार का आयोजन करा रही है। स्वस्थ माताए स्वस्थ बच्चेए संस्कारित शिक्षाए शिक्षित नारी पूरे घर परिवार को अच्छे से गढ़ सकती है। इसके लिए स्वयं प्रशिक्षित हो और दूसरों को जागरूक करें। सभी विभाग मिलकर बाल विकास एवं महिला कल्याण के कार्यो के लिए समन्वित रूप से कार्य करें। इससे आदर्श समाज का निर्माण होगा। देश सुख.समृद्धि से बढ़ेगा। अच्छा सोचे अच्छा करें। अच्छी रास्ता कोई एक शुरू करता है बाद में सब उस पर चलते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण बहुत उपयोगी होगा। इसमें काशी के आंगनवाड़ी केंद्रों में बाल विकास व महिला कल्याण के चमत्कारी अच्छे परिणाम दिखेंगे। इस अवसर पर मंत्री स्वाति सिंह सहित विद्या भारती के पदाधिकारी व विभागीय अधिकारीगण एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कमिश्नर ने सोरांव तहसील में सुनी जनता की शिकायतें

● जन शिकायतों को गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के दिए निर्देश

● शिकायत के निस्तारण की गुणवत्ता ठीक न पाये जाने पर लेखपाल को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**मण्डलायुक्त** आर रमेश कुमार ने मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील सोरांव पहुंचकर सम्पूर्ण समाधान दिवस की कार्रवाईयों का जायजा लिया। उन्होंने शिकायतों को सुनकर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायती प्रार्थना पत्रों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कमिश्नर ने पिछले सम्पूर्ण समाधान दिवस के शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता के लिए दस शिकायती प्रार्थना पत्रों को रैण्डम रूप से निकलवाकर तथा शिकायत शर्ता से फोन पर बातचीत कर निस्तारण की गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की। कुछ शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की गुणवत्ता ठीक न पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर लेखपाल दिलीप कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने का निर्देश दिया। मण्डलायुक्त ने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये। उन्होंने उप जिलाधिकारी को सम्पूर्ण समाधान दिवसों की शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता को रैण्डम रूप से जांच करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व से सम्बंधित शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की गुणवत्ता के लिए कानूनगों शिकायतकर्ता से बात कर निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त करें और शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण प्रत्येक दशा में गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण से शिकायतकर्ता को एक ही शिकायत के निस्तारण के लिए बार बार नहीं दौड़ना पड़ेगा। कमिश्नर ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को समय से सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण भी किया एवं उन्होंने पटल सहायकों को पत्रावलियों को व्यवस्थित ढंग से रखने एवं साफसफाई का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।

# प्रयागराज में पीडीए की 42वीं कार्रवाई

● झूंसी के भूमाफिया गणेश यादव की चार मंजिला मार्केट पर चला सरकारी बुल्डोजर

**प्रयागराज।** संगमनगरी प्रयागराज में माफियाओं की अवैध संपत्तियों के खिलाफचल रही कार्रवाई की कड़ी में मंगलवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण की टीम ने ध्वस्तीकरण की 42 वीं कार्रवाई की। गंगापार के झूंसी कोतवाली के हवेलिया निवासी हिस्ट्रीशीटर गणेश यादव के न्याय नगर गेट के बगल बनी चार मंजिला गणेश मार्केट पर पीडीए का बुलडोजर चला। करोड़ों की सम्प्पत्ति की इस बिल्डिंग के ध्वस्तीकरण में पांच जेसीबी लगाई गई है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। झूंसी में पीडीए ने ध्वस्तीकरण की पांच जनवरी को छठवीं कार्रवाई की है। इससे पहले गणेश यादव के हवेलिया स्थित 1500 वर्गगज में बने आलीशान तीन मंजिला मकान को गत 26 दिसम्बर को पीडीए ने पांच बुलडोजर लगाकर ढहा दिया था। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान पीडीए के जोनल अधिकारी सत शुक्ला शिवानी सिंह तथा आलोक पांडेय एसडीएम फूलपुर युवराज सिंह सीओ दारागंज राजेश यादव मौजूद रहे। जोनल अधिकारी सत शुक्ला ने बताया कि तकरीबन मकान का निर्माण पीडीए से बगैर नक्शा पास कराए किया गया था। इसी वजह से ध्वस्तीकरण कराया जा रहा है। भूमाफिया एवं हिस्ट्रीशीटर गणेश यादव पर झूंसी और सराय इनायत थाने में कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज हैं। हवेलिया गांव निवासी गणेश यादव पर झूंसी और सराय इनायत थाने में कुल दस मुकदमे दर्ज हैं। गणेश यादव पर पहला मुकदमा वर्ष 1991 में सराय इनायत थाने में दर्ज हुआ था। सीओ दारागंज राजेश यादव ने बताया कि गणेश पर झूंसी में तीन एफआईआर दर्ज हैं। जिसमें से एक मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लग चुकी है।

# रोटरी इलाहाबाद इलीट द्वारा संगीत संध्या आयोजित

**प्रयागराज।** नए वर्ष के स्वागत के अवसर पर मंगलवार को रोटरी इलाहाबाद इलीट की ओर से कोविड 19 के अनुसार संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष रोटेरियन संजय तलवार को कॉलर पहनाया गया। इसके बाद रोटरी की परम्परा के अनुसार राष्ट्रगान गाया गया। अध्यक्ष संजय तलवार ने संगीत संध्या का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि रोटेरियन डा स्वतंत्रता शर्मा का स्वागत और अभिनन्दन किया गया। डा स्वतंत्रता शर्मा ने अपने मधुर संगीत से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। डॉक्टर नम्रता देब रत्नेश दुबे डॉक्टर अंकिता चतुर्वेदी एवं हरिराम द्विवेदी ने भी मधुर संगीतमयी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। क्लब के सदस्य यश तलवार और कार्यक्रम संचालक रोटेरियन डा प्रतीक पांडेय ने संगीत की प्रतिभा से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सचिव नितिन चोपड़ा ने आगामी बैठक की घोषणा की।

# साइकिल से महिला अस्पताल पहुंची कोरोना की डमी वैक्सीन

● मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मांगा जवाब

● अर्बन सीएचसी-चौकाघाट से पांच स्वास्थ्यकर्मी साइकिल पर टांग कर चार डिब्बा डमी वैक्सीन लेकर निकले





**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**जिले के** छह केंद्रों पर ड्राइ रन प्रक्रिया की शुरुआत मंगलवार को निर्धारित समय पर शुरू हुई। टीकाकरण के लिए तय समय पर प्रशिक्षित टीम तो जरूर पहुंच गईए लेकिन कई केंद्रों पर 10.45 बजे तक लाभार्थी ही नहीं पहुंचे थे। इतना ही नहीं सुबह नौ बजे अर्बन सीएचसी.चौकाघाट स्थित वैक्सीन स्टोर से साइकिल के माध्यम से कई स्थानों पर डमी वैक्सीन पहुंचाई गई। महिला अस्पताल.कबीरचौरा में भी साइकिल पर टांग कर चार बॉक्स में डमी वैक्सीन पहुंची। यहां उपस्थित सीएमओ डॉण् वीबी सिंह को जब स्थिति की जानकारी हुई तो न केवल चिकित्सा प्रभारियों को डांट पिलाईए बल्कि संबंधित अधिकारी से लिखित जवाब भी मांगा। अन्य केंद्रों की तरह महिला अस्पताल में भी 25 लाभार्थियों को सुबह 10 बजे से डमी टीके लगने थे, लेकिन 11.15 बजे तक केवल दो ही लाभार्थी वहां पहुंच पाए थे। खामियों का सिलसिला केवल यहां तक ही सीमित नहीं थाए बल्कि इसकी फेहरिस्त और लंबी है। महिला अस्पताल में तैयारियां ही डमी वैक्सीन आने के बाद शुरू हुईं। 9 बजे के बाद मेज.कुर्सियां लगाने के साथ ही बैनर.पोस्टर लगाए गए। वैक्सीन स्टोर से लेकर छह केंद्रों पर पुलिस बल के साथ प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की टीम लगाई गई थीए लेकिन साइकिल से डमी वैक्सीन पहुंचाने की मजबूरी ने सारी व्यवस्था की बखिया उधेड़ कर रख दी है। अब देखना यह है कि महकमा इससे सबक लेकर व्यवस्था दुरुस्त करता है या यही प्रबंधन असली टीकाकरण का भी होने वाला है।

### टीका लगाने का केवल हो रहा अभ्यास

**ड्राई रन** के दौरान किसी को भी कोई वैक्सीन नहीं लगाई जा रही है बल्कि केवल वैक्सीन लगाने का अभ्यास किया जा रहा है। ड्राइ रन में कोई कमी न हो इसके लिए स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों सहित स्वास्थ्यकर्मियों को कई चरणों में ट्रेंनिग भी दी गई थी।

### इन केंद्रों पर ड्राई रन

- सेवापुरी ब्लाक के सीएचसी.हाथी।
- काशी विद्यापीठ ब्लाक के सीएचसी.मिसिरपुर।
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र.पिंडरा
- जिला महिला हास्पिटल कबीरचौरा।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र.शिवपुर
- हेरिटेज हास्पिटल।

# चयनित हुए बीएचयू के अर्थशास्त्र विभाग के छात्र

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय स्थित अर्थशास्त्र विभाग के एमबीए (बिजनेस इकोनॉमिक्स) कोर्स के छात्रों के लिए ऑनलाइन प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें माइक्रोफाईनेंस क्षेत्र की दिग्गज कंपनी 'कैस्पर' ने अर्थशास्त्र विभाग के बिजनेस इकोनॉमिक्स कोर्स के अंतिम वर्ष के छात्रों को नौकरी देने के लिए कुल 34 छात्रों की चयन परीक्षा ली।

परीक्षा में अर्पिता, बिवास, अक्षय, श्रेया, प्रियेश आदि छात्र सफल रहे। वक्ताओं के मुताबिक पिछले 22 वर्षों से यह कंपनी बीपीएल परिवारों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कौशल विकास के लिए नि:शुल्क योजनाएं संचालित करती है। बिजनेस इकोनॉमिक्स की कोर्स-कोऑर्डिनेटर डा. मनीषा मेहरोत्रा ने बताया की इससे पहले पेटिएम कंपनी ने कई छात्रों को चयनित किया है और हमारा लक्ष्य शत-प्रतिशत छात्रों को कैम्पस प्लेसमेंट कराना है।

# भाजपाइयों ने धूमधाम से मनाया डॉ. जोशी व कल्याण सिंह का जन्मदिन

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**भाजपा** के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डा मुरली मनोहर जोशी का 87 वां जन्मदिन प्रयागराज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरे जोशो खरोश के साथ मनाया। भाजपाइयों ने आज बंधवा स्थित लेटे हनुमान मंदिर के पास गरीबों को भोजन भी वितरित किया। भाजपाइयों ने सुंदरकांड का पाठ कर डा जोशी के दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की कामना की। कार्यक्रम में गणेश केशरवानी राघवेंद्र मिश्र डा एल एस ओझा रणजीत सिंह राजेंद्र मिश्र शशि वार्ष्णेय देवेन्द्र नाथ मिश्र प्रेम केसरवानी बृजेश गुप्त त्रिवेणी पाण्डेय अर्चना शुक्ला रवींद्र मिश्र श्याम प्रकाश पाण्डेय अनुराग पाण्डेय अनिल झल्लर शरद केशरवानी अनुपम मिश्र सीता शरण शास्त्री संतोष मिश्र चंदन भट्ट उपस्थित रहे।

वहीं प्रयागराज जन्मोत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में पूर्व केंद्रीय मंत्री डा मुरली मनोहर जोशी एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह का जन्मदिन बैरहना में सेवा दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव एवं सांसद केसरी देवी पटेल ने कहा कि डा मुरली मनोहर जोशी एवं कल्याण सिंह ने राजनैतिक क्षेत्र में राष्ट्र एवं समाज की सेवा करते हुए एक आदर्श स्थापित किया है। जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्ही के मार्गदर्शन पर चलकर सभी कार्यकर्ता राष्ट्र एवं समाज के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि संगठन हित सर्वोपरि है। सभी को संगठन में पारिवारिक भावना को लेकर काम करना है। गणेश केसरवानी ने भाजपा युवा मोर्चा के तत्वावधान में संगम स्थल पर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राघवेंद्र मिश्रा एवं संचालन टी एन दीक्षित तथा राजू पाठक ने किया। कार्यक्रम में राजेश केसरवानी

पूर्व विधायक दीपक पटेल अवधेश चंद्र गुप्ता डा कीर्तिका अग्रवाल डा एल एस ओझा कुंज बिहारी मिश्रा बृजेश मिश्रा पार्षद रतन दीक्षित किरण जायसवाल कुसुमलता गुप्ता पवन श्रीवास्तव देवेंद्र नाथ मिश्रा माया द्विवेदी रेखा यादव सीमा जायसवाल सीमा सागर अभिलाष केसरवानी प्रेमा श्रीवास्तव मीनू पांडेय अर्चना शुक्ला अंजलि गोस्वामी आभा द्विवेदी सारिका पांडेय मृत्युंजय तिवारी महेंद्र तिवारी भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष विनय मिश्रा आदि रहे। इसी प्रकार भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा मुरली मनोहर जोशी के जन्म दिवस को खीरी बाजार में भाजपाइयों और नागरिकों ने धूमधाम से मनाया। मुख्य अतिथि विधायक कोरांव राजमणि कोल विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष शिवदत्त पटेल चेयरमैन कोरांव नरसिंह केसरीनकार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता रामेश्वर द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी अजीत प्रताप सिंह जिला महामंत्री रामेश्वर पटेल जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी मंडल अध्यक्ष गोविंद नारायण मिश्र संजय पटेल आदि ने जन्मदिवस पर डा जोशी के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला। विधायक कोरांव राजमणि कोल ने कहा कि डा जोशी जैसे महामानव का जन्मदिवस मनाना गर्व और गौरव का विषय है। जोशी ने इलाहाबाद का जो विकास किया वह एतिहासिक रहा। कार्यक्रम संयोजक रामेश्वर द्विवेदी ने यमुनापार क्षेत्र में जोशी द्वारा किए कार्यों के साथ साथ उनके व्यक्तित्व की वृस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय तिवारी ने किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने दी।

# बीजेपी नेता द्वारा किया गया अवैध कब्जा हटाया गया

**फतेहपुर 84, उन्नाव।** जनपद के गंगा कटरी इलाके में बीजेपी के जिला सहकारी समिति के अध्यक्ष द्वारा राजस्व एवं पीडब्ल्यूडी की जमीन पर कब्जा करके उन्नाव हरदोई मार्ग के किनारे करोड़ों रुपयों की जमीन हड़पने का स्थानीय लोगों नें आरोप लगाया था। आरोप थे कि राजस्व विभाग की मिलीभगत से कब्जा करानें के बाद उसकी बाउण्ड्री करा दी गयी थी। उच्चाधिकारियों से शिकायत के बाद आज बांगरमऊ तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर हकीकत की जांच पड़ताल की और अवैध निर्माण कार्य को गिरवा दिया। बता दें कि तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत हफीजाबाद में उन्नाव हरदोई रोड के किनारे उम्मरखेड़ा में पशुबाजार स्थित था।जिसका उद्घाटन सन 1992 में तत्कालीन डीएम सुधीर कुमार बोबड़े ने किया था। इसी के समीप बीजेपी नेता सहकारी संघ जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नें भूमि संख्या 476 खरीदी थी। जबकि 475 गाटा संख्या जिसके दक्षिण में हनुमान मन्दिर है तथा शेष भाग खाली पड़ा था।शिकायतकर्ता बैजनाथ यादव नें बीजेपी नेता पर उक्त गाटा संख्या की भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से शिकायत की थी।

## क्विक न्यूज

### निर्वाचित कार्यकारणी को कैबिनेट मंत्री नन्दी ने दिलाई शपथ

**प्रयागराज।** पशुधन प्रसार अधिकारी संघ की ओर से संगम सभागार में आयोजित 23 वें अधिवेशन में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस मौके संघ ने मंत्री का जोरदार स्वागत किया। संघ की ओर से मंत्री नन्दी को नन्दी स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। शपथ ग्रहण के बाद प्रान्तीय महामंत्री रविन्द्र सिंह यादव जिलाध्यक्ष राकेश सिंह ने पशुधन प्रसार अधिकारी संवर्ग वेतन विसंगति प्रोन्नति पुर्नगठन से सम्बधित मांग पत्र मंत्री नंदी को सौंपा। कैबिनेट मंत्री ने सभागार में उपस्थित पदाधिकारियों कर्मचारियों से कहा कि वेतन आयोग 2016 की संस्तुति के बाद कैबिनेट में प्रदेश सरकार के समक्ष विचाराधीन है। पिछली सरकारों ने क्या किया इस पर वह खुद मुख्यमन्त्री से मिलकर इस सन्दर्भ में वार्ता करेंगे। सभी को विश्वास दिलाया कि उनकी सभी मांग पूरी होगी। नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए उन्होंने संघ के नियमों के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा के साथ कार्य करने की सलाह पदाधिकारियों को दी। विशिष्ट अतिथि वशिष्ठ नारायण सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता हाईकोर्ट पाशाली सोलंकी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज शर्मा रवि शंकर द्विवेदी अखिलेश श्रीवास्तव कमल कुमार त्रिपाठी के साथ प्रदेश के पदाधिकारियों को निर्वाचित अध्यक्ष राकेश सिंह ने अंगवस्त्र भेंट किया। इस मौके पर तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### तबेले में घुसे संदिग्ध युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**बांगरमऊ, उन्नाव।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम शीतल गंज गांव में भैंसों के तबेले में घुस आए संदिग्ध युवक को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। स्थानीय निवासी रामजीत पुत्र सूबेदार ने बताया कि उसके अहाते में करीब आधा दर्जन दुधारू भैंस बंधी थी। बीते सोमवार को सरेशाम एक अज्ञात युवक दीवार फांद कर अहाते के अंदर दाखिल हो गया। अजनबी युवक को सामने देख भैंस रम्भाने लगी।भैंसों के रम्भाने की आवाज सुनकर राम जीत दौड़ कर अहाते में पहुंच गया और वहाँ मौजूद युवक को दबोच लिया। इसके बाद डायल 112 को सूचना देकर युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। रामजीत के मुताबिक युवक भैंस चोरी के इरादे से अहाते में घुसा था।

### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच के अध्यक्ष ने दिए निर्देश

**नवाबगंज।** नवाबगंज नगर पंचायत के अध्यक्ष दिलीप लश्करी ने नगर में कराये गये निर्माण कार्यो की मानक व गुडवत्ता से संबंधित जांच रिपोर्ट पेश करने हेतु अधिशाषी अधिकारी अनिल कुमार को कहा है। इस जांच में गौशालाए शौचालय बारातघरए कान्हा गौशालाए आवास सहित अवर अभियंता ;सिविलद्ध के माध्यम से स्थलीय जांच व निरीक्षण कर तीन दिन में रिपोर्ट देने के आदेश दिये हैं। अध्यक्ष दिलीप लश्करी ने बताया कि नगर में निर्माण गुडवत्ता पूर्ण हो यह नगर पंचायत नवाबगंज का प्रमुख उद्देश्य है।ऐसे में किसी भी निर्माण कार्यो में कोई किसी प्रकार की अनियमितता कतई बर्दास्त नही की जायेगी।

### ब्लॉक प्रमुख ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**नवाबगंज।** विकास खंड के ग्राम सधीरा में ब्लाक प्रमुख अरुण सिंह ने गोलही बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख ने गांव की देव तुल्य जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल से लोगों का स्वास्थ्य ठीक रहता उन्होंने युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित किया।खेलों के प्रति रुचि रखने वाले ब्लाक प्रमुख ने क्रिकेट मैच का शुभारंभ करते हुए एक ओवर खेला ए सधीरा ग्राम प्रधान अजीजुर्रहमान ने बालिंग की। इससे पूर्व प्रमुख ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया। युवाओं ने ब्लाक प्रमुख को माल्यार्पण कर सम्मानित किया आसिफ सेवरा प्रधान, सलीम सूरजपाल पूर्व प्रधान, अवधेश प्रधान सधीरा, अन्नू मिश्रा, उदयभान सिंह एराहुल सिंह, मुजीबुर्रहमान आदि लोग उपस्थित रहे।

# शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण कराएं: जिलाधिकारी

**उन्नाव।** जनपद की विभिन्न तहसीलों में मंगलवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की भीड़ उमड़ी। तहसील मुख्यालय पुरवा में जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने फरियादियो की क्रमवार शिकायते सुनी।उन्होंने विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता परक तरीके से निस्तारण कराने के निर्देश दिए। यहां कुल 158 प्रार्थनापत्र दर्ज किए गए जिनमें से 14 मामलो का मौके पर निस्तारण हो सका।पुलिस से संबंधित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक आनंद कुलकर्णी ने की। इस दौरान एसडीएम व तहसीलदार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। बांगरमऊ संवाददाता के अनुसारए स्थानीय तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम दिनेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।समाधान दिवस में कुल 102 शिकायती पत्र दर्ज किए गए।राजस्व से संबंधित 58ए विकास के 09ए पुलिस के 11ए समाज कल्याण के 03ए आपूर्ति के 06ए शिक्षा के 03ए चकबंदी के 05 व अन्य विभागों की 07 शिकायतें रही।जिनमें से मात्र 02 शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण हो सका।समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार रायए तहसीलदार रश्मि सिंहए खंड विकास अधिकारी अमित कुमार सिंहए अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# आपका स्वास्थ्य के सचिव व सह सम्पादक ने किया पदग्रहण

**वाराणसी।** आईएमए के आपका स्वास्थ्य कार्यालय में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पद ग्रहण किया जिसमें डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव मानद सचिव, डॉ ऋतु गर्ग सह संपादक एवं डॉ सुधीर सिंह सह संपादक ने अपना कार्यभार ग्रहण किया ।इस अवसर पर डॉ मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि इस बार कोविड.19 के साथ साथ ऐसी बीमारियां जिनकी वजह से कोविड.19 में खतरा बढ़ जाता है जैसे डायबिटीजए हाइपरटेंशन इन सब को लेकर एक विशेषांक प्रकाशित किया जाएगा ।डॉक्टर रितु गर्ग ने कहा कि हमारी कोशिश होगी कि सिर्फ बनारस ही नहीं बल्कि पूरे देश के अच्छे डॉक्टर से कोविड.19 से सम्बंधित समस्याओं पर आर्टिकल लेकर प्रकाशित किए जाएं ताकि पूरे देश की जनता उन आर्टिकल से लाभान्वित हो सके क्योंकि यह सभी लेख हिंदी भाषा में होते हैं और बहुत ही सरल ढंग से पब्लिक को समझाने में कारगर साबित होते हैं ।इसमें कोरोना से संबंधित ऐसी बीमारियां जैसे डायबिटीजए हाइपरटेंशन एकिडनी फेलियरए लिवर सिरोसिस एकैंसर एट्यूबरक्लोसिस ऐसी बीमारियां हैं जो अगर पहले से किसी व्यक्ति को है और अगर वह कोविड से संक्रमित हो जाता है तो उसके कॉम्प्लिकेशंस या डेथ के प्रतिशत बाकी व्यक्तियों की तुलना में ज्यादा होते हैं ।डॉ ऋतु गर्ग ने लोगों से कहां की अभी



भी कोविड.19 का खतरा टला नहीं है ।सभी लोग इस खतरे को लेकर बहुत ज्यादा सीरियस नहीं रह गए हैं ।जगह.जगह मार्केट में एपार्टीज में एबिना मासक के लोगों से मिल रहे हैं जो कि एक अच्छा संकेत नहीं है ।अभी भी हम लोगों को सावधानियां बरतनी चाहिए और उसी तरह से लोगों से दूरी बनाते हुए एमास्क का लगातार प्रयोग करते हुए भीड़ से बचते हुए ही अपनी जिंदगी को सुचारू रूप से जीना चाहिए ।वैक्सिनेशन को लेकर जो तरह.तरह की भ्रांतियां फैली हैं उन से बचते हुए जैसे ही कोविड.19 वैक्सीन उपलब्ध होता है उसको सभी को लगवाना चाहिए। डॉ ऋतु गर्ग और डॉक्टर मनोज ने कहा कि हम राष्ट्रीय कार्यकारिणी और अपने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में काफी अच्छा कार्य कर सकेंगे ऐसा हमें सिर्फ उम्मीद ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि यह आपका स्वास्थ्य का हमारा 2 साल का कार्यकाल स्वास्थ्य के शेत्र में मील का पत्थर साबित होगा जिससे पूरे देश की जनता लाभान्वित होगी ।कोविड.19 विशेषांक के बाद अन्य समसामयिक बीमारियों के ऊपर भी विशेशांक निकाला जाएगा ताकि सभी प्रदेश के लोग उन से लाभान्वित होकर अपने आपको उन बीमारियों से सचेत रखते हुए स्वस्थ रह सके। इसमें हड्डी रोग एन्यूरो सर्जरीएस्पाइन सर्जरी एलेप्रोस्कोपिक सर्जरी एलेजर सर्जरी एन्यूरोसर्जरीए आंख एनाक एकान एगला रोग एवं प्रसूति रोग एबाल रोग एवं विभिन्न रोगों से संबंधित सभी जानकारियां अलग अलग विशेषांक में विशेषज्ञों द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

### डॉ. राधिका नाथ साहा की 150वीं जयंती मनाई गई

**वाराणसी।** डॉ. राधिका नाथ साहा की 150वीं जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में रविवार को बंग साहित्य समाज, तारा चरण साहित्याचार्य स्मृति भवन जंगमबाड़ी में डॉ. कृष्णा गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बंग साहित्य समाज के सदस्य विद्वानों ने डॉ. राधिका नाथ साहा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए तथा उनके आविष्कार किए हुए पहला स्वदेशी फाउंटेन पेन और पहला पेंटेंट कलमों को देखा और प्रशंसा किये।

# होमगार्ड के सूने पड़े घर से नकदी व आभूषण सहित लाखों की चोरी

**बांगरमऊ,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तहिरापुर निवासी होमगार्ड के बंद घर में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर नकदी व सोने.चांदी के जेवर सहित करीब तीन लाख का माल पार कर दिया। सुबह घर पहुंचने पर गृह स्वामी को घटना की जानकारी हुई तो चोरी की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी। ग्राम तहिरापुर निवासी बेहटा मुजावर थाने में तैनात होमगार्ड पंचम कुमार पुत्र कल्लू ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि बीते सोमवार को वह घर मे ताला लगाकर सपरिवार बीमार बहनोई को देखने फतेहपुर चौरासी के बरुआघाट गया था। आज सुबह लौटने पर घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला । घर के अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखे बक्से के भी ताले टूटे मिले और बक्से में रखा सोने . चांदी का जेवर तथा पचास हजार की नकदी गायब मिली। पीड़ित होमगार्ड ने आज पुलिस से घटना की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है।

# सभी हज यात्रियों को लगेगा कोरोना का टीका, की जा रही है व्यवस्थाः नकवी

**भाषा।** नई दिल्ली/मुंबई

**केंद्रीय अल्पसंख्यक** कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने मंगलवार को कहा कि इस साल हज पर जाने वाले सभी लोगों को कोरोना का टीका लगाने की व्यवस्था की जा रही है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, नकवी ने हज हाउस (मुंबई) में हज-2021 से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भारतीय हज कमेटी के अधिकारियों एवं हज ग्रुप ऑर्गनाइजर्स के साथ चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने कहा, भारत से जाने वाले सभी हज यात्रियों को कोरोना का टीका लगाने की व्यवस्था की जा रही है।

कोरोना के टीके को लेकर विपक्ष के कुछ नेताओं के बयानों का हवाला देते हुए नकवी ने उन पर निशाना साधा और कहा कि कुछ निराश नेता भारत में निर्मित कोरोना वायरस टीके की प्रभावकारिता पर संशय जता रहे हैं। नकवी की यह टिप्पणी कुछ कांग्रेस नेताओं द्वारा भारत बायोटेक के टीके की तीसरे चरण के ट्रायल के जारी रहने के दौरान ही इसके आपात इस्तेमाल को मंजूरी दिए जाने को लेकर उठाए गए सवालों के बाद आई है।

मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि कोरोना के टीके पर वही लोग सवाल उठा रहे हैं जो कोरोना के संकट के समय लोगों की सेहत-सलामती के लिए मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रश्न खड़ा करते रहे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना के संकट के समय आगे बढ़ कर "संकटमोचकै की भूमिका निभाई है। उनकी दूरदर्शिता, प्रभावी नेतृत्व का ही नतीजा है कि इतनी बड़ी जनसंख्या वाला देश होने के बावजूद भारत ने कोरोना के कहर के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ी है। नकवी ने कहा, कुछ लोगों ने फतवे की दुकान खोल रखी है और सब्जी की तरह फतवे बेचते हैं। इस तरह ए जो फतवे के फर्ज़ी फेडरेशन हैं ए हमेशा लोगों को गुमराह करने के लिए खड़े होते हैं।

हज-2021 के संदर्भ में नकवी ने कहा, हज यात्रियों के अनुमानित खर्च में भी कमी की गई है। अभी तक हज के लिए आवेदन करने वाले लोगों में लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं। बिना मेहरम (पुरुष रिश्तेदार) के 700 से अधिक महिलाओं ने हज 2021 पर जाने के लिए आवेदन किया है। हज 2020 के लिए 2100 से अधिक महिलाओं ने बिना मेहरम के हज पर जाने के लिए आवेदन किया था, ये महिलाएं इस बार हज पर जा सकेंगी।

## पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, हथियार और अन्य सामान बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई जिसके बाद सुरक्षा बलों ने वहां से हथियार और माओवादियों से संबंधित अन्य सामान बरामद किया है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने मंगलवार को बताया कि बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हिरमागुंडा गांव के जंगल में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों से मुठभेड़ के बाद हथियार और अन्य सामान बरामद किया है। सुंदरराज ने बताया कि गंगालूर थाना से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन और जिला बल के संयुक्त दल को गस्त में रवाना किया गया था। दल जब सुबह करीब 06:30 हिरमागुंडा गांव के जंगल में था तब नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्वाई की।



चेन्नई में उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू इंस्टीट्यूट ऑफ मैथमेटिकल साइंस की प्रदर्शनी को देखते हुए।

# मुझे बिहार के प्रभार से मुक्त किया जाएः शक्ति सिंह गोहिल

**पटना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और करीब तीन साल से बिहार के एआईसीसी प्रभारी शक्तिसिंह गोहिल ने पार्टी आलाकमान से जल्द से जल्द इस जिम्मेदारी से मुक्त करने का अनुरोध किया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं में एक और गुजरात से राज्यसभा सदस्य गोहिल ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से इस संबंध में ट्वीट किया है। गोहिल ने ट्वीट किया, निजी कारणों से मैंने कांग्रेस आलाकमान से गुजारिश की है कि कुछ जिम्मेदारियों का बोझ घटाया जाए और बिहार के प्रभार से मुक्त किया जाए। गोहिल ने ट्वीट में अपनी पार्टी, बिहार, गुजरात और दिल्ली इकाई तथा कुछ अन्य सहयोगियों को भी टैग किया है। पार्टी सूत्रों ने दावा किया कि पिछले नवंबर में कोरोना वायरस से संक्रमित हुए गोहिल पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं और स्वास्थ्य कारणों से उन्होंने कुछ जिम्मेदारियों से मुक्त किए जाने का अनुरोध किया है।

गोहिल के ट्वीट के बाद सत्तारूढ़ राजग ने कांग्रेस पर कटाक्ष किया। विपक्षी महागठबंधन में शामिल दलों ने भी पूर्व में कांग्रेस पर निशाना साधा था। जद (यू) प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने एक बयान में कहा, शक्तिसिंह गोहिल द्वारा बिहार कांग्रेस की जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने का आग्रह कांग्रेस की बिगड़ती सेहत से पल्ला झाड़ने की कोशिश है। गोहिल को पता है कि पार्टी का कोई भविष्य नहीं है, गुटबंदी चरम पर है, इसलिए उन्होंने बुद्धिमानी के साथ दूसरे कार्यों का हवाला देकर खुद को अलग करने की कोशिश की है। भाजपा के प्रवक्ता निखिल आनंद ने भी गोहिल द्वारा ट्विटर पर इस तरह का अनुरोध करने के लिए कांग्रेस पर तंज कसा। आनंद ने कहा, यह इंगित करता है कि पार्टी का अस्तित्व खत्म होने वाला है। कार्यकर्ता बचे नहीं है। पार्टी की मौजूदगी महज फेसबुक और ट्विटर तक सीमित हो चुकी है।

# इंदौर में हास्य कलाकार की गिरफ्तारी पर कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी भिड़ंत

**इंदौर ( मध्यप्रदेश )।** भाजपा की एक स्थानीय विधायक के बेटे की शिकायत पर चार दिन पहले आनन-फानन की गई कार्वाई में गुजरात के हास्य कलाकार मुनव्वर फारुकी को गिरफ्तार किए जाने को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को सवाल उठाए। राज्य के प्रमुख विपक्षी दल का आरोप है कि सत्तारूढ़ भाजपा निराधार मामलों को तूल देकर मार्च-अप्रैल में संभावित नगरीय निकाय चुनावों में वोटों का धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण करना चाहती है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमीनुल खान सूरी ने मंगलवार को एक बयान में कहा, भाजपा नगरीय निकाय चुनावों में अपने फायदे के लिए मतदाताओं को धार्मिक आधार पर बांटना चाहती है। इंदौर की भाजपा विधायक मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ के बेटे एकलव्य के दबाव में फारुकी को गिरफ्तार किया जाना भाजपा की इसी साजिश का हिस्सा है।

सूरी ने दावा किया कि फारुकी ने शहर के एक कैफे में एक जनवरी को हास्य कार्यक्रम में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली कोई बात नहीं कही थी। पुलिस ने विधायक पुत्र की शिकायत पर निष्पक्ष जांच की जहमत उठाए बगैर युवा हास्य कलाकार पर संगीन प्रावधानों में मामला दर्ज कर लिया और गजब की फुर्ती दिखाते हुए उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता उमेश शर्मा ने कहा, फारुकी की गिरफ्तारी का आगामी नगरीय निकाय चुनावों से कोई लेना-देना नहीं है। हास्य कार्यक्रम के नाम पर यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता कि कोई व्यक्ति अन्य समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत करता रहे और अनर्गल प्रलाप करता रहे। फारुकी पर हास्य प्रस्तुतियों में अक्सर भड़काऊबातें कहने का आरोप लगाते हुए कहा कि इंदौर में उनके खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराया गया है। अगर कांग्रेस को लगता है कि फारुकी के साथ कुछ गलत हुआ है, तो वह अदालत में उनका मुकदमा लड़े। भाजपा विधायक के बेटे एकलव्य सिंह गौड़ ने फारुकी और हास्य कार्यक्रम के आयोजन से जुड़े चार अन्य लोगों के खिलाफ तुकोगंज पुलिस थाने में एक जनवरी की रात मामला दर्ज कराया था। विधायक पुत्र का आरोप है कि इस कार्यक्रम में हिंदू देवी-देवताओं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गोधरा कांड को लेकर अभद्र टिप्पणियां की गई थीं। एकलव्य अपने साथियों के साथ बतौर दर्शक इस कार्यक्रम में पहुंचे थे। कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में जमकर हंगामा किया और कार्यक्रम रुकवाने के बाद फारुकी समेत पांच लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। पांचों लोगों को भादंवि की धारा 295-ए (किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के इरादे से जान-बूझकर किए गए विद्वेषपूर्ण कार्य), धारा 298 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जान-बूझकर कहे गए शब्द) अन्य सम्बद्ध प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया।

## कानून से ऊपर कोई नहीं हैः टोपे

**मुंबई।** मुंबई पुलिस द्वारा सोमवार को अभिनेताओं अरबाज खान और सोहेल खान तथा सोहेल के बेटे निर्वाण खान के खिलाफ कोविड-19 संस्थागत पृथक-वास नियमों के कथित उल्लंघन का मामला दर्ज करने के एक दिन बाद महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने मंगलवार को कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है और हर किसी को नियमों का पालन करना चाहिए। वर्तमान महामारी के हालात में नियमों एवं कानून का सख्ती से पालन करना आदर्श नागरिक का कर्तव्य है। नगर निकाय के एक अधिकारी ने कहा कि तीनों लोगों को पिछले साल दिसंबर के आखिरी सप्ताह में यूएई से मुंबई लौटने के बाद दिशा-निर्देशों के तहत उपनगरीय बांद्रा में एक होटल में ठहरने के लिए कहा गया था, लेकिन वे इसके बजाय अपने घर चले गए। उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 और 269 तथा महामारी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## क्विक न्यूज

### प्रज्ञा ठाकुर को मालेगांव विस्फोट मामले में पेशी से छूट मिली

**मुंबई।** मुंबई में एनआईए की एक विशेष अदालत ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर को अदालत में नियमित रूप से पेश होने से मंगलवार को छूट दे दी। ठाकुर मामले के सात आरोपियों में एक है। राष्ट्रीय अभिकरण एजेंसी (एनआईए) इस मामले की जांच कर रही है। वह सोमवार को अदालत में पेश हुई थी। विशेष न्यायाधीश पीआर सित्रे ने मंगलवार को ठाकुर को अदालत में पेश होने से छूट दे दी। इससे पहले उनके वकील जेपी मिश्रा ने आवेदन दायर कर कहा था कि सांसद को स्वास्थ्य और सुरक्षा कारणो से नियमित रूप से यहां आने में दिक्कत होती है। वकील ने आवेदन में कहा, ठाकुर को कई बीमारियां है और एम्स में उनका उपचार चल रहा है। वह (कल) मुंबई में थी और इस दौरान कोकिलाबेन अस्पताल में उनकी कई जांच हुईं, डॉक्टरों ने उनसे कहा कि उन्हें कई जटिलाएं है और डॉक्टरों की एक टीम द्वारा उनका उपचार किए जाने की जरूरत है।

### मुख्यमंत्री रावत ने दिल्ली आवास से कामकाज शुरू किया

**देहरादून।** एम्स, दिल्ली से छुट्टी मिलने के तीन दिन बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मंगलवार से दिल्ली स्थित अपने आवास से कामकाज शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने आज से कामकाज शुरू कर दिया है। उन्होंने पृथक्वास अवधि के बाद आज दिल्ली स्थित आवास से फाइलों का निस्तारण शुरू कर दिया है। कोविड 19 के उपचार के लिए रावत को 28 दिसंबर को दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया था, जहां सभी जांच रिपोर्ट सामान्य आने के बाद उन्हें दो जनवरी को छुट्टी दे दी गई थी। रावत उसके बाद से दिल्ली स्थित अपने आवास में पृथक्वास में रह रहे थे। इससे पहले 18 दिसंबर को मुख्यमंत्री रावत के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी, जिसके बाद वह देहरादून स्थित अपने आवास में पृथक्वास में रहने लगे। बाद में हल्का बुखार आने के बाद उन्हें 27 दिसंबर को दून अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनके फेफड़ों में हल्का संक्रमण पाए जाने के बाद अगले दिन उन्हें दिल्ली के एम्स ले जाया गया था।

### दयाशंकर तिवारी नागपुर के मेयर निर्वाचित

**नागपुर।** भाजपा उम्मीदवार दयाशंकर तिवारी मंगलवार को नागपुर नगर निगम के मेयर चुने गए। पूर्व मेयर संदीप जोशी ने पिछले महीने पद से इस्तीफा दे दिया था और उन्होंने बचे हुए 13 महीने के कार्यकाल के लिए भाजपा के वरिष्ठ निगम पार्षद तिवारी को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। नंदा जिचकर के मेयर के तौर पर ढाई साल पूरे होने के बाद भाजपा ने शेष 26 महीने के कार्यकाल को जोशी और तिवारी के बीच आधा-आधा बांट दिया था। जोशी 19 नवंबर, 2019 को मेयर बने थे। नागपुर नगर निगम में फिलहाल भाजपा के पास 107 सीटें है। नगर निकाय के अधिकारी ने बताया कि तिवारी को 107 वोट मिले। नगर निगम में कुल सीटों की संख्या 151 है। आम सभा की मंगलवार को आयोजित विशेष बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मतदान हुआ।

### जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में मादक पदार्थों का तस्कर गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक गांव से मंगलवार को मादक पदार्थों का एक तस्कर गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेना एक स्थानीय इकाई के साथ मिल कर पुलिस ने मेंढर उप मंडल के बालाकोट सीमाई क्षेत्र के डब्बी गांव से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसके पास से 300 ग्राम हेरोइन बरामद की। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है क्योंकि हाल ही में इस गांव से बड़ी तादाद में हथियार एवं कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस इस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

### दंपति और पांच साल का बेटा घर के अंदर मृत पाया गया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के पाट्टन इलाके में मंगलवार को एक विवाहित दंपति और उसके पांच साल के बेटे को घर के अंदर मृत पाया गया। उन्होंने बताया कि ऐसा लगता है कि मोहम्मद मकबूल लोन, उसकी पत्नी और उसके बेटे की नींद में मृत्यु हो गई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि तीनों की मृत्यु कमरे के हीटर से निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड के कारण हुई।

### लोकसभा अध्यक्ष की बेटी का सिविल सेवा में चयन

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की बेटी अंजलि का चयन संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा के लिए हुआ है। यूपीएससी ने अपनी रिजर्व सूची के 89 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। रामजस कॉलेज से राजनीति विज्ञान (स्नातक) की पढ़ाई करने वाली अंजलि ने पहले प्रयास में सिविल सेवा परीक्षा 2019 के लिए उत्तीर्ण किया। अंजलि ने मंगलवार को बताया, इस परीक्षा मे चुने जाने पर मै काफी खुश हूं। मै समाज के लिए कुछ करने की खातिर सिविल सेवा मे शामिल होना चाहती हूं क्योंकि मैने हमेशा अपने पिता की प्रतिबद्धता देश के लोगो के प्रति देखी। उन्होंने कहा कि उनकी बड़ी बहन आकांक्षा ने उन्हें परीक्षा पास करने मे मदद की जो चार्टर्ड अकाउंटेंट है। उन्होने कहा, मेरी सफलता का श्रेय विशेष रूप से मेरी बड़ी बहन को जाता है।



रांची में अपने स्थापना दिवस के अवसर पर आर्म्ड पुलिस के जवान परेड की प्रैक्टिस करते हुए।

# ईडी अधिकारियों ने खड़से के मामले में दस्तावेज मांगे

**पुणे।** राकांपा के नेता एकनाथ खड़से के खिलाफ भोसारी स्थित एक जमीन के मामले में भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ता अंजलि दमानिया का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने मंगलवार को दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनसे कुछ दस्तावेज मांगे हैं। ईडी ने हाल ही में पूर्व भाजपा नेता खड़से को मामले में पूछताछ के लिए तलब किया था लेकिन खराब सेहत और कोरोना वायरस संक्रमण का संदेह जताए जाने के बाद उन्हें पेश होने के लिए और वक्त दिया गया। शहर के वकील असीम सरोदे ने कहा कि ईडी अधिकारियों ने कुछ दिन पहले उनसे संपर्क किया था। उन्होंने कहा, उन्होंने हमसे मदद मांगी है और भोसारी जमीन सौदे से संबंधित दस्तावेज मांगे हैं जिसमें मेरी मुवक्किल अंजलि दमानिया ने 2016 में खड़से के खिलाफ शिकायत दाखिल की थी। सरोदे ने बताया कि दमानिया ने महाराष्ट्र पुलिस के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा खड़से को दी गई क्लीन चिट का विरोध करते हुए 2018 में पुणे की सत्र अदालत में हस्तक्षेप आवेदन भी दाखिल किया था। वह ईडी अधिकारियों के परिचय का सत्यापन करने के बाद उन्हें दस्तावेजों की प्रतियां सौंपेंगे।

सरोदे ने कहा, ए दस्तावेज अदालत के पास भी हैं लेकिन अदालत से दस्तावेज हासिल करने में समय लग सकता है, इसलिए ईडी अधिकारियों ने मुझसे अनुरोध किया। वकील ने कहा कि ईडी के अधिकारी मंगलवार शाम को उनके कार्यालय आ सकते हैं। महाराष्ट्र में पूर्ववर्ती भाजपा नीत सरकार में वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री रहे खड़से को पुणे के भोसारी औद्योगिक क्षेत्र में सरकारी जमीन की खरीद उनकी पत्नी और दामाद द्वारा किए जाने में पद का दुरुपयोग करने के आरोपों के बाद 2016 में मंत्री पद छोड़ना पड़ा था।

# कांग्रेस ने गुजरात में स्थानीय चुनाव के लिए अभियान शुरू किया

**अहमदाबाद।** गुजरात में स्थानीय निकायों के चुनाव से पहले कांग्रेस ने छह नगर निगमों के मतदाताओं से संपर्क करने के लिए मंगलवार को एक अभियान शुरू किया। इन निगमों में भाजपा का शासन है। पार्टी नेताओं ने पत्रकारों को बताया कि हैलो अभियान के तहत अहमदाबाद, भावनगर, जामनगर, राजकोट, सूरत और वडोडरा के निवासी एक नंबर पर फोन करके या व्हाट्सऐप पर संदेश भेजकर अपनी शिकायत बता सकते हैं। गुजरात प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख अमित चावड़ा ने बताया, यह अभियान उन छह नगर निगम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए है जहां पर भाजपा कई कार्यकालों से शासन में है लेकिन वह बुनियादी नागरिक मुद्दों का हल करने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा, हम इन छह शहरी केंद्रों में रहने वाले लोगों की परेशानियों और मुद्दों को सुनेंगे तथा उन्हें आगे लेकर जाएंगे।

चावड़ा ने बताया कि इस तरह का अभियान ग्रामीण क्षेत्रों और नगरपालिका क्षेत्रों में भी शुरू किया जाएगा। साथ ही साथ दो अन्य नगर निगमों में भी ऐसा ही अभियान शुरू किया जाएगा। अन्य नेताओं ने बताया कि इस अभियान के दौरान नागरिकों से मिली प्रतिपुष्टि (फीडबैक) का इस्तेमाल स्थानीय निकाय चुनावों के लिए कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र बनाने के लिए किया जाएगा। अभियान के तहत मिनी बसों को गुजरात के लिए पार्टी मामलों के प्रभारी राजीव सातव और विधानसभा में विपक्ष के नेता परेश धनानी समेत वरिष्ठ नेता रवाना करेंगे। छह नगर निगमों, 55 नगरपालिकाओं, 31 जिला पंचायतों और 231 तालुका पंचायतों के लिए चुनाव नवंबर 2020 में होना था, लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इन्हें तीन महीने के लिए टाल दिया गया।

# मप्र के अधिकारियों ने तीन आईपीएस, अन्य के खिलाफ हुई कार्वाई से ईसी को अवगत कराया

**नई दिल्ली।** मप्र के शीर्ष अधिकारियों ने मंगलवार को चुनाव आयोग को तीन आईपीएस अधिकारियों एवं अन्य के खिलाफ की गई कार्वाई से अवगत कराया, जिनकी 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान काले धन के उपयोग में कथित भूमिका सामने आई थी। आयकर विभाग द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के नजदीकी सहयोगियों पर की गई छापेमारी के बाद उनकी कथित भूमिका का खुलासा हुआ था। राज्य के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस ने सूचित किया कि राज्य के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने मामले में पीई (प्रारंभिक जांच) दर्ज की है। आगे की कार्वाई के बारे में चुनाव आयोग को जानकारी देने के लिए दो हफ्ते का समय भी मांगा है।

राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) राजेश कुमार राजौरा भी बैठक में मौजूद थे। आयोग ने दिसंबर में मध्यप्रदेश सरकार के शीर्ष अधिकारियों को बुलाकर तीन आईपीएस अधिकारियों और अन्य के खिलाफ आपराधिक कार्वाई दर्ज करने के अपने आदेश के बारे में जानकारी मांगने का निर्णय लिया था। चुनाव आयोग ने 16 दिसंबर को बयान जारी कर कहा था कि इसने मध्यप्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी से कहा है कि आईपीएस के तीन अधिकारियों एवं अन्य के खिलाफ आपराधिक कार्वाई दर्ज की जाए जिनकी 2019 के आम चुनावों के दौरान कमलनाथ के निकट सहयोगियों के खिलाफ आयकर की छापेमारी के बाद काले धन के इस्तेमाल में कथित भूमिका सामने आई थी।

आयोग ने केंद्रीय गृह सचिव से आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ उपयुक्त विभागीय कार्वाई शुरू करने के लिए कहा था और मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव से कहा कि राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के खिलाफ इसी तरह की कार्वाई की जाए। चुनाव आयोग ने कहा कि उसने सीबीडीटी की रिपोर्ट पर विचार करने के बाद कार्वाई की अनुशंसा की थी। सीबीडीटी आयकर विभाग का प्रशासनिक प्राधिकरण है। चुनाव आयोग के सूत्रों ने तीनों आईपीएस अधिकारियों की पहचान सुशोभन बनर्जी, संजय माने, वी. मधु कुमार और राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी अरूण मिश्रा के तौर पर की।

आयकर विभाग ने पिछले वर्ष अप्रैल में मप्र और दिल्ली में 52 स्थानों पर छापेमारी की और जिन लोगों के खिलाफ छापेमारी हुई थी उनमें कमलनाथ के पूर्व विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) प्रवीण कक्कड़, सलाहकार राजेंद्र मिगलानी, अश्विनी शर्मा, उनके एक रिश्तेदार की कंपनी मोजर बेयर के कर्मचारी, उनके एक अन्य निकट रिश्तेदार रतुल पुरी की कंपनी के कर्मचारी और अन्य शामिल थे। सीबीडीटी ने पिछले वर्ष आठ अप्रैल को बयान जारी कर कहा था कि आयकर विभाग के कर्मियों ने छापेमारी में 14.6 करोड़ रुपए की बेनामी नकदी और डायरियां तथा कंप्यूटर फाइल जब्त किए थे।



नई दिल्ली में जलेबी तैयार करते हुए आंदोलनकारी किसान

# पश्चिम बंगाल के मंत्री शुक्ला का इस्तीफा

भाषा। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल के युवा और खेल मामलों के राज्य मंत्री लक्ष्मी रतन शुक्ला ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। राज्य सचिवालय के सूत्रों ने इस बारे में बताया। उन्होंने बताया कि शुक्ला ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपना इस्तीफा भेज दिया है और उन्होंने इसकी एक प्रति राज्यपाल जगदीप धनखड़ को भी भेजी है।

क्रिकेटर रह चुके शुक्ला के इस्तीफा के पहले राज्य के परिवहन मंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पार्टी छोड़ दी थी और भाजपा में शामिल हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि बंगाल की रणजी टीम के पूर्व कप्तान और हावड़ा (उत्तर) के विधायक शुक्ला (39) ने बनर्जी को भेजे अपने त्यागपत्र में कहा है कि वह राजनीति से संन्यास लेना चाहते हैं। हावड़ा जिले में तृणमूल कांग्रेस के पार्टी मामलों को देखने वाले शुक्ला ने हालांकि विधायक पद से इस्तीफा नहीं दिया है। शुक्ला से कई बार संपर्क का प्रयास किया गया लेकिन उनका जवाब नहीं मिल पाया। उधर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सलाह पर मंगलवार को राज्य मंत्रिपरिषद से लक्ष्मी रतन शुक्ला का इस्तीफा स्वीकार लिया। शुक्ला युवा और खेल मामलों के राज्य मंत्री थे। राज्यपाल ने एक आदेश में कहा, तुरंत प्रभाव के साथ लक्ष्मी रतन शुक्ला मंत्रिपरिषद के सदस्य नहीं रह जाएंगे।

धनखड़ ने आदेश में कहा है कि मुख्यमंत्री की सिफारिश के अनुरूप खेल और युवा मामलों के विभाग का प्रभार अरूप बिस्वास के पास होगा। अरूप बिस्वास युवा और खेल मामलों के मंत्री हैं। वहीं सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि युवा और खेल मामलों के राज्य मंत्री लक्ष्मी रतन शुक्ला का इस्तीफा दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन इसका असर



पार्टी पर नहीं पड़ेगा। वहीं, भाजपा ने कहा कि पूर्व क्रिकेटर शुक्ला का भगवा खेमे में स्वागत है। राज्य में विधानसभा चुनाव के कुछ महीने पहले और परिवहन मंत्री शुभेंदु अधिकारी के तृणमूल कांग्रेस छोड़ने तथा उनके भाजपा में शामिल होने के करीब पखवाड़े भर बाद शुक्ला ने राज्य के सत्तारूढ़ दल से इस्तीफा दिया है। कांग्रेस ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस बिखरती जा रही है और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इसे रोक पाने में नाकाम हैं। जबकि, माकपा ने बनर्जी से यह बताने को कहा कि राज्य के मंत्री एक के बाद एक, इस्तीफा क्यों दे रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा, ममता बनर्जी ने शुक्ला को सम्मान दिया और उन्हें मंत्री भी बनाया। अलग-अलग क्षेत्र के लोगों को शामिल करने की हमारी नीति के तहत उन्हें शामिल किया गया। अगर वह पद छोड़ रहे हैं तो यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा लेकिन इससे पार्टी पर असर नहीं पड़ेगा। शुक्ला को पार्टी का अच्छा सदस्य बताते हुए तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद सौगत राय ने उम्मीद जताई कि वह अपने फैसले पर पुनर्विचार करेंगे। भाजपा प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा कि अगर शुक्ला उनकी पार्टी में शामिल होते हैं तो उनका स्वागत है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, तृणमूल कांग्रेस की कोई राजनीतिक विचारधारा, दिशा नहीं है। यह माकपा के विरोध में बनी थी और अब इसकी अहमियत खत्म हो गई है। जमीनी स्तर के लोग जानते हैं कि तृणमूल कांग्रेस के गिने चुने दिन ही रह गए हैं। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो ने शुक्ला से तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने का आग्रह किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस बिखरती जा रही है और बनर्जी को पता नहीं है कि इसे कैसे रोकें।

माकपा के वरिष्ठ नेता सुजान चक्रवर्ती ने कहा कि शुक्ला खिलाड़ी थे और तृणमूल कांग्रेस ने उन्हें विधायक बनाया। चक्रवर्ती ने कहा कि उन्होंने मंत्री पद से क्यों इस्तीफा दिया, इस संबंध में शुक्ला और उनकी पार्टी सुप्रीमो ही बेहतर बता सकती हैं। लेकिन मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि एक के बाद एक मंत्री क्यों इस्तीफा दे रहे हैं। बंगाल रणजी ट्रॉफी टीम के पूर्व कप्तान शुक्ला ने मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा भेजा था और उनका इस्तीफा स्वीकार हो चुका है। पश्चिम बंगाल में इस साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होना है।



अमृतसर में मंगलवार को 10वें सिख गुरु गोबिंद सिंह की 355वीं जयंती मनाने के लिए एक धार्मिक जुलूस में भाग लेते सिख श्रद्धालु।

# नीतीश ने अखिलेश के भाजपा का टीका बयान पर जताई आपत्ति

भाषा। पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के भाजपा का टीका वाले बयान पर आपत्ति जताई है। कुमार ने कहा कि लगता है समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने सुर्खियां बटोरने के लिए इस तरह की टिप्पणी की। कुमार ने कहा कि बिहार सरकार टीका उपलब्ध हो जाने पर राज्य के लोगों का टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए तमाम कदम उठा रही है।

अखिलेश यादव के विवादास्पद बयान के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा, बोलने से खबर छपती है इसलिए कुछ लोग बोलते रहते हैं। कौन क्या बोलता है मेरी उसमें दिलचस्पी नहीं है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था कि पहले भाजपा नेताओं को टीके की खुराक लेनी चाहिए। बाद में अखिलेश ने स्पष्ट किया कि उन्होंने टीका बनाने वाले किसी भी वैज्ञानिक का अपमान नहीं किया है। अखिलेश ने कहा था, मैंने





किसी भी वैज्ञानिक या टीका बनाने में मदद करने वाले किसी भी व्यक्ति पर सवाल नहीं खड़ा किया है। हमने सिर्फ भाजपा पर सवाल खड़ा किया है, क्योंकि इस पार्टी ने जैसे फैसले लिए हैं, उन पर जनता को भरोसा नहीं है।

कुमार ने कहा कि बिहार सरकार केंद्र के दिशा-निर्देशों के अनुरूप राज्य के लोगों के टीकाकरण के लिए तैयारियां कर रही है और 50 साल से ज्यादा उम्र के लोगों या स्वास्थ्य क्षेत्र के कर्मियों को प्राथमिकता दी जाएगी। बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि वह जनता दरबार कार्याक्रम भी शुरू करने पर विचार कर रहे हैं, जिसे कुछ समय पहले बंद कर दिया गया गया था। उन्होंने कहा, जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। हम कोविड-19 की स्थिति के सुधरने का इंतजार कर रहे हैं।

# वाहन दुर्घटना में दंपति की मौत, दो पुत्र समेत तीन घायल

**नई टिहरी।** उत्तराखंड के टिहरी जिले में हाल में बने डोबरा-चांठी पुल घूमकर वापस धनोल्टी जा रहे पर्यटकों के वाहन के झील के पास खड्ड में जा गिरने से उसमें सवार एक दंपति की मृत्यु हो गई जबकि उनके दो पुत्रों समेत तीन अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दुर्घटना सोमवार देर रात जाख-डोबरा मोटर मार्ग पर उप्पू सिराईं गांव के पास हुई जब सवारी वाहन अनियंत्रित होकर टिहरी बांध झील की ओर खड्ड में जा गिरा। उपजिलाधिकारी सदर पीआर चौहान ने बताया कि सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने बचाव अभियान चलाया। हादसे में मोनिका सिंघल (40) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनके पति ,दो पुत्र तथा वाहन चालक घायल हो गए जिन्हें बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि उपचार के दौरान मोनिका के पति अजय सिंघल की भी मृत्यु हो गई जबकि उनके दो पुत्रोंसूर्यांश और शौर्य तथा वाहन चालक प्रमोद पाल की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# हास्य कलाकार को जमानत देने से अदालत का इनकार

भाषा। इंदौर (मध्यप्रदेश)

**हास्य** कार्यक्रम के दौरान कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में गुजरात के स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी और एक अन्य आरोपी को जमानत देने से सत्र न्यायालय ने मंगलवार को इनकार कर दिया। दोनों आरोपियों को भाजपा की एक स्थानीय विधायक के बेटे की शिकायत पर एक जनवरी को गिरफ्तार किया गया था।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश यतींद्र कुमार गुरु ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद गुजरात के जूनागढ़ से ताल्लुक रखने वाले फारुकी और हास्य कार्यक्रम के आयोजन से जुड़े इंदौर निवासी नलिन यादव की जमानत अर्जियां खारिज कर दीं। फारुकी और यादव के वकील अंशुमन श्रीवास्तव ने अदालत में बहस के दौरान कहा कि प्राथमिकी में उनके दोनों मुवक्किलों के खिलाफ लगाए गए आरोप अस्पष्ट हैं और यह मामला राजनीतिक दबाव में दर्ज कराया गया है। श्रीवास्तव ने अपनी दलील में कहा कि उनके दोनों मुवक्किल कलाकार हैं और उन्होंने

## ● दूसरी बार अर्जी खारिज

शहर में नववर्ष पर आयोजित हास्य कार्यक्रम में ऐसी कोई भी टिप्पणी नहीं की गई थी जिससे किसी व्यक्ति की धार्मिक भावनाएं आहत होती हों। उधर, अभियोजन के वकील विमल मिश्रा ने फारुकी और यादव की जमानत अर्जियों पर अदालत में जोरदार आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण काल में दोनों आरोपी शहर के 56 दुकान क्षेत्र के एक कैफे में आयोजित जिस हास्य कार्यक्रम में शामिल हुए, उसके लिए प्रशासन की अनुमति नहीं ली गई थी।

अभियोजन के वकील ने प्राथमिकी के इस आरोप पर खास जोर दिया कि इस कार्यक्रम में हिंदू देवी-देवताओं का भद्दा मजाक उड़ाया गया था और यह कार्यक्रम अश्लीलता से भरा था, जबकि इसके दर्शकों में नाबालिग लड़के-लड़कियां भी शामिल थे। इससे पहले, जिला अदालत के एक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने फारुकी और यादव समेत मामले के पांच आरोपियों की जमानत अर्जियां दो जनवरी को खारिज कर दी थीं। स्थानीय भाजपा विधायक के बेटे एकलव्य सिंह गौड़ ने फारुकी और हास्य कार्यक्रम के आयोजन से जुड़े चार अन्य लोगों के खिलाफ तुकोगंज पुलिस थाने में एक जनवरी की रात मामला दर्ज कराया था। विधायक पुत्र का आरोप है कि इस कार्यक्रम में हिंदू देवी-देवताओं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गोधरा कांड को लेकर अभद्र टिप्पणियां की गई थीं।

चश्मदीदों के मुताबिक एकलव्य अपने साथियों के साथ बतौर दर्शक इस कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्होंने कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में जमकर हंगामा किया और कार्यक्रम रुकवाने के बाद फारुकी समेत पांच लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विवादास्पद कार्यक्रम को लेकर पांचों लोगों को भारतीय दंड विधान की धारा 295-ए (किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के इरादे से जान-बूझकर किए गए विद्वेषपूर्ण कार्य), धारा 298 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जान-बूझकर कहे गए शब्द) और अन्य सम्बद्ध प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया था।

# दिल के हल्के दौरे का गांगुली के जीवन पर कोई असर नहीं पड़ेगा

भाषा। कोलकाता

## ● जाने माने हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. देवी शेट्टी ने कहा

**भारतीय** क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की हालत स्थिर है और उनके स्वास्थ्य संबंधी सभी मानक सामान्य हैं। जाने मामने हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. देवी शेट्टी ने मंगलवार को गांगुली के स्वास्थ्य की निगरानी के बाद इस बारे में बताया। डॉ. शेट्टी ने कहा कि गांगुली को बुधवार को अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है।

गांगुली को दिल का हल्का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनकी एंजियोप्लास्टी की गई। शनिवार को गांगुली की रिपोर्ट में हृदय से संबंधित ट्रिपिल वेसेल डिजीज का पता चला। उनके हृदय की तीन कोरोनरी धमनियां अवरूद्ध हो गई हैं। उनकी दूसरी एंजियोप्लास्टी बाद में होने की संभावना है। बीसीसीआई अध्यक्ष को देखने के लिए डॉ. शेट्टी मंगलवार को कोलकाता पहुंचे। उन्होंने कहा, गांगुली (48) देश की निधि हैं। उन्हें दिल का हल्का दौरा आया था। इससे उनके स्वास्थ्य को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। डॉ. शेट्टी ने वुडलैंड अस्पताल में गांगुली का उपचार कर रहे 13 डॉक्टरों की टीम से मिलने के बाद कहा, गांगुली जल्द स्वस्थ हो जाएंगे क्योंकि उनका हृदय उसी तरह काम कर रहा है जैसा कि 20 साल की उम्र में करता था। डॉ. शेट्टी ने कहा, यह कोई बड़ा दिल का दौरा नहीं था। इससे उनके हृदय को कोई क्षति नहीं पहुंची है। इसका भविष्य में उनके जीवन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वह सामान्य जीवन बिता सकते हैं। डॉ. शेट्टी ने गांगुली को समय पर हर संभव बेहतर उपचार मुहैया कराने के लिए अस्पताल के डॉक्टरों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, वह (गांगुली) बेहिचक मैराथन में भी हिस्सा ले सकते हैं, विमान उड़ा सकेंगे और अपने हर सपने, इच्छा को पूरा कर सकते हैं। अगर वह चाहें तो क्रिकेट भी खेल सकते हैं। यहां तक कि वह एक सामान्य व्यक्ति की तरह कसरत भी कर सकते हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या फिर से उनकी एंजियोप्लास्टी होगी, इस पर उन्होंने कहा, उनके पास दोनों विकल्प हैं। वह दवा लेकर भी उपचार करा सकते हैं, लेकिन बेहतर होगा कि वह एंजियोप्लास्टी करा लें। यह फैसला उन्हें करना है। हमें लगता कि वह दो सप्ताह इंतजार करें और फिर कोई फैसला करें। डॉ. शेट्टी ने कहा, उन्हें सीने में दर्द की कोई शिकायत नहीं है। उन्हें सांस लेने में भी तकलीफ नहीं है। उनकी हालत स्थिर है। वह अब घर जा सकते हैं। इस बीच वुडलैंड अस्पताल की एमडी एवं सीईओ डॉ. रूपाली बसु ने कहा, गांगुली की स्थिति स्थिर और बेहतर है। पिछली रात उन्होंने अच्छी नींद ली और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कोई दिक्कत नहीं हुई। सुबह उन्होंने बात भी की। हमलोग उन्हें कल अस्पताल से छुट्टी दे देंगे।

# पीएफआई सदस्यों की न्यायिक हिरासत 90 दिनों के लिए बढ़ी

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में दिल्ली से हाथरस पीड़िता के गांव जाने के दौरान एक्सप्रेस-वे पर पकड़े गए पोपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) के चार कथित सदस्यों की न्यायिक हिरासत 90 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। उनपर देशद्रोह, साम्प्रदायिक उन्माद भड़काकर दंगा कराने के प्रयास का मामला दर्ज है। जिला शासकीय अधिवक्ता (आपराधिक मामले) शिवराम सिंह तरकर ने बताया, अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (प्रथम) अनिल कुमार पाण्डेय की अदालत में चल रहे पॉपुलर फ्रण्ट ऑफ इण्डियाकैम्पस फ्रण्ट ऑफ इण्डिया के चार सदस्यों के खिलाफ चल रहे मामले में एसटीएफ के उपाधीक्षक राकेश पालीवाल ने इस मामले में चार्जशीट पेश करने के लिए तीन माह का और समय मांगा। उन्होंने बताया, वैसे भी इस मामले में एनआइए एक्ट लागू होने के बाद कानूनन आरोपपत्र दाखिल करने के लिए जांच दल को 90 दिन के स्थान पर 180 दिन का समय दिए जाने का प्रावधान है।

# भगवान राम की प्रतिमा विरूपित किए जाने पर यात्रा निकालने की कोशिश, भाजपा के कई नेता गिरफ्तार

भाषा। अमरावती (आंध्र प्रदेश)

**आंध्र** प्रदेश के रामतीर्थम स्थित एक मंदिर में पिछले हफ्ते भगवान राम की एक प्रतिमा विरूपित किए जाने के विरोध में वहां यात्रा निकालने की कोशिश करने को लेकर मंगलवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सोमू वीरराजू सहित पार्टी के कई नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

भाजपा और जन सेना ने विजयनगरम जिले के प्रसिद्ध रामतीर्थम पहाड़ी मंदिर में भगवान राम की प्रतिमा विरूपित किए जाने की 28 दिसंबर की घटना के विरोध में रामतीर्थ धर्म यात्रा की घोषणा की थी। हालांकि, पुलिस ने वीरराजू और अन्य नेताओं को रामतीर्थम जाने के लिए शुरूआत में अनुमति दे दी थी, लेकिन बाद में पुलिस अधिनियम की धारा 30 के तहत निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए इसे वापस ले लिया। पुलिस ने कहा कि उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और अन्य को निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने को लेकर गिरफ्तार किया है। वहीं, भाजपा ने कहा है कि उसके कई नेताओं को विभिन्न स्थानों पर नजरबंद कर दिया गया है। रामतीर्थम इलाके में तनाव व्याप्त है। एक महिला नेता यशस्विनी के साथ पुलिस ने कथित तौर पर हाथापाई की, जिसके बाद वह गिर गई। इस घटना को लेकर राज्य विधान परिषद सदस्य वीरराजू ने सवाल किया कि पुलिस ने वाईएसआर कांग्रेस सांसद विजय साई रेड्डी और तेलुगू देशम पार्टी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू को पिछले हफ्ते मंदिर जाने की अनुमति कैसे दी थी और भाजपा तथा जन सेना के नेताओं को क्यों रोका जा रहा। उधर, विशाखापत्तनम में राज्यसभा सदस्य सी एम रमेश और पूर्व मंत्री के. श्रीनिवास को पुलिस ने नगर भाजपा कार्यालय से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी। पुलिस ने उन्हें रामतीर्थम जाने से रोकने की कोशिश के तहत यह कदम उठाया। भाजपा नेताओं ने दावा किया है कि पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. लक्ष्मीनारायण और पूर्व विधायक पी विष्णुकुमार राजू को नजरबंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कई अन्य स्थानों पर भी भाजपा और जन सेना के नेताओं को रामतीर्थपुरम जाने से रोका गया है।

भाजपा सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव ने वीरराजू और अन्य नेताओं की गिरफ्तारी की निंदा की है। उन्होंने एक बयान में कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के खिलाफ इस तरह की कठोर कार्वाई जगन मोहन रेड्डी सरकार की अयोग्यता को उजागर करती है। भाजपा के प्रदेश महासचिव एस विष्णुवर्धन रेड्डी ने कहा कि वे राज्य में पुलिस ज्यादती के खिलाफ केंद्र से शिकायत करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया, राज्य में मानवाधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन किया जा रहा है..।

# तमिलनाडु सरकार ने थाई पूषम त्योहार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया

भाषा। चेन्नई

**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी ने मंगलवार को कहा कि भगवान मुरूगन की पूजा के लिए समर्पित त्योहार थाई पूषम के लिए उन्होंने सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का आदेश दिया है। पलानीस्वामी ने कहा कि कई जिलों की उनकी यात्रा के दौरान लोगों ने उनसे थाई पूषम को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का अनुरोध किया था। साथ ही, लोगों ने यह भी कहा था कि श्रीलंका और मॉरीशस में इस अवसर पर अवकाश रहता है। उन्होंने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, उनके अनुरोध पर विचार करते हुए, मैंने (2021 में) 28 जनवरी को थाई पूषम त्योहार को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने तथा आने वाले वर्षों के लिए भी इसे सार्वजनिक अवकाश की सूची में शामिल करने का आदेश दिया है। तमिलनाडु, के अलावा यह त्योहार पड़ोसी राज्य केरल में भी मनाया जाता है। इसके अलावा, श्रीलंका, सिंगापुर, मलेशिया, मॉरीशस और इंडोनेशिया जैसे देशों में भी तमिल भाषी लोग यह त्योहार मनाते हैं। यह त्योहार तमिल मास थाई (14 जनवरी से 12 फरवरी के बीच) उस दिन मनाया जाता है, जब पूषम नक्षत्र पूर्णिमा के दिन पड़ता है। शैव परंपरा के मुताबिक यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। गौरतलब है कि भगवान मुरूगन की प्रशंसा में किए जाने वाले स्तुति पाठ कंद षष्ठी कवचम को पिछले साल एक समूह द्वारा विकृत किए जाने के चलते श्रद्धालुओं में रोष छा जाने और इस घटना के विरोध में भाजपा द्वारा एक यात्रा निकाले जाने के बाद तमिलनाडु सरकार ने यह घोषणा की है। भगवा पार्टी के तमिलनाडु प्रमुख एल मुरूगन ने बार-बार यह आरोप लगाया है कि मुख्य विपक्षी पार्टी द्रमुक ने भगवान मुरूगन की प्रशंसा में किए जाने वाले स्तुति पाठ की विषय वस्तु से छेड़छाड़ करने वाले समूह करूप्पर कूटम का समर्थन किया था। कूटम एक यूट्यूब चैनल भी चलाता था, जिसे पुलिस कार्वाई के बाद ब्लॉक कर दिया गया।

# *कोविड-19:* भारत में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 2.31 लाख हुई

**नई** दिल्ली। भारत में कोविड-19 के सक्रिय मामलों में तेजी से कमी आई है और अब यह संख्या 2,31,036 रह गई है, जो अभी तक के कुल संक्रमितों का महज 2.23 फीसदी है। यह जानकारी मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। पिछले 24 घंटे में 201 लोगों की महामारी से मौत हुई। भारत में छह महीने से अधिक समय बाद एक दिन में सबसे कम 16,375 नए मामले समाने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़ कर मंगलवार को 1,03,56,844 हो गए। मंत्रालय ने कहा कि यह इसलिए संभव हो पाया कि लगातार 39 दिनों से संक्रमण के नए मामलों की तुलना में ठीक होने वाले लोगों की संख्या ज्यादा है। मंत्रालय ने कहा, पिछले 24 घंटे में 29,091 लोग ठीक हुए।

# पेज 1 का शेष

## दस दिन...

दुनिया के लिए बनाया गया है। जबकि स्वास्थ्य सेवा और फ्रंटलाइन श्रमिकों को खुद को पंजीकृत करने की आवश्यकता नहीं होगी। भूषण ने कहा कि जब वे जनसंख्या प्राथमिकता समूह में आएंगे, तो डेटा के पंजीकरण और संपादन का प्रावधान आएगा। भूषण ने कहा कि को-विन में एक प्रावधान होगा कि कोई व्यक्ति एक अद्वितीय स्वास्थ्य आईडी बना सकता है और वह स्वास्थ्य संबंधी जानकारी डिजी लॉकर में रख सकते हैं जो मुफ्त उपलब्ध है या फोन में मौजूद है।

## मुरादनगर दुर्घटना...

से की जाएगी। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अफसरों के साथ बैठक में साफ कर दिया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता मानक से कम मिली तो डीएम और कमिश्नर इसके लिए जिम्मेदार होंगे। ठेकेदार और इंजीनियरों के साथ डीएम, कमिश्नर के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। सीएम योगी ने कहा कि हर जिले में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच के लिए टास्क फोर्स गठित की गई है। जिले में हो रहे सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की टास्क फोर्स औचक जांच करेगी। मुख्यमंत्री ने हर बड़े प्रोजेक्ट की कम से कम 3 बार औचक गुणवत्ता जांच कराने और उसकी रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश अफसरों को दिए हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग के अधिकारियों से गुणवत्ता मानक के दिशा निर्देश जारी करने को कहा है। उन्होंने कहा कि मानक से विपरीत गुणवत्ता मिली तो ठेकेदार, इंजीनियरों के साथ जिम्मेदार प्रशासनिक अफसरों को भी खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। मुख्यमंत्री ने मुरादनगर हादसे के हर मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये सहायता राशि दिए जाने के निर्देश दिए हैं। आवासहीन आश्रितों को आवास उपलब्ध कराने के निर्देश भी सीएम ने अधिकारियों को दिए हैं। दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ठेकेदार और इंजीनियर के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने अफसरों को दिए हैं। सीएम ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए जो उत्तर प्रदेश में कार्य कर रहे ठेकेदारों और अफसरों के लिए एक सबक हो। गौरतलब है कि मुरादनगर दुर्घटना के मुख्य आरोपी ठेकेदार अजय त्यागी समेत अब तक कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में सीएम ने कमिश्नर और डीएम से स्पष्टीकरण भी मांगा है। मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई करने के निर्देश अफसरों को दिए हैं।

## पीड़ित परिवारों...

घोषणा की है। जिसकी डीएम के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर हादसा पीड़ित परिवारों का सर्वे कराया जा रहा है। साथ ही शासन की समस्त कल्याणकारी योजनाओं में पात्रता के अनुसार लाभ दिलाये जाने की कार्यवाई भी शुरू हो गई है। जिला विकास अधिकारी गाजियाबाद ने मंगलवार को मुरादनगर क्षेत्र के कुल 18 परिवारों में से 12 परिवारों का सर्वे कर लिया है। पीड़ित परिवारों को शासन की विकलांग योजना, पारिवारिक योजना, विधवा पेन्शन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषक छात्र वित्तीय योजना आदि में पात्रता के अनुसार लाभ दिलायें जाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराए जाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है। जो मृतक परिवारों के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा ग्रहण कराये जाने तथा घायल परिवारों के बच्चों की फीस माफ कराने का काम कर रही है। शिक्षा विभाग की टीम द्वारा अभी तक 13 परिवारों का सर्वे किया जा चुका है। सर्वे के आधार पर पीड़ित परिवारों के बच्चों को स्कालरशिप दिलाए जाने की कार्वाई हो रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डाक्टरों की एक टीम प्रभावित मोहल्लों में हादसे में घायल लोगों के घर जाकर उनको चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रही है। साथ ही मनोचिकित्सकों की टीम भी पीड़ित परिवार के लोगों की काउंसलिंग करने का काम कर रही है ताकि परिवार के लोग इस हादसे से उबर सकें। खाद्य एवं आपूर्ति जिला पूर्ति विभाग की ओर से पीड़ित गरीब परिवारों को निशुल्क राशन दिए जाने का काम कर रही है।

## कोरोना टीकाकरण...

मीडिया को आवश्यकतानुसार जरूरी जानकारियां दी जाएं। टीकाकरण के बाद यदि किसी व्यक्ति को स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या आती है तो उसके उपचार के व्यवस्थित प्रबन्ध किये जायें।

**टीकाकरण के बाद मिलेगा कार्ड, दर्ज होगी अगली तारीख:** वैक्सीनेशन के बाद संबंधित व्यक्ति को एक कार्ड दिया जाएगा। इस पर नाम, पता आदि के अलावा वैक्सीन के अगले डोज की तारीख भी लिखी होगी। जिनका टीकाकरण होना है, उनका नाम पहले से ही तय होगा। केवल वही टीकाकरण केंद्र पर जा सकेंगे। वहां सत्यापन के बाद टीका लगेगा। फिर ऑब्जर्वेशन रूम में आधा घण्टा गुजारना होगा। इस अवधि में व्यक्ति के स्वास्थ्य में यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो तत्काल उसे आवश्यक चिकित्सकीय सहायता दिलाई जाएगी। इसके लिए विस्तृत प्रबन्ध किये जा रहे हैं। समीक्षा बैठक में वैक्सीनेशन के सम्बंध में एक प्रस्तुतिकरण देते हुए अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि पहले चरण में सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण होगा। करीब नौ लाख स्वास्थ्य कर्मियों के लिए 1500 स्थलों पर 3000 सत्र होंगे। इस तरह एक दिन में तीन लाख और तीन दिन में नौ लाख स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण होगा। चौथे दिन इस श्रेणी के छूटे हुए लोगों को एक अवसर दिया जाएगा। इसके बादए दूसरे चरण में पुलिस, जेल कर्मी, होमगार्ड, नगरीय निकायों के स्वच्छता कर्मियों और सर्विलांस आदि कार्यों में लगे राजस्व कर्मियों को टीका लगेगा। तीसरे चरण में 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोग तथा 50 वर्स से कम आयु के ऐसे लोग जो डायबिटीजए कैंसर आदि गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैंए उनका वैक्सीनेशन होगा। अपर मुख्य सचिवए स्वास्थ्य ने मुख्यमंत्री को बताया कि सभी जनपदों में आवश्यक तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। शेष कार्य तेजी के साथ जारी है।

**चलते रहेंगे कोविड सेंटर, कोविड हेल्प डेस्क:** मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि वैक्सीनेशन के बाद भी जनपद स्तर पर इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एंड कन्ट्रोल सेन्टर पूरी सक्रियता से क्रियाशील रहें। समस्त जिलाधिकारियों तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से प्रतिदिन सुबह कोविड चिकित्सालय में तथा शाम को इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में समीक्षा बैठक की जाए। प्रदेश में संचालित 65000 कोविड हेल्प डेस्क भी पूर्ववत चलती रहेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कोविड19 के उपचार एवं बचाव की प्रभावी व्यवस्था को बनाये रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि कोविड19 से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर सावधानी बरती जाए। इस सम्बन्ध में थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। इसके दृष्टिगत लोगों को विभिन्न प्रचार माध्यमों तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा कोविड19 से बचाव के बारे में लगातार जागरूक किया जाए।

## पंजाब के...

दौरान क्या बातें हुई इसका तो मैं खुलासा नहीं कर सकता लेकिन कुछ अच्छा होगा...जब कुछ अच्छे का विचार चल रहा होता है तो साथ ही यह डर भी रहता है कि कुछ गड़बड़ ना हो जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पंजाब को बहुत अच्छी तरह समझते हैं ,वह पूरे राज्य का दौरा कर चुके हैं और पार्टी का काम काज भी देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से उनकी पंजाब संबंधी सभी मुद्दों पर चर्चा हुई। ज्याणी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसानों को लेकर चिंतित हैं और उन्होंने यह भी कहा कि सरकार किसानों के हित में कुछ करने के लिए हमेशा तैयार है, लेकिन माओवादी इस (किसानों) आंदोलन में घुस गए हैं और इस मुद्दे (कृषि कानूनों) का समाधान होने नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री दूरदृष्टा हैं और किसानों को लेकर चिंतित हैं...माओवादी तत्व किसानों के आंदोलन में प्रवेश कर गए हैं और मामले का समाधान नहीं होने दे रहे हैं। कृषि कानूनों के बारे में पूछे जाने पर ज्याणी ने कहा, किसान संगठनों को कानूनों को निरस्त करने की अपनी मांग पर नहीं अड़ना चाहिए। सरकार किसानों के हित में कुछ भी करने को हमेशा तैयार रही है। उन्होंने कहा कि आंदोलन नेताविहीन है इसलिए उनसे वार्ता में दिक्कत आ रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि किसान संगठनों को सरकार से वार्ता के लिए एक या कुछ और नेता चयन करने चाहिए। पंजाब भाजपा के इन नेताओं की प्रधानमंत्री से मुलाकात सरकार और किसानों के बीच सोमवार को संपन्न हुई सातवें दौर की वार्ता के ठीक एक दिन बाद हुई है। उस बैठक में गतिरोध का कोई समाधान नहीं निकल सका था। अगले दौर की वार्ता आठ जनवरी को है।

### बजरंग पूनिया के अमेरिका में शिविर की समयसीमा एक महीने बढ़ाने को मंजूरी

**नई दिल्ली।** ओलंपिक की तैयारियों में लगे पहलवान बजरंग पूनिया का अमेरिका में अभ्यास के समय को एक महीने बढ़ाने की मंजूरी मिल गई है और अब उनका अभ्यास शिविर फरवरी के पहले सप्ताह तक चलेगा। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पूनिया ने पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल में तोक्यो खेलों के लिए क्वालीफाई कर रखा है। वह मिशीगन के क्लिफ कीन कुश्ती क्लब में चार दिसंबर से अभ्यास कर रहे है।

### साउथम्पटन ने लिवरपूल को 1–0 से हराया

**साउथम्पटन।** साउथम्पटन ने डैनी इंगिस के दूसरे मिनट में किए गए गोल के दम पर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में शीर्ष पर काबिज लिवरपूल को रविवार को यहां1-0 से हराया। इस जीत से साउथम्पटन के कोच राल्फ हसेनहेटल भावुक हो गए और अपने आंसू नही रोक पाए। लिवरपूल के पूर्व खिलाड़ी इंगिस ने दूसरे मिनट में साउथम्पटन को बढ़त दिला दी जो आखिर में निर्णायक साबित हुई। लिवरपूल पिछले तीन मैचों में जीत दर्ज नही कर पाया है।

### ग्रेग हॉकी टीम के विश्लेषणात्मक कोच

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ओलंपियन ग्रेग क्लार्क को तोक्यो ओलंपिक खेलो तक भारतीय पुरुष हॉकी टीम का नया विश्लेषणात्मक कोच नियुक्त किया गया है। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। क्लार्क इस महीने राष्ट्रीय शिविर मे टीम से जुड़ेंगे। वह इससे पहले 2013-14 में भारतीय जूनियर पुरुष टीम के कोच रह चुके है। तब भारतीय टीम ने सुल्तान जोहोर कप जीता था और नई दिल्ली में 2013 में एफआईएच जूनियर विश्व कप में भाग लिया था। वह 2017 से 2020 तक कनाडा की पुरुष टीम के सहायक कोच रहे थे।

### उप्र के रणजी के संभावितों में रैना और भुवनेश्वर नहीं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) ने मंगलवार को रणजी ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट के लिए 30 संभावित खिलाड़ियों के नाम की सूची जारी कर दी। इसमें अनुभवी बल्लेबाज सुरेश रैना और गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार का नाम शामिल नही है। रैना और भुवनेश्वर दोनों बेंगलुरू में होने वाले सैयद मुश्ताक अली टी-20 टूर्नामेंट के लिए उत्तर प्रदेश की टीम में शामिल है।

### बेंगलुरु की लगातार तीसरी हार, मुंबई सिटी तालिका में शीर्ष पर पहुंचा

**मडगांव।** मुंबई सिटी एफसी ने इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सातवें सत्र के मैच मे मंगलवार को यहां बेंगलुरु एफसी को 3-। से हराकर अंक तालिका में एक बार फिर से शीर्ष पर वापसी की।

# रोहित तीसरे टेस्ट में ले सकते है मयंक की जगह

## ● शारदुल और सैनी में फंसा पेंच

**भाषा।** सिडनी



भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए गुरूवार को जब मैदान में उतरेगी तो सलामी बल्लेबाज के तौर पर रोहित शर्मा का मयंक अग्रवाल की जगह टीम में शामिल होना लगभग पक्का है जबकि चोटिल उमेश यादव की जगह तीसरे तेज गेंदबाज के लिए शारदुल ठाकुर और नवदीप सैनी में किसी एक का चयन होगा। अग्रवाल पिछली आठ टेस्ट पारियों में से सात में बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रहे हैं जिससे टीम प्रबंधन को उनकी जगह रोहित को शामिल करने में ज्यादा परेशानी नहीं होगी। टीम प्रबंधन में हालांकि सैनी और शारदुल में से किसी एक के नाम पर सहमति नहीं बनी है। कुछ दिन पहले तक मुंबई के तेज गेंदबाज और निचले क्रम के उपयोगी बल्लेबाज शारदुल ठाकुर इसके लिए पहली पसंद बन कर उभरे थे लेकिन यह पता चला है कि कुछ वरिष्ठ खिलाड़ियों का मानना है कि भारत के सबसे तेज गेंदबाज सैनी अपनी गति से ऑस्ट्रेलियाई टीम को परेशान कर सकते हैं। भारतीय टीम ने दिन में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में नेट सत्र में अभ्यास किया जहां सभी की निगाहें रोहित शर्मा पर थीं। वह तेज गेंदबाजी और स्पिन दोनों के खिलाफ काफी सहज दिखे। तीसरे तेज गेंदबाज को लेकर फैसला करने में इसलिए भी देर हो रही है क्योंकि खराब मौसम के कारण मंगलवार को मुख्य पिच को ढक कर रखा गया था। बुधवार को पिच और परिस्थितियां देखने के बाद शायद टीम को फैसला करने में आसानी हो। अगर आकाश में बादल छाए रहे और पिच में नमी रही तो ठाकुर के चुने जाने की संभावना बढ़ेगी। पिच अगर सपाट हुई तो सैनी को मौका मिल सकता है। वह तेज गति से गेंदबाजी करने के साथ पुरानी गेंद से रिवर्स स्विंग हासिल करने में भी सक्षम है। ऐसी स्थिति में टेस्ट में यह सैनी का पदार्पण हो सकता है। शारदुल (अंतिम 11 में चुने जाने पर) के लिए भी यह पदार्पण मैच जैसा ही होगा। दो साल पहले आधिकारिक तौर पर उन्होंने जब पदार्पण किया था तब वह अपना पहला ओवर पूरा करने से पहले ही चोटिल हो गए थे। तेज गेंदबाजी के लिए भारत के पास टी नटराजन के रूप में एक और विकल्प है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज के लिए पिछले चार महीन शानदार रहे हैं। सोमवार को उन्होंने टेस्ट टीम की जर्सी में अपनी फोटो भी ट्वीट की। नटराजन को प्रथम श्रेणी के 20 मैचों का अनुभव है जहां उन्होंने लंबे प्रारूप (रणजी ट्राफी) में पिछले साल जनवरी में अपना आखिरी मैच खेला था। भारत की संभावित टीम (12 खिलाड़ियों में से): रोहित शर्मा, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), हनुमा विहारी, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह, शारदुल ठाकुर, नवदीप सैनी।

### सैनी की अतिरिक्त गति उसे एससीजी पर बेहतर विकल्प बनाती है : नेहरा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आशीष नेहरा का मानना है कि अतिरिक्त गति और उछाल हासिल करने की क्षमता नवदीप सैनी को आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट मे तीसरे तेज गेंदबाज के स्थान के लिए पहली पसंद बना सकती है। शारदुल ठाकुर और टी नटराजन भी अंतिम एकादश मे जगह बनाने की दौड़ मे शामिल है लेकिन बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज नेहरा का मानना है कि अगर क्रिकेट के तर्क के अनुसार चलें तो गुरुवार से शुरू हो रहे सिडनी टेस्ट मे सैनी का चयन होना चाहिए। नेहरा ने कहा, अगर आप टीम के संयोजन हो देखें, सैनी पहली पसंद है और शारदुल तथा नटराजन दोनों मोहम्मद शमी और उमेश यादव के विकल्प के तौर पर टीम मे शामिल किए गए है। इसलिए अगर टेस्ट टीम के शुरुआती चयन मे अगर सैनी उनसे आगे था तो मुझे कोई कारण नजर नही आता कि अब वह पिछड़ जाएगा।

### कलाई में मोच से राहुल टेस्ट श्रृंखला से बाहर



**सिडनी।** भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल मेलबर्न मे अभ्यास के दौरान कलाई मे चोट लगने के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी बचे दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राहुल वर्तमान श्रृंखला के पहले दो मैचों में नही खेले थे। चार मैचों की श्रृंखला का तीसरा मैच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर गुरुवार से खेला जाएगा। बीसीसीआई ने बयान मे कहा, एमसीजी (मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड) पर शनिवार को भारतीय टीम के अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स पर बल्लेबाजी करते हुए केएल राहुल की बाई कलाई मे मोच आ गई। इसमे कहा गया है, यह विकेटकीपर बल्लेबाज बोर्डर-गावस्कर ट्राफी के बाकी बचे दो मैचों के लिए उपलब्ध नही रहेगा क्योंकि उन्हे फिर से पूरी फिटनेस हासिल करने के लिए लगभग तीन सप्ताह का समय चाहिए। पता चला है कि यह बल्लेबाज नेट्स पर तीन थ्रोडाउन विशेषज्ञो मे से एक का सामना कर रहा था और इसी दौरान उनकी कलाई में मोच आ गई जिसके बाद उन्होंने आगे अभ्यास नही किया। राहुल ने अभी तक 36 टेस्ट मैच खेले है। विराट कोहली ने टेस्ट श्रृंखला के शुरू में कहा था कि राहुल को मध्यक्रम के उतारा जा सकता है लेकिन उन्हे पहले दो मैचों मे मौका नही मिला। राहुल टीम के साथ सिडनी पहुंचने के बाद मंगलवार को भारत के लिए रवाना हो गए। वह अब रिहैबिलिटेशन के लिए बेंगलुरू स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में जाएंगे। इस चोट के कारण उनका इंग्लैंड के खिलाफ पांच फरवरी से शुरू होने वाली चार मैचों की घरेलू श्रृंखला के शुरुआती मैचों मे खेलना भी संदिग्ध है। राहुल के बाहर होने का मतलब है कि मयंक अग्रवाल या हनुमा विहारी मे से किसी एक की अंतिम एकादश में जगह बनी रहेगी। यह उप कप्तान रोहित शर्मा के बल्लेबाजी क्रम पर निर्भर करेगा। विहार और अग्रवाल पिछले कुछ समय से अच्छी फार्म मे नही चल रहे है। रोहित अगर पारी का आगाज करते है तो फिर अग्रवाल को बाहर बैठना पड़ सकता है।

### साइना ने अभ्यास के लिए ट्रेनर एवं फिजियो से नहीं मिलने देने की शिकायत की



**बैंकॉक।** भारतीय खिलाड़ी साइना नेहवाल ने थाईलैंड में होने वाले आगामी टूर्नामेंटों से पहले कई प्रतिबंधों के साथ प्रशिक्षकों (ट्रेनर) और फिजियो से मिलने की अनुमति नहीं देने पर मंगलवार को विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की आलोचना करते हुए इन मुद्दों का जल्द से जल्द हल निकालने का आग्रह किया।लंदन ओलंपिक (2012) की कांस्य पदक विजेता ने बीडब्ल्यूएफ द्वारा कोविड–19 प्रोटोकॉल के तहत लगाए गए प्रतिबंधों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कई ट्वीट किए।साइना ने ट्वीट किया, जांच में सभी के नेगेटिव आने के बाद भी फिजियो और प्रशिक्षक हम से नहीं मिल सकते? हम चार सप्ताह तक खुद को फिट कैसे रखेंगे। हम बेहतर स्थिति में टूर्नामेंट खेलना चहते हैं। कृपया इसका हल निकालें। तोक्यो ओलंपिक के क्वालीफिकेशन हासिल करने के लिए साइना के पास मार्च तक का समय है, ऐसे में वह इस बात को लेकर चिंतित हैं कि उचित प्रशिक्षण की कमी से उनके प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है।

### लक्ष्मण को रोहित से वापसी पर शतक की उम्मीद

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि आस्ट्रेलियाई विकेट रोहित शर्मा की बल्लेबाजी शैली के लिए अनुकूल हैं और भारतीय उप कप्तान नई गेंद का अच्छी तरह से सामना करने के बाद सिडनी टेस्ट में बड़ा शतक बना सकता है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान चोट लगने के कारण रोहित आस्ट्रेलिया दौरे में सीमित ओवरों की श्रृंखला और पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे। लक्ष्मण का मानना है कि रोहित को गुरुवार से शुरू होने वाले सिडनी टेस्ट में खराब फार्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल की जगह टीम में रखना चाहिए। अग्रवाल ने अभी तक 17, 09, 00 और 05 रन की पारियां खेली हैं। लक्ष्मण ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट कनेक्टेड में कहा, भारतीय क्रिकेट टीम रोहित शर्मा की वापसी से बेहद खुश होगी विशेषकर तब जबकि विराट कोहली टीम में नहीं हैं। आप भारतीय टीम में अधिक अनुभव चाहते हो क्योंकि अब सिडनी में 2–। से बढ़त बनाने और फिर 3–। से श्रृंखला जीतने का अच्छा मौका है।

### भविष्य के कप्तान हेड को तकनीकी कमजोरियों पर काम करने की जरूरत : वार्न

**सिडनी।** अपने जमाने के लेग दिग्गज स्पिनर शेन वार्न ने कहा कि मध्यक्रम के बल्लेबाज ट्रेविस हेड आस्ट्रेलिया के भविष्य के कप्तान हो सकते हैं लेकिन अभी जब तक वह अपनी तकनीकी कमजोरियों पर काम नहीं करते हैं, उन्हें टीम से हटा देना चाहिए। हेड ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में तीन पारियों में सात, 38 और 17 रन बनाए जिससे वार्न निराश हैं। वार्न ने फॉक्स क्रिकेट से कहा, हम जानते हैं कि वह (हेड) प्रतिभाशाली है और संभवत: भविष्य का कप्तान है। यह संभव है लेकिन पहले उसे टीम में अपनी जगह पक्की करनी होगी और वर्तमान में मैं उसे टीम में नहीं रखूंगा। उसकी कुछ तकनीकी कमजोरियां हैं जिन्हें उसे पहले दूर करना होगा। आस्ट्रेलिया के पूर्व आलराउंडर एंड्रयू साइमंड्स ने भी वार्न की बात पर सहमति जताई और कहा कि वह अपनी गलतियों से विकेट गंवा रहे हैं और उन्हें अपनी बल्लेबाजी पर काम करने की जरूरत है।

### जोकोविच और नडाल आस्ट्रेलिया में दूसरे एटीपी कप में वापसी के लिए तैयार



**सिडनी।** एटीपी कप के चैंपियन नोवाक जोकोविच और उप विजेता राफेल नडाल एक फरवरी से शुरू होने वाली इस पुरुष टीम टेनिस प्रतियोगिता में वापसी के लिए तैयार हैं लेकिन प्रारूप में बदलाव के कारण अमेरिकी टीम इसमें भाग नहीं ले पाएगी। पहला एटीपी कप पिछले साल खेला गया था जिसमें 24 टीमों ने भाग लिया था। यह टूर्नामेंट आस्ट्रेलिया के तीन शहरों में खेला गया तथा सिडनी में खेले गए फाइनल में जोकोविच की सर्बियाई टीम ने नडाल की स्पेनिश टीम को हराकर खिताब जीता था। इस बार यह प्रतियोगिता एक से पांच फरवरी के बीच आयोजित की जाएगी जिसमें 12 टीमें भाग लेंगी। कोविड–19 महामारी के कारण इस बार पूरी प्रतियोगिता डब्ल्यूटीए और एटीपी टूर्नामेंटों के साथ मेलबर्न पार्क में ही खेली जाएगी। इसके बाद आस्ट्रेलियाई ओपन का आयोजन होगा। ड्रा 20 जनवरी को डाले जाएंगे। टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्एक ग्रुप में टीमें राउंड रोबिन आधार पर एक दूसरे से भिड़ेंगी और शीर्ष पर रहने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। एटीपी कप में प्रत्एक टीम के शीर्ष खिलाड़ी के आधार पर रैंकिंग दी जाती है। मेजबान आस्ट्रेलिया को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। इसमें भाग लेने वाले अन्य देशों में सर्बिया, स्पेन, आस्ट्रिया, रूस, यूनान, जर्मनी, अर्जेंटीना, इटली, जापान, फ्रांस और कनाडा शामिल हैं।


### दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को 10 विकेट से हराया

**जोहानिसबर्ग।** लुंगी एनगिडी और लुथो सिपामला की धारदार गेंदबाजी से श्रीलंका को दूसरी पारी में 211 रन पर समेटने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे ही दिन लंच के बाद 10 विकेट से जीत हासिल करके दो मैचों की श्रृंखला 2–0 से अपने नाम कर ली। श्रीलंका के 67 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने ऐडन मार्कराम (नाबाद 36) और डीन एल्गर (नाबाद 31) की पारियों की बदौलत 13.2 ओवर में बिना विकेट खोए 67 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले एनगिडी ने 44 रन देकर चार जबकि सिपामला ने 40 रन देकर तीन विकेट विकेट चटकाए जिससे कप्तान दिमुथ करूणारत्ने (103) के शतक के बावजूद टीम 56.5 ओवर में सिमट गई। श्रीलंका की टीम ने पहली पारी में 157 रन बनाए थे जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 302 रन बनाकर 145 रन की बढ़त हासिल की थी। दक्षिण अफ्रीका ने पहला टेस्ट भी पारी और 45 रन से जीता था। यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है और दक्षिण अफ्रीका ने पूरे 120 अंक हासिल किए। श्रीलंका ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 150 रन से की।

# वार्नर तीसरे टेस्ट में खेल सकते हैं

## पुकोवस्की भी पदार्पण के लिए तैयार : लैंगर

**भाषा।** सिडनी



आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को योद्धा करार देते हुए कहा कि उन्होंने फिटनेस हासिल करने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास किए और वह भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में खेल सकते हैं। लैंगर ने इसके साथ ही कहा कि युवा बल्लेबाज विल पुकोवस्की गुरुवार से शुरू होने वाले मैच से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे। वार्नर और पुकोवस्की पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे। वार्नर जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव से परेशान थे जबकि पुकोवस्की सिर में लगी हल्की चोट से जुड़ी परेशानियों के कारण बाहर थे। लैंगर ने वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे पूरी उम्मीद है कि डेविड (वार्नर) तीसरे टेस्ट मैच के लिए तैयार रहेगा। वह योद्धा है। मैं पहले दिन से कह रहा हूं कि वह मैच फिट होने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास कर रहा है। उसको चलने में कोई दिक्कत नहीं है। वह खेलने के लिए प्रतिबद्ध है। उसे प्रतिस्पर्धा प्यारी है और उसे क्रिकेट खेलना पसंद है। हम शाम को उसके अभ्यास पर गौर करेंगे और उस पर चर्चा करेंगे। लेकिन उसके टेस्ट मैच में खेलने की पूरी संभावना है। लैंगर ने इसके साथ ही कहा कि 22 वर्षीय पुकोवस्की को खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। भारत के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान उनके सिर में हल्की चोट लग गई थी। मुख्य कोच ने कहा, उन्हें चिकित्सकों ने फिट घोषित कर दिया है और यह उसके, उसके परिवार और इसमें शामिल हर व्यक्ति के लिए बहुत अच्छी खबर है। वार्नर ने लगभग पिछले एक साल से चार दिवसीय मैच नहीं खेले हैं लेकिन लैंगर ने कहा कि यह चिंता का विषय नहीं है क्योंकि इस सलामी बल्लेबाज का अपार अनुभव उन्हें उन्हें बिना किसी परेशानी के लंबे प्रारूप में खेलने में मदद करेगा। उसने हाल में स्टीव स्मिथ की तरह सीमित ओवरों की काफी क्रिकेट खेली। डेवी (वार्नर) लगभग 12 महीनों से लंबे प्रारूप में नहीं खेला है लेकिन उसने काफी क्रिकेट खेली है और उसका अनुभव उसे मदद करेगा। इसमें कोई संदेह नहीं है।

### लैंगर ने भारत के प्रदर्शन की प्रशंसा की

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने मंगलवार को कहा कि भारतीय टीम ने अब तक विशेषकर गेंदबाजी विभाग में बेहद अनुशासित प्रदर्शन किया है और साथ ही विश्वास जताया कि उनकी टीम गुरुवार से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट मैच से पूर्व बल्लेबाजी की अपनी कमजोरियो को दूर करने मे सफल रहेगी। लैंगर से वर्तमान श्रृंखला में आस्ट्रेलिया के कम स्कोर पर आउट होने के बारे में पूछा गया तो उन्होने इसके कई कारण बताए जिनमें भारतीयों की सटीक और घातक गेंदबाजी प्रमुख है। लैंगर ने कहा, पिछली दो श्रृंखलाओं में उनका सबसे मजबूत पक्ष अनुशासन रहा है। वे (भारतीय) बेहद अनुशासित रहे है।

### विलियमसन का दोहरा शतक, न्यूजीलैंड ने पाक पर शिकंजा कसा

**क्राइस्टचर्च।** कप्तान केन विलियमसन के चौथे दोहरे शतक तथा हेनरी निकोल्स और डेरेल मिचेल की उम्दा पारियों से न्यूजीलैंड ने मंगलवार को यहां अपनी पहली पारी में 362 रन की विशाल बढ़त हासिल करके पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। विलियमसन ने लगभग नौ घंटे तक बल्लेबाजी करके 238 रन बनाए जिसके लिए उन्होंने 364 गेंदें खेली तथा 28 चौके लगाए। उन्होंने हेनरी निकोल्स (157) के साथ चौथे विकेट के लिए 369 रन जोड़े। इस रिकार्ड साझेदारी से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के 297 रन के जवाब में अपनी पहली पारी छह विकेट पर 659 रन बनाकर समाप्त घोषित की। विलियमसन ने पारी समाप्त घोषित करने में देर की जिससे आलराउंडर डेरिल मिचेल (नाबाद 102) अपना पहला टेस्ट शतक पूरा कर सकें। पाकिस्तान ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में 11 ओवरों में एक विकेट पर आठ रन बनाए हैं और उसे पारी की हार से बचने के लिए अब भी 354 रन की जरूरत है।

### बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण रिकार्ड 192.87 लाख करोड़ पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण मंगलवार को उछलकर 192.87 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। शेयर बाजार में लगातार तेजी से कंपनियों का बाजार मूल्यांकन बढ़ा है। शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार 10वें कारोबारी सत्र में तेजी रही। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 2,883.82 अंक यानी 6.33 प्रतिशत उछलकर मंगलवार को 48,437.78 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 10 कारोबारी सत्रों में 14,08,195.89 करोड़ रुपए उछलकर रिकार्ड।,92,87,518.94 करोड़ रुपए (2,600 अरब डॉलर) पर पहुंच गया। देश में कोविड–19 के दो टीकों को मंजूरी मिलने के बाद से निवेशकों में भरोसा बढ़ा है जिसका असर बाजार पर पड़ रहा है।

### कोविड वैक्सीन की मंजूरी से स्वास्थ्य, आर्थिक मोर्चे पर उम्मीदें बढ़ीं: वित्त मंत्रालय रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक आर्थिक रिपोर्ट में कहा है कि कोविड–19 वैक्सीन की मंजूरी से स्वास्थ्य और आर्थिक मोर्चे पर आशावाद को बल मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, त्योहारी मौसम और सर्दियों के मौसम की शुरुआत के बावजूद कोविड–19 के प्रभावी प्रबंधन, उच्च आवृत्ति संकेतकों में लगातार सुधार और वी–आकार के उभार के साथ ही लॉकडाउन के प्रतिबंधों में ढील दिए जाने से भारतीय अर्थव्यवस्था कोरोना वायरस महामारी का मुकाबला कर सकी। नए साल की शुरुआत लंबे समय से प्रतीक्षित कोविड–19 वैक्सीन की मंजूरी और विभिन्न देशों में टीकाकरण की शुरुआत के साथ हुई। वित्त मंत्रालय की दिसंबर की मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया, दुनिया भर में मामलों में बढ़ोतरी और नए स्ट्रेन की आशंका के बावजूद इससे स्वास्थ्य और आर्थिक मोर्चे, दोनों पर आशावाद को बल मिला। भारत में साप्ताहिक और दैनिक संक्रमण के मामलों में कमी आई है और वह कोविड की गति को झुकाने में सफल रहा है।

### एपीडा ने मांस निर्यात नियमावली से हलाल शब्द हटाया

**नई दिल्ली।** कृषि निर्यात से संबंधित संस्था एपीडा ने अपनी रेड मीट नियमावली से हलाल शब्द को हटा दिया है और यह स्पष्ट किया है कि निर्यात के उद्देश्य से जानवरों का वध आयातक देश या खरीदार की मांस संबंधी जरूरत के अनुसार किया गया है। इस कदम का दक्षिणपंथी संगठनों ने स्वागत किया है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण द्वारा जारी संशोधित रेड मीट नियमावली में लिखा है, जानवरों का वध देशा आयातक की जरूरत के अनुसार किया गया है।

### म्यूचुअल फंड संपत्ति आधार में दिसंबर तिमाही में 7.6 प्रतिशत वृद्धि, 29.71 लाख करोड़ रुपए पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** म्यूचुअल फंड का संपत्ति आधार दिसंबर में समाप्त तिमाही में 7.6 प्रतिशत बढ़कर 29.71 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। मुख्य रूप से इक्विटी बाजार में तेजी से बाजार मजबूत हुआ। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़े के अनुसार उद्योग की प्रबंधन अधीन औसत परिसंपत्ति इससे पिछली तिमाही (जुलाई–सितंबर) में 27.6 लाख करोड़ रुपए थी। यह आंकड़ा 45 इकाइयों का मिलाकर है।

# ‘एक राष्ट्र- एक गैस ग्रिड पर काम कर रही सरकार’

## ● देश में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी होगी दुगुनी

**भाषा।** नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ऊर्जा क्षेत्र को लेकर अपनी सरकार का खाका देश के समक्ष रखते हुए कहा कि ऊर्जा उपभोग में स्वच्छ प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को दोगुने से अधिक किया जाएगा और पूरे देश को एक गैस पाइपलाइन ग्रिड से जोड़ा जाएगा ताकि लोगों और उद्योगों को किफायती ईंधन मुहैया कराया जा सके। प्रधानमंत्री ने 450 किलोमीटर लंबी कोच्चि–मंगलुरू प्राकृतिक गैस पाइपलाइन राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा कि उनकी सरकार आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए राजमार्ग, रेलवे, मेट्रो, विमानन, जल, डिजिटल और गैस संपर्क पर अभूतपूर्व काम कर रही है। इस पाइपलाइन को तीन हजार करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है। एक तरफ पांच–छह साल में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के नेटवर्क को दोगुना कर करीब 32 हजार किलोमीटर का बनाया जा रहा है, दूसरी ओर गुजरात में सौर व पवन ऊर्जा को मिलाकर दुनिया के सबसे बड़े हाइब्रिड अक्षय ऊर्जा संयंत्र पर काम चल रहा है। इनके अलावा आवागमन के इलेक्ट्रिक साधनों के साथ ही जैव ईंधन के विनिर्माण पर जोर दिया जा रहा है। उपाय देश को प्रदूषण फैलाने वाले कोयला तथा तरल ईंधनों पर उच्च निर्भरता कम करने में मदद करेंगे। अभी देश की कुल ऊर्जा जरूरत में 58 प्रतिशत की पूर्ति कोयले से होती है, जबकि पेट्रोलियम व अन्य तरल ईंधन 26 प्रतिशत योगदान देते हैं। देश में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न ऊर्जा संसाधनों में प्राकृतिक गैस की महज छह प्रतिशत और अक्षय ऊर्जा की दो प्रतिशत से भी कम हिस्सेदारी है। ऊर्जा संसाधनों में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी अभी के 6.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 2030 तक 15 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य है। यह अपेक्षाकृत स्वच्छ विकल्प है और इसे पाइपलाइन से ढोया जा सकता है, जिससे वाहनों के माध्यम से होने वाली ढुलाई में खर्च होने वाले ईंधन की बचत में भी मदद मिलेगी।

इसके साथ ही 10 साल की अवधि में गन्ना व अन्य कृषि उत्पादों से तैयार इथेनॉल करीब 20 प्रतिशत पेट्रोल का स्थानापन्न कर देगा। यह ईंधन की जरूरतों की पूर्ति के लिए तेल के आयात पर देश की निर्भरता के साथ ही कार्बन का उत्सर्जन कम करेगा। सौर व पवन ऊर्जा के उपलब्ध पर्याप्त स्रोतों का इस्तेमाल कर अक्षय ऊर्जा से बिजली के उत्पादन पर ध्यान देने तथा बैटरी से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देने से भारत को सीओपी–21 के कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को पाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार पूरे देश को एक पाइपलाइन ग्रिड से जोड़ने का लक्ष्य लेकर काम कर रही है। यह स्वच्छ ईंधनों की उपलब्धता को बेहतर बनाएगा और साथ ही शहरी गैस परियोजनाओं में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार को राष्ट्र को समर्पित नया पाइपलाइन उसी योजना का हिस्सा है। यह पेट्रोरसायन संयंत्रों और उर्वरक जैसे उद्योगों तक ईंधन पहुंचाने में मदद करेगा। इसके साथ ही इस पाइपलाइन से रास्ते में पड़ने वाले शहरों में वाहनों को सीएनजी और रसोईघरों को पाइप से गैस की आपूर्ति करने में मदद मिलेगी। यह कोच्चि में स्थित पचास लाख टन सालाना द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आयात टर्मिनल को अपनी पूरी क्षमता हासिल करने में भी मदद करेगा।

### रुपया 15 पैसे गिरकर 73.17 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की वजह से निवेशकों में जोखिम उठाने की क्षमता प्रभावित हुई और यूरोप में लॉकडाउन के कारण अधिकांश एशियाई मुद्राओं के अनुरूप अन्तरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया भी अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 15 पैसे की गिरावट दर्शाता 73.17 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

बाजार सूत्रों ने कहा कि हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों के निर्बाध निवेश जारी रहने तथा विदेशी बाजारों में डॉलर के कमजोर होने से रुपए की गिरावट पर कुछ अंकुश लग गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 73.02 प्रति डॉलर पर अपरिवर्तित रुख के साथ खुला। यह कारोबार के दौरान 73.27 प्रति डॉलर के निम्नस्तर तथा 73.02 प्रति डॉलर के उच्चस्तर स्तर तक भी गया।

### कोरोना टीके के विकास, आपूर्ति के लिए मिलकर काम करेंगी सीरम इंस्टीट्यूट, भारत बायोटेक

**नई दिल्ली।** सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) और भारत बायोटेक ने मंगलवार को कहा कि वे भारत तथा विश्व स्तर पर कोविड–19 टीकों के विकास, विनिर्माण तथा आपूर्ति के लिए मिलकर काम करेंगी। दोनों कंपनियों की ओर से जारी एक संयुक्त बयान में एसआईआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अदार पूनावाला और भारत बायोटेक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कृष्णा एल्ला ने भारत समेत दुनिया के लिए कोविड–19 टीकों के विकास, विनिर्माण तथा आपूर्ति के अपने संयुक्त इरादे के साथ काम करने की घोषणा की। उनके सामने सबसे महत्वपूर्ण कार्य भारत और विश्व स्तर पर जीवन व आजीविका को बचाना है। टीका सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी वैश्विक वस्तु हैं। उनमें जीवन को बचाने और जल्द से जल्द आर्थिक पुनरुद्धार को तेज करने की शक्ति है। भारत में दो टीके के आपात उपयोग की मंजूरी मिल चुकी है। ऐसे में अब ध्यान इसके विनिर्माण, आपूर्ति व वितरण पर है कि आबादी के जिस हिस्से को इसकी सबसे अधिक जरूरत है, उसे उच्च गुणवत्तायुक्त, सुरक्षित व प्रभावी तरीके से टीका मिले।

# बैंक, आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स, निफ्टी नई ऊंचाईयों पर

## ● लगातार दसवें दिन तेजी

**भाषा।** मुंबई



शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दसवें दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 261 अंक उछलकर नए रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ। वित्तीय और आईटी कंपनियों के शेयरों में मजबूत लिवाली से बाजार में तेजी रही।कारोबारियों के अनुसार निरंतर विदेशी पूंजी प्रवाह से बाजार को समर्थन मिला। हालांकि, रुपए की विनिमय दर में गिरावट से तेजी पर कुछ अंकुश लगा। कारोबार की शुरुआत में नकारात्मक रुख रहने के बावजूद 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती गिरावट से उबरते हुए अंत में 260.98 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की चढ़कर 48,437.78 अंक नए रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 48,486.24 अंक के उच्चस्तर तक गया। सेंसेक्स सात कारोबारी सत्रों में रिकार्ड स्तर पर रहा है।

### फास्टैग के जरिए दिसंबर में पथकर संग्रह बढ़ा

**नई दिल्ली।** फास्टैग के जरिए पथकर संग्रह दिसंबर 2020 में बढ़कर 2,303.79 करोड़ रुपए पहुंच गया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने मंगलवार को कहा कि पिछले महीने के मुकाबले पथकर संग्रह 201 करोड़ रुपए अधिक रहा है। इसी प्रकार, फास्टैग के जरिए पथकर लेन-देन में 1.35 करोड़ की वृद्धि हुई। सरकार ने एक जनवरी, 2021 से फास्टैग के क्रियान्वयन को अनिवार्य किया था।

### ब्रिटेन ने एकमुश्त अनुदान की घोषणा की

**लंदन।** ब्रिटेन के वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने मंगलवार को घोषणा की कि लॉकडाउन से प्रभावित खुदरा, होटल-रेस्तरां जैसे प्रभावित क्षेत्रों की मदद और रोजगार को बचाने के लिए 9,000 पौंड तक का एकमुश्त अनुदान दिया जाएगा। ब्रिटेन में कोरोना वायरस के नए प्रकार के संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए कड़ाई से लागू किए जा रहे लॉकडाउन के बीच यह घोषणा की गई है।

### टाटा पावर और सिडबी ने हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** टाटा पावर ने मंगलवार को कहा कि उसने छोटे और मझोले उद्योगों को छत पर सौर प्रणाली योजना के वित्त पोषण के लिए सिडबी के साथ साझेदारी की है। टाटा पावर ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र मे सौर ऊर्जा के प्रसार मे एक बड़ी बाधा आसान वित्त पोषण का न होना है। कंपनी ने बयान में कहा कि इस चुनौती का समाधन करने के लिए टाटा पावर ने भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के साथ साझेदारी की है।

### 25 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी फिएट

**नई दिल्ली।** वाहन बनाने वाली कंपनी फिएट क्राइसलर ऑटोमोबाइल्स (एफसीए) ने मंगलवार को कहा कि वह अपने स्थानीय उत्पादों का विस्तार करने के उद्देश्य से चार नई जीप एसयूवी के उत्पादन पर भारत मे 25 करोड़ डॉलर (लगभग।,825 करोड़ रुपए) का निवेश करेगी।

# पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट ने तोड़े गए मंदिर के पुनर्निर्माण के आदेश दिए

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को इवैक्यू प्रॉपर्टी ट्रस्ट बोर्ड (ईपीटीबी) को आदेश दिया कि एक सदी से अधिक पुराने उस हिंदू मंदिर का पुनर्निर्माण प्रारंभ करें, जिसे पिछले हफ्ते खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भीड़ ने तोड़ दिया था और उसमें आग लगा दी थी। न्यायालय ने कहा कि इस हमले से देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है। डॉन अखबार ने खबर दी कि उच्चतम न्यायालय ने हमले का संज्ञान लिया था और स्थानीय अधिकारियों को पांच जनवरी को अदालत में पेश होने के आदेश दिए थे। न्यायालय ने बोर्ड को निर्देश दिया कि पाकिस्तान में ऐसे सभी मंदिरों एवं गुरुद्वारों का ब्यौरा अदालत को सौंपे जो चालू या बंद हैं।

खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले के टेरी गांव में बुधवार को मंदिर पर कट्टरपंथी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम पार्टी (फजल उर रहमान समूह) के सदस्यों द्वारा हमले की मानवाधिकार समूहों एवं अल्पसंख्यक हिंदू नेताओं ने कड़ी निंदा की है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश गुलजार अहमद की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने ईपीटीबी को निर्देश दिया कि देश भर के मंदिरों में अतिक्रमण को हटाएं और अतिक्रमण में संलिप्त अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई करें।

न्यायमूर्ति अहमद ने कहा कि करक की घटना ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदा किया है। ईपीटीबी एक स्वायत्तशासी बोर्ड है जो विभाजन के बाद भारत चले गए हिंदुओं और सिखों की धार्मिक संपत्तियों और मंदिरों एवं गुरुद्वारों का प्रबंधन करता है। सुनवाई के दौरान खैबर पख्तूनख्वा के मुख्य सचिव, पुलिस प्रमुख और अल्पसंख्यक अधिकारों के आयोग के प्रमुख डॉ. शोएब सडल भी मौजूद थे। अखबार ने लिखा कि सडल ने करक जिले में मंदिर का दौरा किया और मामले में विस्तृत रिपोर्ट सोमवार को उच्चतम न्यायालय को सौंपी। उन्होंने अदालत से कहा कि प्रांतीय ईपीटीबी ने मंदिर की रक्षा नहीं की। उच्चतम न्यायालय ने अल्पसंख्यक अधिकारों के आयोग के एक सदस्ईय टीम को हमले की जांच करने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति इजाजुल अहसान ने इसके बाद पुलिस प्रमुख से पूछा कि जब मंदिर के पास पुलिस जांच चौकी थी तो हमला कैसे हो सकता है। न्यायाधीश ने पूछा, आपकी खुफिया एजेंसियां कहां थीं? पुलिस प्रमुख ने अदालत से कहा कि घटना के दिन मंदिर के पास जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल का प्रदर्शन चल रहा था, जो मौलाना फैजुल्लाह द्वारा प्रायोजित था।

पुलिस प्रमुख ने कहा, प्रदर्शन स्थल पर मौजूद छह उलेमाओं में से केवल मौलाना मोहम्मद शरीफ ने भीड़ को उकसाया। अधिकारी ने अदालत को सूचित किया कि हमले में संलिप्त 109 लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि उस वक्त ड्यूटी पर मौजूद पुलिस अधीक्षक और पुलिस उपाधीक्षक सहित 92 पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। मुख्य न्यायाधीश अहमद ने कहा कि निलंबन पर्याप्त नहीं है। न्यायाधीश ने ईपीटीबी के अध्यक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें सरकार की मानसिकता के साथ अध्यक्ष पद पर नहीं बैठना चाहिए। दालत ने निर्देश दिया, आपके कर्मचारी मंदिरों एवं गुरुद्वारे की जमीन पर व्यवसाय कर रहे हैं। उन्हें गिरफ्तार कीजिए और मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू कराइए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए मौलवी शरीफ से धन लिया जाना चाहिए।



ईरान में अपने गंतव्य की ओर भेजे जाने से पहले सेना ने ड्रोन का किया प्रदर्शन किया

# दक्षिण अफ्रीका में भारतीय मूल के मादक पदार्थ तस्कर की हत्या

**भाषा।** जोहानिसबर्ग

**दक्षिण अफ्रीका** में भारतीय मूल के एक कथित मादक पदार्थ तस्कर की उसके ही घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद उसके गुस्साए समर्थकों ने दो संदिग्ध हत्यारों के सिर काट दिए और उनके शवों को आग के हवाले कर दिया।

टेडी माफिया के नाम से मशहूर यागनाथन पिल्लई को उसके शैल्क्रॉस स्थित घर पर सिर में दो बार गोली मारी गई। स्थानीय पुलिस के अनुसार पिल्लई से कोई मिलने आने वाला था, इसलिए उसकी बेटी ने दो लोगों को घर में आने दिया। इसके बाद उसने गोली की आवाज सुनी।

पुलिस के अनुसार, समुदाय के कुछ लोग पिल्लई को एक स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां उसने दम तोड़ दिया। इस दौरान कुछ अन्य लोगों ने दोनों कथित हत्यारों को घेर लिया, उन्हें मारा-पीटा, गोली मारी और उनके सिर काटकर सड़क पर ही उनके शवों को आग के हवाले कर दिया।पिल्लई (59) के घर पिछले साल छापेमारी की गई थी और उसके खिलाफ अवैध रूप से हथियार और गोला बारूद रखने का मामला दर्ज किया गया था। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि पिल्लई यहां बहुत लोकप्रिय था, उसे यहां का रॉबिन हुड माना जाता था। वह हमेशा समुदाय के लोगों की मदद करता था, चाहे वह अवैध धन से ही क्यों न हो।पुलिस प्रवक्ता ब्रिगेडियर जै नैकर ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस और निजी सुरक्षा अधिकारियों पर भी समुदाय के लोगों ने गोली चलाई। इसके बाद भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पब्लिक ऑर्डर पोलिसिंग यूनिट को बुलाया गया। इलाके में स्थिति अब भी तनावपूर्ण बनी हुई है।इलाके में मादक पदार्थ तस्करों के बीच दबदबा कायम करने को लेकर काफी समय से लड़ाई जारी है और पिछले 10 महीने में पिल्लई, उसके 32 वर्षीय बेटे सहित कई लोगों की हत्या कर दी गई।

> ● पिल्लई (59) के घर पिछले साल छापेमारी की गई थी और उसके खिलाफ अवैध रूप से हथियार और गोला बारूद रखने का मामला दर्ज किया गया था

# राष्ट्रपति पद के लिए लड़ाई जारी रखूंगा: ट्रंप

**एपी।** डाल्टन (अमेरिका)

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह राष्ट्रपति पद पर बने रहने के लिए जी-जान से लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने रिपब्लिकन सांसदों से भी नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन की जीत को पलटने के लिए प्रयास करने को कहा है।

इस सप्ताह संसद की बैठक होगी जिसमें इलेक्टोरल कॉलेज वोट के नतीजों की पुष्टि की जाएगी। ट्रंप समर्थकों ने सोमवार रात को जॉर्जिया में रैली निकाली। ट्रंप ने समर्थकों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन व्हाइट हाउस नहीं पहुंचने वाले हैं। ट्रंप ने कहा कि उनकी यात्रा का मकसद संसद की बैठक से पहले रिपब्लिकन सांसदों का उत्साह बढ़ाना है, लेकिन अपने संबोधन में अधिकतर समय उन्होंने चुनाव पर ही चर्चा की और कहा कि जीत हमारी हुई है। इससे पहले ट्रंप ने वाशिंगटन में रिपब्लिकन सांसदों से जोर दिया कि वे बुधवार को होने वाले संसद के संयुक्त सत्र में औपचारिक रूप से विरोध दर्ज कराएं। संसद के सत्र में जो बाइडन के जीत की पुष्टि की जानी है।हालांकि ट्रंप के इस अड़ियल रुख पर कई लोग विरोध जता चुके हैं। अमेरिका के 10 जीवित पूर्व रक्षा मंत्रियों ने एक लेख में लिखा, नतीजों पर सवाल खड़ा करने का समय खत्म हो गया है। जॉर्जिया में चुनाव प्रचार के लिए मौजूद उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने कहा, मैं आपसे वादा करता हूं कि बुधवार को संसद में हमारा दिन होगा।



## ट्रंप के समर्थकों के प्रदर्शन के मद्देनजर वाशिंगटन डीसी के मेयर ने नेशनल गार्ड की तैनाती की मांग की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस में बुधवार को होने वाले संभावित मतदान को लेकर निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों के पूर्वनिर्धारित प्रदर्शन के मद्देनजर मेयर ने हिंसा की आशंका को देखते हुए राजधानी में नेशनल गार्ड के जवानों की तैनाती की मांग की है। मतदान नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन की जीत सुनिश्चित करेगा। ट्रंप के समर्थक उनके चुनावी धोखाधड़ी के दावे के समर्थन में मंगलवार और बुधवार को रैली निकालने की योजना बना रहे हैं। ट्रंप समर्थकों के प्रदर्शन के मद्देनजर वाशिंगटन डीसी के महापौर ने नेशनल गार्ड की तैनाती के लिए अनुरोध किया है।वाशिंगटन डीसी के कार्यवाहक पुलिस प्रमुख रॉबर्ट कौंटी ने सोमवार को कहा, ऐसी आशंका है कि शहर में हथियारों से लैस लोग आ सकते हैं। इससे पहले दिसंबर में ट्रंप समर्थकों की रैली में हिंसा हुई थी। ट्रंप लगातार ऐसे प्रदर्शनों को बढ़ावा देते हैं और उन्होंने निजी तौर पर इनमें शामिल होने के संकेत भी दिए हैं। सप्ताहांत में उन्होंने रैली के समर्थन में ट्वीट किया, मैं भी वहां मौजूद रहूंगा। ऐतिहासिक दिन।

# नववर्ष पर सबसे अधिक करीब 60,000 बच्चों का जन्म भारत में हुआ : यूनिसेफ

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** की बाल संस्था यूनिसेफ के अनुसार नववर्ष पर दुनियाभर में 3,71,500 से अधिक बच्चों का जन्म हुआ और इनमें सबसे अधिक करीब 60,000 शिशुओं का जन्म भारत में हुआ है।

यूनिसेफ ने कहा कि दुनियाभर में नए साल के पहले दिन 3,71,504 शिशुओं का जन्म हुआ। 2021 के पहले बच्चे का जन्म फिजी में और आखिरी बच्चे का जन्म अमेरिका में हुआ।संस्था ने कहा कि विश्वभर में जन्मे बच्चों की करीब आधी संख्या 10 देशों - भारत (59,995), चीन (35,615), नाइजीरिया (21,439), पाकिस्तान (14,161), इंडोनेशिया (12,336), इथियोपिया (12,006), अमेरिका (10,312), मिस्र (9,455), बांग्लादेश (9,236) और कांगो गणराज्य (8,640) से है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि 2021 में 1.40 करोड़ बच्चों के जन्म का अनुमान है और उनकी औसत उम्र 84 साल होने की संभावना है।यूनिसेफ की कार्यकारी निदेशक हेनरीटा फोर ने सभी देशों से 2021 को बच्चों के लिहाज से भेदभाव रहित, सुरक्षित और स्वस्थ वर्ष बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, आज के दिन जन्मे बच्चे यहां तक कि एक साल पहले जन्मे शिशुओं से भी अलग दुनिया में आए हैं। नया साल उनके लिए नए अवसर लेकर आए। वर्ष 2021 में यूनिसेफ की स्थापना के 75 साल पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर यूनिसेफ और इसकी सहयोगी संस्थाएं संघर्ष, बीमारी और जीवन जीने के अधिकार की रक्षा के साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए लिए किए गए कामों का जश्न मनाएंगी और इस अवसर पर कई कार्यक्रम का आयोजन तथा घोषणाएं करेंगी। फोर ने कहा, आज दुनिया वैश्विक महामारी, अर्थव्यवस्था में गिरावट, बढ़ती गरीबी और बढ़ती असमानता के दौर से गुजर रही है, ऐसे में यूनिसेफ के काम की हमेशा की तरह बहुत जरूरत है। उन्होंने कहा, पिछले 75 साल से यूनिसेफ संघर्ष, विस्थापन, प्राकृतिक आपदाओं और संकट के दौर में दुनिया के बच्चों के लिए मौजूद रहा। नववर्ष के आगाज के साथ बच्चों के अधिकारों के प्रति हम अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं और यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाई जाए, चाहे वह दुनिया के किसी भी कोने में रहें। कोविड-19 को देखते हुए यूनिसेफ ने बच्चों के लिए रीइमैजिन अभियान समेत कई कार्यक्रम शुरू किए।



व्हाइट हाउस में सोशल मीडिया डायरेक्टर डेन स्केवीनो इंवाका ट्रंप (डोनाल्ड ट्रंप की बेटी) की तस्वीर लेते हुए

# मैक्सिको ने आपात इस्तेमाल के लिए ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका के टीके को दी मंजूरी

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको ने देश में रुके हुए टीकाकरण कार्यक्रम को बहाल करने उद्देश्य से ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका के टीके के आपात इस्तेमाल को मंजूरी दे दी है। मैक्सिको ने पहले फाइज़र के टीके के आपात स्थिति में इस्तेमाल को मंजूरी दी थी। देश में दिसम्बर के तीसरे सप्ताह तक 44,000 टीके लगाए गए थे। मैक्सिको के नियामकों ने अब एस्ट्राजेनेका के टीके को मंजूरी दी है।सहायक स्वास्थ्य सचिव ह्यूगो लोपेज-गैटल ने बताया कि उन्होंने गलती से चीन के टीका निर्माता कैनसिनो को मंजूरी की जानकारी दी थी। जबकि इसकी सुरक्षा और प्रभावशीलता के पूर्ण अध्ययन के परिणाम अभी तक पेश नहीं किए गए है।उन्होंने कहा कि मैक्सिको को सस्ते और एक खुराक वाले कैनसिना के टीके से उम्मीद है। उन्होंने कहा, इससे हमारे लिए चीजें अधिक आसान होंगी।

# महामारी ने भारत को खुद को मजबूत करने और वैश्विक मंच पर आगे आने के लिए प्रेरित किया: भारतीय राजदूत

**भाषा।** बीजिंग

**चीन में भारत** के राजदूत विक्रम मिस्री ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी ने भारत को खुद को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया है और इस महामारी ने दिखाया है कि भारत व्यापक क्षमताओं के साथ न केवल अपनी मदद करेगा बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भलाई के लिए काम करेगा।

हांगकांग से प्रकाशित अखबार साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट में एक आलेख में मिस्री ने लिखा कि महामारी के विनाशकारी प्रभाव को आंकना मुश्किल था और इसका असर बहुत अधिक रहा।

भारतीय राजदूत ने कहा, लेकिन इस क्रम में सबसे अहम बात बढ़ता अंतरराष्ट्रीय सहयोग है, खासतौर पर जब हमारा आपसी जुड़ाव निरंतर बढ़ रहा है। इसी अनुरूप उभरती बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था में भारत अपने तात्कालिक पड़ोस को सर्वाधिक ध्यान देता रहेगा, जहां लेन-देन रहित व्यवहार पर आधारित पड़ोस प्रथम की उसकी नीति साझा गतिविधियों का आधार तैयार कर रही है।

मिस्री ने सोमवार को प्रकाशित लेख में लिखा, उसी समय हमारा व्यापक पड़ोस भी हमारे इतिहास और धरोहर का अभिन्न हिस्सा रहा है और एक्ट ईस्ट नीति एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सागर (क्षेत्र के सभी देशों के लिए सुरक्षा और प्रगति) दृष्टि के माध्यम से हमारी सहभागिता जाहिर हुई है जिसमें हमारे समुद्री पड़ोसी देशों के साथ साझेदारी का प्रारूप है। उन्होंने कहा कि दुनिया को अधिक विश्वस्त और सक्षम सहयोगी चाहिए और भारत मानता है कि वह इस भूमिका को निभा सकता है। मिस्री ने लिखा, महामारी ने दिखाया कि भारत व्यापक क्षमताओं के साथ न केवल अपनी मदद करेगा बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भलाई का वाहक बनेगा। आत्मनिर्भर भारत आत्म-केंद्रित भारत नहीं है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थाई सदस्य के रूप में एक जनवरी से शुरू हुए भारत के दो वर्ष के कार्यकाल के संदर्भ में उन्होंने कहा, इस बात से सहमत हूं कि बहुध्रुवीय दुनिया को आज अधिक बहुलवाद की जरूरत है और हम संयुक्त राष्ट्र तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय निकायों को समकालीन वास्तविकताओं के साथ तालमेल के साथ अधिक प्रतिनिधित्व वाला बनाने के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

## वैश्विक नेताओं ने वैज्ञानिक नवाचार और निर्णायक कार्वाई में भारत के नेतृत्व की सराहना की

**न्यूयॉर्क।** विश्व नेताओं ने कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने के लिए वैज्ञानिक नवाचार और निर्णायक कार्वाई में भारत के नेतृत्व की सराहना की है।सराहना ऐसे समय में की गई है, जब भारत कोरोना वायरस के खिलाफ दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम चलाने को तैयार है। गौरतलब है कि भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने रविवार को सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा निर्मित ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के टीके कोविशील्ड और भारत बायोटेक के स्वदेश में विकसित कोवैक्सीन के आपात स्थिति में इस्तेमाल किए जाने की मंजूरी दे दी।बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने प्रधानमंत्री कार्यालय को टैग करते हुए ट्वीट किया, विश्व जब वैश्विक महामारी को खत्म करने की दिशा में काम कर रहा है, ऐसे में वैज्ञानिक नवाचार और टीका निर्माण क्षमता में भारत का नेतृत्व बेहतरीन है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेश्क टेड्रोस अधानोम ने भी ट्वीट किया कि भारत लगातार निर्णायक कार्वाई कर, कोविड-19 वैश्विक महामारी को खत्म करने के अपने संकल्प का प्रदर्शन कर रहा है।

## क्विक न्यूज

### भारतवंशी नीरज अंतानी ने ओहायो के सीनेटर के तौर पर शपथ ली

**वाशिंगटन।** भारतवंशी नीरज अंतानी ने अमेरिका के ओहायो के सीनेटर के तौर पर शपथ ली। इसके साथ ही वह राज्य की सीनेट का हिस्सा बनने वाले भारतीय मूल के पहले अमेरिकी बन गए है।ओहायो सीनेट के लिए चुने गए अंतानी (29) ने सोमवार को शपथ ली।शपथ लेने के बाद अंतानी ने कहा, मुझे खुशी है कि मै समुदाय का प्रतिनिधित्व करने के काबिल बना। बतौर सीनेटर अंतानी का कार्यकाल चार साल का होगा।अंतानी ने कहा, मैं ओहायो वासियों के लिए हर दिन कड़ी मेहनत करूंगा ताकि उन्हें अपने सपनों को पूरा करने का मौका मिले। इस अनिश्चित अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य चुनौतियों के बीच हमें निश्चित रूप से ऐसी नीतियां लागू करने की आवश्यकता है जो ओहायो के लोगो को लाभ पहुंचाए। इससे पहले, अंतानी 2014 से ही 42वें ओहायो हाउस डिस्ट्रिक्ट के लिए राज्य प्रतिनिधि के तौर पर सेवा दे चुके है। वह ओहायो राज्य प्रतिनिधि सभा का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे युवा सदस्य रहे हैं।

### बाइडन ने चुनावी नतीजों को लेकर लगातार शिकायतें करने के लिए ट्रंप पर साधा निशाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले वर्ष तीन नवम्बर को हुए चुनाव के नतीजे बदलने के प्रयास कर रहे डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि निवर्तमान राष्ट्रपति अपना काम करने की बजाय अधिकतर समय शिकायत करने में लगा रहे है।ट्रंप ने अभी तक राष्ट्रपति चुनाव मे हार स्वीकार नही की है और चुनाव के नतीजो के खिलाफ कई संघीय मुकदमे उन्होने दायर कर रखे है। उनका दावा है कि चुनाव मे बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की गई है।चुनाव अधिकारी और मीडिया उनके दावों को निराधार बता रहे है। ट्रंप कई मुकदमे हार भी चुके है। बाइडन ने सोमवार को जॉर्जिया मे एक चुनावी रैली मे कहा, राष्ट्रपति समस्याओ के बारे मे कुछ करने की बजाय अधिकतर समय शिकायतें करने मे लगा रहे है। मुझे समझ नही आता कि वह अब भी पद पर बने क्यो रहना चाहते है जबकि उन्हें काम ही नही करना है। बाइडन, जॉर्जिया मे दो डेमोक्रेटिक उम्मीदवारो का समर्थन कर रहे थे। इन चुनाव के बाद ही स्पष्ट होगा कि यहां सीनेट पर किस पार्टी का कब्जा होगा।प्रथम चुनाव में किसी उम्मीदवार के जीत हासिल ना करने पर दूसरे रन ऑफ चुनाव कराए जाते है। इलेक्टोरल कॉलेज ने दिसम्बर में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजो की घोषणा करते हुए बाइडन को सभी 50 राज्यो मे आधिकारिक तौर पर विजेता घोषित कर दिया था।आधिकारिक नतीजो के अनुसार बाइडन को 306 और ट्रंप को 232 इलेक्टोरल वोट मिले है। अमेरिकी कांग्रेस छह जनवरी को सदन की बैठक मे इलेक्टोरल कॉलेज के नतीजो और बाइडन की जीत को आधिकारिक तौर पर प्रमाणित करेगी।

### सऊदी अरब ने की कतर से लगने वाली जमीनी सीमा और हवाई मार्ग खोलने की घोषणा

**उल उला (सऊदी अरब)।** कतर के साथ वर्षों से चले आ रहे कूटनीतिक संकट को खत्म करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सऊदी अरब ने उसके साथ लगने वाली जमीनी सीमा और हवाई क्षेत्र को खोलने का फैसला लिया है। इस घोषणा के बाद अब कतर के शासक मंगलवार को सऊदी अरब पहुंचेंगे। अधिकारियो ने यह जानकारी दी।सऊदी के इस निर्णय के चलते वर्षों से चले आ रहे इस कूटनीतिक संकट को खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ा जा सकेगा। इस संकट के कारण अमेरिका के रक्षा सहयोगियो के बीच गहरे मतभेद है, सामाजिक संबंध खत्म हो चुके है और अरब देशो का परंपरागत गठबंधन टूट गया है। कुवैत और अमेरिका तीन वर्ष से भी अधिक समय पहले शुरू हुए इस संकट को खत्म करने के असफल प्रयास कर चुके है, हालांकि खाड़ी देशो के नेताओ के सम्मेलन से एक दिन पहले सोमवार को इस संकट को खत्म करने के लिए कदम उठाने की घोषणा की गई। यह घोषणा ऐसे वक्त की गई है जब जो बाइडन अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले है। इस घोषणा का समय विशेष ही कहा जाएगा क्योंकि हो सकता है कि सऊदी अरब ट्रंप प्रशासन को एक अंतिम कूटनीतिक जीत दिलाना चाहता हो, वही आगामी बाइडन प्रशासन के साथ गर्मजोशी भरे संबंध बनाना चाहता हो क्योंकि ऐसा अनुमान है कि बाइडन का रूख सऊदी के प्रति सख्त हो सकता है। सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन ने कतर पर इस्लामिक कट्टरपंथी समूहो को समर्थन देने का आरोप लगाते हुए उस पर प्रतिबंध लगा दिए थे जिसके चलते इस छोटे से लेकिन प्रभावशाली खाड़ी देश की एकमात्र जमीनी सीमा 2017 के मध्य से अधिकतर समय बंद ही रही है। इन देशो को कतर के ईरान के साथ अच्छे संबंधो पर भी आपत्ति है। कतर दुग्ध उत्पादो, निर्माण सामग्री तथा अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सऊदी से लगने वाली सीमा पर निर्भर करता है। पिछले तीन साल से इस सीमा को कुछ समय के लिए खोला जाता है ताकि कतर के लोग हज यात्रा पर सऊदी अरब जा सकें।इस विवाद में मध्यस्थता कर रहे कुवैत के विदेश मंत्री ने इस बाबत घोषणा की। वह कथित तौर पर यह संदेश कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी को देने के लिए सोमवार को दोहा गए। खाड़ी देशो के बीच विवाद को सुलझाने के लिए सऊदी अरब का यह फैसला अहम है लेकिन सारे मतभेद दूर होने की अभी कोई संभावना नही है।

## अब नेटफ्लिक्स पर नजर आएंगे कपिल शर्मा



**मुम्बई।** मशहूर हास्य कलाकार कपिल शर्मा अब जल्द ही नेटफ्लिक्स के लिए काम करेंगे। यह एक शो होगा या फिल्म, यह अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन 2021 में इसे 190 देशों में प्रसारित किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि वह नेटफ्लिक्स के साथ काम करने को उत्साहित हैं। हास्य कलाकार (39) ने एक बयान में कहा, पूरी दुनिया के लिए 2020 काफी मुश्किलों भरा रहा और अब मैं चाहता हूं कि लोग अपनी चिंताओं को भूल इस नए साल का स्वागत प्रेम, हंसी और सकारात्मकता के साथ करें। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, मैं हमेशा नेटफ्लिक्स के साथ काम करना चाहता था, लेकिन मेरे पास उनका नंबर नहीं था। शर्मा ने कहा कि यह नया प्रोजेक्ट उनके दिल के बेहद करीब है। उन्होंने कहा, मैं अपने प्रशंसकों के साथ इससे जुड़ी जानकारी साझा करने को उत्साहित हूं।



# 'जिन भूमिकाओं में कोई दम न हो, नहीं करना चाहती'

अभिनेत्री **शिखा तलसानिया** अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को प्रभावित करती आई हैं और इस बार भी वो अपनी फिल्म 'कुली नंबर 1' में अपने अभिनय से प्रभावित करने में सफल रही हैं। अमेजॉन प्राइम वीडियो पर उनकी फिल्म हाल ही में रिलीज़ हुई थी। पायनियर संवाददाता **मुरब्बा हाशमी** ने उनसे एक विशेष बातचीत में फिल्म में उनके रोल अंजली, सेट की स्मृतियों तथा एकायामी रोल को मना करने के पी के उनके कारणों के बारे में जाना। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-

**■ फिल्म 'कुली नंबर 1' में आपकी भूमिका किस प्रकार की है?**

देखिये मैं इसमें सारा की बहन बनी हूं मेरे पिता हमारे लिए धनी पति की तलाश में रहते हैं। इसके बाद हम राजू के साथ एक ट्रिप पर जाते हैं जहां से धमाल का प्रारंभ होता है। लेकिन इसके बाद की कहानी जानने के लिए तो आपको फिल्म देखनी ही पड़ेगी।

**■ इस भूमिका को करने के पीछे आपको क्या आकर्षण लगा?**

देखिये वैसे तो ये डेविड धवन की हिट फिल्म का ही रीमेक है। डेविड सर तो जाने माने निर्देशक हैं ही। इसके अलावा फिल्म में मेरा एक नृत्य भी है जो मैंने अपने प्रिय गाने 'हुस्न है सुहाना' पर किया है।

**■ सेट की स्मृतियों में से कुछ हमारे साथ साझा करना चाहें तो...**

मुझे याद है कि जब हम 'हुस्न है सुहाना' कर रहे थे तो वरुण स्टेप्स में कुछ बदलाव कर रहा था ताकि ये और भी रोचक लगे। मैं 15 मिनट तक तो नर्वस रही लेकिन इसके बाद तो मैं भी सामान्य हो गई और मैंने भी गाने और नृत्य के बारे में अपने सुझाव दिये। फिल्म की शूटिंग अच्छा अनुभव रहा। मेरे लिए तो ये किसी सपने के सच होने जैसा अनुभव था। इसके अलावा मुझे परेष रावल, जॉनी लीवर, राजपाल यादव तथा जावेद जाफ्री जैसे अभिनेताओं के साथ काम करने का अनुभव मिला जिन्हें देखकर मैं बड़ी हुई हूं। इसके बाद डेविड सर के साथ सहयोग करना भी एक आकर्षण था क्योंकि उन्होंने मेरे पिता के साथ कई फिल्में की थीं।

**■ क्या आपके पिता ने आपको फिल्मों को लेकर किसी प्रकार की सलाह दी थी?**

जी हां, वो सदैव ऐसा करते रहते हैं। मेरे माता-पिता दोनों ही सलाह देते रहते हैं। वे मेरा पूरा समर्थन करते हैं। उन्होंने मुझे सदा ही काम का आनंद लेते हुए काम करने की सलाह दी है। उनका कहना है कि काम लगन से तथा परिश्रम से करना चाहिये। इसके अलावा सेट पर लोगों से मित्रतापूर्ण व्यवहार रखो तथा स्वयं को अधिक गंभीरता से लेने की आवश्यकता नहीं होती। हमेषा जमीन पर पांव होने चाहिये। यही सलाह वो हर बार के लिए देते हैं। इस फिल्म के लिए उन्होंने कहा कि फिल्म का पूरा आनंद लेते हुए काम करना और मैंने वही किया भी।

**■ क्या आपने कोई भूमिका करने से इंकार भी किया है?**

जी हां, मैं ऐसी भूमिकाएं नहीं करना चाहती जो एकायामी हों और उनमें बहुत कुछ करने के लिए न हो। एक रोल मुझे ऑफर किया गया था जिसमें उन्हें एक मोटी लड़की का रोल कराना था। मैंने ये करने से मना कर दिया क्योंकि इसमें इसके अलावा कि मुझे मोटा दिखना था, कुछ और करने के लिए था ही नहीं। वो बस भूखी रहती थी या फिर खाती रहती थी। लेकिन यदि उसमें लड़की के मोटे दिखने के अलावा उसकी कुछ कहानी भी होती तो मैं इसे अवष्य करती। लेकिन मैं ये कहना चाहूंगी कि ये इंडस्ट्री मुझ पर बहुत दयालु रही है और मुझे ऐसे अवसर प्राप्त हुए हैं जिनमें एक अभिनेत्री के रूप में मुझे चुनौती देने की क्षमता थी।

**■ इतने सालों के बाद आपको इंडस्ट्री से क्या कुछ सीखने को मिला?**

यहां कुछ महान लोग रहे हैं। आपको तब अपने समय का सच्चा सदुपयोग करना चाहिये जब आप सेट पर हों। आपको लोगों से मित्रतापूर्ण व्यवहार करना सीखना चाहिये। लोगों और उनके काम को ध्यान से देखो और नोट करते चलो क्योंकि यहां इतना कुछ सीखने को है कि बताया नहीं जा सकता।

**■ आगे की क्या योजनाएं हैं?**

अभी मैं कुली नंबर 1 पर ही पूरा ध्यान लगा रही हूं। इसके अलावा कुछ और रोचक काम भी हैं। मैं स्टेज पर भी काम करती हूं और यही करने के लिए कुछ दिन वहां जाऊंगी। इसके बारे में अधिक जानकारी होते ही मैं आप सभी से साझा करूंगी।



## आयुष्मान खुराना कर सकते हैं किसी बड़ी फिल्म की घोषणा

**बॉलिवुड** स्टार आयुष्मान खुराना पिछले छः महीने के बाद मुंबई लौट आए हैं। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि वो यहां किसी बड़े प्रोजेक्ट को साइन करने आए हैं जिसके बारे में आने वाले दिनों में ही पता लगेगा। आयुष्मान वैसे अपने गृहनगर चंडीगढ़ में पिछली जून से ही हैं। उनका कहना है कि महामारी के दौरान उन्हें कुछ अच्छी परियोजनाएं मिली हैं जिनके बारे में बताने के लिए वो बहुत ही व्यग्र हैं। ऐसा लगता है कि उनके पास घोषित करने के लिए कोई बड़ा प्रोजेक्ट है। व्यवसाय के सूत्रों की माने तो ' ये कोई ऐसा प्रोजेक्ट है जो कहानी के हिसाब से रोचक है। इसमें वो किसी बड़े फिल्म निर्माता के साथ सहयोग करने वाले हैं। ये बातें अभी गुप्त रखी जा रही हैं लेकिन जल्दी ही इनके बारे में पता चलेगा। अभिनेता ने बताया, '2021 में मेरी तीन रिलीज़ होनी हैं और मैं चाहता हूं कि इन रिलीजों के माध्यम से मैं दर्षकों को थियेटरों तक लाऊं।' लेकिन अभी तक की जानकारी के अनुसार उनकी फिल्म 'चंडीगढ़ की आषिकी तथा डॉक्टर जी, ही हैं। तो ऐसे कयास कि एक और फिल्म की घोषणा होनी है, सच हो सकते हैं लेकिन ये सब घोषणा होने पर ही पता चल सकेगा। इससे पहले उन्होंने कहा था, 'मैं अपने ब्रैंड के सिनेमा के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करना चाहता हूं। मैं दर्षकों को कुछ अलग और सार्थक कंटेंट देने का प्रयास करता रहता हूं ताकि वे उसका आनंद ले सकें। मेरी महत्वाकांक्षा है कि मैं अपनी इंडस्ट्री के मानकों के अनुसार सर्वश्रेष्ठ फिल्म बनाऊं। हर फिल्म के माध्यम से मैं परदे पर कुछ नया लेकर आना चाहता हूं।'



## काजोल करेंगी स्त्री की सार्थक भूमिका

**अभिनेत्री** काजोल का कहना है मेरी फिल्म त्रिभंगा: टेढ़ी मेढ़ी क्रेज़ी, महिला होने तथा उनकी कमियों का उत्सव मनाने जैसी है। हमें इन अपूर्णताओं का स्वागत करना चाहिये और अपनी शर्तों पर अपना जीवन जीना चाहिये। मेरा चरित्र इसमें बातूनी तथा बिलकुल मेरे जैसा ही है लेकिन कुछ तो अलग भी है।

## शिल्पा शेट्टी ने दीं योग की उपयोगी टिप्स

**अभिनेत्री शिल्पा** शेट्टी ने इस त्यौहारी मौसम में लोगों को योग के कुछ ऐसे आसन बताए हैं जिन्हें करके आप पुनः स्फूर्ति का अनुभव कर सकते हैं। अपने एक ट्वीट में उन्होंने बताया, 'अवकाश के बाद पुनः काम पर लौटना कभी आसान नहीं होता। लेकिन शांत और कोलाहल के बीच संतुलन स्थापित करना भी अनिवार्य रूप से महत्वपूर्ण होता है। लेकिन जब भी मेरे साथ ऐसा होता है तो मैं ये व्यायाम अवश्य करती हूं और पुनः रिचार्ज हो जाती हूं।' आगे उन्होंने इसके बारे में बताया, 'आप श्वांस को भीतर लीजिये, सकारात्मक विचारों के साथ और इसके साथ ही सभी नकारात्मक विचार और भावनाओं को श्वांस के साथ प्यार और रोषनी के रूप में बाहर फेंक दीजिये। इससे आप उन चीजों पर स्वयं को एकाग्र कर सकते हैं जिनपर आप फोकस करना चाहते हैं। साथ ही आप तनाव से भी राहत अनुभव करेंगे।'





## डेमी ने स्टूडियो में की वापसी

गायक डेमी लोवेटो स्टूडियो में वापस आ चुके हैं, उनके मैनेजर स्कूटर ब्रॉन ने बताया। उन्होंने ट्विटर पर बताया कि लोवेटो अब एक नए संगीत पर काम कर रहे हैं। आंखों के इमोजीज़ के साथ उन्होंने लिखा, 'डेमी स्टूडियो में वापस आ चुके हैं।' पिछले महीने लोवेटो ने लिखा था, 'अपने प्रषंसकों के लिए एक गाना रिकॉर्ड कर रहा हूं जो मुझे सपोर्ट करते हैं और वो सब करते हैं जो मुझे प्रसन्न रखता हैं।' इस गायक का पिछला एलबम 'टेल मी यू लव मी' जो 2017 में रिलीज़ हुआ था। इस बीच उन्होंने कई सिंगल रिलीज़ किये थे जिसमें 2018 की 'सोबर', तथा पिछले साल का 'एनीवन, आई लव मी, स्टिल लव मी तथा कमांडर इन चीफ' भी थे।

## अनन्या को दीपिका हैं बहुत प्रिय

**अभिनेत्री** अनन्या पांडे का कहना है कि अभिनेत्री दीपिका पादुकोंण के साथ काम करना एक अच्छा अनुभव है और वो उन्हें सबसे मधुर व्यक्ति कहती हैं। आजकल वो दीपिका के साथ शकुन बत्रा की फिल्म में काम कर रही हैं जिसका नामकरण अभी नहीं हो सका है। इसमें उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी भी काम करते दिखाई देंगे।

उनसे ये पूछे जाने पर कि क्या दीपिका के साथ काम करना डरावना लगता है। अनन्या ने बताया, 'नहीं बिलकुल नहीं। वो तो मेरी अत्यंत प्रिय सहअभिनेत्री हैं। वो बाहर और भीतर दोनों जगह सुंदर हैं। मैं आज तक जितने भी लोगों से मिली हूं वो उन जैसी ही अच्छी तथा स्नेही हैं। वो मेरी बहन जैसी ही हैं। हमारे संबंध भी अत्यंत मधुर हैं।'



कोरोना वैक्सीन का सफल रहा मॉक ड्रिल...

# सीतापुर में छह केंद्रों पर कोविड वैक्सीन का हुआ मॉक ड्रिल


सीतापुर-कोरोना वैक्सीन माकड्रिल के दौरान मौजूद चिकित्सक


वैक्सीन लगाती चिकित्सक

## ● 300 लाभार्थियों को वैक्सीन लगाने का किया गया मॉक ड्रिल

संवाददाता। सीतापुर

**जिले में** मंगलवार को प्रशिक्षित वैक्सीनेटर्स द्वारा 3 ग्रामीण क्षेत्रों और 3 शहरी क्षेत्रों में कोविड वैक्सीनेशन के ड्राई रन का आयोजन किया गया। इस दौरान 12 सत्र आयोजित हुए। प्रत्येक सत्र के लिए पांच-पाच टीकाकरण कर्मियों की टीम गठित की गई थी। प्रत्येक सत्र में 25 -25 लाभार्थी शामिल हुए। कुल मिलाकर 300 लाभार्थियों को कोविड से बचाव की वैक्सीन लगाने का मॉक ड्रिल किया गया। इस पूरी प्रक्रिया का जिला स्तर पर गठित एसीएमओ और डिप्टी सीएमओ की टीमों ने भौतिक सत्यापन भी किया।

सीतापुर में प्रशिक्षित वैक्सीनेटर्स के माध्यम से कोविड वैक्सीन का ड्राई रन (मॉक ड्रिल) मंगलवार को शुरू हो गया है। सुबह दस बजे से शुरू हुए कोरोना वैक्सीन लगाने के पूर्वाभ्यास को सीतापुर में चयनित केंद्र पर चिंहित 25-25 हेल्थ वर्कर बुलाए गए हैं। मॉक ड्रिल में वर्करों की थर्मल स्कैनिंग कर उन्हें अंदर भेजा जा रहा है।मॉक ड्रिल में वैक्सीन नहीं लगाई जाएगी, बल्कि पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इस बीच खैराबाद के सीएचसी में कोरोना वैक्सीन के लिए चल रहे पूर्वाभ्यास का औचक निरीक्षण जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज और पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह करने पहुंचे और वहां पर पूर्वाभ्यास का जायजा लिया। कोरोना खात्मे के लिए सीतापुर जिले में पहले चरण में 16200 वैक्सीन लगेंगी। यह वैक्सीनेशन से पहले मॉक ड्रिल होगा। वैक्सीनेशन के लिए शहर में तीन क्षेत्र चयनित किए गए हैं, इनमें जिला महिला अस्पताल, सदर बाजार, इस्माइलपुर शामिल हैं। मंगलवार को सुबह दस बजे पूर्वाभ्यास के लिए सीतापुर जिले में चयनित छह केंद्रों पर ड्राई रन शुरू किया गया। आई इंडिया टीम सबसे पहले जिला महिला अस्पताल पहुंची, यहां पर टीम ने वैक्सीनेशन के लिए चल रहे मॉक ड्रिल का जायजा लिया। अस्पताल में मॉक ड्रिल के लिए बुलाए गए 25-25 हेल्थ वर्कर मौजूद थे। वैक्सीनेशन के लिए बुलाए गए प्रत्येक कर्मी की आईडी चेक की जा रही थी, बाद में पुलिस कर्मी की मदद से उसे अंदर भेजा रहा था। ड्राई रन के दौरान किसी को भी कोई वैक्सीन नहीं लगाई जाएगी, बल्कि केवल वैक्सीन लगाने का मॉक ड्रिल किया जा रहा है।

## डीएम एसपी ने लिया जायजा



सीतापुर-खैराबाद सीएचसी में निरीक्षण करते डीएम विशाल भारद्वाज

**वैक्सीनेशन** के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद में चल रहे पूर्वाभ्यास का जायजा लेने को जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज और पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह पहुंचे। अफसरों ने केंद्र पर मॉक ड्रिल कार्यों का जायजा लिया। साथ ही सभी को शासन द्वारा तय गाइडलाइन का शत प्रतिशत पालन करने को कहा। उनके साथ प्रभारी सीएमओ डॉ. पीके सिंह , तहसीलदार सदर , सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरएस यादव, पर्यवेक्षक नवल किशोर मिश्र, डॉ. अनिल कुमार पंकज,डॉ. अवधेश कुमार, अनुज कुमार आदि उपस्थित थे।

**ऐलिया सीएचसी पर हुआ पूर्वाभ्यास:** विकास खंड एलिया के इमलिया सुल्तानपुर सीएचसी में भी पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। वैक्सीनेशन के लिए बुलाए गए 25 हेल्थ वर्करों का मॉक ड्रिल किया गया। सब कुछ ठीक-ठाक पाया। पूर्वाभ्यास में गीता देवी, रीमा देवी, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. गौरव कुमार, डॉक्टर सैफअली, विजय सिंह, डॉक्टर वसीम, डॉक्टर शिवम शुक्ला, रवि बाजपेई, सुमित शुक्ला आदि मौजूद थे। स्वास्थ्य केंद्र के सेक्टर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार यादव, यूनिसेफ के नीतीश श्रीवास्तव, संदीप मिश्रा आदि लोगों ने डेमो रन का जायजा भी लिया।

रामकोट में फिटनेस फाइट क्लब जिम सेंटर का हुआ शुभारंभ...

# स्वस्थ शरीर के लिए जिम बहुत जरूरी

संवाददाता। रामकोट सीतापुर


रामकोट-जिम उद्घाटन के मौके पर मौजूद लोगो

**कस्बे में** अर्थाना मार्ग पर फ्टिनेस फाइट क्लब जिम सेंटर का शुभारंभ किया गया। जिम के माध्यम से युवाओं को कसरत करने और अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत है। संतुलित शरीर के लिए जिम की उपयोगिता वर्तमान समय में काफी बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्र में जिम को खोला जाना क्षेत्र के लिए खुशी की बात है। इस मौके पर फारूक अली प्रधान ने कहा कि रामकोट जैसे छोटे कस्बे में ऐसे अत्याधुनिक जिम सेंटर के खुल जाने से लोगों को यहां पर हर प्रकार की जिम संबंधी सुविधाएं प्राप्त होगी। लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग होंगे और इसका लाभ उठायेगें। मोहम्मद नसीम अली ने कहा जिम में जाने से लोगों की कई बीमारियां दूर हो जाती हैं। कहा कि इस जिम में क्षेत्र के युवाओं को अच्छी ट्रेनिंग मिलेगी क्योंकि जिम में आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं। जिम मालिक उमेश गुप्ता ने कहा इस जिम में युवा कम फीस व उचित मार्गर्शन में कसरत कर अपना शरीर बना सकते हैं। आज के युग में स्वास्थ्य को सही रखने के लिए व्यायाम जरूरी है। इस मौके पर फारूक अली प्रधान, मोहम्मद नसीम अली, सफीक, उमेश गुप्ता, ट्रेनर सिराज, कय्यूम सिद्दीकी, आसिफअली, फैज आलम, जहीर, अल्ताफ रवि, आकाश गुप्ता, वैदिक, शादाब, आदि उपस्थित रहे।

राजकीय इंटर कॉलेज में हुई प्रतियोगिता...

# कशिश गुप्ता व अंशू प्रथम

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी

**राजकीय** इंटर कॉलेज सीतापुर के सभागार में माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के शताब्दी वर्ष पर लोगो और गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गीत प्रतियोगिता में 7 विद्यालयों के 17 छात्र -'छात्राओं ने और लोगो प्रतियोगिता में 13 विद्यालयों के 37 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। गीत प्रतियोगिता में हिंदू कन्या पाठशाला की छात्रा कशिश गुप्ता को प्रथम स्थान, राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर के छात्र अंशू कुमार को द्वितीय और हिंदू कन्या पाठशाला सीतापुर की छात्रा कविता श्रीवास्तव को तृतीय स्थान मिला। लोगो प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर के छात्र मोहम्मद शाद अंसारी को प्रथम, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज खैराबाद सीतापुर की छात्रा नीलोफर को द्वितीय और उजागर लाल इंटर कॉलेज सीतापुर के छात्र निर्मल को तृतीय स्थान मिला।

## क्विक न्यूज


सीतापुर-कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस पदाधिकारी

### कांग्रेस का वार्ड सृजन अभियान

**सीतापुर।** शहर काँग्रेस कमेटी द्वारा वार्ड संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत दुर्गापुरवा में वार्ड प्रभारी मेराज अन्सारी के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर अध्यक्ष सन्तोष भार्गव ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के उद्देश्य की शपथ दिलायी। इस मौके पर धीरेश कश्यप, पुष्पेंद्र चोहान, अफजाल, समीर अहमद, मो. आफताब, तौफीक, मो. जैद आदि मौजूद रहे।

### जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

● किसान यूनियन पदाधिकारियों ने बांटे गए कंबल


सीतापुर-जिलाध्यक्ष दुर्गेष सिंह का स्वागत करते पदाधिकारी

**कमलापुर सीतापुर।** भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुट ने खैराबाद के पहाड़पुर गांव में कंबल बांटे। इस दौरान जिला अध्यक्ष दुर्गेश सिंह 5 सौ गरीबों को कंबल दिए। इस दौरान प्रदेश महामंत्री मयंक सिंह चौहान, सत्येन्द्र पाल सिंह, दीपू जायसवाल, अतुल सिंह, ओमप्रकाश गुप्त आदि मौजूद थे।

### अधेड़ महिला को पति ने जलाया

**हरगांव सीतापुर।** हरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत के मोहल्ला जहांगीराबाद निवासी रामबेटी 45पत्नी सुरेश रैदास शाम सात बजे के लगभग अपने घर मे आग के सामने बैठी हुई ठंड से बचने का प्रयास कर रही थी।तभी उसके शराबी पति जो आये दिन महिला से मार पीट किया करता है उसने महिला पर आग उछाल दी जिससे महिला गम्भीर रूप से झुलस गई।और किसी तरह से सी एच सी पँहुची।जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जिला अस्पताल भेजने की तैयारी की जा रही थी।

### सेउता पूर्व विधायक ने लोगों की सुनी समस्याएं

**सेउता सीतापुर।** सेवता के पूर्व विधायक के ताबड़तोड़ कार्यक्रमों से क्षेत्र की जनता को राहत मिल रही है। मंगलवार को उन्होंने सेवता सीतापुर रेउसा की ग्राम पंचायत बेलहा मे जनचौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी और व्यक्गित स्तर से निस्तरण किया। इस दौरान उन्होंने वर्तमान सरकार पर निषान साधा और कहा कि कार्यकाल समाप्त होने पर सरकार प्रधानों की जांच करा रही है। उन्होंने कहा कि सांसद और विधायकों की भी जांच होनी चाहिए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी रिजवान अहमद, रफीक मलिक, प्रदीप सिंह, सोनू सिंह, वीरेंद्र मिश्रा, राज गौरव मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, दीपू अवस्थी, बंटी मिश्रा, सोनक अवस्थी, श्यामलाल, सहदेव लोध, सूर्य नारायण मिश्रा, प्रभु गौतम, विनोद गौतम आदि मौजूद थे।

### क्रिकेट ट्रायल का हुआ उद्घाटन

**सीतापुर।** शहर के आरएमपी ग्राउंड पर मंगलवार को क्रिकेट का बेहतरीन खेल देखने को मिला। यहां अंडर फोर्टीन बालक वर्ग का क्रिकेट ट्रायल का आयोजन किया गया। जिला क्रिकेट एसोसिएशन सचिव स्वदेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिन खिलाड़ियों ने यूपीसीए में रजिस्ट्रेशन कराया था उनका ट्रायल लिया गया है। खेल का उद्घाटन आरएमपी इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल गोविंद भारती ने फीता काटकर किया। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन सीतापुर के अध्यक्ष विश्ववीर गुप्ता, उपाध्यक्ष राज शर्मा आदि मौजूद रहे।

### ग्रामवासियों ने की बैंक खुलवाने की मांग

**बिसवां सीतापुर।** बिसवां तहसील क्षेत्र के अंबरपुर निवासी मो अनीस चौधरी, प्रधान शत्रोहन लाल, प्रधान मानपुर जुलेखा, स्योढ़ा प्रधान कृष्ण कुमार पांडेय, बेलवा बहादुरपुर प्रधान रामसागर, उलरा प्रधान इसरार, कैमहरा खुर्द प्रधान राम आसरे, जगदीश प्रसाद, जयदेवी, गजोधर, सुमित्रा, गीता देवी, योगेश मिश्रा आदि ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर अम्बरपुर व मानपुर में बैंक ऑफबड़ौदा खोलने की मांग की है। क्षेत्र वासियों का कहना है कि बैंक खुलने से काफी सहूलियत मिल जाएगी।

महोली में अधिवक्ताओं का पांचवे दिन भी जारी है धरना...

# अधिवक्ताओं ने फूंका तहसीलदार का पुतला

संवाददाता। महोली सीतापुर


महोली-पुतला फूंकते अधिवक्तागण

**मंगलवार को** हरीकरन लाल दीक्षित की अध्यक्षता में बार एसोसिएशन महोली के समस्त अधिवक्ताओं ने नवीन तहसील के बाहर अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर महोली तहसीलदार मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए तहसीलदार का पुतला फूंका इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हर करन दीक्षित ने बताया कि तहसीलदार की मनमानी नहीं चलेगी हम सब अधिवक्ता गण तहसील परिसर के अंदर ही बैठेंगे अगर तहसीलदार इस बात को नहीं मानेंगे तो हम सब बार एसोसिएशन की तरफ से महापंचायत करेंगे बता दूं कि इससे पूर्व धरने के चौथे दिन भी समस्त अधिवक्ताओं द्वारा तहसीलदार के विरुद्ध बुद्धि शुद्धि यज्ञ करके सभी अधिवक्ताओं ने यज्ञ में आहुति भी दी गई थी एसोसिएशन के अधिवक्ता गणों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व की मांगों को पुरा ना किए जाने तक अनवरत धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। इस दौरान बार एसोसिएशन महासचिव अभय मिश्रा ,पूर्व महासचिव नीरज मिश्रा ,पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र दीक्षित ,पूर्व अध्यक्ष कमलेश्वर मिश्रा ,पूर्व अध्यक्ष राज कृष्ण शुक्ला ,विनोद त्रिवेदी, जयराम यादव ,यदुवीर मिश्रा, नितेश सिंह ,अंकित पांडे, यदुनाथ प्रसाद ,अनिल मिश्रा सहित तमाम अधिवक्ता बंधु मौजूद रहे।

नवगठित पदाधिकारियों का हुआ स्वागत समारोह...

# अधिवक्ता का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं: हरीश त्रिपाठी

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-कार्यक्रम में मौजूद बार अध्यक्ष हरीश त्रिपाठी व अन्य पदाधिकारी

**बार एसोसिएशन** सीतापुर के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने मंगलवार को पदीय चार्ज संभाला। इस दौरान बार अध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ता का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं। एसोसिएशन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन षाहिद हुसैन सिद्दीकी ने अध्यक्ष हरीश कुमार त्रिपाठी, महासचिव संजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नजीर अहमद, 10 वर्ष से ऊपर उपाध्यक्ष विवेक शुक्ला व लखपत सिंह, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे शिवलेंद्र बहादुर सिंह व अनुराग श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव प्रशासन अनुज कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव प्रकाशन जया सिंह, कोषाध्यक्ष पद राजेंद्र कुमार भट्ट, संयुक्त सचिव पुस्तकालय विशाल सक्सेना, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य राम प्रताप सिंह, सदाशिव त्रिवेदी, सईद अहमद, विवेक गौरव गुप्ता, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव व राम मनोहर लोधी और कनिष्ठ कार्यकारिणी अनुज कुमार, बलीग अहमद, ललित किशोर, मोहम्मद फहीम व मिथिलेश कुमार वर्मा ने कार्यभार ग्रहण किया। संचालन पूर्व महासचिव विमल मोहन मिश्र ने किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष आनन्द माधव अवस्थी, जमील खां, विजय अवस्थी, दिनेष द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

# गरीब बच्चों को मिलेगी नि:शुल्क शिक्षा



सीतापुर-कार्यक्रम में मौजूद नन्हें-मुन्हें छात्र

## ● स्माइल हेल्प फाउंडेशन ने की पहल

संवाददाता। सीतापुर

**कोरोना काल** में शिक्षा से वंचित रहे गरीब परिवारों के बच्चों को अब नि:शुल्क शिक्षा मिलेगी। कक्षा 1 से 8 तक के ऐसे बच्चों को कोचिंग सेंटर में पढ़ाया जाएगा। स्माइल हेल्प फाउंडेशन की तरफसे शुरू किए गए कोचिंग सेंटर का शुभारम्भ मंगलवार को वंशिका अग्रवाल ने फीता काटकर किया। फाउंडेशन का मानना है कि नि:शुल्क कोचिंग के जरिए प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी। शुभारम्भ अवसर पर सरला देवी, सुरेश कनौजिया, अर्चना कनौजिया, संगीता कनौजिया सहित संस्था के कई सदस्य मौजूद रहे। नि:शुल्क कोचिंग के संचालन को जरूरी बतातें हुए संस्था के महामंत्री मुकेश कनौजिया ने कहा कि कोरोना काल में बच्चों को शिक्षा नहीं मिल पायी जिससे उनकी पढ़ाई पर फर्क पड़ा, इसीलिए गरीब बच्चे अब नि:शुल्क शिक्षा पा सकेगें।

# कोरोना के संग परीक्षाएं देंगे विद्यार्थी

● चार मई से शुरू सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं दस जून तक चलेंगी

● तारीखों के एलान से एग्जॉम की तैयारियों में जुटे स्टूडेंट

संवाददाता। सीतापुर



**सीबीएसई बोर्ड** के दसवीं और बारहवीं के विद्यार्ध्थी अबकी दफा कोरोना संकट काल के बीच एग्जॉम देंगे। चार मई से शुरू ये परीक्षाएं दस जून तक चलेंगी। जबकि पंद्रह जुलाई को इनके नतीजे घोषित किए जाएंगे। गुरुवार को एग्जॉम की तारीखों के ऐलान होते ही सीबीएसई बोर्ड के विद्यार्थी इनकी तैयारियों में जुट गए हैं मगर वो सशंकित नजर आए।मार्च माह में फैले कोरोना संकट के चलते देश में लॉकडाउन लग गया। लॉकडाउन से स्कूल-कॉलेज बंद हो गए, लेकिनइनके बंद होने से विद्यार्थी घरों में रहकर शुरूआत में पढ़ाई की, मगर कोरोना संक्रमण न थमने पर सरकार ने ऑनलाइन क्लॉसेस शुरू कराने का फैसला लिया, हालांकि शुरूआत में ऑनलाइन क्लॉसेसों को चालू करने में कुछ बाधाएं आई, मगर उनका निस्तारण कर ऑनलाइन क्लॉसेसों को रफ्तार देने का कार्य शुरू किया। लेकिन पूरे शैक्षिक सत्र में विद्यार्थी ऑनलाइन क्लॉसेस की समस्याओं से जूझते नजर आए। गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं की तिथ्यिां घोषित कर दी है। सीबीएसई के मुताबिक चार मई से शुरू सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं 10 जून तक चलेंगी। स्कूलों को दसवीं और 12वीं क्लास की प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट, आंतरिक मूल्यांकन की अनुमति 1 मार्च 2021 से इसी क्लास की लिखित परीक्षा की अंतिम तिथि तक दी जाएगी। इसके बाद 15 जुलाई जबकि पंद्रह जुलाई को 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया जाएगा।

# चिकित्सा अधिकारियों की निगरानी में हुआ ड्राई रन

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**जिले के** चिन्हित सभी 6 स्वास्थ्य केंद्रों पर ड्राईरन किया गया। जिला चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय, सीएचसी फरधान, पलिया, बेहजम व नकहा में कुल 295 लाभार्थियों के सापेक्ष शत-प्रतिशत लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया। आज होने वाले ड्राई रन का पूरा टास्क डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह व सीएमओ मनोज अग्रवाल के सतत पर्यवेक्षण एवं निगरानी में संपन्न हुआ। वहीं शहरी क्षेत्र में भ्रमण सील रहकर उपजिलाधिकारी रेनू ड्राई रन का सुपरविजन किया।

बताते चलें कि सभी छह केंद्रों पर ड्राई रन के लिए दो-दो वैक्सीनेटर टीमें लगाई गईं। सभी केंद्र की पर्यवेक्षण व निगरानी हेतु चिकित्सा अधिकारियों की तैनाती की गई। प्रत्येक टीम के साथ एक सुरक्षाकर्मी की भी तैनाती की गई। डीएम-एसपी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान पहुंचकर होने वाले ड्राई रन के संबंध में मौजूद चिकित्सा अधिकारी से जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला चिकित्सालय में एसीएमओ डा. संतोष चक, जिला महिला चिकित्सालय में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. बलबीर सिंह, सीएचसी फरधान में एसीएमओ डा. बीसी पंत, सीएससी बेहजम में एसीएमओ डा. अश्विनी सीएससी नकहा में एसीएमओ डा. रविंद्र शर्मा व सीएससी पलिया में ड्राई रन की जिम्मेदारी खुद सीएमओ मनोज अग्रवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई ।बताते चले कि सभी 06 केंद्रों पर कोविन पोर्टल में अंकित व्यक्तियों को ड्राईरन के लिए तय व्यवस्था के अनुसार स्वागत कक्ष में बिठाया। ड्यूटी में लगे सुरक्षा कर्मियों ने यह सुनिश्चित कराया कि कोई भी ऐसा व्यक्ति केंद्र में प्रवेश न करें जिसका विवरण पोर्टल पर अंकित नहीं हो। निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए तापमान, सेनीटाइज, मास्क व प्रतीक्षा कक्ष में फार्म भरने हेतु प्रवेश करेंगे। नाम पुकारे जाने पर वैक्सीन कक्ष में प्रवेश करेंगे। जिसमें वैक्सीन के विषय में जानकारी देकर वैक्सीन लगाई जाएगी।

# सीडीओ ने किया गौशाला का निरीक्षण

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** तहसील दिवस में फरियादियों की शिकायत के पश्चात मुख्य विकास अधिकारी अरविंद सिंह ने स्थानीय कस्बे में संचालित श्री धर्मदा समिति गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा स्वयंसेवी संस्था द्वारा संचालित गौशाला के मूलभूत सुविधाओं पशु आहार चारा आदि की व्यवस्था देखी तथा निरीक्षण के समय मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. टीके तिवारी, डॉ मोहम्मद फारूक, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गौशाला संचालक विजय शुक्ला उर्फ रिंकू एवं सीपी श्रीवास्तव सेवानिवृत्त प्रबंधक एवं अन्य गौ सेवक उपस्थित थे। सीडीओ गायों का स्वास्थ्य, चारा प्रबंधन, शीत रितु एसे बचाव हेतु किए गए उपायों से अत्यंत संतुष्ट रहे। गौशाला को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए तथा अंत में सीडीओ ने संवेदनशीलता दिखाते हुए गौ सेवकों हेतु कंबल वितरित किये।

# तहसील दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी।



**तहसील दिवस** में जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तहसील पहुंच कर लोगों की फरियाद सुनी। सुबह से ही तहसील दिवस के चलते परिशर मे गमहा गमही का माहौल देखने को मिला। प्रशासन के आला अफसर के बैठते ही फरियादों का अम्बार लग गया। वकीलों के तहसील गेट मुख्य सामने चारागाह व शकील कबाड़ी के द्वारा बनाई गई दुकानों का मुद्दा जोर पकड़ा। जिसकी तहसील प्रशासन की लापरवाही को बताते हुए शिकायत जिलाधिकारी से की गई। कई शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। अन्य शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को जल्द निस्तारित करने का आदेश दिया। तहसील दिवस में क्षेत्राधिकारी रविन्द्र कुमार वर्मा, कोतवाल अरविंद कुमार पांडे, उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार यादव व कस्बा इंचार्ज विजय कुमार शुक्ला सहित तमाम प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

**मोहम्मदी संवाददाता के अनुसार,** सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने की। आज के समाधान दिवस में कुल 34 प्रार्थना पत्र आए। जिनमें पांच प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें राजस्व की 16, चकबंदी की 6, विकास विभाग की 3, खाद एवं रसद दो और विद्युत की दो शिकायतें प्रकाश में आईं। समाधान दिवस में पुलिस उपाधीक्षक अभय मल, तहसीलदार विकासधर दुबे, विकास खंड अधिकारी, खंड शिक्षा, अधिकारी अधिशासी, अधिकारी मोहम्मदी और बरवर पूर्ति विभाग सहित सभी तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**निघासन संवाददाता के अनुसार,** संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम ओमप्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान 91 फरियादियों ने अपनी अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिसमें से तीन शिकायतों को मौके पर निस्तारण किया गया। मंगलवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 53, पुलिस विभाग की 19, विकास विभाग 13, आपूर्ति विभाग की तीन, विद्युत दो व गन्ना विभाग की एक शिकायत दर्ज हुई। जिसमें मौके पर राजस्व विभाग की तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष सभी शिकायती पत्रों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए सप्ताह भर में निस्तारित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान तहसीलदार डा. धर्मेंद्र कुमार पांडे, बीडीओ आलोक वर्मा, पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार यादव सहित अन्य महकमों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# नहीं खुल रहे कई चौकियों के ताले

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** जनपद खीरी में तमाम पुलिस निरीक्षक जो कि राजनैतिक दवाबों के चलते सफर कर रहे हैं जबकि कानून व्यवस्था पर नियंत्रण न रख पाने वाले तथा समाजविरोधी कृत्यों को बढ़ावा देने वाले पुलिस निरीक्षक की कोतवालीए थानों पर तैनाती पाने में सफल हैं। जिसका परिणाम है कि बार बार कानून व्यवस्था पटरी से लड़खड़ाती नजर आ रही है।गोलागोकरननाथ जो कि धार्मिक नगरी है और व्यपारियो की अच्छी संख्या है यहां पर सडक पर कभी पुलिस नजर नहीं आती है।

कच्ची शराब नगर व ग्रामीण इलाकों में बोल बोलबाला है। हर समय चक्काजाम नासूर बना हुआ है पुलिस चौकी गोला पर तालाबंदी चल रही है। शायद यह किसी भी अधिकारी को दिखाई नहीं पडता है इस पुलिस चौकी का वीडियो भी वाइरल हो चुका है। ओवरलोड व हाईलोड वाहनों व आटो रिक्शा बेतरतीब ढंग से कुछ नाबालिग बच्चे चलाते हुए नजर आते हैं। नगर का सबसे व्यस्त मार्ग पर सब्जी मंडी लग रही है जोकि जाम लगने में सहयोगी की भूमिका निभाते है। यही हाल पुलिस चौकियों का है जिसमें पुलिस चौकी अलीगंज व नानक चौकी चर्चाओं में बराबर रहती है पर शायद पुलिस अधीक्षक खीरी का ध्यान इस ओर नहीं है। हालात अगर यही रहे तो किसी भी दिन एक बडी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## छात्रवृत्ति कक्षा 9 व 10 के छात्रों को ऑनलाइन आवेदन 21 जनवरी तक

**बरेली।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्री योगेश पाण्डेय ने बताया कि पूर्वदशम छात्रवृत्ति कक्षा 9-10 योजनान्तर्गत छात्रों को ऑनलाइन आवेदन, अग्रसारण एवं छात्रवृत्ति वितरण हेतु प्रस्तावित संशोधित समय-सारिणी जारी की गयी है। छात्रध्छात्राओं हेतु ऑनलाइन आवेदन किए जाने की तिथि 01 दिसम्बर 2020 से बढ़ाकर 21 जनवरी 2021 कर दी गयी है।

# धूमधाम से मनाया गया कल्याण सिंह का जन्मदिन

- समय से अधिकारी चौपाल लगाकर जनसुनवाई करते थे

संवाददाता। निघासन खीरी



**कस्बे के ढखेरवा** रोड़ स्थित क्रय विक्रय के प्रांगण में भारतीय जनतापार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा आज उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि भाजयुमों प्रदेश महामंत्री व पूर्व जिलाध्यक्ष शरद बाजपेई और जिला महामंत्री विनोद लोधी कल्याण सिंह के चित्र पर तिलक लगाकर केक काट कर बडे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वक्ताओं द्वारा कल्याण सिंह के बारे में लोगों बताया गया कि जो अयोध्या में जो भव्य राम मंदिर बन रहा उसमें बहुत बडा योगदान कल्याण सिंह का है। उनके कार्यकाल में तहसील दिवस का शुभारंभ किया गया था। समय से अधिकारी चौपाल लगाकर जनसुनवाई करते थे। उन्ही के कार्यकाल में पति को न रहने पर पत्नी का हिस्सा लड़के के बराबर अधिकार वरासत में रहेगा। शिक्षा मित्र योजना का शुभारंभ भी किया। उन्होंने अपनी कुर्सी को भी त्याग दिया था। पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम जी पाण्डेय, पूर्व उपाध्यक्ष दयाशंकर मौर्य, जिलामंत्री उमाराज, विनोद वर्मा आदि लोगों ने भी संबोधन किया। कार्यक्रम में गरीब असहाय लोगों को कम्बल बितरण किया गया। इस दौरान देवेंद्र चतुर्वेदी, शशिकांत चतुर्वेदी, जयप्रकाश विश्कर्मा, शैलेश तिवारी, बनवारी लाल यादव, रतीराम लोधी, ओम प्रकाश लोधी, सुरेंद्र लोधी, प्रदीप गुप्ता, जुगेश विश्वकर्मा, प्रधान रमेश लोधी, प्रधान संतोष लोधी, केके तिवारी, सतीश लोधी, योगेंद्र प्रताप लोधी, गुड्डू गुप्ता, विपिन मौर्य, कृष्णा लोधी, रिछपाल लोधी, गंगाराम जायसवाल, केके लोधी, गुड्डू लोधी, रामलखन लोधी आदि सैकड़ों कार्यर्ता और लोधी समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जंगल में गोकसी की सूचना पर पहुंची पुलिस



**मैलानी-खीरी।** थाना क्षेत्र के वन विभाग डिपो के मैलानी बफर जोन की खास मुख्य बीट के बढईपुर सम्पर्क मार्ग पर राहगीरों द्वारा नगर भाजपा के पदाधिकारी आनन्द मौर्य को जंगल में गौवंशीय पशुओं के अवशेष पड़े होने की सूचना दी। सूचना मिलने पर आनन्द मौर्य ने तत्काल घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पाकर थाना प्रभारी निरिक्षक विधा शंकर शुक्ला, उप निरिक्षक अजय कुमार मिश्र हम राह पुलिस कर्मियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। वहीं वन रक्षक शमशेर सिंह व भारत प्रसाद सहित अन्य वनकर्मी भी मौके पर पहुंचे तथा पुलिस द्वारा पशु चिकित्सक जगदेव सिंह को बुलाकर डाक्टरी परीक्षण के उपरांत मिले अवशेषों को पुलिस ने गड्ढा खोद मिट्टी में दबवा दिया। पशु चिकित्सक ने बताया कि मिले गौवंश नर पशु के हैं। इनकी उम्र लगभग तीन वर्ष की होगी। सूचना पाकर पहुंचे पीयूष अवस्थी मंडल संयोजक युवा भाजपा युवा मोर्चा मैलानी व भाजपा नेता हरिहर दत्त मिश्र ने अपने उच्च पदाधिकारियों को अवगत कराया। साथ ही संगठन के लोगों ने पुलिस से अति शीघ्र अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की मांग की है। घटना की तहरीर पुलिस को भाजपा आनन्द मौर्य ने दी है।

# कृषि कानूनों में किया जाए संशोधन: अमर

संवाददाता। बिंदकी (फतेहपुर)

- नहरों में तुरंत पानी छोड़ा जाए। किसानों को कम से कम 18 घंटे लगातार विद्युत आपूर्ति की जाए। इसके अलावा पात्र लोगों को आवास उपलब्ध कराए जाएं

**केंद्र सरकार** द्वारा लाए गए तीनों कृषि कानूनों में संशोधन की जरूरत है। किसानों के साथ सर्वदलीय बैठक करने के बाद कृषि कानूनों में संशोधन उपरांत ही कृषि कानूनों को लागू करने की जरूरत है। यह बात किसान मजदूर मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर सिंह पटेल ने आयोजित पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा ।उन्होंने कहा कि एक महीने से दिल्ली में किसान आंदोलन कर रहे अभी तक सरकार कोई निर्णय की स्थिति में नहीं पहुंची है। यह सरकार की बड़ी असफलता मानी जाएगी। निश्चित रूप से वर्तमान कृषि कानून से किसानों को बड़ी हानि होगी। ऐसी स्थिति में कृषि कानून में संशोधन की बहुत जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसान मजदूर आयोग का गठन हो, प्रत्येक किसान मजदूर को दस लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा किया जाए। साठ वर्ष की उम्र होने पर पांच हजार रूपये मासिक पेंशन किसान, मजदूरों को दी जाए। किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सरकार को उर्वरक, कीटनाशक दवाएं, बीज इत्यादि आधे दाम में उपलब्ध कराना चाहिए। इतना ही नहीं किसान, मजदूरों के आवास के लिए कम दर पर बीस लाख का लोन देने की व्यवस्था, किसान मजदूर की बेटी की शादी के लिए एक लाख रूपये की आर्थिक सहायता सरकार को देनी चाहिए। उन्होंने पिछले दस वर्षों से महज दो सौ मीटर में अधूरे पड़े बिंदकी बाईपास का भी मुद्दा उठाया और कहा कि अधूरा बाईपास तुरंत बनवाया जाए। जिससे नगर में लगने वाली जाम की स्थिति तथा दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि यदि बाईपास जल्द पूरा नहीं बना तो मोर्चा आंदोलन शुरू कर देगा। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद की नहरों में पानी नहीं आया है। जिससे गेहूं की फसल बर्बाद हो रही है। नहरों में तुरंत पानी छोड़ा जाए। किसानों को कम से कम 18 घंटे लगातार विद्युत आपूर्ति की जाए। इसके अलावा पात्र लोगों को आवास उपलब्ध कराए जाएं। पात्रों को वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन सहित तमाम सुविधाएं प्रदान की जाए। इस मौके पर प्रदेश सचिव जंग बहादुर सिंह कुशवाहा, मंडल सचिव रामबरन गौतम, संतोष पटेल, प्रदेश सचिव सिद्ध गोपाल, जिला सचिव महावीर गौतम, जिला प्रचार मंत्री रुद्रा गुप्ता, विमलेश सोनकर, कल्लू गौतम, शिव देवी पाल, बलराम यादव, शिखा सविता, तेजपाल, भगत पटेल, ननकी पासवान, ललिता सोनकर, राम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चुरियानी के समीप मंगलवार की दोपहर बाइकों की सीधी भिड़ंत में लगभग 21 वर्षीय एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सिमौर गांव निवासी देवशरण का पुत्र पंकज आज दोपहर मोटरसाइकिल से शहर किसी काम से आ रहा था। जैसे ही वह चुरियानी के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गयी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया।

## हादसे में दो मासूम बच्ची घायल

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में मंगलवार की दोपहर हुए हादसे में दो मासूम बच्ची घायल हो गयीं। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाने के विधातीपुर गांव निवासी संतोष की पांच वर्षीय पुत्र लक्ष्मी आज दोपहर घर के निजी ट्रैक्टर ट्राली में खेल रही थी तभी गिरकर घायल हो गयी। इसी प्रकार थाने के ही सूबेदार का पुरवा निवासी रामनरेश की पुत्री शगुन घर के बाहर खेल रही थी तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गयी।

# इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित हुए छात्र

संवाददाता। फतेहपुर

- दस-दस हजार रूपये की राशि उनके बैंक खाते में स्थानान्तरित कर दी गयी

**केन्द्रीय माध्यमिक** शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से सम्बद्ध महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के दो छात्रों का चयन इंस्पायर अवार्ड के लिए हुआ है। विज्ञान और प्रद्यौगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में नवोन्वेशण, शोध कार्यो के लिए प्रतिभावान छात्रों को वित्तीय सहयोग देकर उचित अवसर प्रदान करता है। वर्ष 2008 में भारत सरकार 11वीं पंचवर्षीय योजना के तहत इंस्पायर योजना प्रारम्भ की। किसी भी राष्ट्र के विकास और मानव जीवन का स्तर बेहतर बनाने के लिए विज्ञान का महत्वपूर्ण योगदान है। वर्तमान समय के युवा मेधावी छात्रों को विद्यालय जीवन काल से ही विज्ञान के प्रति आकर्षित करने और उनमें क्रिया शीलता, मौलिक विचारों के नव प्रवर्तनों का अवसर प्रदान करना चाहिए। विद्यालय के कक्षा 9 के उदीयमान छात्र रामजी शुक्ल व 8वीं के शिवा पाल ने अपने वैज्ञानिक सोच को प्रदर्शित कर जनपद में अपना मुकाम बनाया है। प्रत्येक को दस-दस हजार रूपये की राशि उनके बैंक खाते में स्थानान्तरित कर दी गयी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद त्रिपाठी ने कहा कि स्कूली बच्चों में नव प्रवर्तन और रचनात्मक सोच की संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ विज्ञान और प्रद्यौगिकी के माध्यम से सामाजिक जरूरतों को पूरा करने की दिशा में यह एक सार्थक पहल है। बच्चों की इस उपलब्धि से मार्गदर्शन शिक्षकों समेत पूरे विद्यालय परिवार में खुशी का वातावरण रहा।

# क्विक न्यूज

## बरेली के 26 नवनियुक्त आयुर्वेदिक तथा होम्योपैथिक चिकित्सधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए

**बरेली ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से आयुष्य विभाग के नवचयनित चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने इस अवसर पर आयुष्म टेली मेडिसीन योजना तथा योग वेलनेस सेन्टर उदघाटन भी किया। मुख्यमंत्री जी द्वारा बरेली में गांधी उद्यान स्थित योग वेलनेस सेन्टर का औपचारिक उदघाटन किया गया।एनआईसी, बरेली में माननीय विधायक गण श्री छत्रपाल सिंह, श्री बहोरन लाल मौर्य, डॉ. डीसी वर्मा तथा डॉ. अरूण कुमार एवं जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार द्वारा बरेली के 26 नवनियुक्त आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्साधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गएं।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा ट्रैकमैंटेनरों को किया गया सम्मानित

**बरेली ।** इज्जतनगर मंडल के इंजीनियरिंग विभाग के विभिन्न सीनियर सेक्शन इंजीनियरों (रेलपथ) के अधीन कार्यरत ट्रैकमेन्टेनरों यथा श्री धर्मेन्द्र सिंह, श्री शैलेन्द्र कुमार, श्री तारिक, श्री शैफाली, श्री अर्जुन कुमार, श्री सुनील कुमार, श्री जवाहर तथा श्री मनोज कुमार द्वारा 14 से 17 दिसम्बर, 2020 के मध्य अलग-अलग रेल खण्डों में पेट्रोलिंग करते हुये रेलपथ की वेल्डिंग को टूटा हुआ पाया। इन्होंने तुरन्त रेल संचलन को संरक्षित करते हुए सर्वप्रथम लालबत्ती लगाकर एवं क्लैम्प प्लेट को बांध कर रेलपथ की अस्थाई मरम्मत कर संरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित किया। साथ ही इन्होंने अपने मेठ एवं जूनियर इंजीनियर (रेलपथ) को सूचना दी और रेलपथ की स्थाई मरम्मत कर संरक्षित ट्रेन संचलन कराया। परिणामस्वरूप सम्भावित ट्रेन दुर्घटनाओं को टाला जा सका।मंडल रेल प्रबंधक श्री आशुतोष पंत ने उक्त सभी रेल कर्मियों को उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्य एवं कार्य निष्पादन के दौरान बरती जाने वाली सतर्कता को दृष्टिगत रखते हुए पंद्रह सौ-पंद्रह सौ रुपये के नगद पुरस्कार एवं प्रसस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## नगर पंचायत चेयरमैन पर सभासद पति ने किया हमला

**बरेली।** फतेहगंज पूर्वी नगर पंचायत के चेयरमैन पर सभासद के पति ने अचानक हमला बोल दिया। चेयरमैन ने सभासद पति पर लाठी से गाड़ी पर हमला करने का आरोप लगाया है। मामले मे पुलिस ने चेयरमैन की तहरीर पर अपनी जांच शुरू कर दी है। फतेहगंज पूर्वी नगर पंचायत मे शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय से चेयरमैन प्रदीप कुमार अपने साथियो के साथ गाडी से बाहर निकल रहे थे। चेयरमैन का आरोप है कि नगर पंचायत का सभासद पति उनकी गाड़ी के सामने आ गया, और लाठी से गाड़ी पर हमला बोल दिया। उनका कहना है कि वह जैसे ही अपनी गाड़ी से बाहर निकले तो उन्हे भी लाठी से मारने का प्रयास किया। इस दौरान मौके पर बीच-बचाव करने पहुंचे उपेंद्र कुमार और पंकज अग्रवाल को भी कुछ चोटे आईं। जिसके बाद वह जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया। इस मामले मे थाना प्रभारी अश्विनी कुमार ने बताया कि चेयरमैन की तरफसे तहरीर मिल गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## विलेज फारेस्ट की जमीन देखने पहुंचे अधिकारी, किया पौधारोपण

**बरेली।** जिले मे सूबे का सबसे बड़ा वन क्षेत्र विकसित किए जाने का दावा प्रशासनिक अधिकारियो ने किया है। यहा रामगंगा नदी के करीब 150 हेक्टेयर जमीन पर वन क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। जिसकी कवायद भी प्रशासन के अधिकारियो ने नए साल के पहले दिन शुरू कर दी। शुक्रवार को डीएम समेत अन्य अधिकारी क्यारा ब्लॉक मे विलेज फारेस्ट की जमीन देखने के लिए पहुंचे। पर्यावरण संरक्षण की दिशा मे आगे बढ़ते हुए प्रशासन ने सूबे के सबसे बड़े विलेज फॉरेस्ट को विकसित करने की तैयारी पूरी की है। मुख्यालय से 18 किमी दूर क्यारा ब्लॉक मे विलेज फारेस्ट विकसित होगा। प्रशासन का दावा है कि यह उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा विलेज फारेस्ट होगा। भूमि सरंक्षण अधिकारी, वन विभाग, मत्स्य विभाग, सिंचाई विभागो की टीमो ने सर्वे पूरा किया है। 150 हेक्टेयर मे विकसित होने वाले इस फॉरेस्ट के लिए पिछले दिनो ही जमीन से अवैध कब्जे हटवाए गए है। यहा औषधीय पौधे, वन्य जीव, तालाब, वोटिंग और लाइटिंग की व्यवस्थाए होंगी। नया पर्यटन स्थल बनकर उभरेगा। इस मौके पर पौधरोपण भी किया गया। सांसद धर्मेन्द्र कश्यप, डीएम नीतीश कुमार, सीडीओ चंद्र मोहन ने पौधरोपण किया। इस दौरान ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## जेवरात व तमंचा समेत एक को दबोचा

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के दिशा-निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत बिन्दकी कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध असलहा व चोरी किये गये आभूषणों के साथ युवक को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेजा है। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली के उपनिरीक्षक विद्या प्रकाश सिंह अपने उपनिरीक्षक रितेश कुमार राय व हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर अर्जुन साहू पुत्र बैजनाथ निवासी पलेरा थाना चिल्ला जनपद बांदा हाल पता पुरानी बिन्दकी को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा एक जिन्दा कारतूस व चोरी के एक जोड़ी तोड़िया व एक अंगूठी बरामद करते हुए उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।

# आम आदमी पार्टी अब चुनाव रणनीति के लिए पूरी तरीके से सक्रिय

**बरेली ।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जनक प्रसाद ने आयोजित एक प्रेस वार्ता में बताया कि आम आदमी पार्टी अब पूरी तरीके से सक्रिय हैं स 2022 के लिए चुनाव रणनीति तैयार है रणनीति के अनुसार काम कर के 2022 में पूरे उत्तर प्रदेश के अंदर आम आदमी पार्टी का परचम लहराने का काम किया जाएगा रणनीति के अनुसार दिल्ली से भेजी गई टीम के दिशा निर्देश पर किया जाएगा घर घर जाकर के आम आदमी पार्टी की विचारधारा को बताया जाएगा जनता को जागरूक करने का काम भी किया जाएगा दिल्ली में चल रही सभी सेवाएं जैसे फ्री बिजली फ्री पानी फ्री शिक्षा फ्री स्वास्थ्य को यूपी में लाने का काम किया जाएगा इस दौरान जिला अध्यक्ष ने बताया कि आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष ईए जनक प्रसाद द्वारा नियुक्त किया गया, नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष सुमित शर्मा ने प्रेस वार्ता करके बताया जिला अध्यक्ष जनक प्रसाद ने जिम्मेदारी सौंपी है जिसको मैं बखूबी सभी दायित्व को निभाउगा, जल्दी ही महानगर में एक मजबूत टीम गठित कर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के द्वारा जनता के किये गये कार्यो को यहाँ जन जन तक पहुंचाने का काम करूंगा.दिल्ली में जनता को मुफ्त बिजली पानी और स्वास्थ वयवस्था की तरह यहाँ भी जनता को विश्वास दिलाएंगे की अगर हमारी सरकार आती है तो हम दिल्ली माडल को लागू करेंगे. और सुमित सुमित शर्मा को महानगर उपाध्यक्ष से महानगर अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की इस मौके पर प्रदेश सचिव एवं मंडल प्रभारी राशिद नवाज खान ,जिला अध्यक्ष अनत सक्सेना ,जिला उपाध्यक्ष राजकुमारी , हिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुमन कश्यप , जिला प्रवक्ता साने आलम मौजूद रहे।

# समाधान दिवस: 23 प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण

संवाददाता। फतेहपुर



**सम्पूर्ण समाधान** दिवस का अयोजन खागा तहसील के सभागार में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। जिसमें कुल 201 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें अधिकारियों ने 23 का मौके पर ही निस्तारण का दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने विभाग के शिकायत पत्रों को शासन की मशां के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण, समयबद्धता, टीम भावना से शिकायतकर्ता के फोटोग्राफ्सके साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शिकायत पत्रों को अधिकारीगण, ऊर्जावान, एकजुटताके साथ निस्तारण करें तभी शिकायतकर्ता समाधान योजना में विश्वास रहे। समाधान दिवस में स्वास्थ्य विभाग कैम्प के माध्यम से कोविड-19 के एक सौ अस्सी लोंगो की टेस्टिंग की गयी जिसमें पचास आरटीपीआर प्रेषित की गयी है। एक सौ तीस व्यक्तियों की एण्टीजन रिपोर्ट ऋणात्तक प्राप्त हुयी है। श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आमजन मानस को देते हुये बताया कि निर्माण कामगार पुत्री विवाह योजनान्तर्गत महिला/पुरूष के पुत्रियों के विवाह हेतु 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 55 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्राप्त करायी जाती है। जबकि अर्न्तजातीय विवाह की दशा में हितलाभ 61 हजार रूपये एवं सामूहिक विवाह की दशा में 65 हजार रूपये की धनराशि प्रदान की जायेगी। बशर्ते पंजीकृत श्रमिक पंजीयन के उपरान्त सौ दिन की बोर्ड की सदस्यता पूर्ण होनी चाहिये। श्रमिक महिला/पुरूष पंजीयन एवं उस पर आश्रित परिवार को प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना में चिकित्सा पर आने वाले व्यय भार के समतुल्य धनराशि की प्रतिपूर्ति किया जाना अन्यथाचिकित्सा/शल्य क्रिया आदि के सन्दर्भ में चिकित्सालय द्वारा दिये गये स्टीमेंट के आधार पर चिकित्सालयों को अग्रिम धनराशि का भुगतान किया जायेगा। महिला/पुरूष पंजीयन श्रमिकों की मृत्यु हो जाने पर सामान्य मृत्यु की दशा में दो लाख, दुर्घटना में मृत्यु की दशा में पांच लाख की आर्थिक सहायता मृतक के आश्रितों को प्रदान किया जाता है। इस अवसरपर एसडीएम खागा प्रहलाद सिंह, तहसीलदार शशिभूषण सिंह, जिला विकास अधिकारी रमेंश चन्द्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी अजय आनन्द सरोज, वन अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी खण्ड विकास अधिकारी, प्रभारी थानाध्यक्ष सहित अनेक जनपद स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# 231 शिकायतों में से 12 का निस्तारण

संवाददाता। कानपुर देहात




**जिलाधिकारी** डॉ दिनेश चंद्र ने जिला स्तरीय तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर भोगनीपुर तहसील में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना तथा शिकायतों का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित कर निस्तारण भी कराया। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन के शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है इसमें सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी गंभीरता से शिकायतों का समयवद्धता के साथ निस्तारण करे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही की जायेगी। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 231 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, समाज कल्याण, विद्युत, राशन, स्वास्थ्य आदि विभागों की शिकायतों को गंभीरता के साथ सुना गया तथा शिकायतों का निस्तारण भी कराया। वहीं जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता व पुखरायां क्षेत्र के अधिशासी अभियंता सम्पूर्ण समाधान दिवस में न आने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिये है। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक फरियादी द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि खतौनी में रामकली की जगह पर रामवती दर्ज हो गया है जिस पर शिकायतकर्ता द्वारा कई बार शिकायती प्रार्थना पत्र तहसील में दिया गया परन्तु निस्तारण नही हो सका जिस पर जिलाधिकारी ने गंभीरता के साथ नायब तहसीलदार को निर्देशित कर 15 मिनट के अंदर शिकायती प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया व शिकायतकर्ता को मौके पर खतौनी उपलब्ध कराई गई व ठंड से बचाव हेतु कंबल भी उपलब्ध कराया गया तथा नायब तहसीलदार द्वारा शिकायत का 15 मिनट में निस्तारण करने पर 1रूपये देकर पुरस्कृत भी किया गया। इसी प्रकार शिकायतकर्ता मथुरा पुत्र बल्लू निवासी ग्राम कथरी तहसील भोगनीपुर द्वारा विगत दिनों आयोजित चौपाल में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया तथा जिसमें शिकायतकर्ता को 2008 से मृतक दिखाकर दूसरे व्यक्ति द्वारा उसके जमीन से ऋण लेकर ट्रेक्टर ले लिया जिस पर गंभीरता के साथ शिकायतकर्ता की शिकायत को एक सप्ताह के अन्दर शिकायतकर्ता का नाम खतौनी में पुन: दर्ज की गयी तथा खतौनी भी उपलब्ध करायी गयी। वहीं दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही के भी निर्देश दिये गये है। वहीं शिकायतकर्ता श्रीबाबू पुत्र मूलचन्द्र निवासी अनन्तापुर द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि घर में आग लग जाने से गृहस्थी जल गयी थी जिसे कईबार प्रार्थना पत्र दिये गये परन्तु कोई मुआवजा नही मिला है जिस पर जिलाधिकारी ने शिकायती प्रार्थना पत्र को गंभीरता के साथ मौके पर प्रार्थी को 32 सौ रूपये सद्भावना समिति से दिये जाने के निर्देश दिये तथा प्रार्थी को सर्दी से बचाव हेतु कम्बल व गर्म इनर उपलब्ध करायी। वहीं जिलाधिकारी ने वरासत अभियान के तहत 11 मृतक के वारिसानों को खतौनी भी उपलब्ध करायी गयी। वहीं उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार, लेखपाल को निर्देशित किया कि वरासत अभियान के तहत मृतकों को चिन्हित कर उनके वारिसानों का नाम खतौनी में दर्ज कराया जाये। वहीं जिलाधिकारी ने सर्दी से बचाव हेतु तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये गरीब पात्र व्यक्तियों को कम्बल, गर्म इनर भी वितरित की। वहीं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने भी पुलिस से सम्बन्धित शिकायतों को गंभीरता के साथ सुना व समस्याओं का निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस मौके पर एसडीएम भोगनीपुर दीपाली भार्गव, क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर, जिला सूचना अधिकारी वी एन पांडेय, डीएफ्ओ, बीएसए, जिला कृषि अधिकारी, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी, ईओ नगर पालिका पुखरायां, खण्ड विकास अधिकारी मलासा, अमरौधा आदि जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### सीडीओ ने सुनी समस्याएं

कानपुर देहात। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील डेरापुर में जन समस्याएं सुनी गई। जिसमे उनके द्वारा सर्वप्रथम पूर्व में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की जन शिकायतों की समीक्षा की गयी। जिसके पश्चात महोदया द्वारा तहसील डेरापुर की जन समस्याएं सुनी गयी जिनमें कुल 156 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से प्रमुख शिकायतें मनरेगाएराजस्व विभागए पुलिस विभाग एवाए आपूर्ति विभाग से संबंधित थी जिनमे से 7 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। महोदया द्वारा मनरेगा विभाग से सम्बंधित शिकायत जैसे कि मनरेगा योजनान्तर्गत कार्य कर रहे मजदूरों को मजदूरी प्राप्त नहीं हो रही थी जिसे मौके पर ही निस्तारित करवाया गया जिसेक पश्चात प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास से सम्बंधित शिकायतें जैसेकि पात्र व्यक्तियों को आवास उपलब्ध नहीं हो रहे है जिसमे महोदया द्वारा सम्बंधित को अवगत कराया गया कि आगामी माहों में जैसे जैसे लक्ष्यों का आवंटन होता जायेगा उसके उपरान्त पात्र व्यक्तियों को सर्वप्रथम आवास भी उपलब्ध करा दिए जायेगे। जिसके पश्चात महोदया के समक्ष शिल्पी नाम की महिला जो कि एक दिव्यांग महिला एवं घरेलु हिंसा से पीड़ित थी द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया जिसके पश्चात महोदया द्वारा उनका मनरेगा योजनान्तर्गत जॉब कार्ड बनवाया गया ताकि उनको रोजगार मिल सके एवं महोदया द्वारा शिल्पी का नाम स्वयं सहायता समूह में भी जोड़े जाने हेतु खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस शासन के शीर्ष प्राथमिकता में से एक हैं इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए तथा जो शिकायतकर्ता द्वारा जो भी शिकायती प्रार्थना पत्र दिया जाता है उसका समय से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जो योजनाएं केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं उसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए व लोगों को लाभान्वित किया जाए तथा तहसील में जो प्रकरण लंबित है उसका निस्तारण हर हाल में हो तथा महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत महिलाओं संबंधित शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना जाए व समय से निस्तारण हो। महोदया द्वारा अनुपस्थित अधिकारियो से कारण बताओं नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिए गए। 'जिसके पश्चात महोदया द्वारा महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर का अवलोकन किया गया अवलोकन में पाया गया कि महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर में शिकायतों का अंकन नहीं किया जा रहा है एवं पूर्व में की गई शिकायतों की आख्या भी अंकित नहीं की जा रही हैं जिसमे महोदया द्वारा सम्बंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगे जाने हेतु उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया' एवं यह भी निर्देशित किया गया कि भविष्य में आने वाली शिकायतों को रजिस्टर में सही ढंग से अंकित करते हुए निस्तारण आख्या को भी अंकित किया जाए अन्यथा सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। इस मौके पर उप जिलाधिकारी डेरापुर एतहसीलदार एवम अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत कार्यालय में 40 से अधिक गोल्डन कार्ड बनाये गये



संवाददाता। रूरा(कानपुर देहात)

**नगर** पंचायत कार्यालय में मॅगलवार को सीएससी प्रभारी सुनील कुमार के नेतृत्व में 40 से अधिक गोल्डन कार्ड बनाये गये। आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रूपये तक मूल्य के नि:शुल्क उपचार के लिये बनाये जा रहे गोल्डन कार्ड बनाये जाने के दौरान ईओ पवन किशोर मौर्य व नगर पॅचायतकर्मी मौजूद रहे।

डीएम के निर्देश पर गरीब व वॅचित वर्ग के लोगों को बीमारी के उपचार के लिये आयुष्मान योजना के तहत गोल्डन कार्डों का बनाया जाना युद्धस्तर पर जारी है। मॅगलवार को नगर पॅचायत कार्यालय परिसर में सीएससी प्रभारी सुनील कुमार के नेतृत्व में 40 से अधिक गोल्डन कार्ड बनाये गये। ईओ पवन किशोर मौर्य ने बताया कि शासन के निर्देश पर गरीबों के सरकारी व गैरसरकारी अस्पतालों में 5 लाख रूपये तक की राशि के उपचार के लिये केन्द्र सरकार द्वारा आयुष्मान योजना सॅचालित की जा रही है इसी योजना का लाभ उठाने के लिये गोल्डन कार्डों का निर्माण किया जा रहा है। नगर पॅचायत कार्यालय में मॅगलवार को 40 से अधिक गोल्डन कार्ड बनाये गये। गोल्डन कार्ड बनाये जाने के दौरान ईओ पवन किशोर मौर्य, सीएससी कर्मी मॅजुल कुमार, नगर पॅचायतकर्मी याद कुमार यादव, सैनूर अहमद, राजेश रावत, शिवम सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय नौ कुण्डीय महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर



संवाददाता। एरवा कटरा औरैया

**विकास** खण्ड एरवा कटरा के ग्राम परसुआ में जनकल्यालेश्वर मंदिर ए कंचन धाम पर नौ कुण्डीय महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। कार्यक्रम संयोजक प्रकाश चन्द्र यादव सहित उनकी पूरी टीम देर रात तक तैयारियों में जुटी रही।

कार्यक्रम संयोजक प्रकाश चन्द्र यादव ने बताया कि तीन दिवसीय महायज्ञ का यह आयोजन 6 जनवरी से शुरू होगा जो कि प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 12 बजे तक चलेगा। जिसमें आस पास के आधा दर्जन गांव के सैकड़ों लोग आहुतियां देकर कार्यक्रम को सफ्ल बनायेंगे। कार्यक्रम संयोजक श्री यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम से जहां वातावरण शुद्ध होगा वहीं कोरॉना महामारी से भी लोगों को मुक्ति मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन महायज्ञ होने के साथ ही प्रतिदिन भजन संध्या का कार्यक्रम भी होगा। भजन संध्या का कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय महायज्ञ के पश्चात 9 जनवरी को विशाल भंडारा दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जायेगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में आकर इस पुण्य कार्य में भाग लेने की अपील की है। आज की तैयारियों में कार्यक्रम संयोजक प्रकाश चन्द्र यादव के अतिरिक्त नरेन्द्र सिंह ए डॉ समीर यादव ए राजीव यादव ए कुलदीप यादव उर्फ पंजाबी ए यशेंद्र यादव आदि लोग देर रात तक जुटे रहे।

# सपा के सम्मान समारोह में कई पूर्व जिलाध्यक्ष नहीं आये नजर

संवाददाता। फरुखाबाद

**समाजवादी** पार्टी के जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी के चार वर्ष के कार्यकाल को पूर्ण होनें के चलते पूर्व जिलाध्यक्षों का सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमे कई पूर्व जिलाध्यक्ष नही पंहुचे। जिसकी कानाफूसी चलती रही।

शहर के आवास विकास स्थित सपा के जिला कार्यालय पर आयोजित समारोह वर्तमान जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी के चार वर्ष के कार्यकाल को पूर्ण होनें की खुशी में रखा गया। जिसमे पार्टी के दूसरे नम्बर के जिलाध्यक्ष 1996 से 2001 तक रहे पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव, 2004 से 2007 तक जिलाध्यक्ष रहे पूर्व मंत्री सतीश दीक्षित ही पंहुचे। इसके आलावा पार्टी के गठन के दौरान 1992 से 1996 तक जिलाध्यक्ष रहे अनवार मोहम्मद खां के पुत्र अनवर जमाल व 2001 से 2004 तक जिलाध्यक्ष दलगंजन सिंह यादव के पुत्र राजेश यादव पार्टी कार्यालय पंहुचे। पूर्व जिलाध्यक्ष अनवार मो0 व दलगंजन सिंह का निधन हो चुका है। जिसके चलते उनके बेटे पंहुचे।

वही तीन बार पार्टी के जिलाध्यक्ष रहे चन्द्रपाल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह राठौर, रामसेवक यादव, प्रताप सिंह यादव, प्रसपा में चले गये विश्वास गुप्ता के नाम पूर्व जिलाध्यक्ष की सूची में दर्ज हैं। लेकिन इनमे से कोई नही पंहुचा। पूर्व मंत्री सतीश दीक्षित और नरेंद्र सिंह यादव आदि को जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी नें अंगवस्त्र और माल्यार्पण कर स्वागत किया। संचालन मुन्ना यादव अध्यक्षता पूर्व डीजीसी रनवीर सिंह की।

पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह नें कहा कि कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से पार्टी और संगठन मजबूत होते है तथा उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी एक ऐसी पार्टी जिसमे हर वर्ग और जाति का सम्मान है। पूर्व मंत्री सतीश दीक्षित नें कहा कि अनुसाशन पार्टी की रीढ़ होता है हमे अनुशासित होकर पार्टी के लिए कार्य करना चाहिये।

पूर्व जिला महासचिव मंदीप यादव, मनमोहन मिश्रा, यूनुस अंसारी महेंद्र कटियार, सयुस राष्ट्रीय सचिव विवेक यादव, सुलक्षणा सिंह, सयुस के पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह यादव, राघव दत्त मिश्र, अनेश यादव, रामविलास राजपूत, ब्रजेश पाल, राहुल भाटिया आदि रहे।

# मंदिर से बैट्री चुरा ले गया चोर, सीसीटीवी में कैद वारदात

**फरुखाबाद।** बीती रात भैरव मंदिर से ताला तोड़कर बैट्री चोरी कर ली गयी। पूरी घटना पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरें में कैद हो गयी। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है।शहर कोतवाली के नितगंजा में दक्षिण में भैरव बाबा का मंदिर है। बीती रात मंदिर चोर मंदिर के मुख्य गेट पर लोहे की सरिया लेकर पंहुचा। उसने लोहे की राड़ से ताला तोड़ दिया। जिस समय उसने गेट का ताला तोड़ा उस समय रात का लगभग 2रू30 बजे थे। रात 2रू40 बजे बाइक से पुलिस गस्त के लिए निकली। पुलिस आती देख चोर भीतर चला गया। जैसे ही बाइक गुजरी उसने बैट्री को गमछे में बांधकर खिचता हुआ ले गया। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी में रिकार्ड हो गयी।सुबह जानकारी होनें पर पुलिस को तहरीर दी गयी। पुलिस नें मौके पर जाकर जाँच पड़ताल की। लेकिन फ्लिाहल पुलिस के इकबाल पर फ्रि से सबाल खड़े हो गये हैं। पुलिस गस्त करती रही और चोरी हो गयी। बैट्री चोरी होनें सेमंदिर के श्रद्धालुओं में रोष है। पुलिस जाँच कर रही है।

# बिना मास्क व हैंड ग्लब्स के हो गया कोरोना वैक्सीन का मॉकड्रिल

संवाददाता। फरुखाबाद

**कोरोना** वैक्सीन को लेकर जिला प्रशासन की तैयारिया पूरी हैं। जनवरी के तीसरे सप्ताह के बाद टीकाकरण शुरू हो सकता है, ऐसे में मंगलवार को शहर के आवास विकास लोहिया अस्पताल सहित कई जगह पर माक ड्रिल किया गया। लेकिन लोहिया में जो पहली तस्वीर कैद हुई वह लापरवाही को साफ्-साफ तय करती है। जिसमे सीएमओ की मौजूदगी में ही बिना मास्क और ग्लब्स के स्वास्थ्य कर्मी माक ड्रिल करते नजर आये।मंगलवार को लोहिया अस्पताल के आईसोलेशन वार्ड के साथ ही सीएचसी मोहम्मदाबाद, सीएचसी नवाबगंज, सिविल अस्पताल लिंजीगंज, आर्मी हास्पिटल फ्तेहगढ़ में माक ड्रिल हुआ। लोहिया में डॉ0 वीके दुबे को पहला टीका लगाकर माक ड्रिल किया गया। जेडी सरोज वाला व सीएमओ डॉ0 वंदना सिंह नें लोहिया अस्पताल में माकड्रिल (नकली अभ्यास) कराया।सीएमओ नें कोरोना वैक्सीन के भंडारण व रखरखाव को देखा। वैक्सीन लगाने के लिए तीन कमरों की व्यवस्था की गयी। पहले कमरे में टीका लगवाने वाले का सत्यापन होगा, दूसरे कमरे में टीका लगेगा और तीसरे कमरे में डॉक्टर की निगरानी में टीका लगवाने वालों को आधा घंटे तक रोका जाएगा।टीकाकरण का ब्योरा और मोबाइल नंबर कोविन पोर्टल पर अपलोड हो चुका है। टीकाकरण से एक दिन पहले संबंधित व्यक्ति के मोबाइल पर मेसेज आएगा, जिसमें टीकाकरण स्थल और समय लिखा होगा। टीका लगवाने के लिए आधार कार्ड व मोबाइल नंबर साथ लेकर जाना होगा, क्योंकि मोबाइल पर ओटीपी आएगी, जिसे पोर्टल पर दर्ज कर वैक्सीन लगाई जाएगी।

लोहिया में मास्क ड्रिल के दौरान यूएनडीपी के वीसीसीएम मानव शर्मा जब डॉ0 बीके दुबे को टीकाकरण किया गया तो वह बिना मास्क और ग्लब्स के ही माक ड्रिल करते नजर आये। बाद में डॉ0 बीके दुबे ने जब उन्हें टोंका तो उन्हें मास्क दिया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वंदना सिंह नें बताया कि जिले में वैक्सीन प्रथम चरण में 6 हजार स्वास्थ्य कर्मियों के लगेगी। बताया कि टीकाकरण की तैयारियों को परखा गया है। कर्मचारी के बिना मास्क के माक ड्रिल करने के सबाल पर चुप्पी साध ली। बोलीं कुछ कमियां रह गयीं है। उन्हें ठीक किया जायेगा। बिना मास्क कोई नही था ।सीएमएस अशोक कुमार, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री पंकज शुक्ला, उत्तर-प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के महामंत्री नरेंद्र मिश्रा आदि रहे ।

# ओटीपी पूछ कर युवक के खाते से उड़ाए रुपए

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** अज्ञात व्यक्ति ने ओटीपी पूछ कर एक युवक के खाते से 62000 उड़ा लिये।थाना क्षेत्र के ग्राम कुतुबुद्दीन नगर का निवासी विमलेश कुमार पुत्र रामसेवक जाटव ने बताया कि शाम को लगभग 7:00 बजे के लगभग अज्ञात नंबर 8101027904से फोन आया बताया कि आपके खाते में 5000 रुपए आ गए हैं तभी उसने कहा की ओटीपी बताओ तभी उसने 88 ,18, 35, ओटीपी नंबर बता दिया तभी मेरे खाते से खाता संख्या 761410510004536 मेरे खाते से 62000 किसी अज्ञात व्यक्ति ने जालसाज से ठगी करके निकाल लिए हैं ।विमलेश कुमार ने बैंक ऑफइंडिया जाकर मैनेजर को जाकर पूछताछ की मैनेजर ने कहा ऐसा कुछ नहीं हुआ यहां तभी विमलेश कुमार ने अपने खाते को ब्लॉग्ड करवा दिया है और उस अज्ञात के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# गबन में वीडीओ को नोटिस जारी

**फर्रुखाबाद ।** विकास खंड कमालगंज में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा 13.56 लाख के गबन के मामले में नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में एक सप्ताह में संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर संबंधित को विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।जिला पंचायतराज अधिकारी शिव शंकर सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी जीशान अली के बारे में शिकायत प्राप्त हुई है कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांव बंदर खेड़ा, हिसामपुर, झिझुकी, कंझाना, मेदा श्यामपुर, न्यामतपुर ठाकुरान और रतनपुर में स्वच्छ शौचालयों के निर्माण के लिए विगत वर्ष फ्रवरी व जून में दो किस्तों में लगभग 13.56 लाख की धनराशि निकाल लिए जाने के बावजूद अभी तक निर्माण नहीं कराया गया है। उन्होंने बताया कि धनराशि को गबन कर दुरुपयोग किए जाने की संभावना के मद्देनजर संबंधित वीडीओ को नोटिस जारी किया गया है। 11 जनवरी तक संतोषजनक उत्तर न मिलने पर संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

# सीएचसी में कोरोना वैक्सीन टीके का किया गया पूर्वाभ्यास

## सीएमओ व एसडीएम मौके पर रहे मौजूद



संवाददाता घाटमपुर

**जिले** के अन्य वैक्सीनेशन सेंन्टरों की तरह आज यहाँ की सीएचसी में भी कोरोना वैक्सीन के टीका लगाने का पूर्वाभ्यास किया गया, इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अनिल मिश्रा और उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव भी मोजूद रहे। चिकित्साधीक्षक डा0 कैलाश चंद्रा ने बताया कि मोबाइल एप् के जरिये दोनों बूथों के लिये 50 हेल्थ वर्कस को सूचना दी गयी थी मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अनिल मिश्रा ने बताया कि जिले में 6 बैक्सीनेशन सेंन्टर बनाये गये थे जिनमें 300 हेल्थ वर्कस को सूचना दी गयी थी।

# जीवित व्यक्ति को कागजों में दिखा दिया गया मृत



संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**लालच** या लिपिकीय त्रुटि से अथवा किसी अन्य कारण से जो भी हो ज्ञात नहीं, किंतु ग्राम पंचायत सचिव ने जीवित व्यक्ति के साथ अभिलेखों में हेरा फेरी कर एक अजीब सा कारनामा कर दिखाया। एक जीवित व्यक्ति को मृत घोषित कर देनाए उस व्यक्ति के साथ कितनी बड़ी नाइंसाफी कही जा सकती है । जो जीवित होते हुए मृत घोषित होने की वजह से अपने को जिंदा साबित करने के लिए अधिकारियों से गुहार लगाता फ्रिए इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है। ऐसा ही एक अजीबोगरीब सनसनीखेज मामला आज उस समय सामने आया। जब तहसील ब विकासखंड कायमगंज के गांव गुलबाजनगर मजरा व ग्राम पंचायत मझोला निवासी मेहरबानसिंह पुत्र मनोहरलाल ए जिलाधिकारी के नाम संबोधित एक शिकायती पत्र लेकर तहसील दिवस में मौजूद उप जिलाधिकारी कायमगंज के सामने पहुंचा। उसने कहा कि उसकी ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत सचिव ने मुझे जीवित होते हुए भी परिवार रजिस्टर में मृत दर्शा कर उसके जीवन के सारे अधिकारों को समाप्त करने का कुचक्र रच दिया है। पीड़ित ने गुहार लगाते हुए कहा कि साहब मैं जिंदा हूं इसलिए मेरे प्रकरण को संज्ञान में लेकर मुझे परिवार रजिस्टर में की गई गलती को सुधार कर जीवित दर्ज कराया जाए।

# समाधान दिवस में 62 ने दर्ज करायी अपनी शिकायतें

**घाटमपुर।** तहसील के सभा कक्ष में आयोजित संम्पूर्ण समाधान दिवस में पंहुचे 62 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज करायी जिसमें दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। रोस्टर के तहत आज का संम्पूर्ण समाधान उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने की अध्यक्षता में होना था और वो निर्धारित समय से पंहुच कर आये हुए फरियादियों की शिकायतें सुनी तथा संवंन्धित बिभाग को समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता पूर्वक जाँच कर कार्यवाही करने का आदेश दिया, तहसील दार बिनीत कुमार ने बताया कि दिवस में 62 शिकायतें आयी जिनमें सबसे ज्यादा 22 राजस्व की थी। इसके अलावा पुलिस 20, बिकास 08, बिजली 04, आपूर्ति 02 तथा बाकी अन्य बिभागों से संवंन्धित थी। 2 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

# 137 में से 20 शिकायतों का हो सका निस्तारण



संवाददाता। अमृतपुर फर्रुखाबाद

**दिनों** दिन न्यायालयों के बढ़ रहे बोझ को कम करने के लिए मंगलवार को तहसील परिसर में आयोजित हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये 137 में 20 फरियादियों को मौके पर न्याय मिला। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने अमृतपुर तहसील में सभी को त्वरित न्याय प्रदान करने का भरोसा दिया।

मंगलवार को अमृतपुर तहसील परिसर में आयोजित हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुबह से ही फरियादियों की कतार लगी रही। जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह एंव पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की अध्यक्षता में आयोजित हुये समाधान दिवस में मौके पर मिल रहे न्याय को देख फरियादियों के चेहरे खिल उठे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये 137 फरियादी ही आए जिनमे से 20 को मौके पर ही न्याय दे दिया गया। वहीं डीएम ने निर्देशित किया कि अन्य फरियादियों की समस्याओं का 8 दिन में निस्तारण कराया जाएगा। साथ ही संबन्धित अधिकारियों को भी सख्त हिदायत दी गई है कि समय सीमा के अंदर जल्द से जल्द सभी प्रार्थना पत्रों का निष्पक्षता से निस्तारण कराये। यदि ये नही पाया गया तो संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर आए सभी फरियादियों के चेहरे पर जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक की न्याय देने की नीति को देख खुशी की लहर दौड़ गई।

# पहाड़ से गिरे मजदूर की दर्दनाक मौत

● खदान में पत्थर तोड़ते समय रस्सी टूटने से हुआ हादसा

● मजदूरों की कब्रगाह बन रहीं हैं मानक विहीन संचालित खदानें

संवाददाता। चित्रकूट



**खनिज** विभाग की मिलीभगत से सुरक्षा मानकों को ताक में चल रहे भरतकूप की ग्रेनाइट पत्थर की खदाने गरीब मजदूरों की कब्रगाह बनती जा रहीं है। मंगलवार को गोडा पहाड स्थित पंकज महेश्वरी की खदान में पत्थर की तोड़ाई करते समय रस्सी टूटने से पहाड से नीचे गिरे एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सदर एसडीएम और सीओ सिटी ने मौके पर पहुंच घटना स्थल का जायजा लिया। वहीं इस मामले में डीएम का कहना है कि मामले की जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। चित्रकूट जिले के भरतकूप में कार्फी अरसे से खनिज विभाग की मिली भगत से ग्रेनाइट पत्थर की खदाने में सुरक्षा मानकों को ताक में रखकर संचालित हो रहीं है। खदानों में ब्रैंच आदि की समुचित व्यवस्था न होने एवं काम करने वाले मजदूरों को हेल्मेट आदि सुरक्षा सामग्री उपलब्ध न कराये जाने की वजह से खदाने गरीब मजदूरों की कब्रगाह बनती जा रहीं है। चित्रकूट जिले के भरतकूप थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिलखोरी गांव निवासी इंदू उर्फ गिरधारी 35 पुत्र रामखेलावन गोंडा पहाड स्थित पंकज महेश्वरी की ग्रेनाइट पत्थर की खदान में मजदूरी करता था। मंगलवार को रोज की तरह वह पहाड में चढ कर पत्थर तोड रहा था। कमर में बंधी जर्जर रस्सी के टूट जाने से वह पहाड से नीचे गिर गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक मजदूर के परिजनों में कोहराम मच गया। गोंडा पहाड पहुंचे सदर एसडीएम रामप्रकाश, क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश यादव एवं भरतकूप थानाध्यक्ष संजय उपाध्याय ने मौका मुआयना करने के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेजवा दिया है। खदान में काम कर रहे चुनबाद और हरी का आरोप है कि गोंडा पहाड में खनन पटटा पंकज महेश्वरी के नाम है। उसका संचालन अरविंद रलिहा द्वारा किया जा रहा है। खदान संचालक से कई बार ब्रैंच बनवाने एवं हेल्मेट एवं मजबूत रस्सी उपलब्ध कराने की मांग की गई लेकिन खदान संचालक ने उनकी बातों को अनसुना कर दिया। वहीं मृतक के परिजनों ने शासन-प्रशासन से मृतक मजदूर के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाये जाने की मांग की है। डीएम का कहना है कि मामले की जांच के आदेश दिये गये है। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।वहीं घटना स्थल का मुआयना करने पहुंचे सदर एसडीएम रामप्रकाश का कहना है कि मृतक के परिजनों द्वारा तहरीर दिये जाने पर संबंधित के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई जायेगी। इसके अलावा मृतक मजदूर के परिजनों को कृषक दुर्घटना बीमा एवं श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अलावा शासन-प्रशासन से हर संभव मदद दिलाई जायेगी।

# डीएम, एसपी ने तहसील दिवस में सुनी जनता की समस्यायें

संवाददाता। कालपी (जालौन)

**जिलाधिकारी** जालौन डा. मन्नान अख्तर की अध्यक्षता मे व पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह, एसडीएम जयेन्द्र कुमार आईएएस, सीओ आर.पी सिंह की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस संपंन हुआ जिसमें संबंधित विभागों से शिकायत दर्ज हुईं। गौरतलब हो कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार माह के प्रथम व तृतीय मंगलवार को तहसील सभा कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होता है जिसमें संबंधि विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहते है। जिसमें तत्काल शिकायत निस्तारण हेतु संपूर्ण समाधान दिवस प्रभारी द्वारा टीम गठित कर मौके पर पंहुच कर निस्तारण कर वादी को संतुष्ठ करने की कार्यवाही की जाती है। संपूर्ण समाधान दिवस में महर्षि वेदव्यास विकास समिति के अध्यक्ष उमाशंकर निषाद, उपाध्यक्ष पवनदीप निषाद, महामंत्री रामजी रामसखा, बार संघ अध्यक्ष अमरसिंह निषाद एड, देवेन्द्र कुमार निषाद एड., अनिल कुमार सभासद प्रति., रमन प्रकाश साधक, सतीशचंद्र एड., कढ़ोरेलाल पूर्व प्रधान, दयाशंकर मुन्शी आदि पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा प्रबंधक जिलाधिकारी जालौन, स्थान उरई के मौजा मंदसपुर, शेखपुर बुल्दा, चाहींपुर की कृषि भूमि की पैमाइश हेतु प्रार्थना पत्र देते हुये जिलाधिकारी डा. मन्नान अख्तर को बताया कि शेखपुर बुल्दा (मदरपुर) कालपी में प्राचीन महर्षि वेदव्यास मंदिर का शिलान्यास उप्र के तत्कालीन महामहिम राज्यपाल केएम मुन्शी द्वारा सन 1953 को किया गया था। व्यास जी महाराज बिराजमान मंदिर व्यास टीला की आराजी निजाई बाके मौजा मंदसपुर रकवा 1.012 हे0, मौजा चाहींपुर रकवा 1.821 हे0, मौजा शेखपुर बुल्दा रकवा 0.364 हे0 दर्ज है। उक्त आराजी निजाई में व्यास मंदिर प्रबंधक जिलाधिकारी जालौन स्थान उरई है। तभी से इस आराजी निजाई के मालिक व्यास मंदिर प्रबंधक जिलाधिकारी जालौन नामांकित है।

## क्विक न्यूज

### पुलिया से बाइक टकरायी, बाइक सवार नहर में गिरे

**राठ(हमीरपुर)।** मंगलवार की तड़के करवर्रा-लीगा मार्ग पर स्थित नहर पुलिया पर एक बाइक टकरा गई। बाइक पर सवार दो युवक नहर में बाइक सहित गिर गये। 108 एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। मंगलवार की तड़के मझगवां थाना क्षेत्र के अटगांव निवासी प्रदीप अपने साथी धर्मेंद्र निवासी सैदपुर के साथ अटगांव से पहाड़ी मुस्करा बाइक से भाई को लेने के लिये जा रहे थे। तभी घना कोहरा होने के कारण उनकी बाइक लीगा गांव के पास नहर पुलिया से टकरा गई। जिससे दोनों युवक नहर में घुस गये। जब कुछ राहगीरों की नजर युवकों पर पड़ी तो एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस कर्मियों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। डा.भरत राजपूत ने बताया कि दोनों युवकों की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलिज झांसी रिफर कर दिया।

### हत्या की रिपोर्ट दर्ज, जमीनी विवाद में की थी हत्या

**हमीरपुर।** ललपुरा थाना क्षेत्र के परसनी गांव में जमीनी विवाद में हुयी युवक की हत्या के मामले में आज रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बीती रात गांव में नन्ही हैदर(50) व लवी में कई सालों से जमीनी विवाद चल रहा था। नन्ही हैदर दिल्ली में रहता था दो दिन पहले वह दिल्ली से आया था आज जाने की तैयारी में था। जब भी नन्ही हैदर गांव आता था तब वह पड़ोसी रसखन के यहा रुकता था और खाता पीता था. कल रात जमीन कोलेकर लवी व नन्ही हैदर मे विवाद हो गया तभी लवी ने लाठियो से पीट पीट कर नन्ही हैदर को मार डाला और फरार हो गया था। पुलिस मौके पर पहुची शव को अपने कब्जे में कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया था। रसखन ने गांव के लवी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### रंगदारी मांगने का आरोप

**राठ(हमीरपुर)।** एक युवक द्वारा रंगदारी मांगने पर पीडित ने आरोप लगाते हुये एसडीएम से लिखित शिकायत का कार्यवाही की मांग की है। कस्बे के लोधीपुर रोड निवासी गजेंद्र पुत्र माधव प्रसाद ने बताया कि बीते एक जनवरी को मोहल्ले के दो युवक उसके घर पर आये और पिता की तबियत खराब होने की बात कहने लगे और अर्जेंट रुपये की व्यवस्था की कराने की बात कहने लगे। आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने पिता की चेक दिखाई और उसे अर्जेंट एसबीआई बैंक रुपये निकवाने के लिये ले गये। उसी दिन उसने 25 हजार बैंक से निकाल लिये। आरोप लगाया कि कुछ दिन बाद उक्त लोग झूठा बनाने के लिये उससे रंगदारी मांगने लगे और झूठे मुकदमे फंसवाने की धमकी देने लगे। पीडित ने एसडीएम से उक्त लोगों पर कार्यवाही कराने की मांग की है।

### एक ने फांसी तो दूसरे ने डाई पी आत्महत्या का किया प्रयास

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के अलग-अलग गांव में गृह कलह के चलते महिला ने फांसी लगाकर तो युवक डाई पी कर आत्म हत्या करने का प्रयास किया सिलौली निवासी जितेंद्र ने घर में रखी डाई पी ली जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। नगर के सामु. स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। दूसरी घटना क्षेत्र के बिगहना गांव निवासी आलोक कुमार की 24 वर्षीय पत्नी मधु ने गृह कलह के चलते देर रात घर में फांसी लगा ली। सामु. स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उसकी हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने प्रा. उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### भूमि विकास बैंक प्रबंधक को किया निलंबित

**हमीरपुर।** वसूली के समय अवकाश लेने से नाराज शासन ने राठ तहसील के भूमि विकास बैंक के प्रबंधक आज देर शाम निलंबित कर दिया है। भूमि विकास बैक के चित्रकूटधाम मंडल के क्षेत्रीय प्रबंधक रामकुमार ने बताया कि शासन स्तर से जिले के राठ भूमि विकास बैक को 892 लाख कावसूली का लक्ष्य दिया गया था जिसके विरुद्ध 31 दिसम्बर तक केवल 27 लाख की वसूली हो पायी है। जो लक्ष्य का सिर्फतीन फीसदी है यही नही बैक के प्रबंधक दिलीप वर्मा माह अक्टूबर से अवकाश पर चल रहे थे जिससे बैंक का सारा काम प्रभावित हो रहा है वही वसूली का लक्ष्य लगातार गिरताजा रहा था आज शासन ने समीक्षा के दौरान प्रबंधक को निलंबित कर दिया है।

### जान से मारने की धमकी दी

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के टीकुर गांव में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। पीडित ने सीओ से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग है। टीकुर गांव निवासी करन सिंह ने बताया कि गांव के कुछ लोग उससे रंजिश मानते है। सोमवार की शाम गांव का एक व्यक्ति उसके पास आया और गाली गलौज करने लगा। जब उसने गाली देने का विरोध किया तो वह जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

### पुलिस ने डेढ़ किलो गांजा ले जाते युवक को किया गिरफ्तार

**एट (जालौन)।** पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के निर्देश पर जिले में चलाये जा रहे मादक पदार्थों की धर पकड़ अभियान के तहत थाना एट पुलिस ने गस्त के दौरान रोहित कुमार पुत्र राजीब कुमार गुप्ता निबासी मैन बाजार कस्बा एट को पकड़ते हुए उक्त के पास से एक किलो 5 सौ ग्राम गांजा बरामद कर लिया जिसे पकड़कर पुलिस थाना एट ले आयी। युवक खिलाफ मुकदमा संख्या 5/20 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्दमा दर्ज कर चालान कर दिया।

### खेत में सिंचाई के लिए रखी चार चिड़ियां चोरी

**जालौन (उरई)।** खेत में सिंचाई के लिए लगाई गई 30 चिड़ियों में से अज्ञात चोरों ने रात में 4 चिड़ियां चोरी की। पीड़ित किसान ने चोरी की सूचना कोतवाली में दी। ग्राम करनपुरा निवासी किसान ऋषभ गुर्जर ने पुलिस को बताया कि उनका खेत एदलपुर मौजा में स्थित है। इस समय खेतों में सिंचाई की आवश्यकता है। टेल तक पानी न पहुंचने से वह नलकूप के माध्यम से खेत में चिड़यों के द्वारा बारिश कर रहे हैं। किसान का आरोप है कि सोमवार को उन्होंने 30 चिडियां खेत में सिंचाई के लिए लगाई थी। रात होने पर वह चिड़ियों को खेत पर ही छोड़कर घर आ गए। सुबह जब वह खेत पर पहुंचे तो उन्हें 26 चिड़ियां ही मिली। किसी अज्ञात व्यक्ति ने खेत में पड़ी 4 चिड़ियों की चोरी कर ली। इसमें उन्हें लगभग 5 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

### पड़री पहुंच एसडीएम ने गौशालाओं का किया निरीक्षण

**कोंच(जालौन)।** एसडीएम अशोक कुमार ने मंगलवार की सुबह कोंच विकास खंड के ग्राम पड़री व भदारी में शासन के निर्देश पर संचालित गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं। ग्राम पड़री में गौशाला निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने सर्दी से गौवंशों को बचाने के लिये लगायी गयी तिरपाल नाकाफी बताते हुए तिरपाल बढ़ाये जाने व उचित दूरी पर अलावों को लगाये जाने के निर्देश एडीओ नरेशचंद्र दुबे व सचिव मनोज गौतम को दिये। गौशाला में साफसफाई को लेकर एसडीएम ने प्रतिदिन साफसफाई कराये जाने के भी निर्देश दिये।

### कैलिया में एन्टी रोमियो टीम ने स्कूलों का किया निरीक्षण

**कोंच(जालौन)।** कोंच सर्किल के थाना कैलिया की एन्टी रोमियो टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को टीम के सदस्य सिपाही ऋषि कुमार व शिवांगी ने कैलिया में संचालित स्कूलों सहित परमहंस इंटर कॉलिज देवगांव का निरीक्षण कर छात्राओं से उनकी समस्या, शिकायतें पूंछी, एन्टी रोमियो टीम ने छात्राओं से कहा कि कभी भी किसी प्रकार की कोई समस्याध्शिकायत होने पर उसी समय अवगत करायें जिससे त्वरित कार्यवाही की जा सके।

# तीर्थक्षेत्र में संस्कृत विवि की स्थापना का प्रयासः चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय

**चित्रकूट।** तीर्थक्षेत्र में संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध भी किया है। बस उनकी स्वीकृति की प्रतीक्षा है। ये बातें प्रदेश सरकार के पीडब्लूडी राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहीं। राज्यमंत्री मंगलवार को अमानपुर में हर्षित वेद संस्कार संस्कृत पाठशाला के उद्घाटन अवसर के मुख्य अतिथि थे। उनकी हार्दिक इच्छा है कि तीर्थक्षेत्र में संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना हो, जिससे यहां से वेदभाषा के विद्वान निकलें और पूरी दुनिया में भारत का नाम करें। वह इस संबंध में पहले भी सीएम योगी आदित्यनाथ से अनुरोध कर चुके हैं और जब मुख्यमंत्री वाल्मीकि आश्रम आए थे तो फिर उन्होंने इस संबंध में उनसे संस्कृत विवि की आयुर्वेद फैक्लटी के साथ स्थापना का अनुरोध किया था।

आशा है कि सीएम उनकी इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेंगे। संस्कृत भाषा एक ऐसी भाषा है, जिसे पढ़कर छात्र प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपने को भी पूरा कर सकता है। यह संयोग है कि आज ही भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी का जन्मदिन है, जिनका कहना है कि संस्कृत को जानने वाले को कंप्यूटर आना चाहिए और कंप्यूटर को जानने वाले संस्कृत आनी चाहिए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने संस्कृत को वैज्ञानिक भाषा बताया। संस्कृत के कुछ उदाहरण देकर इस भाषा की समृद्धता का बखान किया। वैज्ञानिक भी यह बात मान चुके हैं कि संस्कृत कंप्यूटर के लिए सबसे सुगम भाषा है। जितनी संस्कृत समृद्धशाली है, उतनी विश्व की दूसरी कोई भाषा नहीं। राज्यमंत्री और भाजपा जिलाध्यक्ष ने विद्यालय को शुभकामनाएं दीं और पूजा अर्चना कर इसका शुभारंभ किया। विद्यालय के संचालक लवकुश शास्त्री ने सभी का आभार जताया।

### संस्कृत विद्यालयों की दुर्दशा से दुखी हैं राज्यमंत्री

राज्यमंत्री ने कहा कि जिले में संस्कृत विद्यालय तो बहुत हैं पर इनकी हालत ठीक नहीं। यह चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत से अच्छे काम किए हैं और कर रही है। संस्कारों की भाषा संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए बहुत से काम किए गए हैं। सरकार की मंशा है कि छात्र संस्कृत भाषा में पारंगत हों, न कि उथला ज्ञान हो। राज्यमंत्री ने बताया कि वह जिले के संस्कृत विद्यालयों का आकलन कराएंगे और इनकी दशा सुधारने के प्रयास करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने भी संस्कृत विद्यालयों की हालत को सुधारने की जरूरत बताई।

## सदर तहसील में आइजी बबेरू में डीएम ने सुनीं फरियाद

**बांदा।** मंगलवार को जनपद की सभी तहसीलों में समाधान दिवस आयोजित हुआ। डीएम ने बबेरू स्थित तहसील में समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समय से निस्तारण कराया जाए। सदर तहसील में आइजी के. सत्यनारायन व एसडीएम सुधीर कुमार ने 99 मामलों को सुना। तहसीलदार अवधेश कुमार निगम ने बताया कि लगभग 20 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। संवाद सहयोगी बबेरू के अनुसार जिला स्तरीय जिलाधिकारी आनंद कुमार सिंह के सम्मुख लगभग 120 मामले आए। मौके पर मात्र 10 मामलों का उन्होंने निस्तारण किया। अधिकारियों को निर्देश दिया कि मौके पर पहुंचकर समस्याओं का निस्तारण गुणवत्ता के साथ करें। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थशंकर मीना सीडीओ हरिश्चंद्र वर्मा एसडीएम सौरभ शुक्ला डॉ. प्रभात कुमार द्विवेदी जगतपाल सिंह विजयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# हेल्थ केयर्स के साथ हुआ ड्राईरन



कोरोना टीकाकरण के ड्राईरन को देखते डीएम

**चित्रकूट।** डीएम ने जिला अस्पताल सामु. स्वास्थ्य केन्द्र मानिकपुर, शिवरामपुर, मऊ, पहाड़ी व रामनगर में कोरोना टीकाकरण को ड्राईरन की तैयारियों को परखा। डीएम ने कोरोना वैक्सीन का ड्राईरन जिला अस्पताल समेत चयनित अस्पतालों में किया। सीएमओ व टीम ने कोरोना टीकाकरण की तैयारियों को अन्तिम रुप देते हुए पुर्वाभ्यास किया। सीएमओ डॉ विनोद कुमार यादव ने बताया कि प्रत्येक जगह पचास-पचास डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ ड्राईरन किया गया। टीकाकरण को मूर्तरुप देने को किसी प्रकार की परेशानी टीकाकरण कराने वालों को न हो। चुनिंदा लोगों की आईडी चेककर उन्हें वेटिंग रुम में इंतजार के बाद हैंडवाशिंग कर टीकाकरण कक्ष में पहुंचाया। ट्रायल के बाद निगरानी कक्ष में तीस मिनट तक रोकने का पूर्वाभ्यास किया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ मुकेश ने बताया कि ड्राईरन बिना वैक्सीन के किया गया है। दो-दो सत्र समेत 12 सत्रों में तीन सौ हेल्थ केयर वर्कस के साथ ड्राईरन हुआ। पहले चरण में 3056 स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण होगा। एसपी अंकित मित्तल, सीएमएस आरके गुप्ता समेत अस्पताल के डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## 464 अध्यापकों ने किया गृह जनपद जाने के लिए आवेदन

**बांदा।** जनपद में कुल 2036 परिषदीय विद्यालय स्थित है। जिसमें कुल छात्र.छात्राओं की संख्या 2 24 792 है। इन विद्यालयों में समय.समय पर भर्ती के तहत वाह्य जनपदों से सैकड़ों लोगों ने तैनाती पायी। लंबे समय से कार्यरत रहे यह शिक्षक अब अपने गृह जनपद जाने के लिए जुगत भिड़ाते रहे। शासन ने इसके लिए आवेदन भी मांगे। गृह जनपद के लिए 464 अध्यापकों ने आवेदन किया। जिन्हें स्वीकार कर लिया गया। दो वर्ष की सेवा पूरी करने वाले महिला शिक्षक व पांच वर्ष की सेवा पूरी करने वाले पुरूष शिक्षक ही आवेदन के हकदार होंगे। इनमे से प्राप्त आवेदन के अनुसार 90 फीसद शिक्षकों का तबादला गृहजनपद में हो चुका है। जो अपनी सुविधा अनुसार विद्यालयों शिक्षण कार्य कर सकेंगे। सरकार का अधिकांश बजट इन शिक्षकों के वेतन व परिषदीय विद्यालयों के रखरखाव में खर्च होता है। फिर भी गुणवत्ता में आंशिक सुधार ही देखा जा रहा है। जनपद में कुल 2036 अध्यापकों की तैनाती परिषदीय विद्यालयों में की गई है। लेकिन उसके बाद भी शिक्षा गुणवक्ता में आशिक सुधार ही देखा जा सकता है। सरकार के राजस्व संग्रह यानी एक वित्तीय वर्ष का करीब 35 फीसद भाग प्राथमिक मा. व उच्च शिक्षा विभाग पर व्यय किया जाता है। सूबे में शिक्षा को निर्धारित कुल बजट का करीब 45 फीसदी प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने शिक्षकों के वेतन व पेंशन पर खर्च हो जाते है।

## 223 स्वास्थ्य कर्मियों का किया गया ड्राइ रन, डीएम एसपी ने किया औचक निरीक्षण

**हमीरपुर।** शासन के आदेशानुसार आज जिले में चयनित छह स्वास्थ्य केंद्रो में कोविड वैक्सीनेशन हेतु ड्राइ रन का आयोजन किया गया और 223 लाभार्थियों का कोविड वैक्शीनेशन किया गया। प्रत्येक केंद्र में पूर्व प्रशिक्षित दो टीमों के कर्मियों द्वारा ड्राइ रन किया गया। आज के इस आयोजन में तीन सौ लाभार्थियों में 223 लाभार्थियों को ड्राइरन किया गया है। प्रशासनिक व पुलिस विभाग के नोडल अधिकारी नामित किये गये है। कल देर रात जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह ने कोविड-19 के वैक्सिनेशन की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से जिला पुरूष एवं जिला महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान डीएम ने वैक्सीनेशन व्यवस्था के तहत बनाये गए वैक्सीनेशन कक्ष, वेटिंग रूम, ऑब्जरवेशन रूम, निकास प्वाइंट आदि का बारीकी से निरीक्षण किया तथा पायी गयी कमियों को तत्काल दूर करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। टीकाकरण के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन होना अनिवार्य है इसको दृष्टिगत रखते हुए ही तैयारियां की जाए। उन्होंने टीकाकरण स्थल पर होने वाली सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में भी जायजा लिया। एडीएम ने चिकित्सालय में बनाये गये वैक्सीननेशन ड्राईरन के दौरान उपस्थित चिकित्साधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से व्यवहारिक जानकारी हासिल की तथा निर्देश दिये कि सभी लाभार्थियों को कोविड-19 टीकाकरण के साथ दिये जाने वाले प्रमुख संदेशों को पम्पलेट के माध्यम से आवश्यक जानकारी अवश्य दी जाये। कोविड-19 वैक्सीन की दूसरी डोज की तारीख व स्थान की सूचना उनके मोबाईल पर एसएमएस के द्वारा दी जाये।

# कोविड वैक्सीन की मॉक ड्रिल में 43 लोगों पर किया पूर्वाभ्यास

**जालौन ( उरई )।** सीएचसी में कोविड वैक्सीन का ड्राई रन (मॉक ड्रिल) किया गया। दो सत्र में आयोजित ड्राई रन में 43 लोगों पर वैक्सीन लगाने का पूर्वाभ्यास किया गया। वैक्सीन लगने के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश न रहे। इस दौरान एसीएमओ ने भी ड्राई रन का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए।

समूचा देश इस समय कोरोना महामारी से जंग लड़ रहा है। अब तक एक लाख से अधिक लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है। राहत की बात यह है कि जल्द ही लोगों को कोरोना वैक्सीन के टीके लगने वाले है। शासन स्तर से इसकी कयावद भी चल रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर में स्थित सीएचसी को वैक्सीनेसन केंद्र बनाया गया है। टीका लगाए जाने के दौरान कहीं कोई गड़बड़ न हो इसके लिए सीएचसी में मंगलवार को टीका लगाने का पूर्वाभ्यास किया गया। ड्राई रन के दौरान टीकाकरण केंद्र पर चार स्वास्थ्यकर्मी और दो सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए। टीकाकरण के लिए 2 सत्र आयोजित किए गए। जिसमें 35 पुरूष व 15 महिला समेत 50 लोगों के टीकाकरण का टार्गेट दिया गया था। जिनमें से टीकाकरण के दौरान 31 पुरूषों और 12 महिलाओं समेत 43 व्यक्तियों पर टीकाकरण का ड्राई रन किया गया। शेष 7 व्यक्ति अनुपस्थित रहे। टीकाकरण केन्द्र के प्रवेश द्वार पर लगाए गए सुरक्षाकर्मी ने सर्वप्रथम टीकाकरण पंजीकृत लाभार्थी को उसके मोबाइल फोन पर प्राप्त एसएमएस और आधार कार्ड के मिलान के बाद सत्यापनकर्ता के पास भेजा। इसके बाद डॉक्टर द्वारा संबंधित व्यक्ति को टीका लगाने का अभ्यास किया गया। टीका लगने के बाद लाभार्थी को तीसरे कमरे में आधा घंटे के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में रखा गया। इस दौरान एसीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश ने सीएचसी पर पहुंचकर रिहर्सल को देखा और तैयारियों पर संतोष जताया। ड्राई रन के दौरान उन्होंने बताया कि ड्राई रन के दौरान किसी को भी कोई वैक्सीन नहीं लगाई जा रही है बल्कि केवल वैक्सीन लगाने का मॉक ड्रिल किया जा रहा है। ड्राई रन सही प्रकार से हो और कहीं किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए पूर्वाभ्यास कराया जा रहा है। ताकि जब वैक्सीनेशन शुरू हो तो वह पूरी तरह से त्रुटि रहित रहे।

# किराना व्यापारी के घर लगी आग से लाखों की गृहस्थी हुई खाक

● बारह बकरियां जलकर मरीं, विधायक राठ मौके पर पहुंचीं

संवाददाता। बिवांर (हमीरपुर)

**क्षेत्र के** निवादा गांव निवासी कामता विश्वकर्मा के घर में में कल रात आगजनी की घटना में 1.20 लाख की नगदी व बारह जलकर जलकर मर गयी आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते उसने घर व दुकान दोनों को चपेट में ले लिया।

आग की लपटें उठती देख व शोर शराबा सुन ग्रामीण भी आग बुझाने दौड़े, चार घण्टे में सब कुछ जलकर खाक हो गया पीड़ित ने बताया दमकल विभाग को फोन किया गया था लेकिन किसी कारण वश वे नही पहुँच सके।पड़ोसियों ने अपने घरों में लगे समर सेविल मोटर चलाकर आग बुझाने में मदद की। बिवाँर थाना प्रभारी अखिलेश यादव ने भी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुँचकर आग बुझाने में मदद की। आग बिजली शार्ट सर्किट होने से लगी थी। जिसकी चिंगारी भूसे में गिरने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर निवादा लेखपाल कारेलाल ने घटना स्थल जाकर मुआयना किया। पीड़ित ने बताया कि इस आगजनी में उसका लगभग पाँच लाख का नुकसान हुआ है। वही पशु चिकित्साधिकारी ने मरी हुई बकरियों का पोस्टमार्टम कराने के लिए उनको अपने कब्जे में लिया। घटना की जानकारी मिलते ही राठ विधायक मनीषा अनुरागी व पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत जयन्ती राजपूत ने पीड़ित के घर जाकर उसे ढांढस बंधाया और अपनी तरफ से कुछ आर्थिक मदद दी,साथ ही शासन द्वारा और आर्थिक मदद दिलवाने के आश्वासन दिया।

# सीएम आवास योजना के तहत बनेंगे 57 आवास

**हमीरपुर( सं. )।** जिले में पहली मर्तवा शासन ने प्रधानमंत्री आवास योजना की तरह मुख्यमंत्री आवास योजना की शुरुआत की है। जिले में फिलहाल 57 आवास बनाने का लक्ष्य दिया गया है। सुमेरपुर ब्लाक में सबसे ज्यादा आवास आवंटित किये गये है। जानकारी के अनुसार जिले में नदी के किनारे स्थित गांवों में जहा हमेशा बाढ़ का खतरा रहता है उन स्थानो के लिये शासन ने चिंहित कर एक लाख बीस हजार रुपये देकर आवासों को पक्का करने का फैसला किया है। डीआरडीए के परियोजना निदेशक ने बताया कि इसके लिये राठ मे एक, सरीला में तीन, गोहांड में दो, मुस्करा में दो, मौदहा में पांच, कुरारा में 18 व सुमेरपुर ब्लाक में 26 आवास आवंटित किये गये है. इसके लिये पात्र लोगों का चिंहाकन करना शुरु कर दिया गया है। प्रधानमंत्री की आवास योजना की तरह मुख्यमंत्री आवास योजना में भी पहली किश्त 40 हजार व दूसरी किश्त 70 हजार व तीसरी किश्त 10 हजार रुपये की दी जायेगी। शासन ने साफकहा है कि जो प्रधानमंत्री व सीएम आवास योजना मेनिर्मित हरेक आवास के सामने सहजन का पेड़ अवश्य रहेगा।

### कोटेदार पुराने कांटे से ही कर हैं राशन की तौल

**राठ ( हमीरपुर )।** सूबे का निजाम बदल गया पुराने कानून बदल गये मगर राठ क्षेत्र के कोटेदारों पुराने ढर्रे में ही पुराने कांटे से तौल कर शासनादेश की धज्जिया उड़ा रहे है। यही नही पुराने काटे से तौल कर ग्राहको के साथ घटतौली कर रहे है। मगर कोई सुनने वाला नही है। जनवरी माह में गरीबों को मिलने वाला राशन का वितरण पांच जनवरी से शुरू हुआ। इसके पहले सरकार ने सभी कोटेदारों को निर्देश दिए थे कि जनवरी में गरीबों को मिलने वाला राशन इलैक्ट्रानिक कांटे से तौल कर दिया जाए। सरकार के इन निर्देशों को डीएसओ और पूर्ति निरीक्षक ने भी कोटेदारों की मीटिंग लेकर सख्ती के साथ इलैक्ट्रानिक कांटों से गरीबों को राशन तौलने के निर्देश दिए थे।

## गैरहाजिर एक्सईएन से डीएम ने किया जवाब-तलब

संवाददाता। चित्रकूट

**डीएम** शेषमणि पाण्डेय व एसपी अंकित मित्तल की मौजूदगी में सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील मानिकपुर में हुआ। तहसील दिवस में एक्सईएन लघु सिंचाई की गैरहाजिरी पर जवाब-तलब कर वेतन रोकने के निर्देश दिये। मंगलवार को डीएम शेषमणि पाण्डेय ने एसडीएम व सीओ से कहा कि भूमि संबंधी मामले राजस्व की टीम मौके पर जाकर शासन की मंशानुसार निस्तारित करें। डीडीओ से कहा कि जिन अधिकारियों को तहसील व थाना दिवस के मामलों के निपटाने को जांच दी गई है, साथ ही विद्यालयों के आपरेशन कायाकल्प, शौचालय, पंचायत भवन निर्माण, मनरेगा के कार्य, गौशाला संचालन का निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट उपलब्ध करायें। डीएम ने तहसील दिवस में मिली समस्याओं का निस्तारण समय से करने के निर्देश दिये। 25 व 50 लाख के ऊपर के निर्माण कार्यों की तकनीकी जांच रिपोर्ट पेश करें। तहसील दिवस में जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना में अभी भी बहुत सी खामियाँ

● अपात्रों को मिल रही है सम्मान निधि पात्र अभी भी वंचित ●जनपद में एक लाख सात हजार किसानों को नहीं मिल रहा लाभ

संवाददाता। बांदा

**उत्तर** प्रदेश के बुंदेलखंड के बांदा जनपद में लगभग 107000 किसानों को नहीं मिल रही प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना का लाभ डिजिटल इंडिया में काफी खामियां हैं बहुत सारे जो रजिस्टर 2 लाख 65 हजार किसान हैं जिन्हें यह योजना का लाभ मिलना शुरू हुआ है उसमें भी कुछ को एक किस्त मिली है कुछ को 6 किस्ते मिली है कुछ को अभी तक कोई किश्ती नहीं मिली है ऐसा क्यों इसका कारण जब किसानों से पूछा गया जानकारी की गई चौपाल के दौरान तो बताया गया कि ब्लॉक लेवल किसान भवन कृषि अधिकारी नोडल अधिकारी जिला प्रशासन की लापरवाही देखने को मिली क्योंकि किसी का अकाउंट नंबर आधार से लिंक हुआ तो गलत उसमें नंबर गलत डाल दिया गया कई बार शिकायत की तो भी वह अभी गलत स्थितियों में ही चल रहा है 2000 सम्मान किसान निधि पाने के लिए हजारों ऐसे किसान हैं जिन्होंने 300 से लेकर 900 तक बिचौलियों को दिया आधार लिंक कराने के लिए पेपर जमा कराने के लिए लेकिन आज भी उनके अकाउंट खाली है ऐसी खामियां क्यों यह एक बहुत ही विचारणीय प्रश्न है कब होगा इनका इलाज कब मिलेगी इनको प्रधानमंत्री सम्मान निधि किसान योजना का लाभ यह तो घर पर है जबकि किसान नेता जनता प्रधान का कहना है कि नहीं साहब सब को धनराशि मिल रही है लेकिन कुछ किसान नेता है जो हकीकत में जमीनी लेवल पर हैं उनका बताना है कि नहीं ऐसा नहीं हो रहा है बहुत सारे लोगों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है यदि लाभ नहीं मिल रहा तो आखिर यह पैसा जा कहां रहा है।

जब किसान अपने दूरदराज गांवों से किराया लगाकर शहर जाता है और मुख्यालय में यह कहा जाता है कि आपका पैसा दूसरी जगह चला गया आपका पेपर हमने लखनऊ दिल्ली भेज दिया लेकिन अभी तक आस लगाए हैं कि किसान निधि योजना का मिलेगा लाभ लेकिन साथ किस ने अब तक बढ़ चुकी जिसमें से बहुत सारे किसानों को इसका लाभ नहीं मिला कुछ को दो किससे मिली कुछ कुछ कुछ कुछ किसानों को आज तक एक भी लाभ नहीं मिला जबकि किसान नेता बैजनाथ अवस्थी का कहना है कि यहां पर बहुत सारे ऐसे भी बिचौलिए है जो लेखपाल से मिलकर कृषि विभाग से मिलकर एक बहुत बड़ा घोटाला कर रखा है बहुत सारे ऐसे अकाउंट है जिन लोगों के नाम एक भी बिस्वा जमीन नहीं है और उनको किसान निधि योजना का लाभ मिल रहा है उनके अकाउंट में साथ.साथ बार किस्तें पहुंच गई हैं।

# वैक्सीन ट्रायल के दौरान पूरी सतर्कता बरती जायेः डीएम

संवाददाता। रायबरेली

**जिलाधिकारी** वैभव श्रीवास्तव ने तहसील सदर के निकट आईएमए कार्यालय में बने कोविड-19 टीकाकरण बूथ जिसमें कोरोना वैक्सीन ड्राईरन (रिहर्सल) प्रक्रिया का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने वैक्सीन ड्राईरन कार्य कर रहे स्वास्थ्य कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वैक्सीन ड्राईरन (रिहर्सल) वैक्सीन ट्रायल के दौरान पूरी सर्तकता के साथ कार्य किया जाए। जिन लोगों को ट्रायल के दौरान सांकेतिक टीकाकरण किया जायेगा उनका शासन के निर्देशानुसार अधिकारी/कर्मचारी का नाम, पता, जन्म तिथि एक सत्यापित आईडी आदि जानकारी लेने के उपरान्त पोर्टल पर अपलोड भी की जानी है। प्रथम चरण में जनपद के स्वास्थ्य विभाग के डाक्टर, एएनएम, नर्स, आशा आदि को कोरोना वक्सीन का टीकाकरण लगाया जायेगा। द्वितीय चरण में पुलिस, राजस्व, होमगार्ड तथा अन्य सभी कार्यालयों के अधिकारी/कर्मचारियों को टीकाकरण लगाया जायेगा एवं तृतीय तरण के दौरान समस्त नगरीय निकार्यो के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की आमजनता को कोरोना वैक्सीन का टीकारण लगाया जायेगा। माप ड्रिल वैक्सीन के दौरान शहर के जिले के पुरूष/महिला अस्पताल व आईएमए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डीह सीएचसी, हरचन्दपुर सीएचसी व बछरावा सीएचसी पर वैक्सीन ट्रायल ड्राईरन सतर्कता सहित किया गया। इन सेन्टरों पर दो-दो बूथ बनाए गये है प्रत्येक बूथों पर 25-25 कर्मचारियों को कोविड-19 वैक्सीनेशन ड्राईरन किया गया। कोविड-19 ड्राईरन के दौरान टीका लगने वाले व्यक्ति का पहचान पत्र सत्यापित किया गया। आईएमए सेन्टर पर सीएमओं डा0 वीरेन्द्र सिंह ने भी कोविड-19 वैक्सीनेशन ड्राईरन कराया तथा ड्राईरन कार्य कर रहे कर्मचारियों को स्वास्थ्य प्रोटोकाल व नियामानुसार कार्य करने के उचित दिशा निर्देश भी दिये गये।



# कार्यशाला के माध्यम से छात्राओं को किया गया जागरूक

संवाददाता। श्रावस्ती

**पुलिस** अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य दिए गए निर्देश के क्रम में मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के समस्त थाना में गठित नारी सुरक्षा दल द्वारा विभिन्न कस्बाए क्षेत्रए बाजारए मालए भीड़. भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग किया गया। नारी सुरक्षा दल द्वारा भ्रमण के दौरान बालिकाओं व ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओंध्बच्चियों को मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के संबंध में जागरूक किया गयाए साथ ही हेल्पलाइन वीमेन पावर लाइन 1090ए महिला हेल्प लाइन नंबर.181ए चिकित्सीय सहायता हेतु.108 पुलिस कंट्रोल नंबर .112ए चाइल्ड हेल्पलाइन .1098 आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही यह भी बताया गया कि यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने.जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। फोन करने वाली महिलाओंध् बच्चियों का नाम पता गोपनीय रखा जाता है।इसी क्रम में स्वामीनारायण शिक्षा संस्थान तुलसीपुर सोनवा में मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी निरीक्षक सोनवा देवेंद्र पांडेय द्वारा छात्राओं को कानूनोंए हेल्पलाइन नंबरों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साथ महिला आरक्षी नीलू देवीए शिवांगीए संध्या रावत व मोहिनी विश्वकर्मा द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के तरीके बताएं तथा गुड टच.बैड टच के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।इस दौरान विद्यालय प्रबंधक श्री एम0 एल0 वर्माए प्रधानाचार्य श्री सर्वजीत मय स्टाफ मौजूद रहे।

# प्रधान ने पात्रों की जगह अपात्रों को बांटे प्रधानमंत्री आवास

● सबूतों के साथ छप रही खबरों से उड़ी भ्रष्टाचारियो की नींद

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**सरकार** ने इसी उम्मीद के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू की थी। 2022 तक सभी पात्र व गरीब व्यक्ति के पास रहने के लिए आशियाना हो। वही गरीब भी यही उम्मीद लगाये बैठे हैं। कि उन्हें रहने के लिए पक्की छत मिलेगी। लेकिन सच तो यह है कि आज भी गरीब व पात्र ब्यक्ति तो योजना का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। वही अमीर, प्रभावशाली लोगों की बल्ले-बल्ले हो रही है। आलीशान व बड़े-बड़े मकान , चौपहिया वाहन गाड़ियां हैं तो राजनीति में पूर्व सरपंच से लेकर ब्लॉक के कई प्रभावशाली लोग भी शामिल हैं। सभी प्रकार की सुविधाएं इन लोगो के पास होने के बाद भी अब यह बेचारे प्रधानमंत्री आवास लेने के लिए गरीब बन गये हैं। मगर गरीब व पात्र ब्यक्ति तो अभी तक उक्त योजना में नाम जुड़वाने व लाभ पाने के लिए धक्के ही खा रहे हैं।वही पंचायत प्रशासन व अधिकारियों की मिलीभगत से पात्र व गरीब लाभ से वंचित हैं। तो अमीर धन्नासेठ , रसूखदार जमकर मजा लूट रहे हैं। ऐसा ही एक प्रकरण प्रकाश में आया है। विकासखण्ड की ग्रामपंचयत मैनाहार कटरा का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम दरेहता मजरे मैनाहार कटरा निवासी मनसिज कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार पाठक नामक अविवाहित युवक को प्रधान ने शमदामदण्डभेद अपनाकर आवास आवंटित कर दिया। जबकि यह युवक किसी भी तरह से आवास आवंटन हेतु मानकों को पूरा नही करता है। दूसरा प्रकरण इसी गांव का है।राघवेंद्र पाठक पुत्र बिल्हेश्वर पाठक ब्यक्ति के पास शस्त्र लाइसेंस, पक्का मकान , इंजन-बोरिंग व लगभग 3 बीघा के करीब जमीन भी है। उसको भी नियमो को ताक पर रखकर प्रधान ने आवास आवंटित कर दिया। सवाल यह उठता है कि लाइसेंस धारक, धनाढ्य ब्यक्ति आवास की पात्रता की सूची में कैसे आ गया। जबकि दूसरी तरफ इसी गांव में केतकी पत्नी देशराज नामक महिला आज भी तिरपाल डाल अपने परिवार का गुजारा कर रही है। यह तो महज एक बानगी भर है। सबसे बड़े दिलचस्प की बात यह है कि प्रधान ने अपने ही वर्ग के ब्यक्तियो को आवास दिया है चाहे वो पात्र रहे हो या अपात्र।यह महज एक बानगी भर है अगर वर्तमान प्रधान की जांच एक गैर विभागीय टीम गठित कर विकास कार्यो की जांच करा ली जाये तो प्रधान के बहुत सारे कारनामे उजागर होंगे।

## क्या कहते हैं पूर्व पंचायत सचिव

**आवास** आवंटन के बारे में फोन से जब पूर्व पंचायत सचिव से बात की गई तो उन्होंने कहाकि हमने जिन-जिन ब्यक्तियों को अपात्र घोषित किया था। वर्तमान पंचायत सचिव व प्रधान ने शमदामदण्डभेद अपना कर उन्ही अपात्र लोगो को आवास आवंटन कर दिया गया है।

अब देखने वाली बात यह है कि भयमुक्त, र्भ्ष्टाचार मुक्त समाज देने का ढिढोरा पीटने वालो के कानों में जू रेंगती है या नही ? क्या कभी गरीब ब्यक्तियों को आवास मिल पाता है या नही ? यह यक्ष प्रश्न हल हो पाता है या नही।

## मंडल अध्यक्ष बनाए गए वेद प्रकाश त्रिपाठी

**बछरावां रायबरेली** विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासभा के मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी को बनाए जाने पर क्षेत्र के ब्राह्मणों में खुशी की लहर है जब संवाददाता ने पंडित वेद प्रकाश तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया कि उनका हर फैसला ब्राह्मणों की एकता के लिए होगा और ब्राह्मणों की हर समस्या को उठाने के लिए वह सदैव तैयार रहेंगे अब ब्राह्मणों पर जुल्म नहीं सहा जाएगा चाहे शासन से लड़ाई हो या प्रशासन से अगर ब्राह्मणों पर अत्याचार हुआ तो वह खुद सड़कों पर उतरने का काम करेंगे।

# देश-प्रदेश में नाम रोशन कर रहीं जिले की होनहार बेटियां

संवाददाता। सुलतानपुर

**प्रतियोगी** परीक्षा, सियासत, कारोबार, शिक्षा, खेल सहित शायद कोई भी ऐसा क्षेत्र छूटा हो जहां महिलाओं ने अपनी धमाकेदार मौजूदगी का एहसास न कराया हो। संसदीय सीट से लेकर जिला व नगर पंचायत तक महिलाओं की सियासी प्रतिभा से समाज रूबरू है। इसके इतर सरकारी योजनाओं की मदद हो या फिर दूसरों से मिली प्रेरणा। घरों की दहलीज से बाहर निकली महिलाओं व बालिकाओं ने अपने हुनर से स्वयं व समाज का मुकद्दर बना रही हैं। वह अन्य के लिए भी प्रेरणाश्रोत के रूप में भी देखी जा रही हैं। कोरोना संक्रमण के बावजूद जिस तरह महिलाओं ने अपने प्रबंधकीय कौशल व प्रतिभा का बीते साल में प्रदर्शन किया है। उससे नए वर्ष में उम्मीद जगी है कि वह स्वयं अपने प्रदर्शन को बरकरार तो रखेंगी ही साथ ही उनसे प्रभावित होकर दूसरी लड़कियां व महिलाएं भी झिझक तोड़कर पारिवारिक व सामाजिक, आर्थिक विकास में सहभागी बनेंगी।

## महिला वर्ग में टॉप कर प्रतिभा ने देश में बनाया है तीसरा स्थान

**बघराजपुर** मुहल्ले की प्रतिभा वर्मा शुरू से होनहार थी, लेकिन जब उसका आइआइटी दिल्ली में चयन हुआ तो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की नजर उस पर टिक गई। बीटेक पूरा करने के बाद वह संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी में जुट गई। एक तरफ लॉकडाउन से पूरा देश जूझ रहा था वहीं दूसरी तरफ इस प्रतियोगिता का जब परिणाम आया तो उसके परिवारजन सहित जिले में भी लोग खुशी से झूम उठे। प्रतिभा ने वर्ष 2019 के बैच में महिला वर्ग में टॉप किया और देश में तीसरा स्थान अर्जित किया। इसी तरह विश्वनाथ इंटर कॉलेज कलान की बारहवीं की छात्रा आकांक्षा ने 94 प्रतिशत अंक के साथ छठां व धर्मादेवी बद्री प्रसाद इंका कुड़वार की पूजा मौर्या ने 93.6 प्रतिशत अंक के साथ यूपी बोर्ड में सातवां स्थान अर्जित किया। खास बात यह है कि इन प्रतिभाओं को आर्थिक मंदी अपने लक्ष्य से नहीं डिगा सकी। पिछले सालों में वॉलीबाल, फुटबाल, क्रिकेट, बैडमिंटन आदि खेलों में जिस तरीके से जिले की लड़कियों ने प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर अपना जलवा बिखेरा है उससे खिलाड़ियों का भविष्य सुनहरा नजर आ रहा है। अनन्या सिंह, जानसी सिंह, प्रियंका मिश्रा, रानी पांडेय, स्वाती, संजना निषाद वॉलीबाल में राष्ट्रीय स्तर पर खेल रही हैं। ढेरों मेडल इनकी झोली में आ चुका है। यही नहीं स्पोर्ट कॉलेज में पढ़ाई कर खेल के क्षेत्र में सुनहरे भविष्य का तानाबाना बुन रही हैं। फुटबाल में वागीसा पांडेय, ज्योति, मुस्कान, माधुरी यादव, कोमल, आंचल, अंतिमा भी प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। जयसिंहपुर की मोहिनी खेल व शिक्षा दोनों क्षेत्र में मॉडल बनकर उभरी हैं। दर्जनों मेडल, बीपीएड व एमपीएड में स्वर्ण पदक जीत चुकी यह होनहार लड़की अब पूना में अवध विश्वविद्यालय में क्रिकेट की बारीकियां सिखा रही है।

## एनएसएस का एक दिवसीय शिविर आयोजित

**सुलतानपुर।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस शिविर में स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य से परिचित कराया गया। शिविर को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी डॉ.विवेक सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति के साथ साथ सामाजिकता की भावना पैदा करती है। एन.एस.एस.के स्वयं सेवकों की पूरे देश में एक अलग और सकारात्मक पहचान है। इस अवसर पर कार्यक्रमाधिकारी डॉ.नीतू सिंह व डॉ.हरीलाल यादव आदि मौजूद रहे।

# 419 में से 22 शिकायतों का हुआ निस्तारण

संवाददाता। श्रावस्ती

**सम्पूर्ण** समाधान तहसील दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुन कर समय सीमा के अन्तर्गत उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए जिससे फरियादी समस्याओं को लेकर भटके न। शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जॉच के लिये फरियादियो के मोबाइल पर बात कर की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी बाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारीध्कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

यह बातें तहसील इकौना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के दौरान जिलाधिकारी टी0के0शिबु ने व्यक्त कही। जिलाधिकारी ने पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवसध्तहसील दिवस में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण मौके पर जाकर किया जाये। राजस्व निरीक्षक अपने.अपने क्षेत्रो में टीम बनाकर प्राप्त शिकायतो का निस्तारण पुलिस के सहयोग से करें और इसमें कोई लापरवाही न बरती जाये। उन्होने सभी लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि सरकारी जमीनों में किसी भी प्रकार का कब्जा न किया जाए यदि किसी भी क्षेत्र में इस प्रकार की शिकायत मिली तो सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपालध्राजस्व निरीक्षक के विरूद्ध कार्यवायी सुनिश्चित की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस ध्तहसील दिवस इकौना में चल रहे सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी के संज्ञान में आया कि जयचंद्रपुर कटघरा में खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जे दारी हो रही है एइस प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए सम्बन्धित लेखपाल के विरुद्ध कार्यवायी करने हेतु उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया । सम्पूर्ण समाधान दिवस दिवस में पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्या ने अपने विभाग से सम्बन्धित फरियादियों की समस्याओं गम्भीरता से सुनकर उनके निराकरण हेतु थानाध्यक्षों को निर्देश दिया। उन्होने कहा कि महिलाओं की जनशिकायतों को गम्भीरता से सुने तथा उनका गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण भी सुनिश्चित करें। यदि जिले में किसी भी थाना क्षेत्र से कोई भी फरियादी द्वारा किसी भी थानाध्यक्ष की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही वरतने की शिकायत मिली तो निश्चित ही समन्धित थानाध्यक्ष के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर एकौना में कुल 238 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से मौके पर 16 शिकायतों का निस्तारण किया गया। वही जमुनहा में 52 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया। तहसील भिनगा में कुल 129 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर 5 शिकायतों का निस्तारण किया गया।




# काउन्सिल ऑफ उद्योग व्यापार मंच ने किया सीए का स्वागत

संवाददाता। सुलतानपुर

**काउन्सिल** आर्फ उद्योग व्यापार मंच की बैठक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी पी गुप्ता की गौरवमयी उपस्थिति में शास्त्री नगर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक कुमार कसौधन व संचालन जिला महामंत्री कुलदीप गुप्ता ने किया। इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट संतोष सिंह को काउन्सिल आर्फ उद्योग व्यापार मंच का वरिष्ठ लीगल एडवाइजर मनोनीत किया गया। सभी पदाधिकारियों ने इस अवसर पर सी ए संतोष सिंह का माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया। सी ए संतोष सिंह संगठन से जुड़े व्यापारियों को उनकी टैक्स सम्बन्धित प्रश्नों पर निशुल्क सलाह उपलब्ध करायेंगे। बताते चलें कि वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट संतोष कुमार सिंह जो कि सुल्तानपुर में पिछले कई वर्षों से टैक्स (इनकम टैक्स एवं जी. एस.टी.) एवं एकाउंट्स कंसल्टेंसी में एक नया मुकाम हासिल किया है। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एम काम करने के बाद चार्टर्ड एकाउंटेंसी का कोर्स कम्पलीट किया है। और सुल्तानपुर, अमेठी और अपने गृह जनपद प्रतापगढ़ में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनका मुख्य योगदान व्यापारियों को अच्छे से समझाना और उनका कैपिटल जेनरेट कराना रहा है। इसके साथ ही वे समाज सेवा में भी बहुत रुचि रखते हैं, कई गरीब बच्चो का पढ़ाई एवं ड्रेस का खर्च वहन करते हैं। उन्होने रोटरी क्लब ट्रांसगोमती में सदस्य के रूप में 2010-11 में ज्वाइन किया था और कोषाध्यक्ष और सचिव के पद के अलावा लगातार दो वर्ष प्रेसिडेंट रहते हुए रोटरी ट्रांसगोमती को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। वर्तमान समय में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3120 के उप मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं। सी ए संतोष सिंह ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी पी गुप्ता व जिला कोर कमेटी को सम्मानित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने आगे कहा कि सुलतानपुर में वैसे तो कई व्यापार मंडल है काउन्सिल आर्फ उद्योग व्यापार मंच की कार्यप्रणाली पूरी तरह निष्कपट है। ये सच्चे अर्थों में व्यापारी हित के लिए सदैव संघर्षशीलरहते हैं। इस अवसर पर जिला संयोजक सुरेश कुमार सोनी, जिला कोषाध्यक्ष बृजेश खत्री, जिला संगठन मंत्री अरविंद कुमार द्विवेदी, जिला जनसम्पर्क सचिव राजेन्द्र जायसवाल, नगर प्रभारी विजय टन्डन, नगर अध्यक्ष रवि सोनी, नगर संगठन मंत्री अम्बरीष मिश्रा आदि मौजूद रहे।



# सास ने की दामाद की हत्या पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**बछरावां** थाना क्षेत्र के अंतर्गत पासीटूसी गांव में बीती रात दारू के नशे में धुत दामाद व सास के बीच हुई मारपीट में सास ने दामाद को दिया जोरदार धक्का सर में गंभीर चोट आने से दामाद की मौत। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा हत्या की आरोपी सास को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल।

विदित हो बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत पासीटूसी गांव में बीती रात लगभग 9रू00 बजे गांव की रहने वाली धन्नो पत्नी चंदू उम्र 52 वर्ष का अपने घर में ही रहने वाले नशे में धुत दामाद अजय पुत्र रमेश पासी उम्र 35 वर्ष निवासी सरैया थाना गुरबक्श गंज से मारपीट हो गई मारपीट के दौरान धन्नो ने अपने दामाद अजय को धक्का दे दिया जिससे उसका सिर घर की दीवाल से टकरा गया सर में गंभीर चोट आने से अजय की मौत हो गई। मृतक अजय की पत्नी श्रीमती ने बताया कि अजय शराब और जुए का आदी था आए दिन वह घर में मारपीट करता रहता था बीती रात लगभग 9रू00 बजे वह शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा और सभी से लड़ाई झगड़ा मारपीट करने लगा जब वह अपनी सास धन्नो को मारने लगा तो इसी बीच धन्नो ने भी उसे जोरदार धक्का दे दिया जिससे वह दीवाल से टकरा गया और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना जब बछरावां पुलिस को मिली तो आनन-फानन गांव पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। दामाद की हत्या करने वाली कातिल सास को गिरफ्तार कर लिया। मृतक अजय के दो बेटे अभिषेक, आकाश व एक बेटी नैना गांव में ही रहने वाली उसकी बहन पुष्पा तथा पत्नी श्रीमती अजय की मौत से गमजदा है।

क्षेत्राधिकारी महाराजगंज राघवेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है । दामाद की हत्या करने वाले आरोपी सास को भी गिरफ्तार कर लिया गया है सास के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेजा जा रहा है।

# मठ चलाने वाले प्रदेश नहीं चला सकतेः वरुण

**सुलतानपुर।** युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र का चांदा पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष जयंत सिंह के नेतृत्व में जोरदार स्वागत हुआ। यहां युवाओं को संबोधित करते हुए वरूण मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गाँधी व युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय के निर्देश पर वो गांव गांव युवाओं को जोड़ने की मुहिम में निकले हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र और प्रदेश सरकार देश व प्रदेश के नौजवानों के शोषण कर रही है। दो करोड़ नौकरियों का झुनझुना पकड़ा कर सरकार ने नौजवानों के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि मठ चलाने वाले प्रदेश नही चला सकते। अब समय आ गया जब उत्तर प्रदेश का नौजवान सरकार से सवाल पूछने के लिये तैयार हो गया है। प्रदेश सरकार के खिलाफ नौजवानों में जबरदस्त आक्रोश है। उन नौजवानों तक पहुंच कर उनकी आवाज से आवाज मिलाकर तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए शीघ्र ही सड़क पर उतरकर आंदोलन चलाया जाएगा। इस अवसर पर विधानसभा उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, नितिन मिश्रा, गुड्डू तिवारी, मनोज यादव, हिमांशु मिश्रा, आशीष सिंह,विकास मिश्रा, आवेश अहमद,वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिलीप मिश्रा समेत दर्जनों युवा कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आत्मनिर्भर बनकर साकार करें महिला सशक्तिकरण का अर्थः सुमन

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**महिला** सशक्तिकरण का अर्थ सच्चे अर्थों में तभी सार्थक होगा जब महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगी। इसके लिए महिलाओं को शिक्षा के साथ साथ तकनीकी प्रशिक्षण भी प्राप्त करना चाहिए। ताकि वह अपना व्यवसाय कर स्वावलंबी बन सकें।यह बात कस्बे के आचार्य नगर मुहल्ले में आयोजित प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण के दौरान माया प्रशिक्षण सेवा संस्थान की डायरेक्टर सुमन तिवारी ने कही। श्रीमती तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय आर्थिक युग का है। मंहगाई के इस दौर में गृहस्थी की गाड़ी चलाने के साथ ही आत्मनिर्भर रहने के लिए सिलाई, कढ़ाई, मेंहदी डिजाईन, ब्यूटीशियन, पेंटिंग, ज्वैलरी बनाना, कुकिंग, आइसक्रीम, जैली आदि बनाने का प्रशिक्षण महिलाओं के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि कुकिंग सभी किशोरियों को आता है लेकिन उसे सही से सीख कर होटल या टिफिन होमडिलीवरी के रूप में व्यवसाय बना सकती हैं। ब्यूटी पार्लर, आइसक्रीम बनाने, आर्टीफीशियल ज्वैलरी बनाने, सिलाई करने आदि को घर पर ही काफी कम कीमत में व्यवसाय के रूप में अपना सकते हैं।उन्होंने बताया कि माया प्रशिक्षण सेवा संस्थान पिछले 15 वर्षों से महिलाओं को स्वालंबी बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। भारी संख्या में लोग सिलाई,कढ़ाई, ब्यूटीपार्लर आदि का व्यवसाय अपनाकर रोजगार कर रही हैं। पायल तिवारी, शिवांगी, शालिनी, सोनाली, मोनी, आफरीन, अफसाना, नगमा बानो, पूजा, शिवांगी पांडेय आदि दो दर्जन से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।कार्यक्रम के दौरान पूर्व सभासद अवधेश तिवारी, सभासद सतीश महाजन, प्रेम शंकर गुप्त आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



# तीन चरणों में होगा कोरोना टीकाकरण

**सुलतानपुर।** संक्रमण रोकने के लिए पहले चरण में सरकारी व निजी अस्पतालों में कार्यरत कुल 13 सौ स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाया जाना है, इसकी जिम्मेदारी 279 स्वास्थ्य कर्मियों को सौंपी गई है। सभी सीएचसी व जिला महिला-पुरुष अस्पताल में 40 से 110 लीटर की क्षमता के दो-दो आइएलआर व दो-दो डीप फ्रीजर भी लगा दिए गए हैं। सीएमओ कार्यालय में वैक्सीन संग्रह के लिए तीन आइएलआर भी स्थापित किए गए हैं। सेंटरों पर किए जाने वाले टीकाकरण को तीन चरणों में बांटा गया है। पहले चरण को वेटिंग रूम का नाम दिया गया है, जहां टीका लगवाने के लिए आने वाले लोगों को क्रमवार बैठाया जाएगा। दूसरे चरण के तहत बने वैक्सीनेशन रूम में लोगों को टीका लगाया जाएगा। इसके बाद ऑब्जर्वेशन रूम टीका लगाने के बाद लोगों में होने वाली प्रतिक्रिया पर नजर रखी जाएगी। पहले चरण के टीकाकरण के लिए अयोध्या मंडल से कुल छह लाख सिरिज भेजी जानी है।

# क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के आवासीय परिसर स्थित गोमती इंडोर स्टेडियम में जीएम कप अंतर विभागीय 7 ए साईड (रात्रि) क्रिकेट प्रतियोगिता-2021 का शुभारंभ दिनांक 04.01.2021 को किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव के द्वारा किया गया । यह प्रतियोगिता दिनांक 04.01.2021 से 09.01.2021 तक आयोजित की जायेगी ।

यह प्रतियोगिता आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के खेल-कूद संघ द्वारा आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में आरेडिका, रायबरेली के विभिन्न विभागों की 16 टीम भाग ले रही है, जिसमें आरेडिका के लगभग 112 कर्मचारी एवं अधिकारी सम्मिलित हैं। प्रतियोगिता को चार (ए.बी.सी.डी.) पूलों में बॉटा गया है। प्रत्येक पूल में 4 टीमों को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता में 24 लीग मैच क्वार्टर फाइनल, सेमी फाइनल मिलाकर कुल 28 मैच खेला जायेगा। प्रतियोगिता के प्रथम दिन चार मैच खेले गए जिसमें पहला मैच इलेक्ट्रिकल एवं बोगी एण्ड व्हील शॉप के बीच खेला गया।

# पांच केन्द्रों पर हुआ कोरोना टीकाकरण का रिहर्सल

## मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल अनिल कुमार ने बघौली व एमसीएच विंग जिला अस्पताल को जांचा



संवाददाता। संतकबीरनगर

**मंगलवार** को जिला एवं स्वास्थ्य प्रशासन ने संयुक्त रूप से आने वाले दिनों में कोरोना से बचाव के लिए लगाये जाने वाले टीकाकरण निर्धारित पॉच केन्द्रों पर पूर्वाभ्यास किया। रिर्हसल को जॉचने के लिए मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल अनिल कुमार सागर स्वंय पहुंचकर दो स्वास्थ्य केन्द्रों को जॉचा। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल पूरे दिन पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ एवं सीएमओ डा. हरगोविन्द सिंह के साथ सभी केन्द्रों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दी। रिर्हसल में सभी केन्द्रो पर 600 स्वास्थ्य कर्मियो को बुलाया गया था। सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित होकर टीकाकरण प्रतीकात्मक रूप में कराया। जबकि जनपद में डयूटी में लगाये गये स्वास्थ्य कर्मियो को कोरोना वैक्सीन सर्वप्रथम लगाया जायेगा। मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल अनिल कुमार सागर पूर्वाभ्यास को जॉचने के लिए जनपद में भ्रमण कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बघौली एवं एमसीएच विंग जिला अस्पताल परिसर में बन रहे वैक्सीन स्टोर रूम को जॉचते हुए निर्देश दिया। स्टोर रूम में सीसीटीवी कैमरा लगाकर तीन दिनो के अन्दर गुणवत्ता के साथ स्टोर रूम का कार्य पूरा कर लिया जाय। वही जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खलीलाबाद में पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया तो कार्य नही ठीक मिला। उन्होने पुन: पूर्वाभ्यास कराया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने निर्देश दिया कि कोरोना का टीका लगने वाले मरीजों के साथ आने वाले लोगो को बैठने की अलग व्यवस्था बनायी जाय।

सभी स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी ड्रेस एवं नेम प्लेट के साथ रहेगे। सभी टीकाकरण केन्द्रों पर इन्टरनेट व्यवस्था रहनी चाहिए। आज जनपद के पांच स्वास्थ्य केन्द्रो पर कोरोना टीकाकरण का पूर्वाभ्यास किया गया।

## सदाशिव को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी की लहर

**अमेठी**। केन्द्रीय कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के सभी जिलों में अपने संगठन को चुस्त दुरुस्त करने के भारी फेर बदल कर रही है। जिसमे विकास खण्ड शाहगढ़ के निवर्तमान ब्लाक अध्यक्ष सदाशिव यादव प्रधान पूरे इबादुल्ला को प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने ओबीसी प्रकोष्ठ अमेठी का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। जिसकी खबर पाते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी।

कमला नगर के कार्यालय पर उनके समर्थकों ने खुशी में गोले दागे तथा एक दूसरे को मीठा खिलाकर अपनी खुशियों को साझा किया। समर्थकों ने जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, प्रदेश अध्यक्ष अजय उर्फ लल्लू, राहुल गांधी व प्रियंका को मनोनयन पर बधाई दी है। इस मौके पर अमरनाथए अर्जुन मौर्य, मनोज कश्यप, राम लोचन यादव, संजय आदि मौजूद रहे।

# कोविड-19 संक्रमण से बचाव को वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित व असरदार

## वैक्सीन के लिए पंजीकरण अनिवाय दिखाना होगा आईडी कार्ड

संवाददाता। सोनभद्र/मीरजापुर

**राज्य** सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए वैक्सीन देने की तैयारी जोरों पर है। इसके लिए जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ड्राई रन यानी पूर्वाभ्यास भी किया गया है। हालांकि वैक्सीनेशन को लेकर आमजन अब थोड़ी राहत महसूस कर रहे हैं, लेकिन अब भी अधिकतर के मन में टीकाकरण के प्रति कई सवाल भी हैं। इस दिशा में परिवार कल्याण मंत्रालय ने टीकाकरण से जुड़े महत्वपूर्ण सवालों का जवाब देते हुए एक पुस्तिका जारी कर टीकाकरण से संबंधित आशंकाओं व भ्रांतियों को भी दूर किया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जानकारी दी है कि उच्च जोखिम वाले समूहों को प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीनेशन के लिए चिन्हित किया गया है। इन्हें तीन समूहों में बांटा गया है पहले समूह में हेल्थकेयर और फ्रंटलाइन वर्कर शामिल हैं, दूसरे समूह में 50 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति तथा जो पहले से ही किसी रोग से ग्रसित हैं। इसके बाद अन्य आम लोगों को वैक्सीन उपलब्ध कराया जायेगा।

**कोविड वैक्सीनेशन के लिए पहले होगा पंजीकरण**

कोविड वैक्सीनेशन के लिए पात्र लाभार्थियों को पहले पंजीकरण कराना होगा। उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से वैक्सीनेशन और उसके निर्धारित समय के बारे में स्वास्थ्य सेवाओं द्वारा सूचित किया जायेगा।

**पंजीकरण के लिए देने होंगे फोटो पहचान पत्र**

**आधार** कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस वोटर आइडी एवं पैन कार्ड पासपोर्ट, जॉब कार्ड पेंशन, दस्तावेज, मनरेगा कार्ड, स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड सांसदों विधायकों एमएलसी को जारी आधिकारिक प्रमाण पत्र बैंक पोस्ट आफिस द्वारा जारी पासबुक केंद्र राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी सेवा आईडी कार्ड। कोई व्यक्ति बिना पंजीकरण के कोरोना वैक्सीन नहीं प्राप्त कर सकता है। कोरोना वैक्सीनेशन के लिए पंजीकरण के बाद ही सत्र स्थल और समय की जानकारी दी जायेगी। फोटो आईडी पंजीकरण और सत्यापन दोनों के लिए जरूरी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इच्छित व्यक्ति को वैक्सीन लगाया गया है। ऑनलाइन पंजीकरण के बाद लाभार्थी को वैक्सीनेशन की नियत तिथि स्थान और समय के बारे में मोबाइल पर एसएमएएस प्राप्त होगा। कोरोना वैक्सीन की उचित खुराक मिलने पर लाभार्थी को उनके मोबाइल नंबर पर एक क्यूआर कोड आधारित प्रमाण पत्र भी भेजा जायेगा। कोरोना वैक्सीन लेने के बाद कम से कम आधे घंटे तक वैक्सीनेशन केंद्र में आराम करना चाहिए। यदि बाद में कोई असुविधा या बेचैनी महसूस होती है तो निकटतम स्वास्थ्य अधिकारियों एएनएम और आशा को इसकी सूचना दें। कोरोना अनुरूप व्यवहारों जैसे मास्क पहनना हाथ की सफाई और छह फीट की शारीरिक दूरी बनाये रखने का पालन करें।

**मधुमेह व उच्च रक्तचाप पीड़ितों के लिए जरूरी**

यदि कोई कैंसर मधुमेह उच्च रक्तचाप आदि जैसी बीमारियों की दवा ले रहा है तो वह भी कोरोना वैक्सीन ले सकता है। इनमें से एक या एक से अधिक स्वास्थ्य परिस्थितियों वाले व्यक्तियों को एक उच्च जोखिम वाली श्रेणी मे माना जाता है। कोविड संक्रमितों को भी वैक्सीनेशनेशन की आवश्यकता है।

**28 दिनों के अंदर लेनी होगी दूसरी खुराक**

कोरोना वैक्सीन व्यक्ति की रजामंदी के बाद ही दिया जाना है। यद्यपि स्वयं की सुरक्षा और बीमारी के प्रसार को सीमित करने के लिए कोरोना वैक्सीन आवश्यक भी है। साथ ही वैक्सीन की पूरी खुराक पूरा करने के लिए 28 दिन के अंदर एक व्यक्ति द्वारा इसकी 2 खुराक लेने की सलाह दी गयी है । स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने यह स्पष्ट भी किया है कि कोरोना वैक्सीन की दूसरी खुराक प्राप्त करने के दो सप्ताह बाद आमतौर पर एंटीबॉडी का सुरक्षात्मक स्तर विकसित होता है।

# अपर शिक्षा निदेशक बस्ती मंडल ने बीआरसी का किया निरीक्षण



संवाददाता। सेमरियावां (संतकबीरनगर)

**मंगलवार** को अपर शिक्षा निदेशक मंडल बस्ती आंनदकर पांडेय ने ब्लाक संसाधन केंद्र सेमरियावां का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने अभिलेखों का परीक्षण कर जिम्मेदारो से शिक्षा के प्रति निष्ठावान होकर काम करने की बात कही। दोपहर एक बजें अपर शिक्षा निदेशक बस्ती मंडल ब्लाक संसाधन केंद्र सेमरियावां पर पहुंचे इस दौरान उन्होंने उपस्थित पंजिका के अनुसार कर्मियों की हाजिरी लगाई जिसमें सभी उपस्थित पाए गए। उन्होंने कार्यालय में कार्य कर रहे आपरेटर से कहा कि सभी कार्य समयानुसार कर इसकी जानकारी अपने अधिकारी को अवश्य उपलब्ध कराए। तत्पश्चात कार्यालय मे रखे अभिलेखों को ठीक से रखने के अलावा परिसर तथा कार्यालय में साफ सफाई का आवश्यक निर्देश देते हुए कहा इसमें कतई लापरवाही ठीक नहीं है जिसे जो जिम्मेदारी मिली है वह समय से कार्य पूर्ण करे। इस दौरान सभी से विद्यार्थियों को दी जाने वाली शिक्षा गुणवत्ता को और बेहतर करने और शिक्षा के प्रति निष्ठावान होकर कार्य करने की बात कही। इस मौके पर मंडल समन्वयक मिथिलेश श्रीवास्तव, जफीर अली करखी, सुशील शर्मा, खुरशीद अहमद, सुरजन गौड मौजूद रहे।

## पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा की बैठक सात को

**संतकबीरनगर**। भाजपा जिला महामंत्री विवेकानन्द वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि सात जनवरी को जनपद मुख्यालय खलीलाबाद के आर्शीवाद निवास में पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक होगी। श्री वर्मा ने आगे बताया कि आगामी पंचायत चुनाव की तैयारी के सम्बन्ध में इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश सह संगठन मंत्री भवानी सिंह व गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय भाजपा अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह का मार्गदर्शन होगा। आगामी पंचायत चुनाव के सन्दर्भ में होने वाले इस बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, जिला संयोजक/प्रभारी ब्लाक संयोजक, जिला पंचायत वार्ड संयोजक व सभी मंडल अध्यक्षगण भाग लेगे। भाजपा जिला महामंत्री विवेकानन्द वर्मा ने पंचायत चुनाव की बैठक के लिए अपेक्षित सभी पदाधिकारी सात जनवरी को खलीलाबाद आर्शीवाद निवास पर समय से पहॅुचकर बैठक में सहभागी बनें।

# जनता की सुविधाएं ही मेरी प्राथमिकता: श्याम सुन्दर



संवाददाता। संतकबीरनगर

**शहर** के डीघा बाईपास के कबीर चौरा पर पुलिस के द्वारा बरदहिया चौकी का निर्माण कराया जा रहा था, जिसके संबंध में स्थानीय नागरिकों एवं कबीर पंथियों ने नगर पालिका अध्यक्ष से शिकायत की, कि इस पुलिस चौकी के निर्माण से कबीर पार्क की शोभा खराब होगी और मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के महत्त्वपूर्ण योजना कबीर स्थलों के विकास को धक्का लगेगा। पार्क में किसी तरह का निर्माण कराया जाना पूर्णतया गलत है कही से भी संभव नही है। जिस पर स्थानीय लोगो की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा, सीओ खलालीबाद के साथ निर्माण स्थल पर भौतिक निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों द्वारा लगाया जा रहा आरोप सही पाया और तत्काल निर्माण कार्य रोक कर अन्य स्थान पर आपसी सामंजस्य से स्थान चिन्हित कर पुलिस चौकी वहां बनाने हेतु निर्देशित किया।

# जिले में 31 जनवरी तक धारा 144 लागू, धरना प्रदर्शन पर रोक

संवाददाता। बस्ती

**जिले** में 31 जनवरी तक धारा 144 लागू कर दिया गया है। इसका उल्लंघन करना धारा 188, आपदा प्रबन्धन अधिनियम की धारा 2005 की धारा 51 से 60 के अर्न्तगत दण्डनीय अपराध माना जाएगा। डीएम आशुतोष निरंजन ने बताया कि कोविड-19 के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के दृष्टिगत राजनैतिक दलों, धार्मिक संगठनों, सभी विभागों के समस्त सरकारी सेवको, मान्यता प्राप्त संघ, महासंघ,परिसंघ के धरना, सांकेतिक प्रदर्शन, हड़ताल का आयोजन पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। किसी भी सार्वजनिक स्थल पर पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का समूह एकत्रित नहीं होगा। कोई भी सभा करने से पूर्व संबंधित उप जिला मजिस्टेऊट अथवा जिला मजिस्टेऊट से अनुमति लेनी होगी। किसी बन्द स्थान हाल/कमरे की निर्धारित क्षमता का 50 प्रतिशत किन्तु एक समय में अधिकतम 100 व्यक्तियों तक तथा खुले स्थान या मैदान में कार्यक्रम होने की स्थिति में ऐसे स्थानों की क्षेत्रफल 40 प्रतिशत से कम क्षमता तक ही फेस मास्क, सोशल डिस्टेन्सिग का पालन करने एवं कार्यक्रम स्थल पर थर्मल स्कैनिंग, हैण्डवास एवं सेनिटाइजर की उपलब्धता अनिवार्य रूप से किया जायगा। कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का प्रतिबन्धित, अवैध अस्त्र-शस्त्र जैसे आग्नेयास्त्र, बन्दूक, पिस्टल, राइफल, रिवाल्वर, तलवार, कटार, गुप्ती, चाकू, लाठी, स्टिक, भाल, बरछा, फरसा, गड़ासा एवं किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ हथगोला, बारूद, तेजाब आदि लेकर नहीं चलेगा। लाइसेंसी शस्त्र धारको को खुलेआम शस्त्र लेकर चलने पर प्रतिबन्धित किया गया है। कोई भी व्यक्ति सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के विपरीत ध्वनि विस्तारण यंत्रों का प्रयोग नही करेगा।कन्टेनमेन्ट जोन में लाकडाउन मात्र 14 दिन तक लागू रहेगा। कन्टेनमेन्ट जोन में केवल स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता के कार्य एवं डोर स्टेप डिलेवरी की ही अनुमति होगी। कहा कि समस्त जोन में 65 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, एक से अधिक अन्य बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति, गर्भवती स्त्रिया और 10 वर्ष की आयु से कम के बच्चों का घर के अन्दर अनिवार्य किया जाता है।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने सेवादारों को दिया नववर्ष का तोहफा

संवाददाता। संतकबीरनगर

**नववर्ष** नगर पॉलिका खलीलाबाद के ठेका सफाई कर्मियों के खुशियों की सौगात ले के आया। काफी दिनों से चली आ रही वेतन विसंगति पर नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने शासन की स्वीकृति दिलाकर जेम पोर्टल के माध्यम से टेण्डर कर वेतन बढ़ोत्तरी कर दी, जिससे ठेका सफाई कर्मी काफी खुश दिखे और नगर पालिका अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। इस अवसर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि बहुत दिनों से ठेका कर्मचारी वेतन वृद्धि की मांग कर रहे थे जिसको मेरे द्वारा शासन स्तर पर और व्यक्तिगत नगर विकास मंत्री और मुख्यमंत्री से मिलकर इस समस्या के निराकरण के लिए बताया गया और जिसको मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। कोविड के कारण यह टेण्डर जो कि पूर्व में ही होने वाला था नही हो पाया था परन्तु अब यह टेण्डर कराकर वेतन बढ़ोत्तरी कर दी गई है। आगे उन्होंने कहा कि यह सफाई कर्मियों का हक है जिस प्रकार कोविड महामारी में सफाई कर्मियों ने पूरी निष्ठा और मेहनत से कार्य किया है यह उनके परिश्रम का उचित ईनाम है।

## अधिवक्ताओं ने सड़क गुणवत्ता की जांच कराने की उठायी मांग

घोरावल (**सोनभद्र**)। स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के घोरावल राजवाहा के किनारे बन रही सड़क की गुणवत्ता व गिट्टी डालकर छोड़ने को लेकर अधिवक्ताओं ने संपूर्ण समाधान दिवस पर प्रार्थना पत्र दिया। मंगलवार को अधिवक्ताओं ने दिवस प्रभारी तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गत महीनों से करीब छह किमी सोलिंग गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। जिससे राहगीरों को आये दिन दुर्घटना का सामना करना पड़ता है। उबड़ खाबड़ डाली गयी गिट्टी पर रोलर भी नही चलाया गया है। वहीं गुणवत्ता विहीन और घोर अनियमितता में बन रही सड़क की जांच कराकर कार्यवाही की मांग भी की गयी। अधिवक्ताओं ने मांग आये दिन हो रही दुर्घटना को देखते हुए जल्द जल्द से कार्यवाही सड़क बनाने वाले सम्बन्धितों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# एनएच से छह फीट नीचे बना दिया आंगनबाड़ी केंद्र

## साल में छह माह पानी भरा रहने वाले खेत में कर दिया निर्माण

## भवन की दीवारें दरकी, फर्श अभी से टूटने लगी

संवाददाता। बस्ती



**सदर** ब्लॉक के ग्राम पंचायत मूड़घाट में ऐसे स्थान पर आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कर दिया जहां पर हर साल छह माह पानी भरा रहता है। इसका मतलब यह हुआ कि आगंनबाड़ी केंद्र हर साल छह माह तक बंद रहेगा।

यह भवन एनएच से छह फीट नीचे बनाया गया। भवन की गुणवत्ता इतनी खराब कि अभी से दीवारे दरखने लगी, फर्श टूट रहे हैं, खराब गुणवत्ता के कारण भवन के अस्तित्व पर ही खतरा हो गया। जानकारों का मानना है कि अगर भवन की गुणवत्ता को मानकनुसार नहीं बनाया गया तो कभी भी मुरादनगर जैसी घटना हो सकती है, जिसमें कई मासूम बच्चों की जानें भी जा सकती है। इस भवन की लागत लगभग सात लाख है, और भवन मनरेगा, पंचायत और आईसीडीएस के धन से बनाया गया। भवन पर सेक्रेटरी राकेश कुमार पांडेय, प्रधान उमा, आगंनबाड़ी कार्यकत्री सुमनलता और सहायिका किसलावती का नाम अंकित है, मगर किसी का मोबाइल नंबर नहीं लिखा गया। भवन निर्माण एनबीसी के नियमों के विपरीत कराया गया। जिले में सड़क से लेकर भवन निर्माण में गुणवत्ता के मानकों की अनदेखी की जारही है। इसके लिए काफी हदतक जनता जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ठेकेदारों को दोषी मान रही है। सवाल पूछे जारहे हैं कि कार्रवाई करने के लिए हर बार शासन और प्रशासन किसी बड़े हाइसे का इंतजार क्यों करती है? क्यों नहीं समय रहते कार्रवाई की जाती। क्यों जनहानि होने का इंतजार किया जाता है। अब तो अंतिम सस्कार में भी भ्रष्टाचार फैल चुका है। भ्रष्टाचारियों की भूख इतनी अधिक बढ़ गई कि भ्रष्टाचार भी छोटा पड़ता जा रहा है। नोयडा के मुरादनगर के शमशान घाट में हुए हादसे के बाद सीएम ने जिस तरह अफसरों पर निषाना साधा और 50 लाख के प्रोजेक्ट के गुणवत्ता की जांच करने का फरमान जारी किया, अगर उसकी सही जांच हो गई, तो कई सफेद काले नजर आएंगें। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्रनाथ तिवारी का कहना है कि जांच गैर जनपद या मंडल के बाहर के अधिकारियों से कराई जानी चाहिए।

'पायनियर' की खबर को संज्ञान में लेकर सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने डीपीआरओ को दो जांच के आदेष दिए। पहले में गत वर्ष पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालय और दूसरे में विगत वर्षो में निर्मित्त अन्त्येष्टि स्थल यानि शमशान घाट की तकनीकी टीम से जांच कराने को कहा गया है। यह कार्रवाई जनहानि की संभावना को देखते हुए की जा रही है। कहा कि इस बात की जांच करा ली जाए कि कोई भवन या ष्मषान घाट जर्जर या गिरने की स्थित में तो नहीं हैं? अगर कोई है तो उसकी रिपोर्ट डीएम और सीडीओ को जाए, ताकि समय रहते किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

# ई- टिकट साफ्टवेयर के मामले में सरगना के पिता समेत दो गिरफ्तार

## काफी मात्रा में दस्तावेज और बैंक पासबुक एवं चेक आदि जब्त

संवाददाता। बस्ती

**ई टिकट** साफ्टवेयर को आनलाइन बेचने के आरोपी हामिद अषरफ के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के रतासी गांव स्थित घर पर पुलिस एवं आरपीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से छापामारी की। हामिद के पिता समेत अन्य को हिरासत में लिया है। टीम ने छापामारी के दौरान सघन जांच पड़ताल कर परिवार वालों से पूछताछ की।

उसके दो मार्ट पर भी छापामारी की कार्रवाई की गई। हामिद रेलवे ई टिकट के समानान्तर वेबसाइट तैयार कर उसका नेटवर्क पूरे देश में नेटवर्क संचालित करने के मामले को लेकर सुर्खियों में आया था। उस पर शिकंजा कसा और जांच का दायरा आगे बढ़ा तो टेरर फंडिंग मामले में उसका नाम जुड़ गया। यद्यपि कि हामिद अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है और उसकी गिरफ्तारी चुनौती बनी हुई है।

मंगलवार को दिन में पुलिस और आरपीएफ की टीम ने कप्तानगंज स्थित हामिद अशरफ के आवास और उसके तीन प्रतिष्ठानों पर एक साथ छापेमारी की। अचानक हुई इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया। उसके आवास, एचएमडी माल और किराना मार्ट समेत मकान के एक-एक कमरे की तलाशी ली गई। काफी मात्रा में दस्तावेज और बैंक पासबुक एवं चेक आदि जब्त कर लिया।

करीब एक घंटे तक चली कार्रवाई के बाद पुलिस हामिद के पिता और मामा को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। एसपी हेमराज मीणा ने बताया कि रेलवे रिजर्वेशन, ई टिकट साफ्टवेयर रेडमिर्ची और एएनएमएस को आन लाइन बेचने वाले अन्तर्राष्ट्रीय गिरोह के सरगना हामिद अशरफ के पिता जीमरूल हसन उर्फ लल्ला एवं भदोही जनपद के सुरियांवा थाना क्षेत्र के गल्ला मंडी ज्ञानपुर रोड सुरियावां निवासी योगेन्द्र विश्वकर्मा को मुरादीपुर चौराहा के पास गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक बिना नम्बर की आल्टो कार, एक लैपटाप, छह मोबाइल, तीन फर्जी आधार कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस, पैन, आधार, डेबिट कार्ड, एक्सिस बैंक सहित अन्य दस्तावेज, आईसीआईसीआई बैंक में जमीरूल हसन एवं उसकी पत्नी, बच्चियों के नाम बांड समेत 60 लाख रुपए,विभिन्न बैंकों के 18 खातों में 30 लाख रूपए जप्त कराया जा रहा है। 15 पासबुक, चेकबुक फ्रीज कराए जा रहे हैं। 73 पन्ना रजिस्ट्री एवं जमीन के कागजात बरामद हुए है।

गिरोह के सदस्यों द्वारा केवाईआर ब्राडबैंड पीआर लिमिटेड नाम से कम्पी खोली गई है। इस कम्पनी में अवैध सम्पत्ति को वैध करने का काम किया जाता है। विभिन्न श्रोतो से प्राप्त अवैध नगद धनराशि हामिद अंसारी के पिता जमीरूल हसन और मामा वसीम अंसारी द्वारा लिया जाता था।

मुम्बई के अहमदनगर में सात हजार वर्गफीट का प्लाट, घनसैनी थाणे में एक प्लैट, कप्तानगंज में पांच बिस्वा जमीन, बस्ती टोल प्लाजा के पास जमीन, कप्तानगंज में एचएमडी माल, कठार जंगल में 15 बीघा जमीन, कप्तानगंज में 12 विस्वा जमीन, व्यावसायिक दुकान, रमवापुरकला में आठ विस्वा जमीन, कप्तानगंज में किराना मार्ट, बनकटा मिश्र में ढाई बीघा जमीन, रमवापुर में एक मुर्गी फार्म अवैध कमाई से हामिद के परिवार ने अर्जित की है।

# एससी वाले 262 ग्राम पंचायतों में सबसे अधिक धन की लूट हुई

## किसी ने चुनाव लड़वाकर पांच तक की प्रधानी, तो किसी ने पांच हजार में खरीदी प्रधानी

संवाददाता। बस्ती

**आंकड़े** गवाह है कि पिछले पांच सालों में सबसे अधिक भ्रष्टाचार अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित ग्राम पंचायतों में ही हुआ। आरक्षण का लाभ न तो दलितों को मिला और न उनका जीवन स्तर ही सुधर पाया। हालत यह है कि जिसके नाम प्रधानी है, वह झोपड़ी में आज ही रह रहा है, और जिसने प्रधानी चलाई उन्होंने कोठी बना ली, चार पहिया लक्जरी वाहनों में घूमने लगे। यह लोग दलितों के घर खर्चे के लिए हर माह चार से पांच हजार रुपया दे देते थे। एक तरह से इस तरह के लोगों ने पांच हजार में प्रधानी को खरीद लिया। इस तरह के 262 ऐसी ग्राम पंचायतें हैं, जहां की प्रधानी उन लोगों के हाथों में रही जिन्होंने अपने खर्चे और दंबगई से दलितों को चुनाव जितवाया। असल में 90 फीसद दलितों के पास चुनाव लड़ने की कूबत ही नहीं है। इसी का फायदा गांव के बाबू साहब लोग उठाते रहे। पूरे पांच साल की प्रधानी में एससी की महिलाओं और पुरुषों को एक बार अधिकार मिला, वह भी तब जब उन्हें ब्लॉकों में शपथ दिलाया गया। कार्रवाई भी सबसे अधिक दलित प्रधानों के खिलाफ ही हुई। त्रिस्तरीय चुनाव में आरक्षण बहुत बड़ा मुद्दा रहा है। आरक्षण देने के पीछे सरकार की जो मंषा थी, वह आजादी के बाद पूरी तरह पूरी ही नहीं हुई। असल में आरक्षण का लाभ जिन्हें मिलना चाहिए, उसका लाभ उसे न मिलकर अन्य लोगों ने खूब उठाया। सरकार हर पंचायती चुनाव में एससी के लिए 21 फीसद आरक्षण का लाभ देती है। यानि किसी सौ ग्राम पंचायत वाले ब्लॉक में 21 महिला और पुरुष एससी के चुने जाएगें। सरकार ने आरक्षण देकर तो दलित महिलाओं और पुरुषों का सम्मान बढ़ाने का काम किया, मगर सबल कहे जाने वाले लोगों ने सम्मान को अपने नाम कर लिया। माना जाता है कि इस वर्ग के अधिकतर लोग निर्बल और अषिक्षित होते है, इस लिए उनका षोषण समाज के अन्य के द्वारा किया जाता है। 'लूटो खाओ और चलता बनो' के तर्ज पर गांव के दबंगों ने खूब लूट मचाई। जहां भी कहा वहां आखं बंद करके असली प्रधान ने हस्ताक्षर कर दिया। ऐसे भी दलित प्रधान मिले जिन्हें पांच साल में यह जानकारी नहीं हो सकी कि गांव में कौन-कौन सी योजनाएं चल रही है।

# शौचालय और सेफ्टी टैंक निर्माण के नाम पर हुआ बड़ा खेल

## गौर ब्लॉक के ग्राम करमा सुजिया की जांच में हुआ खुलासा

संवाददाता। बस्ती

**सरकारी** योजनाओं के लूट के मामले में चर्चित विकास खंड गौर के ग्राम करमा सुजिया में शौचालय और सेफ्टी टैंक निर्माण में बड़ा घोटाला सामने आया है।

इस ब्लॉक क्षेत्र की वैसे ही कोई सरकारी योजना पिछले पांच साल में सुरक्षित नहीं रही। शिकायतें भी खूब हुई, मगर दंबई और राजनैतिक दबाव के चलते कार्रवाई नहीं हुई। इस ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक को उनके चार सदस्य को एक साथ शौचालय देने का मामला प्रकाष में आया। एक ही व्यक्ति के नाम दो-दो बार सेफ्टी टैंक की षिकायत हुई। जनसूचना में इसका खुलासा हुआ। जिला परियोजना समन्यवक स्वच्छ भारत मिषन राजाषेर सिंह की जांच में प्राथमिक तौर पर 100 शौचालय में गड़बड़ी मिली। इसके लिए प्रधान नूरजहां और ग्राम विकास अधिकारी ओमप्रकाश सिंह को जिम्मेदार बनाने की तैयारी हो रही है। विकास खंड गौर के ग्राम पंचायत करमा सुजिया निवासी वजहुल्लाह पुत्र नसरुद्दीन ने जनसूचना अधिकार से मिले जानकारी के साथ डीपीआरओ को बिंदुवार शिकायत करते हुए जांच करने और कानूनी कार्रवाई के साथ धन की वसूली की मांग की।

शिकायत में कुल 34 लाख रुपये के घपले की जांच कराने की मांग की गई, कहा गया कि जिन लोगों को पहले शौचालय दिया गया, उन्हीं लोगों को पुन: धन दिया गया। कईयों ने तो धन लेने के बावजूद निर्माण नहीं कराया। जो कराया भी, वह अपूर्ण और गुणवत्ताविहीन है।

## नई सोच के साथ कर रहे हैं काम : न्यायाधीश मिश्रा

देवरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया द्वारा नये वर्ष 2021 के अवसर पर एक नयी सोच नयी उमंग और नयी ऊर्जा के साथ की जाने वाली कार्य योजना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया द्वारा नये वर्ष के शुभ अवसर पर पहले की तरह एक नयी सोच नयी उमंग और नयी ऊर्जा के साथ कार्यों का संकलन किया जा रहा है।

## चौकियां माता मन्दिर का जीर्णोद्धार शुरू

चौकियां धाम, जौनपुर। पूर्वांचल की आस्था का केंद्र मां शीतला चौकियां माता मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। मंदिर परिसर को आकर्षण रूप दिया जा रहा है। बता दें कि मन्दिर परिसर में जनपद के एक भक्त के माध्यम से टाइल्स मार्बल पत्थर लगवाया जा रहा है। यह कार्य विनय कुमार व अजय पण्डा अध्यक्ष की देख-रेख में कराया जा रहा है। इस आशय की जानकारी मन्दिर के पुजारी विनय त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## रैली निकालकर लोगों को किया गया जागरूक

जौनपुर। नेहरू युवा केंद्र द्वारा राष्ट्रीय जल मिशन के दौरान रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया जहां लोगों ने जल शपथ लिया। रैली के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के प्रति समझाया गयाए ताकि आने वाले समय में लोग जागरूक होकर जल संचय करना शुरू कर दें। इस दौरान जिला युवा अधिकारी हिमांशु सागर ने कहा कि जल है तो कल है। हमें आज से अभी से जल का संचय करना व करवाना चाहिये ताकि आने वाले समय में हम सभी लोगों को जल के लिए किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो सके। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक प्रतीक्षा राहुल बिंद उदेश्य मंजय रौली सुशील नागर सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पूविवि के डा अमरेन्द्र को मिली फेलोशिप

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के उमानाथ सिंह इंजीनियरिंग संस्थान के रसायन विभाग के शिक्षक डा0 अमरेंद्र सिंह को इंटरनेशनल सोसायटी फॉर नैनो साइंस, चेन्नई द्वारा फेलोशिप प्रदान की गई है। इंटरनेशनल सोसायटी फॉर नैनोसाइंस द्वारा भारत में डा0 अमरेंद्र सिंह का चयन उनके द्वारा किए गए शैक्षणिक एवं शोध कार्यों को देखते हुए किया गया है।

## अधिकारी के देखरेख में संपन्न हुआ एसएसडी

सकलडीहा,चन्दौली। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दिन जिले में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का कार्यक्रम रहा। जिसके कारण एसडीएम एतहसीलदार और नायब तहसीलदार की अनुपस्थिति में प्रशासनिक अधिकारी केके लाल ने फरियाद सुनी। इस दौरान अधिकांश अधिकारियों की कुर्सी खाली रहा। वहीं 56 प्रार्थना पत्र में महज एक का निस्तारण किया गया। महीने के पहली मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस को लेकर फरियादियों की काफी भीड़ जुटी थी।

# स्वयं सहायता समूह से सशक्त बनें महिलाएं : राज्यपाल

### टीबी रोगियों को गोद लेकर कराएं समुचित इलाज का प्रबंध

### बच्चों को दें अच्छी शिक्षा और उनके स्वास्थ्य का रखें ख्याल



संवाददाता। चन्दौली

राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमति आनंदीबेन पटेल का मंगलवार जनपद चंदौली का एक दिवसीय दौरा संपन्न हुआ। यहां पं दीनदयाल उपाध्याय नगर के रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय सभागार में क्षय रोग उन्मूलन अभियान के तहत क्षय रोगियों की सहायता में जुटे स्वयं सेवी संस्थाओं, क्षय रोगी के परिवारीजनों से मुलाकात की। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में उन्होंने कृषि विभाग की ओर से जिले में ब्लैक राइस उत्पादन सहित कृषि उत्पादक संगठन और प्रगतिशील किसानों से संवाद एवं महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के बाद यह जनपद चंदौली का यह मेरा पहला दौरा है। सबसे पहले राज्यपाल ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 18 वर्ष तक के टीबी ग्रसित रोगियों को माननीय राज्यपाल उत्तर प्रदेश के प्रेरणास्वरूप स्वयं सेवी संस्थाओं जिनके द्वारा टीबी मरीजों को गोद लिया गया है। उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उनसे क्रिया कलापों के बारे में संवाद किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा टीबी हारेगा देश जीतेगा के उपर पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से संक्षिप्त प्रस्तुति दी गई। इस दौरान मानव कल्याण सेवा समिति चंदौली, मानव खिदमत फाउंडेशन मारूफपुर, उत्तर प्रदेश नेटवर्क वेलफेयर फार पिपुल, लिविंग विथ एचआईवी, एड्स सोसाइटी, अक्षय परियोजना चंदौली, ग्राम्या संस्थान नौगढ़ चंदौली, रामनगर इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन, सोशल वेलफेयर इंस्टीट्यूट पड़ाव, मानव सेवा केंद्र नौगढ़ चंदौली सहित आठ स्वयं सेवी संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

इस अवसर पर टीबी रोग से ग्रसित रोगियों के परिजनों को माननीय राज्यपाल द्वारा पूरक आहार प्रदान किया गया। इस अवसर पर माननीय राज्यपाल ने कहा कि 12 जनवरी तक प्रदेश में टीबी खोज अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत व्यापक रूप से सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने स्वयं सेवी संस्थाओं और इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के अपील करते हुए कहा कि चिह्नि?त मरीजों को गोद लेकर उनके उपचार में भरपूर सहयोग किया जाए। इससे देश में टीबी का संपूर्ण उन्मूलन होगा। टीबी हारेगा देश जीतेगा। का सपना साकार होगा। माननीय राज्यपाल ने कहा कि क्षय रोग से ग्रसित लड़के लड़कियों में भेद न करें। सभी का समुचित इलाज करें। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अभूतपूर्व अभियान शुरू किया गया है? जो अन्य राज्यों में अभी तक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में भी तीन से छह साल के बच्चे आते हैं। हमें ऐसे बच्चों के पोषण एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। प्राइवेट स्कूलों की तरह आंगनबाड़ी केंद्रों को भी विकसित किया जाए। यहां स्वच्छ पानी, टॉयलेट, खेलने के सामान, खिलौने, कलर्ड टेबल, बैठने की अच्छी व्यवस्था इत्यादि का समुचित प्रबंध हो। जिससे बच्चे आकर्षित हो। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक गांव में चिह्नित मरीजों को ठीक करने के लिए गांव वाले संकल्प लें और उपचार में भरपूर सहयोग करें। दूसरे सत्र में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के समक्ष एफ पीओ किसान उत्पादक संगठन एवं प्रगतिशील कृषकों से संवाद का कार्यक्रम हुआ।

## मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों का नाम कटने पर प्रदर्शन

सकलडीहा,चन्दौली। बहरवानी गांव के दर्जनों बनवासियों का मुख्यमंत्री आवास से नाम कट जाने पर आक्रोश है। मंगलवार को तहसील मुख्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मुख्यमंत्री आवास दिलाने की गुहार लगाया। अंत में जांच करने आये अधिकारियों के खिलाफजमकर भड़ास निकाला मुख्यमंत्री आवास के लिये डेढ़ दर्जन बनवासियों का नाम महिनों पूर्व चयन हुआ था। लेकिन विभागीय अधिकारियों की उपेक्षा के कारण सभी पात्र गरीब बनवासियों का नाम सूची से कट गया। इसकी जानकारी होने पर बनवासी बस्ती के गरीबों में खलबली मच गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खुले आसमान में रहने के बाद भी गरीबों को आवास मुहैया तो दूर चयन होने के बाद भी नाम काट दिया गया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर गलत रिपोर्ट लगाने वाले अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पुनरू मुख्यमंत्री आवास में नाम सम्मलित करने की मांग उठाया। अंत में एसडीएम के नाम से पत्रक तहसील के अधिकारियो को सौपा।

## बरहज में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस एडीएम, एसपी ने सुनी फरियाद

देवरिया। बरहज तहसील में आज आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता के दौरान जिलाधिकारी अमित किशोर ने सभी अधिकारियों को सभी स्तरों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित व समयबद्धता के साथ निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण लंबित न हो तथा निस्तारण में किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता कदापि न हो। जिलाधिकारी ने संदर्भों को गुणवत्ता व वास्तविक रुप से निस्तारित किए जाने का भी निर्देश दिया है। कहा है कि इसमें किसी भी प्रकार की कोई कोताहीध्शिथिलता कदापि न बरतें अन्यथा जिस विभाग में प्रकरण लंबित पाया जाएगा उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दर्शन, आयुक्त उच्चाधिकारियोंध्मुख्यमंत्री सन्दर्भ, आई जी आर एस सभी प्रकरणों का निस्तारण होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वरासत के मामले भी लंबित न रहे लेखपाल व कानूनगो इसे अभियान का रूप देते हुए निस्तारित करें। यह भी ध्यान रखें कि कोई भी वरासत का प्रकरण लंबित न रहे।

## आज से सभी विकास खंडो पर आयोजित होगा किसान कल्याण मिशन कार्यक्रम

देवरिया। किसान कल्याण तथा किसान की आमदनी दोगुना करने का एक अभियान किसान कल्याण मिशन के रुप में चलाया जायेगा जिसके अन्तर्गत होने वाली गोष्ठीध्प्रदर्शनीध्मेला प्रत्येक विकास खंड में 6 जनवरी से प्रारम्भ होकर अगले 3 सप्ताह में सम्पन्न होगी। ब्लाकों में इसके आयोजन को लेकर रोस्टर निर्धारित कर दिया गया है तथा नोडल अधिकारी एवं पर्यवेक्षीय अधिकारी नामित कर उन्हें इसके आयोजन के निर्देश दिये गये है। साथ ही उन्हें आगाह किया गया है कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न हो।

यह जानकारी जिलाधिकारी अमित किशोर ने देते हुए निर्धारित रोस्टर के पूर्ण विवरण में बताया कि आगामी 6 जनवरी को 5 ब्लाको में यथा देवरिया सदरए तरकुलवांए रामपुर कारखानाए रुद्रपुर एवं बरहज विकास खंड में उनके विकास खंड परिसर में आयोजित किये जायेगें। संबंधित विकास खंड के विकास अधिकारी इसके नोडल अधिकारी नामित किये गये है तथा सहायक विकास अधिकारियों को सह नोडल अधिकारी बताया गया है।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराकर सड़क के किनारे गड्ढे में पलटी, चालक की घटनास्थल पर मौत, एक सवार घायल

मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के सुजानगंज रोड पर स्थित रायपुर के निकट बीती सोमवार की रात्रि 2 बजे अनियंत्रित कार पेड़ से टकराने के बाद सड़क के किनारे खड्डे में पलट गयी जिससे कार चालक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी तथा कार सवार एक अन्य युवक घायल हो गया। बताते हैं कि बेरमाव गाँव निवासी 42 वर्षीय कार चालक गिरजाशंकर तिवारी पुत्र त्रयम्बक तिवारी प्रयागराज से कौड़ी थाना सरायममरेज प्रयागराज निवासी 22 वर्षीय सनी पुत्र अमृत लाल को बैठा करके सुजानगंज के लिए रवाना हुये। दोनों शराब के नशे में थे। जैसे ही सुजानगंज रोड पर रायपुर के निकट पहुंचे थे कि चालक द्वारा ब्रेकर पर कार का ब्रेक मारते ही कार हवा में उड़ती हुई पेड़ से टकराकर सड़क के किनारे खड्डे में पलट गयी। इससे चालक गिरजाशंकर की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी तथा कार सवार सनी बाल.बाल बच गया जिसे हल्की चोट आयी। जानकारी होने पर जुटे ग्रामीण तत्काल पुलिस को जानकारी देते हुए कार चालक को निकाले जहां पहुंचे थानाध्यक्ष ओम नारायण सिंह चालक सहित घायल को उपचारहेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाये जहां चालक को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं घायल का उपचार चल रहा है। पुलिस शव का पंचनामा कराकर अन्त्य परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। उधर घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गये।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लगी भीषण आग

### फर्नीचर, एसी समेत लाखों का सामान जलकर हुआ राख

### दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

संवाददाता। मऊ

### जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा

मऊ। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में भीषण अगलगी की सूचना पाकर जिलाधिकारी अमित सिंह बंसल तत्काल अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच गए। जिलाधिकारी ने अग्नि शमन अधिकारियों से वार्ता करते हुए पूरी जानकारी हासिल किया। साथ ही साथ भीषण अगलगी के दौरान क्षति हुए लाखों रुपए के सामानों का सही आंकलन करने का निर्देश दिया। भीषण अगलगी के पूरे प्रकरण के बारे में शासन को भी अवगत करा दिया गया है।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष के मीटिंग हाल में मंगलवार की सुबह साढ़े दस बजे के करीब अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गया। देखते ही देखते आग काफी विकराल रुप धारण कर लिया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष से निकलते आग के धुएं से अफ्तातफ्री मच गया। सूचना पाते ही अग्नि शमन दल मौके पर पहुंच गया। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अग्नि शमन कर्मियों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। भीषण अगलगी में फर्नीचरए एसी समेत लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया।

जिलाधिकारी कार्यालय के ठीक नीचे स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को सभी कार्यालयों में लोग नित्य की भांति कार्य करने में जुटे हुए थे। जबकि कलेक्ट्रेट सभाकक्ष के मीटिंग हाल में ताला बंद था। इसी दौरान सुबह लगभग साढ़े दस बजे अचानक अज्ञात कारणों से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष के मीटिंग हाल में आग लग गया। आग धीरे.धीरे काफी विकराल रुप धारण कर लिया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष से उठती आग की लपटों को देखकर लोगों में अफ्रा.तफ्री मच गया। कार्यालय में काम कर रहे लोग आनन फानन में बाहर निकलने लगे। इस बीच लोगों द्वारा भीषण अगलगी की सूचना अग्नि शमन विभाग को दिया गया।

सूचना पाते ही अग्नि शमन दल के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। अग्नि शमन दल के कर्मचारियों ने सबसे पहले कलेक्ट्रेट के आसपास से लोगों को दूर हटाया और पानी की पाइप लाइन से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष के अंदर पानी की बौछार करना शुरू कर दिया। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह से अग्नि शमन विभाग ने भीषण अगलगी पर काबू पाया। इस भीषण अगलगी में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लगा तीन से अधिक एसीए मेजए कुर्सी समेत अन्य फर्नीचरए सीसी कैमरा समेत लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। अग्नि शमन अधिकारी ने बताया कि आग के कारणों का पता लगाया जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट से लगा है या किसी अन्य कारण से।

### आईसीएमआर व भारत सरकार की दिशा-निर्देशों के अनुरूप होगा टीकाकरण

सिद्धार्थनगर। कोरोना टीकाकरण की तैयारी अंतिम चरण में हैं। जिले में कोरोना वैक्सीन लगवाने में किसी के सिफारिश की जरूरत नहीं हैए बल्कि जिसका नाम को.विन पोर्टल में अंकित होगा उसे ही वैक्सीन लगेगा।

टीकाकरण में किसी भी माननीय और अधिकारी की दखलन्दाजी नहीं चलेगी। इंडियन कांउसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ;आईसीएमआरद्ध व भारत सरकार के दिशा.निर्देशों के अनुसार ही टीकाकरण होगा।



## बीएमसी के बच्चे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लहरा रहे परचम : वीरेन्द्र प्रताप

जौनपुर। कम्प्यूटर एवं अंग्रेजी भाषा की शिक्षा.दीक्षा में अपनी लोहा मनवा चुकी ब्रिलियंट माइंड कंप्यूटर क्लासेस (बीएमसी) ने अपना 16वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। नगर के टीडीपीजी कॉलेज के बगल में यह संस्था आज 16 वर्षों से अनवरत विद्यार्थियों को शिक्षा.दीक्षा देने का कार्य बड़ी ही सहजता से कर रहा है। संस्था के संचालक महफूज अली सिद्दीकी हर वर्ष वार्षिकोत्सव करते हैं। इसी क्रम में इस बार हुये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य विरेंद्र प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि विशाखा सिंह रहे। इस मौके पर सर्वप्रथम सभी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्वलित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि यहां के बच्चे अंग्रेजी एवं कंप्यूटर शिक्षा की सही जानकारी प्राप्त करके जनपद सहित देश ही नहींए अपितु अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा रहे हैं। इसी क्रम में राज एजुकेशन सोसायटी की अध्यक्ष अंजू पाठकए श्वेता श्रीवास्तव व सोनी सिंह ने बच्चों को पुरस्कृत किया। समारोह के अध्यक्षता करते हुये जयशंकर प्रसाद मिश्रा ने कहा कि भारत को डिजिटल बनाने के लिए कंप्यूटर एवं अंग्रेजी भाषा सही ज्ञान होना जरूरी है। मुख्य व विशिष्ट अतिथि ने मिलकर गत दिवस हुए प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जिनमें बेस्ट स्टूडेंट ऑफद ईयर व इमरजिंग स्टूडेंट ऑफद सीजन के लिये निकिता सिंह पुरस्कृत की गई। इस अवसर पर अवधेश मिश्रा, ज्ञानेश्वर मिश्रा, विकास सिंह, शशांक उपाध्याय, हर्षवर्धन सिंह, यशवर्धन सिंह, अश्विनी सिंह, तबरेज आलम, फिज्रा बानो, शिवांगी,शिवम सिंह, वीरेंद्र साहू, संतोष सिंह, प्रियंका गुप्ता, साधना कुमारी आदि मौजूद रहे।

## भाविप ने जरूरतमन्दों को दिया कम्बल व जूता




जौनपुर। भारत विकास परिषद द्वारा नि:शुल्क कम्बल एवं जूता वितरण कार्यक्रम आराजी भूपत पट्टी में पूर्व अध्यक्ष भृगुनाथ पाठक के निवास पर हुआ जहां 50 चयनित लोगों को जूता एवं कम्बल दिया गया। इस मौके पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अतुल जायसवाल ने कहा कि हमारी संस्था हमेशा गरीब परिवार को ध्यान देती रहती है। कोई भी गरीब को ठण्ड न लगेए इसलिए कम्बल के साथ जूता भी वितरण किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश गिरि ने कहा कि जो गरीब बच्चों पढ़ने में कोई भी दिक्कत होए वह संस्थाध्यक्ष से सम्पर्क करें। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप जायसवाल ने कहा कि दान देने से सदा बढ़ता है। हम सभी को दान गरीब को देना चाहिए।

## सुभाष गुप्ता की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा बढ़नी में कल

बढ़नी। सिद्धार्थनगरहिन्दू युवा वाहिनी के देवीपाटन मंडल प्रभारी व शोहरतगढ़ नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष गुप्ता का दुखद निधन हो जाने पर आगामी 7 जनवरी को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कस्बे में किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा युवा नेता सुनील अग्रहरि ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व मार्ग दुर्घटना में घायल होने के बाद दिवंगत हो गए सुभाष गुप्ता की स्मृति में आगामी 7 जनवरीए वृहस्पतिवार को गोला बाजार में दिन में 12 बजे से श्रद्धांजलि सभा आयोजित है। उन्होंने नगर व क्षेत्रवासियों से उपस्थिति की अपेक्षा की है।

# बढ़नी पीएचसी पर कोविड-19 की वैक्सीन का ड्राई रन



## 25-25 लोगों के दो समूह में चरणबद्ध तरीके से टीकाकरण का हुआ पूर्वाभ्यास

संवाददाता। बढ़नी ,सिद्धार्थनगरढ़

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी पर मंगलवार को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक कोरोना वैक्सीन का ड्राई रन किया गयाए जिसमें डिप्टी सीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ शेषभान गौतम की उपस्थिति में 25-25 लोगों के दो समूह में चरणबद्ध तरीके से कोविड- 19 टीकाकरण का पूर्वाभ्यास किया गया। डिप्टी सीएमओ व नोडल अधिकारी डा0 शेषभान गौतम ने बताया कि प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण करने व कराने वाले 50 लोगों का पूर्व से सूची में नाम शामिल था। 25-25 लोगों को दो समूहों में बांटकर वैक्सीनेशन सेंटर पर बुलाया गया। जहां पर पहले पेशेंट जय शंकर दूबे के पहचान पत्रों की जांच कर वेक्सीन का ड्राई रन किया गया। इसके बाद सुधांशु कुमार मिश्र, डा वीके सिंह, हरगोविंद मिश्र, डा आरके पटेल, स्वेता सिंह, ओपी पांडेय को ड्राईवेक्सीनेशन करने के बाद निगरानी के लिए प्रतीक्षा कक्ष में आधे घंटे के लिए रोका गया। किसी भी प्रकार की दिक्कत न होने पर उनको रिलीव कर वैक्सीन के अगले डोज की सूचना मोबाइल पर देने की बात बताई गई।

## पीएचसी पर इलाज कराने आया वृद्ध निकला कोरोना संक्रमित

बढ़नी, सिद्धार्थनगर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी पर इलाज के लिए आया 60 वर्षीय वृद्ध कोरोना संक्रमित पाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बहराइच जिले का भिनगा निवासी लगभग 60 वर्षीय वृद्धए बलरामपुर के पचपेड़वा निवासी अपने दामाद के घर आया हुआ था। बीते कई दिनों से उसकी तबियत खराब थी। मंगलवार की दोपहर उसका दामाद उसे लेकर पीएचसी पर आया हुआ था। एसएलटी हरगोविंद मिश्र ने बताया कि एंटीजेन जांच में वह कोरोना संक्रमित पाया गयाए इसके बाद उसके स्वाब को आरटीपीसीआर जांच के लिए भेज दिया गया है।

## पशुओं पक्षियों को भी शीत के प्रकोप से बचाना अति आवश्यक : डॉ. प्रजापति

सिद्धार्थनगर। इस समय प्रदेश में शीत ऋतु ठंड का प्रभाव बहुत तेजी से चल रहा है और वर्तमान में न्यूनतम तापमान नीचे जा भी गया है। इस अवस्था में उचित प्रबंधन से मनुष्यों की भांति पशुओं पक्षियों को भी शीत ऋतु के प्रकोप से बचाना अति आवश्यक है। उक्त बातें पशुधन प्रसार अधिकारी अरूण कुमार प्रजापति ने कही। उन्होंने बताया कि शीतलहर के कुप्रभाव से पशु का दूध उत्पादन गिर जाता है तथा बच्चों की वृद्धि भी रुक जाती है।

## सकलडीहा सीएचसी पर नहीं दिखी कोविड ड्राई रन की झलक

संवाददाता। सकलडीहा,चन्दौली

सकलडीहा सामुदायिक केन्द्र तहसील का रेफर सेंटर और प्रधानमंत्री आयुष्मान केन्द्र के रूप में चयनित है। इसके बाद भी कोविड ड्राई रन के तहत चयनित नहीं होने पर चर्चा का विषय बना रहा। जबकि ड्राइ रन के तहत मंगलवार को सुबह से दोपहर तक महिला सहित अन्य लोगों की भीड़ काफी देर तक रूकी रही। यही नहीं स्वास्थ्य कर्मी व डाक्टर भी डटे रहे।

शासन द्वारा विभिन्न जिलों में 13 जनवरी से वैक्सीन लगने की शुरूआत करने की संभावना है। इस क्रम में मंगलवार से कोरोना वायरस वैक्सीन का ड्राइ रन की शुरूआत किया गया है। ड्राइ रन के तहत स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। इसके लिये जिले की चकिया जिला अस्पताल व सीएचसीए शहाबगंजए नियामताबादए भोगवारे पीएचसी और महिला अस्पताल पीडीडीयू नगर और जिला अस्पताल का चयन किया गया है। लेकिन सकलडीहा तहसील के सीएचसी पर कोविड ड्राई रन की झलक दिखायी नही देने पर स्थानीय लोगों में मायूसी दिखा। जिसे लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बावत सीएचसी अधीक्षक डा0 योगेन्द्र दास ने बताया कि कोविड ड्राई रन के लिये सीएचसी का चयन नही हुआ है। लेकिन तैयारी व स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

# गाजीपुर में किया गया टीकाकरण पूर्वाभ्यास

### ● छह स्वास्थ्य केंद्रों पर कोविड-19 वैक्सीनेशन का ड्राई रन

संवाददाता। गाजीपुर



कोविड-19 के टीकाकरण वैक्सीनेशन अभियान को लेकर शासन अब पूरी तरीके से कमर कस चुका है। आने वाले कुछ ही दिनों में जनपद में वैक्सीनेशन अभियान शुरू किया जाएगा जिसके लिए 13300 स्वास्थ्य कर्मियों का डाटा कोविन पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है।

इसी क्रम में मंगलवार को जनपद के छह स्थानों जिला अस्पताल पुरुष जिला महिला अस्पतालए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबादए रेवतीपुरए करंडा और मनिहारी पर ड्राइ रन मॉक ड्रिल, यानि बिना कोविड-19 वैक्सीन के टीकाकरण का पूर्वाभ्यास स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारियों की देखरेख में किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवतीपुर पर किए गए मॉक ड्रिल के नोडल डॉ डीपी सिन्हा ने बताया कि यहां पर कोविड-19 वैक्सीनेशन के वक्त यदि किसी को वैक्सीनेशन की वजह से किसी भी तरह की परेशानी होती है तो उन्हें 108 एंबुलेंस के माध्यम से कैसे रेस्क्यू कर उन्हें जिला अस्पताल भेजा जाएगा।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिहारी पर किए गए मॉक ड्रिल के नोडल डॉ केके वर्मा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करंडा के नोडल डॉ प्रगति कुमार ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप ड्राई रन के लिए तीन कमरों में टीकाकरण का पूर्वाभ्यास किया गया जिसमें लाभार्थियों की पहचान से लेकर उनके टीकाकरण तक का पूर्वाभ्यास किया गया। जिला महिला अस्पताल पर ड्राइ रन सीएमएस डॉ ताड़केश्वर और डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ इशान कागरा की देखरेख में किया गया। जिसमें 25 लाभार्थियों को अलग.अलग काउंटरों से होते हुए टीकाकरण और उसके पश्चात 30 मिनट तक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए निगरानी कक्ष में बैठाया गया। तत्पश्चात लाभार्थियों को कोई समस्या नहीं होने पर उन्हें भेजा गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद पर ड्राई रन का कार्यक्रम अधीक्षक डॉ आशीष राय एवं बीपीएम संजीव कुमार की देखरेख में संपन्न किया गया। यहां पर कुल 25 लाभार्थियों को ड्राई रन के लिए पंजीकृत किया गया था जिन्हें डेमो को.विन पोर्टल के द्वारा वेरीफाई कर उनका डाटा पोर्टल पर अपलोड करने के पश्चात उन सभी का वैक्सीनेशन का सम्पूर्ण पूर्वाभ्यास किया गया।

# मऊ के छह केन्द्रों पर कोरोना वैक्सीनेशन का सफल ड्राइ रन

मऊ। जिले के छह केन्द्रों पर जिलाधिकारी अमित सिंह बंसलए पुलिस अधीक्षक सुशील घुले व सीएमओ डॉ सतीश चंद्र सिंह की देखरेख में मंगलवार को कोरोना वैक्सीनेशन का सफ्तलतापूर्वक ड्राइ रन किया गया। ड्राइ रन के तहत कुल 300 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया थाए इसमें 296 लोगों पर कोरोना वैक्सीनेशन का पूर्वाभ्यास किया गया। कोरोना वैक्सीनेशन के तहत ड्राइ रन का आयोजन जिले के छह केन्द्रों पर किया गया था। इसमें तीन शहरी क्षेत्रों में तथा तीन ग्रामीण अंचलों के क्षेत्रों का चयन किया गया था। शासन के निर्देश पर मंगलवार की सुबह 10 बजे से 2 बजे के सभी छह केन्द्रों पर ड्राइ रन का आयोजन किया गया। इसमें शहरी क्षेत्र के अंतर्गत महिला जिला अस्पतालए जिला संयुक्त चिकित्सालयए फातिमा हास्पिटल तथा ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत दोहरीघाट, फ तेहपुर मंडाव, रानीपुर में कोरोना वैक्सीनेशन का पूर्वाभ्यास किया गया। ड्राइ रन के लिए छह केन्द्रों पर 12 टीमों का गठन किया गया था। सभी केन्द्रों पर सुबह से ही जिलाधिकारी अमित सिंह बंसल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सतीश कुमार सिंह दलबल के साथ भ्रमण करते हुए पलपल की गतिविधि का जायजा लेते हुए देखे गए। कोरोना वैक्सीनेशन के पूर्वाभ्यास के तहत कुल 300 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया था। इसमें 296 लोगों पर कोरोना वैक्सीनेशन का पूर्वाभ्यास किया गया। इस क्रम में जिला महिला अस्पताल में ड्राइ रन के तहत सुबह दस बजे से कोरोना वैक्सीनेशन का पूर्वाभ्यास किया गया। यहां पर सबसे पहले चिकित्साकर्मी अखिलेश तिवारी के ऊपर कोरोना वैक्सीनेशन का पूर्वाभ्यास किया गया। कोरोना वैक्सीनेशन के पूर्वाभ्यास के तहत महिला सीएमएस डॉ चंद्रा सिन्हा,सीएमओ डा सतीश चंद्र सिंह समेत डॉ कमाल अहमद, रितेश राय, सुशील कुमार, शीला,ओमप्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे।



## नाजायज देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

धानापुर,चन्दौली। स्थानीय पुलिस ने सोमवार को देर रात धानापुर चहनियां मार्ग पर एक पेट्रोल पंप के पास से एक युवक को 25 शीशी देशी नाजायज शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उपनिरीक्षक मु सलीम ने बताया कि मुखबिर के सूचना पर उक्त पेट्रोल पंप के पास जांच किया गया जहां एक व्यक्ति गाज़ीपुर में निर्मित 25 शीशी देशी शराब लेकर जमानिया के तरफ जा रहा था जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक इकबाल उर्फ छोटू जमालपुर थानांतर्गत मिर्जापुर निवासी है। संबंधित धाराओं में उसे जेल भेज दिया गया है।

## 19 बकायदारों की कटी केबल

गाजीपुर। जनपद में मंगलवार को विभाग द्वारा चयनित हाई लॉस फीडर के पीपनार मोड ,मरदह व बोगना में विजिलेन्स और विभाग के संयुक्त नेतृत्व में विधुत चेकिंग किया गया जिसमें 51 परिसरों को चैक किया गया। वही 19 बड़े बकायदार उपभोक्ता की केबल काटी गयी 8लोगों का विधुत भार बढ़ाया गया।

# वैक्सीन को लेकर राजनीति करना गलतः जय प्रताप सिंह

## वैक्सीनेशन के ड्राई रन की तैयारियों का स्वास्थ्य मंत्री ने लिया जायजा

**संवाददाता** । बाराबंकी



**प्रदेश** के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने मंगलवार को वैक्सीनेशन के ड्राई रन की तैयारियों का जायजा लियाएवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान पत्रकारों के पूछने पर कहा कि कोरोना वैक्सीन वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किया गया है किसी दल का नहीं है इस पर किसी को राजनीति नहीं करनी चाहिए अभियान के अंतर्गत वैज्ञानिकों ने पहली बार कोई वैक्सीन बनाया है जिसे पूरा विश्व मान रहा है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। वैज्ञानिकों ने वैक्सीन का निर्माण किया है, यह किसी दल का वैक्सीन नहीं है।

मालूम हो कि कोरोना वैक्सीन के रख-रखाव के लिए शहरी एवं ग्रामीण अंचल के अस्पताल को चयनित किया गया है जिसमें हिंद मेडिकल कॉलेज न्यू मेडिकल कॉलेज एवं जिला महिला अस्पताल सहित ग्रामीण क्षेत्रों के बड़ागांव सीएचसी देवासी एवं सतरिख सीएससी में कोल्ड चैन बनाए रखने के लिए गोदाम स्थापित किया गया है मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह सबसे पहले सुबह 10 बजे हिंद मेडिकल कॉलेज पहुंचे। वहां पर उन्होंने कोरोना वैक्सीनेशन के तहत की गई तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद मेयो मेडिकल कॉलेज गए। फिर उन्होंने देवां सीएचसीए सतरिख सीएससी के बाद जिला महिला अस्पताल में ड्राई रन को देखा। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंह ने तैयारियों पर संतोष जताया और कहा कि दो टीमों के हिसाब से 100 टीके रोज लगने हैं। जिसकी तैयारी सभी स्थानों पर संतोषजनक है। उन्होंने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि सबसे पहले हेल्थ वर्कर को कोरोना वैक्सीन लगाई जाएगी।

इसके बाद दूसरे चरण में फ्रंटल कार्यकर्ताओं जिसमें पुलिसकर्मी, होमगार्ड और स्वच्छता कर्मी शामिल हैए उन्हें कोरोना वैक्सीन लगाई जाएगी। तीसरे चरण में 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोग और बीमार लोगों को कोरोना वैक्सीन के टीके लगेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह से तैयारी कर रही है। केंद्र सरकार से जब टीके मिलेंगे तो प्रदेश मुख्यालय से लेकर जिला मुख्यालय तक टीके पहुंचा दिए जाएंगे।

### 10 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे किसान

**तिलोई ( अमेठी )**। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) कार्यकर्ता मंगलवार को ब्लाक परिसर में धरने पर बैठ गए।

मंगलवार को सिंहपुर ब्लाक मुख्यालय पर टिकैत गुट के तहसील अध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों किसान 10 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए।धरने में किसानों ने किसान विरोधी बिल वापस लेने, नहरों में अविलंब पानी छोड़ा जाय, बिजली बिलों में संशोधन किया जाय, बंदर, नीलगाय व आवारा पशुओं से छुटकाराए किसानों के धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम खरीद अपराध माना जाय, जमीनी विवाद को राजस्व व पुलिस टीम के माध्यम से निस्तारित कराया जायएगांवों की आवास सूची सार्वजनिक की जायएब्लाक द्वारा कराए गए कार्यों को जांच कराई जायएसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारा जायए इंटरलॉकिंग ईंटों का मानक निर्धारित किया जाय जैसी मांगों को लेकर अड़े रहे। धरने को जिला अध्यक्ष अमेठी हरीश सिंह, तहसील अध्यक्ष जितेन्द्र बहादुर सिंह, राजू तिवारी आदि ने संबोधित किया है। धरना स्थल पर पहुंचे तहसीलदार तिलोई पवन कुमार शर्मा ने ज्ञापन लिया।

# प्राक्लन समिति ने पूरे चितई के विकास की जानी हकीकत

## विभिन्न विभागों के योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**संवाददाता** । अमेठी



विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने विधानसभा प्राक्लन समिति की नौ सदस्यीय टीम मंगलवार को जिले के पूरे चितई गांव पहुंची। निरीक्षण के लिए पहुंची समिति ने भीड़ देखकर अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए पूछा कि जब कार्यक्रम निरीक्षण का था तो बैठक क्यों। वहीं गांव में आवास व कृषि पट्टे को लेकर समिति के सवालों का जवाब नहीं दे पाने पर अधिकारियों कड़ी फ्टकार लगाते हुए कहा कि अब सब सरकार की योजनाओं को पलीता लगा रहे हैं। बिना किसी जानकारी के ही यहां चले आए हैं। उप्र विधानसभा की प्राक्लन समिति 2020-21 की प्रथम उपसमिति का अध्ययन दल प्राक्लन समिति अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र के नेतृत्व में दोपहर एक बजे के करीब पूरे चितई गांव में पहुंची। गांव में मंच सजा देख समिति नाराज हो उठी। पट्टा आवंटन में हुए खेल के बाबत जब समिति के लोगों ने सवाल करना शुरू किया तो जिम्मेदार एक भी सवाल का सही जबाव नहीं दे पाए। समिति ने गांव जाकर उन लोगों के घरों को भी देखा। जिन्हें आपात्र मानते हुए आवास का पट्टा नहीं दिया गया। समिति को अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव की जांच रिपोर्ट भ्रामक मिली। जिस पर समिति ने एडीएम व एसडीएम गौरीगंज के साथ ही तहसीलदार को भी खूब खरी खोटी सुनाई। समिति में गौरीगंज विधायक राकेश सिंह के साथ साकेन्द्र वर्मा बाराबंकी, सुरेश्वर सिंह बहराइच, माधवेन्द्र सिंह हरदोई, अवधेश सिंह बनारस, रोशनलाल शाहजहांपुर, धर्मेंद्र शाक्य बदायूं व प्रतीक भूषण सिंह गोंडा शामिल थे। गांव से लौट कर समिति ने कलेक्ट्रेट में समाज कल्याण, राजस्व विभाग, पंचायती राजए चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, ग्राम्य विकासए ऊर्जा तथा पर्यटन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी अरुण कुमार के साथ ही सभी जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे।

### गरीबों की सेवा पुनीत कार्यः भूपेंद्र विक्रम

**संवाददाता**। शुकुल बाजार (अमेठी)।

**क्षेत्र** के इंदरिया ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व प्रमुख पद के प्रत्याशी भाजपा नेता भूपेंद्र विक्रम सिंह सोनू ने रविवार को ग्राम पंचायत के जररूतमन्दो को अपने आवास पर बुलाकर कम्बल वितरित कर उनके स्वस्थ व उज्वल जीवन की कामना की। भूपेंद्र विक्रम सिंह सोनू ने कहा कि गरीबों की सेवा पुनीत कार्य होती है।

गरीबों एवं असहायों को कंबल देकर हम उन पर कोई एहसान नही कर रहे हैं। बल्कि सामाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की कोशिश कर रहें है। उन्होंने कहाकि इस समय काफी ठंड पड़ रही है। गरीबों के पास पर्याप्त संसाधन न होने वो ठिठुर रहे हैं। मैं ऐसे लोगों की मदद करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहता हूं।

ग्रामीणों में सोसल डिस्टेंसिंग का ख्याल रखते हुए शांति पूर्वक कंबल वितरण आयोजन संपन्न हुआ। इस मौके पर अन्नू सिंह, संजेश मिश्र, उमा, बबलू दीक्षित व गिरजा समेत सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे।

### बाइक व बोलेरो की टक्कर में एक की मौत

जगदीशपुर ( **अमेठी** )। अनियंत्रित सरकारी बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी जिस पर सवार दो लोग घायल हो गए।

घायल को इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गई, वहीं दूसरे घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित तेतारपुर के निकट पूरबगांव रानीगंज निवासी सरवर (60 वर्ष) व शाहबाज खान बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहे थे कि तेज गति से जा रही सरकारी चार पहिया वाहन ने टक्कर मार कर डिवाइडर से जा भिड़ी, जिससे बाइक सवार दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।

# घर में मिला नवविवाहिता का शव, दहेज हत्या की आशंका

**बाराबंकी**। जैदपुर थानाक्षेत्र के रमवापुर गांव में एक नवविवाहिता का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। विवाहिता के मायके पक्ष के लोगों ने पति सहित चार ससुरालियों के विरुद्ध नामजद दहेज हत्या तहरीर दी है। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करने की है। प्राप्त विवरण के अनुसार वर्ष 2018 में जैदपुर के रमवापुर गांव के निवासी मोनू वर्मा का विवाह अयोध्या जिले के रुदौली थानाक्षेत्र के ग्राम अहमदाबाद निवासी रूपरानी के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुआ था और मोनू और रूपरानी के अभी तक कोई संतान भी नही थी, मोनू एक निजी कम्पनी में कर्मचारी था उसी के वेतन से जीवन-यापन करता था। रूपरानी के मायके पक्ष के लोगों ने बताया किसी ने फोन करके सूचना दी कि रूपरानी की तबियत खराब है, जिसपर मायके पक्ष से रूपरानी का भाई मुकेश रमवापुर गांव पंहुचा तो घर मे कोई नही मिला जब घर के अंदर जाकर भाई मुकेश ने देखा तो उसके होश उड़ गए वहां रूपरानी का शव पड़ा देखा। मायकेवालों ने पति मोनू सहित अन्य ससुरालीजनों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार राय ने बताया कि मृतका के नाक से ब्लड निकल रहा था, उसके शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे विधिसंगत कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापारियों के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाएगी सपाः प्रदीप

**संवाददाता** । ललितपुर

**समाजवादी** पार्टी के व्यापार सभा जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन चिगलौआ ने अभिषेक कुमार सिंघई को व्यापार सभा का जिला महासचिव नियुक्त किया है। उनके मनोनयन से जहां एक ओर व्यापारी वर्ग में हर्ष लहर व्याप्त है तो वहीं दूसरी ओर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। मनोनयन होने के उपरान्त व्यापार सभा की आयोजित बैठक में प्रतिभाग करने व्यापार सभा जिलाध्यक्ष व जिला महासचिव लखनऊ पहुंचे। लखनऊ में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात करते हुये जनपद के व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया। मनोनयन पत्र सौंपते हुये सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के चलते केन्द्र द्वारा संपूर्ण भारत बंद कर दिया गया थाए लेकिन इस महाबंद से व्यापारियों को कोई भी राहत देने का काम नहीं किया गया है।

दुकानों की शटर बंद होने के बावजूद भी बिजली का भारी.भरकम बिल विभिन्न प्रकार के टैक्स इत्यादि व्यापारियों के पूर्व की भांति थोपे गये जिससे व्यापारी वर्ग खासा परेशान रहा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव व्यापारियों के हित में कार्य करती रही है और आगे भी करेगी। इसी दौरान व्यापार सभा जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन चिगलौआ ने कहा कि व्यापारियों द्वारा व्यापार ठप होने के बावजूद भी सरकार द्वारा भारी.भरकम विद्युत बिलों की वसूली विभिन्न प्रकार के टैक्स वसूल किये जाने की प्रक्रिया अनवरत जारी है। व्यापारियों के इस उत्पीडन के खिलाफ मुखर आवाज उठायी जायेगी। साथ ही व्यापारियों को इस उत्पीडन् से निजात दिलाने की दिशा में कार्य किया जायेगा। नवमनोनीत जिला महासचिव अभिषेक कुमार सिंघई ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है वह उसका निर्वाह्न पूरी निष्ठा लगन और ईमानदारी से करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर वह उन्हें जागरूक कर संघर्ष करेंगे।

# नवयुवकों को रोजगार देने में पूर्णतया विफल है भाजपा

**संवाददाता** । बाराबंकी

**भाजपा** सरकार शिक्षाए सुरक्षाए सम्मान व रोजगार देने में पूर्णतया विफल साबित हुई। देश के अन्नदाताओं को छलने का कार्य किया जा रहा है। किसानों को सम्मान देने का भाजपा सरकार का नारा ढकोसला है, समाजवादी पार्टी किसानों के सम्मान के लिए सतत संघर्ष करती रहेगी। उक्त विचार मंगलवार को विधानसभा कुर्सी में सपा नेता रंजीत यादव द्वारा आयोजित किसान संवाद चौपाल में सैकड़ों की संख्या में एकत्र सपा कार्यकर्ताओं, किसानों के बीच पूर्व मंत्री हाजी फरीद महफूज किदवई ने व्यक्त किए।

श्री किदवई ने कहा कि देश संक्रमण काल से गुजर रहा है, लोकतंत्र में सरकारें समाज के सभी वर्गों की समस्याओं को सुनने का कार्य करती रही है, परंतु भाजपा सरकार हिटलर नीतियों पर चलकर किसानों से वार्ता नहीं कर रही है। भाजपा सरकार किसान विरोधी बिल को किसानों पर थोपना चाहती है। सैकड़ों किसान शहीद हो गए हैं। उन्होने कहा किसपा से जुड़े कार्यकर्ताओं को समाजवादी पार्टी की नीतियों व कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य सुचारू रूप से करना चाहिए।कांग्रेस व भाजपा छोड़ आए सभी कार्यकर्ताओं का करतल ध्वनि से स्वागत करते हुए पूर्व मंत्री ने उन्हें सपा में सम्मान दिलाने का आश्वासन दिया।

# श्री राम कथा से जग का कल्याण होता है

सिरौलीगौसपुर ( **बाराबंकी** )। भगवान शिव ने श्रीराम कथा का जो अमृत पृथ्वीवासियों को दिया वह जन मानस का कलुष धो रही है । जीवन उसी का धन्य है जिसके हृदय में अहिल्या उद्धार और शबरी के बेर खाने की सहजता है । श्रीराम कथा धन्य है जो मनुष्य को विवेक त्याग के मार्ग पर चलना सिखाती है ।



यह सद् विचार गुग्गौर अनवारी की पावन धरती से पधारे कथाव्याश चन्द्रशेखर जी महाराज ने ग्राम महमूदाबाद सिरौलीगौसपुर मे चल रही पंच दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन दोपहर की पाली मे व्यास पीठ से व्यक्त किया । व्यास जी ने कहा कि संसार में जड़ चेतन जो कुछ भी दृश्य अदृश्य है उसमें परमात्मा का वास है। यह सृष्टि ईश्वर की इच्छा पर संचालित हो रही है। जीव का धर्म है कि वह सहजता से शिव में विलय के लिये अपने आप को इस रूप में प्रस्तुत करे जिससे जीवन और जगत दोनों का कल्याण हो । चन्द्रशेखर जी महाराज ने कथा के मध्य में कभी राम बनके कभी श्याम बनके चले आना प्रभु जी चले आना वृन्दावन जाने को जी चाहता है राधे.राधे गाने को जी चाहता है आदि भक्ति गीतों को प्रस्तुत कर वातावरण को सरस कर दिया । व्यास मंच का फीता सतीश चंद्र शर्मा विधायक दरियाबाद के द्वारा काटा गया । इस अवसर पर मुलायम सिंह यादव, मुकेश कुमार यादव, रामपाल मौर्य, संजय यादव, बृजेश कुमार वर्मा, एडवोकेट श्यामू यादव, मो. अजीम टंकी वाले आदि सैकड़ों की संख्या में जन उपस्थित रहे । कथा के बाद आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया ।

### तमंचा के साथ एक युवक गिरफ्तार



**बाराबंकी**। मुखबिर की सटीक सूचना पर कोतवाली नगर पुलिस ने शहर के ओबरी जंगल से एक युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व मे बनी पुलिस टीम ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गए धर.पकड़ अभियान मे मुखबिर की सूचना पर शातिर युवक बबलू पुत्र शौकत निवासी कटरा शहर कोतवाली नगर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 12 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद किया है। बब्लू के ऊपर कोतवाली नगर पुलिस ने शस्त्र अधिनियम में कार्रवाई करते हुए चालान किया है।

# मास्टर साहब की लेखनी ने गरीबों को दिलाया न्यायः बबेले

**संवाददाता** । ललितपुर



**अमर** शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में प्रेस क्लब के संरक्षक रहे मास्टर प्रताप सिंह पटेल की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। आयोजन की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने की सभा में प्रेस क्लब संरक्षक स्व मास्टर प्रताप सिंह पटेल की प्रथम पुण्यतिथि व दैनिक भास्कर के प्रधान सम्पादक महेश प्रसाद अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुये श्रृद्धांजलि अर्पित की गयी। सभा में उपस्थित पत्रकार साथियों ने अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात संरक्षक मास्टर प्रताप सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि मास्टर साहब ने संरक्षक रहते हुये मुखिया की तरह प्रेस क्लब को अपना सहयोग प्रदान किया और अपने दिशा-निर्देश दिये। उन्होने संगठन के सभी पत्रकारों को एक माला में मोती की तरह पिरोकर रखा। अध्यक्ष राजीव बबेले ने कहा कि मास्टर साहब गरीबों मजबूरों के लिए सदैव अपनी लेखनी के माध्यम से न्याय दिलाने का कार्य किया। उनके आदर्शों को मील का पत्थर मानकर हम सभी को उनके आदर्शों का अनुशरण करना चाहिए। नाराहट क्षेत्र के छोटे से गांव अर्जुन खिरिया में जन्में मास्टर प्रताप सिंह ने अपने जीवन में अनेक आयाम स्थापित किये।

### तिलोई तहसील में फिर अधिवक्ता व लेखपाल भिड़े

तिलोई ( **अमेठी** )। तिलोई तहसील में गत चार दिसंबर से लेखपाल व वकीलों का चले आ रहे विवाद ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया। संपूर्ण समाधान दिवस पर मौजूद जिला स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में वकीलों की मांग पूरी नहीं होने पर आधीवक्ताओं ने तहसीलदार व दोषी लेखपालों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की वहीं लेखपाल संघ भी अपना आक्रोश नही रोक सके नतीजा दोनो पक्ष आमन-सामने आ गए तहसीलदार को समाधान दिवस छोड़कर लेखपालों को मनाना पड़ा ।

मौके मौजूद पुलिस के अधिकारी भी बीच में आ गए सूचने पर सीओ व प्रभारी निरीक्षक मोहनगंज दल बल के साथ पहुंचे जिससे दोनों पक्ष काफी देर बाद शान्त हुए । बाद में वकीलों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

# पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं का करें निस्तारणः डीएम

**संवाददाता** । अमेठी



**जनपद** की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की जन समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये व शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की सबसे ज्यादा शिकायतें आई हैं जिसमें अवैध कब्जा से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई हैं उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे-मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्रवाई अमल में लाई जायें। ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। डीएम ने निर्देश दिये कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगो को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। आज तहसील गौरीगंज में कुल 64 शिकायतें प्राप्त हुईए जिनके निस्तारण हेतु पुलिस व राजस्व की 02 संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गईए इसी क्रम में तहसील तिलोई में 81 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया शेष निस्तारण हेतु पुलिस एवं राजस्व की तीन टीमों को मौके पर भेजा गयाए तहसील मुसाफिरखाना में 91 शिकायतें दर्ज की गईए तहसील अमेठी में 55 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके निस्तारण के लिए पुलिस एवं राजस्व की तीन संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति अत्याधिक गम्भीर है और इसमें उदासीनता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपन-अपने कार्यालय समय से पहुंचे व जन समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करना सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर विकास से संबंधित प्रकरणों को मुख्य विकास अधिकारी डाण् अंकुर लाठर ने सुना एवं संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में चार शिकायतों का हुआ निस्तारण

**संवाददाता** । बाराबंकी



**आमजन** की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की श्रृंखला के अन्तर्गत जनवरी के प्रथम मंगलवार को तहसील रामसनेहीघाट में जिलाधिकारी डा. आदर्श सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 102 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। मौके पर चार प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व विभाग से सम्बन्धित 48 प्रार्थना पत्र, पुलिस विभाग से सम्बन्धित 27 प्रार्थना पत्रए विकास विभाग से सम्बन्धित 10 प्रार्थना पत्रए शिक्षा विभाग से सम्बन्धित दो प्रार्थना पत्र तथा अन्य विभागों से सम्बन्धित 15 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी डॉ आदर्श सिंह ने इस अवसर पर समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन सामान्य की समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन बहुत ही गंभीर है। अत: समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण शासन एवं सरकार की मंशा को स्पष्ट रूप से समझें और उसी के अनुरूप तहसील दिवस में जो शिकायतें प्राप्त हुई हैं सभी संबंधित शिकायतों का निराकरण पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय अवधि के भीतर करना सुनिश्चित करें । उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया है कि प्राप्त शिकायतों में अधिकारियों के द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्ता पूर्वक शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराया जाएगाए इस कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों को लेकर सभी अधिकारी गंभीरता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द कुमार चतुर्वेदी, जॉइन्ट मजिस्ट्रेट दिव्यान्शु पटेल, उप कृषि निदेशक अनिल सागर, पीओ डूडा ,जिला प्रोबेशन अधिकारी, अपर जिला सूचनाधिकारी, सहित सम्बन्धित समस्त विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### जिले में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**ललितपुर**। जिलाधिकारी ललितपुर ए. दिनेशकुमार की अध्यक्षता में तहसील पाली में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कोविड-19 की गाइड लाइन के अंतर्गत किया गया। मौके पर जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान में दिवस में समस्त अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की साथ ही निर्देश दिये कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में सभी अधिकारी उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इसके उपरान्त उन्होंने तहसील में आये फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देश दिये कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों एवं आईजीआरएस की शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाले शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना जाये एवं शिकायत के सम्बंध में शिकायत कर्ताओं से चर्चा कर निस्तारण के सम्बंध में उन्हें अवगत करायें। इसके अलावा जो अधिकारी व कर्मचारी शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतते हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध होः डीएम**

**प्रतापगढ़**। जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल की अध्यक्षता में आज तहसील सदर में आयोजित किया गया।

सदर सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 145 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से छह शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। मंगलवार को कुल 145 शिकायतें मिली।